SARVA DARSHAN SANGRAH

OR

AN EPITOME OF THE DIFFERENT
SYSTEMS OF
INDIAN PHYLOSOPHY

BY

MADHAVA CHARYA

TRANSLATED INTO HINDI

BY

PANDIT UDAYA NARAIN SINH S. O.
MADHURAPUR DITT. MOZAFFERPUR

श्रीः ।

सर्वदर्शनसङ्ग्रहः ।

श्रीमन्मध्वाचार्य विरचितः ।

मुजफ्फरपुर-प्रान्तान्तर्गत मधुरापुरनिवासि पं० श्रीउदयनारायणसिंहकृत
भाषाटीकासमेतः ।

स च

खेमराज श्रीकृष्णदासश्रेष्ठिना
मुम्बय्यां
स्वकीये "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-यन्त्रालये मुद्रयित्वा प्रकाशितः ।

माघ संवत् १९६२. शके १८२७.

पुनर्मुद्रणादि सर्वाधिकार "श्रीवेङ्कटेश्वर" यन्त्राध्यक्षने स्वाधीन रक्खा है

समर्पण।

भारतवर्षके गौरवस्तम्भ वैश्यवंशावतंस परमोदार देवभाषा (संस्कृत) उद्धारक वैष्णवकुलचूड़ामणि श्रीमान्

सेठ-खेमराज श्रीकृष्णदासजी महोदय.

श्रीमन्!

आपने संस्कृतभाषाकी उन्नति करके हम भारतवासियोंका परम उपकार किया है। ईश्वर-आप ऐसे धर्म्मरक्षक, दानशील और आर्ष एवं आधुनिक ग्रन्थोंके प्रचार करनेवालोंकी संख्या प्रतिदिन बढ़ावे।

प्राचीन ग्रन्थोंमेंसे माध्वाचार्य्यविरचित "सर्वदर्शनसंग्रह" नामक दर्शन ग्रन्थ भारतवर्षमें-भलीभाँति प्रख्यात है--परन्तु ग्रंथ केवल संस्कृतभाषामें होनेके कारण सर्व्वोपयोगी नहीं होते देखकर मैंने इसका भाषामें सरल अनुवाद किया है; जिससे सब लोगोंका उपकार हो।

इस सानुवाद ग्रन्थको आपके करकमलमें अर्पणकर आशा करताहू कि आप इसे सुन्दर कागजपर शुद्ध छापकर सम्पूर्ण भारतवर्षमें विज्ञापनद्वारा सूचना-दे प्रचारित करेंगे। जिससे लोगोंका उपकार होगा एवं आपकी अतुल कीर्त्ति फैलेगी।

स्थान-मधुरा पुर,
जि॰ मुजफ्फरपुर.

आपका-शुभचिन्तक-
उदयनारायणसिंह शा॰।

भूमिका ।

भारतभूमि सब रत्नोंकी प्रसवित्री है । भारतवर्ष संसारका प्रदर्शनागार कहकर, भूमण्डलमें प्रसिद्ध है । भारतवर्ष प्रकृतिका प्रियतम निकेतन है । प्रकृति देवीकी विभिन्न भीमकान्त मूर्त्तिका एकत्र समावेश, भारतमें पूर्णरूपसे विकाशित दीख पड़ती है । या गगनस्पर्शी उत्तुङ्गशृङ्ग समन्वित हिमधवलित पर्व्वतमाला या उत्ताल तरङ्गमय भीतिजनक नीलवर्ण सलिलपूर्ण समुद्र, या बहुदूर प्रवाहिनी आवर्त्तमयी सुविस्तीर्णा स्रोतस्वती, या वालुका राशिपूर्ण विभीषिकाकी साक्षात् प्रतिकृती मरुभूमि, या भीषण हिंस्रक श्वापदसंकुल जनमानवविहीन गहन अरण्यानी, या सौधमालापरिशोभित कोलाहलपूर्ण सुन्दरनगरी, या नानाविध सुरस फल पुष्प विभूषित नयन तृप्तिकर सुरम्य उपवन, या लतिका परिवेष्टित सुमधुर पक्षिरव विनादित सुविशाल वृक्षराजि, या श्यामल शस्य परिशोभित कृषकके यत्न परिरक्षित शस्यक्षेत्र (धान्यका खेत), या योगमग्न तपस्वियोंका शान्तिरसास्पद तपोवन—भारतवर्षमें किसीके दृश्यका अभाव नहीं है । भारतविभिन्न भाषाभाषी विभिन्न धर्म्मावलम्बी विभिन्न जातीय लोगोंकी आवासभूमि है । भारतवर्ष भिन्न भूमण्डलके किसी प्रदेशमें जाति, धर्म्म, भाषा, वर्ण, स्वभाव और आचारगत सम्पूर्ण वैसादृश्यका इसप्रकार एकत्र सन्निवेश परिलक्षित नहीं होता । संक्षेपसे, भारतवर्षको क्षुद्रायतन पृथिवी वा छोटा भूमण्डल कहनेसे भी अत्युक्ति दोष नहीं होगा ।

भारत जिसप्रकार प्रागुक्त मनोमुग्धकर नैसर्गिक दृश्यादिमें जगत्में सबसे श्रेष्ठ एक समय धन एवं ज्ञानरत्नसे भी भारत उसीप्रकार श्रेष्ठ आसनपर अधिष्ठित था महामूल्य धनरत्नकी प्रसवित्री कहकर मिसरीय, फिनिसीय, इहूदी, ग्रीक, रोम्यान, आरब और चैनिक (चिनदेशका) प्रभृति नाना प्राचीन वैदेशिक जाति वाणिज्य व्यपदेशसे भारतमें आकर, भारतके धनसे अपना २ धनागार (खजाना) परिपूर्ण किये । भारतका अतुल ऐश्वर्य्यप्राप्ति दुराशामें विमोहित होकर, नानाजातीय नानादेशीय, दिग्विजयीगण, भारतको अपने करतलगत करनेके लिये विभिन्नसमयमें प्रयासी हुए हैं, एवं निदारुण उत्पीडनसे निरीह भारतवासीको उत्पुक्त उत्पीडित और भयसंत्रस्त कर छोड़ा ।

विधर्म्मी और विजातीय वैदेशिक दस्युदलके पुनः पुनः आक्रमणमें भारतवर्ष विध्वस्त, विपर्य्यस्त और परपदानत होता एवं भारतकी अतुलनीय धनराशि वारम्वार लुटी जाती है बहुतसे वैदेशिक परिव्राजक विभिन्न समयमें चक्षुकर्णके विसम्वाद निवटानेके लिये भारतमें आकर अपनी २ भाषामें भारतकी यशोगीति संग्रथित कर, भारतकी मनोमुग्धकर प्रतिकृति जगत्के सामने रखकर, अपनी २ उदारता और महानुभावताके उदाहरण दिखला गये हैं।

प्राचीन भारत जिसप्रकार धन रत्नोंसे जगत्में सबसे श्रेष्ठ था । जिससमय पृथिवीका अधिकांश देश असभ्य आममांसभोजी अरण्याचारी मनुष्यद्वारा परिपूर्ण था—उस समय

भारत सभ्यताके उच्चतम चोटीपर अधिष्ठित होकर, अपने सौभाग्यप्रभासे जगत्को मुग्ध और पुलकित करता था । जिससमय सम्पूर्ण जगत् घोरतम अज्ञानान्धकारमें समाछन्न था, जिस समय ज्ञान और सभ्यताका क्षीण आलोकभी युरोप आदि महादेशमें शनैः शनैः पादविक्षेपसे नहीं प्रसृत होता था,--उससमय भारत विद्या बुद्धि, ज्ञान और सभ्यताके पूर्ण आलोकसे जगत्को आलोकितकर, अविनश्वर गौरव महिमामें सविशेष गौरवान्वित हुआ था । क्या धर्म्म, क्या विज्ञान, क्या दर्शन, क्या गणित, क्या ज्योतिष, क्या भैषज्यतत्त्व, क्या काव्य; क्या पुराण, क्या शिल्प, क्या वाणिज्य, क्या भाषा, क्या साहित्य,--सर्व्वविध विषयोंमें भारत संसारके शीर्षस्थानीय था । भारतका विज्ञान और सभ्यता आरबआदिके द्वारा युरोपमें लाया जाकर युरोपके ज्ञान और सभ्यताको देदीप्यमान आलोकसे समुज्ज्वल किया । इसवी सन् १००० से १७०० पर्य्यन्त भारतके शिष्यस्थानीय अरब, उपदेष्टाके वरणीय पदमें अधिष्ठित रहकर युरोपमें विद्या और ज्ञानकी सुविमलज्योति विकिरणपूर्वक, युरोपको समुद्भासित किया है ।

भारतका सर्व्वविध विषयकअभ्युदय जिसप्रकार सबकी अपेक्षा प्राचीन, उसी परिमाणसे उसका प्राचीनकालीय आख्यानमय इतिहास विद्यमान नहीं, । विभिन्नप्रदेशीय राजन्यवर्गकी धारावाहिक वंशावली और कीर्त्तिकलाप, एवं तदीय आविर्भाव कालादिका विनिर्णाक, वैज्ञानिक इतिहासका प्रवेश द्वारा स्वरूप, सर्व्वाङ्गसुन्दर आख्यानमय प्राचीन इतिहास--केवल भारतवर्षहीका क्यों, ग्रीस, रोम, मिसर, फिनिसिया, एसिरिया, वेबिलनथिया, पारस्य और चीन प्रभृति किसी देशका सर्व्वाङ्गीन भावसे विद्यमान नहीं । काल्पक उपन्यास और जनश्रुति, सबही देशोंमें अतिप्राचीनकालीय अतीतसाक्षी इतिहासका णीय पदपर समासीन रहा है । किन्तु जो इतिहास अतीतका एकमात्र वर्षीयान् अपक्षपाती क्षि--जो इतिहास प्रकृतप्रस्तावसे समाजका अभ्रान्त उपदेष्टा और परिचालक,--जो इतिहास मानवजीवनका और मानवसमाजका यथा यथा प्रतिकृति अङ्कितकर, समाजका विर्भाव उन्नति और अवनति यथोचित कारण, निर्देशपूर्व्वक अभ्रान्तरूपसे प्रदर्शन करता--जो इतिहास सुनिपुण शिल्पविद्का सुकौशल विचित्रित विचित्र फूलकी नाईं समाजका यथार्थतत्त्व सुस्पष्टरूपसे प्रकट करता है। सुविमल स्वच्छ दर्पणकी नाईं जिसमें समाजकी यथायथ प्रतिकृति प्रतिभापित होती है,--उस वैज्ञानिक इतिहासका यथोपयुक्त उपकरण प्रचुररूपसे संस्कृतसाहित्यमें विद्यमान रहाहै । संस्कृतसाहित्यमें भारतीय आर्यजातिका जातीय जीवन, जातीय इतिहास, जातीय चरित्र, जातीय धर्म, जातीय ज्ञान और जातीय विद्या, बुद्धि, जातीय रीति, नीति, और जातीय सभ्यता स्वर्णाक्षरमें सुस्पष्टरूपसे लिपिबद्ध है । भारत किससमय जो अद्वितीय नाइबुर, ग्रोट, गिबनवा मेकूट आविर्भूत होकर, इन सब बहुमूल्य ऐतिहासिक तत्व एकत्र संग्रहीतकर जगतको अच्छीप्रकार दिखलाकर विमोहित करेगा सो भगवा

जो आर्यजाति अतुलसाहस, विक्रम, तेजस्विता और मनस्विता प्रभावसे भूमण्डलमें अक्षय कीर्त्ति लाभकरगयी, जो आर्यजाति एकदा पृथिवीमें सब विषयोंमें सर्व्वश्रेष्ठ जाति कहकर परिगणित हुई थी। जो आर्यजाति ज्ञान और सभ्यताका विमल आलोकमें जगत्को उद्भासित कर, जगत्के शिक्षा गुरु बहुसम्मानार्ह वरणीय पदपर अधिरुढ़ थी—जिस आर्यजातिके गौरव प्रभावसे भारतवर्षका इतिहासके शीर्षस्थानमें विराज रहा है। जिस आर्यजातिके वंशधर कहकर हमलोग परपददलित होकरभी अद्यापि सभ्यसमाजमें ससम्मानसे परिगृहीत होते हैं, उसी जगद्गुरु आर्य्यजातिके पवित्र कीर्त्तिपूर्ण इतिहास आज अदृष्टचक्रके आवर्त्तनसे कीर्त्ति विलोपकारी करालकालके विस्मृति कवल(ग्रास)में निहितहै। व्यास, वाल्मीकि, कालिदास प्रभृति जिस देशके कवि,—पाणिनि, पतञ्जलि; प्रभृति जिसदेशके वैयाकरण,—कपिल, कणाद और गौतम, प्रभृति जिस देशके दार्शनिक—चरक, सुश्रुत आदि जिसदेशके चिकित्सक,--मनु नारद, बृहस्पति, रघुनन्दन प्रभृति जिस देशके धर्म्मोपदेष्टा--आर्यभट्ट पराशरादि जिस देशका ज्योतिर्व्वित,--बुद्ध, शङ्कराचार्य्य, रामानुज, मध्वाचार्य्य आदि जिस देशके धर्म्म प्रचारक,--मल्लिनाथ, सायनाचार्य्य आदि जिसदेशके भाष्यकार--अमरसिंह, महेश्वर आदि जिसदेशके कोषकार--उस भारत विलुप्तप्राय गौरवके उद्धारसाधनार्थ अतीतसाक्षी इतिहासके आश्रय अवलम्बन करनेके लिये निश्चेष्ट, निष्क्रिय परपदानत भारतवासी आर्य्यसन्तानकी प्रवृत्ति और उत्साह उत्पन्न नहीं होता। जो जाति पूर्वपुरुषाओंके कीर्त्ति कल्याणका यथा-योग्य आदर और सम्मान करना नहीं जानती, जो जाति आत्मगौरव और आत्माभिमानके मर्म्म हृदयङ्गम करनेमें समर्थ नहीं होती, उस जातिका अभ्युदय सुदूर पराहत, उस जातिका पतन और परपदानति, अवश्यम्भावी। इसीकारण विधातानें भारतके भाग्यमें ऐसी दशाविपर्यय अदृष्ट नेमिका इसप्रकार निदारुण परिवर्तन लिख रक्खा है एवं स्वाधीनताके साथ २ भारतकी विद्या, बुद्धि, ज्ञान, धर्म्म, कीर्त्ति, गरिमा, समस्त विलुप्त कियाहै जिस भारत निकटसे शिक्षा लाभकर, युरोपआदि सुलभ्यदेशकी इतनी श्रीवृद्धि हुई है,—वही भारत इस समय ज्ञानकेलिये युरोपके समीप भिक्षा प्रार्थी, वही सुविज्ञ भारत इस समय सूत्रसञ्चालित क्रीडापुत्तलीकी नाई निरवच्छिन्न जड़भावापन्न वही भारत इससमय हिताहित बोधशून्य चित्तमें युरोपके अनुकरण करनेमें व्यतिव्यस्त।

अमृतलाभकी आशासे आज युरोपीय पण्डितवर्ग बद्धपरिकर होकर भारतके अतुलनीय गौरवका निदानभूत संस्कृतसाहित्य समुद्रमन्थन करते हैं—आज भारतके अतीतज्ञानका अक्षयभण्डार युरोपीय पण्डितोंके अविचलित यत्न, अदम्य उत्साह और दृढ़-तर अध्यवसायमें. जीवनीशक्तिरहित, निमीलितनेत्र और मोहनिद्राशायित भारतवासीके सन्मुखमें उपस्थापित रहा है; भारतवासी निश्चेष्टभावसे उस विस्मयचकित हृदयमें चाह-कर देखते है। भारतके भूतपूर्व गौरव महिमाके प्रसङ्ग अपने २ देशमें मुक्त कण्ठसे प्रचार पुरःसर, युरोपके मनस्वी पण्डितवर्ग कृतार्थमान्य होते हैं। मृतसञ्जीवनी विद्याप्रभावसे

भूमिका।

विलुप्तप्राय संस्कृतसाहित्यको पुनर्जीवितकर, भारतके निर्जीव और निष्पन्ददेहमें मृदुमन्द वेगसे वे लोग जीवनीशक्तिके तड़ितालोक सञ्चालित करते हैं, एवं भारतके पूर्व्वतन अपूर्व्व कीर्त्तिकलाप द्वार २ पर डङ्का बजाकर मोहनिद्रामें चिराभिभूत भारतवासीको जगाकर सचेत करते हैं। पुरा तत्वानुसन्धायी शास्त्रज्ञ युरोपीय पण्डितोंको सौ सौ धन्यवाद, हम लोग उनके प्रदर्शित युक्ति, तर्क, विचार, शक्ति, और गवेषणके प्रभावसे, भारतके अनेक अपरिज्ञेयकल्पविषय परिज्ञानसे समर्थ होते हैं।

संस्कृत साहित्यकीनाईं अनन्त रत्नराजिपरिपूर्ण साहित्य संसारमें दुर्लभ है । देवभाषा संस्कृतकी नाईं मधुरभाषा पृथिवीमें कहीं नहीं है। संस्कृतभाषा और संस्कृतसाहित्य जगत्में सबसे श्रेष्ठ पदपर अधिष्ठित है। संस्कृत साहित्यके अक्षयभण्डारमें क्या २ अमूल्य रत्नराजि संनिविष्ट है, सो केवल संस्कृतभाषामें ग्रन्थोके होनेसे सर्वसाधारणको सम्यक्तया ज्ञात नहीं।

आज मैं उन्हीं संस्कृतके अनेक रत्नोंमेंसे "सर्व्वदर्शनसंग्रह" नामक ग्रन्थके भाषानुवाद को कर पांठकोंको अवलोकन कराता हूं। इस भारतवर्षमें बहुत दिनोंसे वैदिकमतके विरुद्ध अनेक बौद्ध, चार्वाक, आर्हत, जैन आदि मत प्रचरित हैं और प्रतिदिन इन मतोंके अतिरिक्त नये २ सम्प्रदाय वा मत बढते जाते हैं, परन्तु उक्त बौद्ध, आदिके ग्रन्थोंको सर्व साधारण लोग नहीं देखते इसकारण प्रत्येक प्रधान २ मतोंका हाल सब नहीं जानते। संस्कृतमें उक्तमतोंके सिद्धान्त वर्णनके लिये श्रीमध्वाचार्य्यजीने "सर्वदर्शनसंग्रह" नामक ग्रन्थ प्रणयन किया है। जो संस्कृतमें होनेके कारण सर्व साधारणको सुविख्यात नहीं । पर यह ग्रन्थ ऐसा प्रयोजनीय है कि जितने पण्डित और धर्म्मके सूक्ष्मभेद जिज्ञासु व्यक्ति हैं। प्रायः सबही इसकी एक २ प्रति रखते हैं। इसमें क्रमसे१ चार्वाकदर्शन, २ बौद्धदर्शन, ३ आर्हतदर्शन,४ रामानुजदर्शन, ५ पूर्णप्रज्ञदर्शन वा वेदान्तदर्शन, ६ नकुलीशपाशुपतदर्शन, ७ शैवदर्शन, ८ प्रत्यभिज्ञादर्शन, ९ रसेश्वरदर्शन, १० औलुक्यदर्शन, ११ अक्षपाददर्शन, १२ जैमिनिदर्शन, १३ पाणिनिदर्शन,१४ सांख्यदर्शन,१५ पातञ्जलदर्शन, इन पन्द्रह दर्शन, वा मत या सम्प्रदाय या सिद्धान्तोंका पूर्णतया वर्णन है। इस एकही ग्रन्थके पढनेसे उक्त पन्द्रह मतोंके अनेक ग्रन्थोंके सारभागका बोध होता है। दर्शन शास्त्रोंका अनुवाद करना बहुत कठिन है उसपरभी प्राकृतभाषामें तो औरभी कठिन है, पर जहांतक सरल करते बना अनुवाद किया है—सज्जन पाठगण अनुवादके दोष परित्यागपूर्वक--मूलके आशयको समझकर इस ग्रन्थसे लाभ उठावेंगे तो मेरा परिश्रम सफल होगा। अलमिति बुद्धिमद्वर्य्येषु ।

स्थान-मधुरापुर,
डाक विद्दूपुर,
जिला. मुजफ्फरपुर.

अनुवादक—
उदयनारायणसिंह.
१०।९।०२

सर्वदर्शनसंग्रहस्य विषयाणां सूचीपत्रम्।

संख्या.	विषयाः.	पृष्ठानि.
१	चार्व्वाकदर्शनम्	१
२	बौद्धदर्शनम्	११
३	आर्हतदर्शनम्	४०
४	रामानुजदर्शनम्	७४
५	पूर्णप्रज्ञदर्शनम्	१०२
६	नकुलीशपाशुपतदर्शनम्	१२२
७	शैवदर्शनम्	१३२
८	प्रत्यभिज्ञादर्शनम्	१४८
९	रसेश्वरदर्शनम्	१६०
१०	औलुक्यदर्शनम्	१६९
११	अक्षपाददर्शनम्	१८४
१२	जैमिनीयदर्शनम्	२०१
१३	पाणिनिदर्शनम्	२२४
१४	सांख्यदर्शनम्	२४४
१५	पातञ्जलदर्शनम्	२५४

इति सूचीपत्रम्।



॥ श्रीः ॥

अथ सर्वदर्शनसंग्रहः ।

भाषाटीकासमेतः ।

अथ चार्वाकदर्शनम् ।

नित्यज्ञानाश्रयं वन्दे निःश्रेयसनिधिं शिवम् ।
येनैव जातं मह्यादि तेनैवेदं सकर्तृकम् ॥ १ ॥

जो नित्य ज्ञानका आश्रय, मुक्तिका आकारस्वरूप एवं जिससे यह दृश्यमान पृथिवी आदि पदार्थ उत्पन्न हुए हैं । और जो अनन्तब्रह्माण्डका कर्त्ता है, उसी शिवको मैं नमस्कार करताहूं ॥ १ ॥

पारं गतं सकलदर्शनसागराणामात्मोचितार्थचरितार्थितसर्वलोकम् । श्रीशार्ङ्गपाणितनयं निखिलागमज्ञं सर्वज्ञविष्णुगुरुमन्वहमाश्रयेऽहम् ॥ २ ॥

जिसने सम्पूर्ण दर्शनशास्त्ररूप समुद्रके पार गमन किया है और जिसने आत्मोचित अर्थद्वारा सब अर्थीजनोंको चरितार्थ किया है उसी श्रीशार्ङ्गपाणितनय निखिलशास्त्रवेत्ता विष्णुगुरुको नियत सेवा करताहूं ॥ २ ॥

श्रीमत्सायणदुग्धाब्धिकौस्तुभेन महौजसा ।
क्रियते माधवार्येण सर्वदर्शनसंग्रहः ॥ ३ ॥

श्रीमत्सायनस्वरूप क्षीरसमुद्रके कौस्तुभमणिरूप महातेजस्वी माधवाचार्य्य सर्व्वदर्शनसंग्रह नामक ग्रंथको प्रणयन करतेहैं ॥ ३ ॥

पूर्वेषामतिदुस्तराणि सुतरामालोड्य शास्त्राण्यसौ श्रीमत्सायणमाधवः प्रभुरुपन्यास्थत्सतां प्रीतये । दूरोत्सारितमत्सरेण मनसा शृण्वन्तु तत्सज्जना माल्यं कस्य विचित्रपुष्परचितं प्रीत्यै न सञ्जायते ॥ ४ ॥

श्रीमत्सायन माधवाचार्य्यप्रभुने साधुगणके सन्तोषकेलिये प्राचीनपण्डितोंके दुर्बोधशास्त्रोंको आलोचना कर इस सर्व्वदर्शनसंग्रह नामक ग्रन्थको बनाया है । साधुलोग मानसिक मात्सर्य परित्यागकर इस ग्रन्थके तात्पर्य्यको श्रवण करें । बोध होताहै कि, उससे उनको असन्तोष नहीं होगा । क्योंकि विचित्र पुष्पमाल्यको देखनेसे किसीको असन्तोष नहीं होसकता ॥ ४ ॥

अथ कथं परमेश्वरस्य निःश्रेयसप्रदत्वमभिधीयते बृहस्पतिमतानुसारिणा नास्तिकशिरोमणिना चार्वाकेण दूरोत्सारितत्वात् दुरुच्छेदं हि चार्वाकस्य चेष्टितम् । प्रायेण सर्वप्राणिनस्तावत् "यावज्जीवं सुखं जीवेन्नास्ति मृत्योरगोचरः । भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः" इति ॥ ५ ॥

परमेश्वर जो मुक्ति देताहै यह किसप्रकार जानाजाताहै । बृहस्पतिमतानुसारी नास्तिकशिरोमणि चार्वाक "ईश्वर मुक्ति देताहै" इसबातको नहीं मानता । इस चार्वाकमतका खण्डन करना प्रायः असाध्य है । सब कहते हैं कि, जबतक जीवित रहे सुखभोग करे कोईभी मृत्युके बाहर नहीं रहसकता, सब किसीको मृत्युके मुखमें गिरना पड़ेगा । एवं मरने पीछे जो सुख होगा; यह सम्भव नहीं, देह जलनेपर किसीप्रकार उस देहका पुनरागमन नहीं होसकता ॥ ५ ॥

लोकगाथामनुरुन्धाना नीतिकामशास्त्रानुसारेणार्थकामावेव पुरुषार्थौ मन्यमानाः पारलौकिकमर्थमपह्नवानाश्चार्व्वाकमतमनुवर्त्तमाना एवानुभूयन्ते । अत एव तस्य चार्व्वाकमतस्य लोकायतमित्यन्वर्थमपरं नामधेयम् ॥ ६ ॥

जो लोग लौकिकवाक्यके वशवर्त्ती होकर नीति और कामशास्त्रानुसार काम एवं अर्थको ही पुरुषार्थ कहकर स्वीकार करते हैं पारलौकिक अर्थ स्वीकार नहीं करते उन्हीं सब चार्व्वाक मतानुवर्ती लोगोंने अनुभव किया है । इस कारण चार्व्वाकमतका "लोकायत" यह दूसरा नाम सार्थक होता है ॥ ६ ॥

तत्र पृथिव्यादीनि भूतानि चत्वारि तत्त्वानि तेभ्य एव देहाकारपरिणतेभ्यः किण्वादिभ्यो मदशक्तिवत् चैतन्यमुपजायते तेषु विनष्टेषु सत्सु स्वयं विनश्यति । तदिह विज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति स न प्रेत्य संज्ञास्तीति ॥ ७ ॥

पृथिव्यादि चार भूत ही तत्त्वस्वरूप है । इसी भूतचतुष्टयसे देह उत्पन्न होताहै । अनन्तर-मदकणासमूहसे जिसप्रकार मादकताशक्ति उत्पन्न होतीहै उसीप्रकार देहाकार परिणत भूत-चतुष्टयसे चैतन्य उत्पन्न होताहै । सुतरां उन्ही सब भूतके विनाश होनेसे मनुष्य स्वयं विनष्ट होजाताहै; इसलिये जानाजाताहै कि, जिन सबभूतोंसे मनुष्य समुत्थित होताहै उन्ही सब भूतोंके नाश होनेपर मनुष्यभी विनाशको प्राप्त होजाताहै उसके बाद उसका जन्म नही होता ॥ ७ ॥

तत् चैतन्यविशिष्टदेह एवात्मा देहातिरिक्त आत्मनि प्रमाणाभावात् प्रत्यक्षैकप्रमाणवादितया अनुमानादेरनङ्गीकारेण प्रामाण्याभावात् ॥ ८ ॥

पूर्वोक्तकारणोंसे जानाजाताहै कि, चैतन्यविशिष्ट देहही आत्माहै, देहके अतिरिक्त आत्माके होनेमें कोई प्रमाण नही जिनलोगोके मतमें केवल एकमात्र प्रत्यक्षही प्रमाणरूपमें परिणत होताहै अनुमानादि प्रमाणमें परिमाणित नही होता उनलोगोंके मतमें देहके अतिरिक्त आत्मा माननेमें दूसरा कोई प्रमाण नही दीखता ॥ ८ ॥

अङ्गनालिङ्गनादिजन्यं सुखमेव पुरुषार्थः । न चास्य दुःखसंभिन्नतया पुरुषार्थत्वमेव नास्तीति मन्तव्यम् । अवर्जनीयतया प्राप्तस्य दुःखस्य परिहारेण सुखमात्रस्यैव भोक्तव्यत्वात् । तद्यथा मत्स्यार्थी सशल्कान् सकण्टकान् मत्स्यानुपादत्ते स यावदादेयं तावदादाय निवर्त्तते । यथा वा धान्यार्थी सपलालानि धान्यान्याहरति स यावदादेयं तावदादाय निवर्त्तते । तस्माद्दुःखभयान्नानुकूलवेदनीयं सुखं त्यक्तुमुचितम् । नहि मृगाः सन्तीति शालयो नोप्यन्ते नहि भिक्षुकाः सन्तीति स्थाल्यो नाधिश्रीयन्ते यदि कश्चिद् भीरुर्दृष्टं सुखं त्यजेत् तर्हि स पशुवन्मूर्खो भवेत् ॥ ९ ॥

उक्तमतानुसार कामिनीसङ्गजनित सुखही पुरुषार्थ है । स्त्रीसङ्गजनित सुखमें दुःखसम्पर्क है (यदि ऐसा) कहकर इसको पुरुषार्थ न कहे तो इसको नही मानसकते चाहे युवतीके संसर्गमें दुःखहो तथापि उस दुःखको छोडकर केवल सुखहीका भोग होसकताहै । जिसप्रकार मछलीखानेवाले लोग छिलका और कांटमिली हुई मछलीके छिलका और कांटेको परित्यागकर सार-भागमात्र ग्रहण करते हैं । और धान्यार्थी व्यक्तिगण तृणयुक्त धान्य लाकर तृण परित्यागकर केवल सारभाग धान्य ग्रहण करतेहैं, इसीप्रकार स्त्रीसङ्गमें दुःख होनेपर उस दुःखको

परित्यागकर सुख भोगाजासकताहै; इसलिये दुःखके भयसे सुख परित्याग करना उचित नहीं। जिसदेशमें मृग होते हैं क्या वहां धान्य नहीं बोयेजाते ? एवं भिक्षुकभयसे क्या चूल्हेपर हांडी नही चढ़ाई जाती? यदि कोई भीरुव्यक्ति इसप्रकार दृष्टसुखको छोड़े तो उसको पशुतुल्य मूर्खभिन्न और क्या कहाजासकता है॥ ९ ॥

तदुक्तम्--त्याज्यं सुखं विषयसङ्गमजन्म पुंसां दुःखोपसृष्टमिति मूर्खविचारणैषा। व्रीहीन् जिहासति सितोत्तमतण्डुलाढ्यान् को नाम भोस्तुषकणोपहितान् हितार्थी॥ १०॥

विषयभोगजनित सुखमें दुःखसम्पर्क है इसलिये उस विषयसुखको परित्याग करना चाहिये ऐसा करना मूर्खका काम है कौन ऐसा बुद्धिमान् शुक्लवर्ण उत्तम तण्डुल मिला धान्यमें तुष और कणा है ऐसा समझकर उस धान्यके छोडनेकी इच्छा करता है ?॥ १०॥

ननु पारलौकिकसुखाभावे बहुवित्तव्ययशरीरायाससाध्ये अग्निहोत्रादौ विद्यावृद्धाः कथं प्रवर्त्तिष्यन्ते इति चेत् तदपि न प्रमाणकोटिं प्रवेष्टुमीष्टे अनृतव्याघातपुनरुक्तदोषैर्दूषिततया वैदिकम्मन्यैरेव धूर्त्तबकैः परस्परं कर्म्मकाण्डप्रामाण्यवादिभिर्ज्ञानकाण्डप्रामाण्यवादिभिः कर्म्मकाण्डस्य च प्रतिक्षिप्तत्वेन त्रय्या धूर्त्तप्रलापमात्रत्वेन अग्निहोत्रादेर्जीविकामात्रप्रयोजनत्वात्। तथा चाभाणकः "अग्निहोत्रं त्रयो वेदास्त्रिदण्डं भस्मगुण्ठनम्। बुद्धिपौरुषहीनानां जीविकेति बृहस्पतिः"॥ ११॥

यदि परलोकमें कोई सुखही नहीं रहेगा तो किसनिमित्त प्राचीन विद्वान् बहु धनव्यय और शारीरिक परिश्रमसाध्य अग्निहोत्रादि यज्ञमें प्रवृत्त हुए थे ? यह पारलौकिक सुखप्रमाणसे सिद्ध नही होसकता; कारण यह है कि, वैदिकमतावलम्बी धूर्त्त बकलोग मिथ्या व्याघात और पुनरुक्तादि दोषोंसे दूषित वेदको अवलम्बन कर सुखोपायमें अपनी जीविका निर्वाहकेलिये अग्निहोत्रादि यज्ञकी विधि प्रचारित कियाहै। वेद—धूर्तादिकोंका प्रलापमात्र है। विशेषतः कर्म्मकाण्डवादीगण कर्मकी प्रशंसा कर ज्ञानकाण्डके प्रति दोषारोपण करते हैं और ज्ञानकाण्डवादीगण ज्ञानको प्रधान कहकर कर्म्मकाण्डकी निन्दा करतेहैं; पुनरपि अग्निहोत्रादि यज्ञकी प्रथा देखनेसे पारलौकिक सुखको स्वीकार नहीं कियाजासकता प्राचीन धूर्तब्राह्मण लोगोंनेही धनकी लालसा चरितार्थ करनेकेलिये अग्निहोत्र यज्ञकी प्रथा चलाईहै

बृहस्पति कहताहै कि, तीन वेद यज्ञोपवीत और भस्मलेपन ये सब बुद्धि और पौरुषहीन व्यक्तियोंकी जीविकामात्र है ॥ ११ ॥

अत एव कण्टकादिजन्यं दुःखमेव नरकं लोकसिद्धो राजा परमेश्वरः देहोच्छेदो मोक्षः । देहात्मवादे च कृशोऽहं कृष्णोहमित्यादि सामानाधिकरण्योपपत्तिः । मम शरीरमिति व्यवहारो राहोः शिर इत्यादिवदौपचारिकः ॥ १२ ॥

अब इससमय प्रकृतसिद्धान्त यह है कि, कण्टकादिके लिये दुःखही नरक है, लोकप्रसिद्ध राजाही परमेश्वर और देहत्यागही मुक्ति है । देहही आत्मा है । इसमतको माननेसे मैं कृश और मै कृष्ण हूं इसप्रकारके वाक्यकी अर्थोपपत्ति होसकतीहै । देह और आत्मा विभिन्न होनेसे " कृशव्यक्ति मैं कृश एवं कृष्णवर्णपुरुष मै कृष्ण " इसप्रकार नही कहसकते । यदि देहही आत्मा हुआ तो मेरा शिर इसप्रकारका व्यवहार किसप्रकार सम्भवित होसकता? इसका उत्तर यहहै जो--जिसप्रकार राहु, शिरभिन्न कुछभी नही तथापि " राहुका शिर " इसप्रकार उपचार प्रसिद्ध है, उसीप्रकार देह और आत्मा अभिन्न होनेसे मेरा शिर इसप्रकार उपचार होसकताहै ॥ १२ ॥

तदेतत् सर्व्वं समग्राहि " अत्र चत्वारि भूतानि भूमिवार्य्यनलानिलाः । चतुर्भ्यः खलु भूतेभ्यश्चैतन्यमुपजायते ॥ १३ ॥

पूर्वोक्त विषय सब संग्रहकर कहाहै कि, इस जगतमें भूमि, जल, वायु और अग्नि येही केवल चार भूत है, इन्हीं चारभूतोंसे चैतन्य उत्पन्न होताहै ॥ १३ ॥

किण्वादिभ्यः समेतेभ्यो द्रव्येभ्यो मदशक्तिवत् । अहं स्थूलः कृशोऽस्मीति सामानाधिकरण्यतः ॥ १४ ॥ देहः स्थौल्यादि योगाच्च स एवात्मा न चापरः । मम देहोऽयमित्युक्तिः सम्भवेदौपचारिकी" इति ॥ १५ ॥

जिसप्रकार मदकी कणा सब मिलकर ही मद्यमें मादकता शक्ति उत्पन्न करती है, उसी प्रकार भूत सब एकत्र होनेपर उसमें चैतन्य उत्पन्न होसकता है । देह और आत्माके अभेद विषयमें दूसरा प्रमाण यह है जो " मैं स्थूल एवं मैं कृश हूं " इसप्रकार प्रतीति सदा होती है यदि देह और आत्मा विभिन्न होता तो इसप्रकार प्रतीति नही होती । जिसका देह मोटा होता है वही व्यक्ति कहताहै कि 'मैं स्थूल हूं' एवं जो व्यक्ति कृश है उसीको बोध होता है कि मैं कृश हूं । सुतरां देह और आत्मा अभिन्न जान पडते हैं । इससमय इसप्रकार संशय

होता है जो यदि देहसे आत्मा अभिन्न हुआ तो मेरा देह इसप्रकार प्रतीति किसप्रकार होसकती है ? इसके उत्तरमें यही कहना है जो " राहुका शिर " इत्यादि प्रतीतिकी नाईं मेरा देह इसप्रकार औपचारिक प्रतीति होजाती है ॥ १४ ॥ १५ ॥

स्यादेतत् स्यादेष मनोरथो यद्यनुमानादेः प्रामाण्यं न स्यात् अस्ति च प्रामाण्यं कथमन्यथा धूमोपलम्भानन्तरं धूमध्वजे प्रेक्षावतां प्रवृत्तिरुपपद्येत। नद्यास्तीरे फलानि सन्तीति वचनश्रवणसमनन्तरं फलार्थिनां नदीतीरे प्रवृत्तिरिति। तदेतन्मनोराज्यविजृम्भणं व्याप्तिपक्षधर्म्मताशालि हि लिङ्गं गमकमभ्युपगतमनुमानप्रामाण्यवादिभिः व्याप्तिश्चोभयविधोपाधिविधुरः सम्बंधः स च स्वसत्तयाक्षुरादिवन्नाङ्गभावं भजते किन्तु ज्ञाततया। कः खलु ज्ञानोपायो भवेत्। न तावत प्रत्यक्षं तच्च बाह्यमान्तरं वाभिमतम्। न प्रथमः तस्य सम्प्रयुक्तविषयज्ञानजनकत्वेन भवति प्रसरसम्भवेऽपि भूतभविष्यतोस्तदसम्भवेन सर्व्वोपसंहारवत्याव्याप्तेर्दुर्ज्ञानत्वात् न च व्याप्तिज्ञानं सामान्यगोचरमिति मन्तव्यं व्यक्त्योरविनाभावाभावप्रसङ्गात् नापि चरमः अन्तःकरणस्य बहिरिन्द्रियतन्त्रत्वेन बाह्येऽर्थे स्वातन्त्र्येण प्रवृत्त्यनुपपत्तेः ॥ १६ ॥

ऐसा होनेपर तुम्हारा मनोरथ सिद्ध हुआ इससमय कहो देखता हूं यदि अनुमानादिकी [illegible]णता अस्वीकार करो तो धूमदर्शनमात्रसे--इसस्थानमें अग्नि है यह ज्ञान क्योंकर होसकता है ? [illegible] तटपर फल हैं, इसवाक्यको सुननेहीसे फलार्थी व्यक्तिकी नदीतीरके गमनमें क्यों प्रवृत्ति होतीहै ? प्रतिपक्षका वक्तव्य यही है जो यदी तुमलोगोंके ऐसाही समझमें आयाहो तो पुनः अनुमान प्रामाण्यवादीगण व्याप्तिज्ञान और पक्षधर्म्मताशाली धूमादिलिङ्गको अनुमानके प्रति कारण स्वीकार करतेहैं, व्याप्तिज्ञानसम्बन्ध विषे वह प्रत्यक्षमें चक्षुआदिकी नाईं अनुमानका कारण नहीं व्याप्ति प्रत्यक्ष होता नही केवल ज्ञान होजाताहै। तब [illegible] उपाय क्या होसकताहै? यदि कहो कि, प्रत्यक्षही ज्ञानका कारण विद्यमान है तभी नहीं [illegible] तुम जो [illegible]को कारण कहतेहो; वह प्रत्यक्ष या आभ्यन्तरिक बाह्य प्रत्यक्षज्ञानका कारण नहीं होसकता, कारण जो वस्तुमें इन्द्रियसंयोग होताहै, उसीका बाह्य प्रत्यक्ष होजाताहै, पुनः [illegible] भिन्न अतीत और भविष्यतवस्तुका प्रत्यक्ष ज्ञान सम्भवित नहीं होसकता [illegible]

संहारकारक व्याप्तिका दुर्बोध हुआ । व्याप्ति जो सामान्यरूपसे गोचर है सोभी नही कहाजासकता, कारण यह है जो व्याप्तिके सम्बन्धमें सदा स्थायित्वही प्रसिद्ध है । और आभ्यन्तर प्रत्यक्षभी ज्ञानका कारण नही होता । जिसकारण अन्तःकरण बहिरिन्द्रियका परतन्त्र स्वतन्त्ररूपसे बाह्यविषयमें अन्तःकरणकी प्रवृत्ति हो नही सकती । अन्यान्यशास्त्रोमे भी कहा है ॥ १६ ॥

तदुक्तम्–'चक्षुराद्युक्तविषयं परतन्त्रं बहिर्म्मनः' इति । नाप्यनुमानं व्याप्तिज्ञानोपायः तत्र तत्राप्येवमिति । अनवस्थादौस्थ्यप्रसङ्गात् । नापि शब्दस्तदुपायः काणादमतानुसारेणानुमान एवान्तर्भावात् अनन्तर्भावे वा वृद्धव्यवहाररूपलिङ्गावगतिः सापेक्षतया प्रागुक्तदूषणलङ्घनाजङ्घालत्वात् । धूमध्वजयोरविनाभावोऽस्तीति वचनमात्रे मन्वादिवद् विश्वासाभावाच्च । अनुपदिष्टाविनाभावस्य पुरुषस्यार्थान्तरदर्शनेनार्थान्तरानुमित्यभावे स्वार्थानुमानकथायाः कथाशेषत्वप्रसङ्गाच्च । उपमानादिकन्तु दूरापास्तं तेषां संज्ञासंज्ञिसम्बन्धादिबोधकत्वेनानौपाधिकत्वसम्बन्धबोधकत्वासम्भवात् । किञ्च उपाध्यभावोऽपि दुरवगम उपाधीनां प्रत्यक्षत्वनियमासम्भवेन प्रत्यक्षाणामभावस्य प्रत्यक्षत्वेऽपि अप्रत्यक्षाणामभावस्याप्रत्यक्षतया अनुमानाद्यपेक्षायामुक्तदूषणानतिवृत्तेः ॥ १७ ॥

और कहते हैं कि:- व्याप्तिज्ञान अनुमानका हेतु नही कारण यह है कि, इसके होनेपर इसप्रकार वह इसस्थानमें अनवस्थादोषका प्रसङ्ग होताहै शब्द और अनुमानका कारण नहीं होसकता जिसकारण कणादमतानुसार शब्द और अनुमानके अन्तर्गत है यदि इनको स्वीकार करो तो अनुमान वृद्धव्यवहार प्राप्त धूमादिदर्शनरूप लिङ्गज्ञान सापेक्ष प्रयुक्त पूर्वोक्तदोष उसी अवस्थामें रहा कोई उसदोषका खण्डन नही करसकता विशेषत: धूम और अग्नि इन दोनोंका नित्य सम्बन्ध है अर्थात् धूममें कभी अग्निका अभाव नहीं रहता यह केवल कहनेमात्र नही मानाजाता । जिसव्यक्तिको धूम और अग्निके सम्बन्धका उपदेश नहीं हुआ उसको दूसरे अर्थान्तर दर्शनमें दूसरे वस्तुका अनुमान नही होता पुनः स्वार्थानुमान प्रमाण [illegible] हुई इसप्रकारसे [illegible] खण्डन होताहै, कारण यहहै कि संज्ञासंज्ञिके सम्बन्धके बोधहीसे [illegible] बोध होताहै इन सबका [illegible] होसकती । और उपाध्यभाव [illegible]

दुर्बोध जिसकारण उपाधि सबके प्रत्यक्षत्वनियमका असम्भवप्रयुक्त प्रत्यक्षाभावका अप्रत्यक्षत्व एवं अप्रत्यक्षाभावकी प्रत्यक्षताके हेतु अनुमानादिकी अपेक्षा है; सुतरां पूर्वोक्तदोषकी अनतिवृत्ति (पूर्व्ववत् अवास्थिति) होतीहै ॥ १७ ॥

अपिच–साधनाव्यापकत्वे सति साध्यसमव्याप्तिरिति तल्लक्षणं कक्षीकर्त्तव्यम्। तदुक्तम्–अव्याप्तसाधनो यः साध्यसमव्याप्तिरुच्यते स उपाधिरिति ॥ १८ ॥

पक्षान्तरमें कहते हैं कि, साधनके अव्यापकत्व सत्वमें साध्य समताही व्याप्ति है इसप्रकार व्याप्तिलक्षण नही होसकता कारण यह है कि, जो साधनमें व्याप्तिज्ञान नही उसमें जो साध्यसमव्याप्ति कहीजाती है वही उपाधि उपाधि सत्वमें अनुमान होता नहीं सुतरां अनुमानकी प्रमाणता स्वीकार नहीं कीजासकती ॥ १८ ॥

शब्देऽनित्यत्वे साध्ये सकर्तृकत्वं घटत्वमश्रावणताञ्च व्यावर्त्तयितुमुपात्तान्यत्र क्रमतो विशेषणानि त्रीणि। तस्मादिदमनवद्यं समासमेत्यादिनोक्तमाचार्य्यैश्चेति। तत्र विध्यध्यवसायपूर्व्वकत्वान्निषेधाध्यवसायस्योपाधिज्ञाने जाते तदभावविशिष्टसम्बन्धरूपं व्याप्तिज्ञानं व्याप्तिज्ञानाधीनं चोपाधिज्ञानमिति परस्पराश्रय वज्रप्रहारदोषो वज्रलेपायते। तस्मादविनाभावस्य दुर्बोधितया नानुमानाद्यवकाशः। धूमादिज्ञानानन्तरमग्न्यादिज्ञाने प्रवृत्तिः प्रत्यक्षमूलतया भ्रान्त्या वा युज्यते। क्वचित् फलप्रतिलम्भस्तु मणिमन्त्रौषधादिवत् यादृच्छिकः अतस्तत् साध्यमदृष्टादिकमपि नास्ति। नन्वदृष्टानिष्टौ जगद्वैचित्र्यमाकस्मिकं स्यादिति चेत् न तद्भद्रं "अग्निरुष्णो जलं शीतं शीतस्पर्शस्तथानिलः। केनेदं चित्रितं तस्मात् स्वभावात्तद्व्यवस्थितिरिति" ॥ १९ ॥

अनुमानके दोषान्तर दिखलाते हैं:--सकर्तृकत्वके कारण शब्दके अनित्यत्व साधन करनेसे उपाधिदोष होजाताहै--इसीनिमित्त हमारे आचार्य्यलोगोने अनुमानको नही मानाहै। विशेषतः उपाधिके अभावविशिष्ट सम्बन्धविशेषही व्याप्तिज्ञान है और उसीव्याप्तिज्ञानके अधीनही उपाधिज्ञानहै सुतरां परस्पर आश्रयाश्रयिभावरूप दोष अनिवार्य्य हुआ। अतएव धूम और अग्निका अविनाभाव सम्बन्ध अर्थात धूमाधिकरणस्थानमें अग्निका अभाव असिद्ध

इसीप्रकार सम्बन्धकी दुर्बोधिताप्रयुक्त अनुमान हो नहीं सकता । तब धूमादिज्ञानके परे जो वह्नि प्रभृतिका ज्ञान उसको प्रत्यक्षज्ञान जानना । धूम देखनेहीसे अभ्रान्त अग्निज्ञान होजाताहै । मणिमन्त्र औषधआदि प्रयोगमें जिसप्रकार अपनी इच्छानुसार फल होता है, उसीप्रकार इसस्थानमें भी कदाचित् फलप्राप्तिका सम्भव होता है । इसलिये जानाजाताहै जो यागादि साध्य अदृष्ट नहीं, यदि अदृष्ट स्वीकार न कियाजाय तो जगत्में नानाप्रकारकी लोक सृष्टिका कारण क्या ? इसका उत्तर यह है जो जगत्के सब पदार्थ आकस्मिक है इसके प्रति कोई कारण नही यदि यही आकस्मिक सृष्टि स्वीकार न कियाजाय तो ऐसा होनेपरभी स्वभावसेही जगत्की विचित्रता माननी पड़ेगी । जिसप्रकार अग्निकी उष्णता जलकी शीतता एवं वायुका शीतल स्वाभाविक अर्थात् इसप्रकार विचित्रताका कोई कारण नही उसीप्रकार स्वभावसेही जगत्की विचित्रता और अवस्थित होजाती है ॥ १९ ॥

तदेतत् सर्व्वं बृहस्पतिनाप्युक्तम् । " न स्वर्गो नापवर्गो वा नैवात्मा पारलौकिकः । नैव वर्णाश्रमादीनां क्रियाश्च फलदायिकाः ॥ २० ॥

बृहस्पतिनेभी यह सब कहा है कि, न स्वर्ग है, न मोक्ष, न आत्मा और न पारलौकिक कोई फलही है । और वर्ण और आश्रम भेदमें क्रिया करनेसे उत्तरकालमे उस क्रियाका फल हो सो भी सम्भव नही ॥ २० ॥

अग्निहोत्रं त्रयो वेदास्त्रिदण्डं भस्मगुण्ठनम् । बुद्धिपौरुषहीनानां जीविका धातृनिर्म्मिता ॥ २१ ॥

अग्निहोत्रादि यज्ञ. ऋक्, यजुः एवं साम ये तीन वेद, त्रिदण्ड (यज्ञोपवीत) और शरीरमें भस्मलेपन. ये सब केवल बुद्धि और पौरुषहीन धूर्तादिककी जीविकामात्र हैं । जिन लोगोंकी बुद्धि. अथवा किसीप्रकारकी क्षमता नही वे ही लोग अग्निहोत्रादि यज्ञद्वारा सब लोगोंको ठगकर स्वार्थ साधन करते हैं । ब्रह्माने मूर्खोंके लिये ऐसी जीविका विधान किया है ॥ २१ ॥

पशुश्चेन्निहतः स्वर्गं ज्योतिष्टोमे गमिष्यति । स्वपिता यजमानेन तत्र कस्मान्न हिंस्यते ॥ २२ ॥

तुम्लोग कहतेहो जो ज्योतिष्टोमादि यज्ञमें जिस पशुका वध कियाजाता है वह स्वर्गमें जाता है । यदि यही होगा तो तुमभी कोई यज्ञ-करके अपने पिताको बलिप्रदान क्यों नही करते ? ऐसा करनेसे तो वह अनायास स्वर्गमें जासकता है ॥ २२ ॥

मृतानामपि जन्तूनां श्राद्धं चेत्तृप्तिकारणम् । गच्छतामिह जन्तूनां व्यर्थं पाथेयकल्पनम् ॥ २३ ॥

और मृतव्यक्तिके नामपर श्राद्ध करनेसे यदि उस मृतव्यक्तिकी तृप्ति होसके तो किसी स्थानमें जानेके लिये मार्गभोजन साथ लेजानेका प्रयोजन क्या ? क्योंकि घरहीमें तुम्हारे खानेके लिये अन्नपाक करके निवेदन करनेसे तुम्हें वह भोजन मार्गमें अपने आप पहुंच जावेगा या उससे तृप्ति होजावेगी । श्राद्धभी यदि परलोकगामीके तृप्तिजनक होताहै तो स्वगृहस्थित भोजनीय द्रव्य तुम्हारी तृप्ति क्यो नही करेगा ? ॥ २३ ॥

स्वर्गस्थिता यदा तृप्तिं गच्छेयुस्तत्र दानतः । प्रासादस्योपरि-स्थानामत्र कस्मान्न दीयते ॥ २४ ॥

पिता जब स्वर्गमें अवस्थितिकरते हैं उस समय उनको दान देनेसे यदि उसदानमें पिता तृप्तिलाभ करसकते हैं तो तुम अपने घरके कोठेपर पितृस्थान कल्पना करके दान क्यों नहीं करते? दानद्वारा स्वर्गस्थित पिताकी तृप्ति होनेपर कोठेपर स्थित पिताकी तृप्ति क्यों नही होगी ॥ २४ ॥

यावज्जीवेत् सुखं जीवेदृणं कृत्वा घृतं पिबेत् । भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः ॥ २५ ॥

पूर्वोक्तकारणोंसे जानाजाताहै कि जो धर्म्माधर्म्म और परलोकप्रभृति सबही मिथ्या है इस-समय जो कुछ सुख भोग करसकते हैं उसीको करो । जबतक जीवन तुह्मारा रहेगा सुख-पूर्वक तुह्मारा कालयापन होगा । जिससे शारीरिक पुष्टिसाधन होसके वही कर्त्तव्य है, अतएव ऋण (कर्ज) करके घृतपान करना चाहिये । यह शरीर भस्म होनेपर पुन्हा इसका प्रत्यागम किसीप्रकार नही होसकताहै ॥ २५ ॥

यदि गच्छेत्परं लोकं देहादेष विनिर्गतः । कस्माद् भूयो न चा-याति बन्धुस्नेहसमाकुलः ॥ २६ ॥

यदि कोई इस देहसे निकलकर परलोक जासके तो बन्धुवर्गके स्नेहमें आकुल होकर पुन' क्यों नही वापस आता ? जो देहसे चलकर जासकता है फिर उसके प्रत्यागमनमें आपत्ति

त्रयो वेदस्य कर्त्तारो भण्डधूर्तनिशाचराः । जर्फरीतुर्फरीत्यादि पण्डितानां वचः स्मृतम् ॥ २८ ॥

भण्ड, धूर्त और निशाचर ये लोग वेदके कर्त्ता हैं । इनके नाना प्रकारके जर्फरी, तुर्फरी इत्यादि वाक्योंहीसे वेद भरा है । इन सब वाक्योंहीसे वेद कहांतक सत्य है । सो जाना जाता है ॥ २८ ॥

अश्वस्यात्र हि शिश्नं तु पत्नीग्राह्यं प्रकीर्त्तितम् । भण्डैस्तद्वत्परं चैव ग्राह्यजातं प्रकीर्त्तितम् । मांसानां खादनं तद्वन्निशाचरसमीरितमिति । तस्माद् बहूनां प्राणिनामनुग्रहार्थं चार्व्वाकमतमाश्रयणीयमिति रमणीयम् ॥ २९ ॥

इति सायणमाधवीये सर्वदर्शनसंग्रहे चार्वाकदर्शनं समाप्तम् ।

अश्वमेधयज्ञमें यजमानकी पत्नी घोड़ेका शिश्न ग्रहण करे इत्यादि विषय सब भण्डरचित है । स्वर्ग नरकादि विषय सब धूर्त्तोंने रचा और जिन सबशास्त्रोंमें मद्यमांस निवेदनादिके विधिहैं वे सब निशाचर कल्पित हैं । इसप्रकार धूर्त्त, भण्ड और निशाचर पण्डितोंने अनेकप्रकारकी क्रियाओंको रचकर अपना २ प्रयोजन सिद्ध कियाहै । चार्वाकने इन्हीं भण्ड पण्डित आदिकोंके मतोंके खण्डनकर सब प्राणियोंके प्रति अनुग्रह प्रकाशपूर्वक निज मतका प्रचार कियाहै, इसी मतका सबको आश्रय लेना चाहिये । यही मत सब मतोंमें प्रधान है ॥ २९ ॥

इति सर्व्वदर्शनसंग्रहे चार्वाकदर्शनं समाप्तम् ।

अथ बौद्धदर्शनम् ।

अत्र बौद्धैरभिधीयते यदभ्यधायि अविनाभावो दुर्बोध इति तदसाधीयः तादात्म्यतदुत्पत्तिभ्यामविनाभावस्य सुज्ञानत्वात् तदुक्तम्—

"कार्य्यकारणभावाद्वा स्वभावाद्वा नियामकात् ।
अविनाभावनियमो दर्शनान्तरदर्शनादिति" ॥ १ ॥

और तदुत्पत्तिद्वारा ही अविनाभावसम्बन्ध ज्ञात होसकताहै । शास्त्रान्तरमें कहाहै कि, धूम और अग्नि इत्यादिके कार्य्य कारण वशतः और नियामक स्वभावहेतु अविनाभाव सम्बन्ध सुस्पष्ट प्रतीयमान होताहै एवं अन्यदर्शनमें भी इसीप्रकार सम्बन्ध प्रमाणीकृत हुआ है ॥ १ ॥

अन्वयव्यतिरेकाववविनाभावनिश्चायकाविति पक्षे साध्यसाधनयोरव्यभिचारो दुरवधारणो भवेत् । भूते भविष्यति वर्त्तमाने अनुपलभ्यमाने च व्यभिचारशङ्काया अनिवारणात् । ननु तथा विधस्थले तावकेऽपि मते व्यभिचारशङ्का दुष्परिहरेति चेत् मैवं वोचः विनाऽपि कारणं कार्य्यमुत्पद्यतामित्येवं विधायाः शङ्काया व्याघातावधितया निवृत्तत्त्वात् । तदेवह्याशंक्येत यस्मिन्नाशंक्यमाने व्याघातादयो नावतरेयुः । तदुक्तम् । व्याघातावधिराशङ्केति तस्मात्तदुत्पत्तिनिश्चयेन अविनाभावो निश्चीयते तदुत्पत्तिनिश्चयश्च कार्य्यहेत्वोः प्रत्यक्षोपलम्भानुपलम्भपञ्चकनिबन्धनः । कार्य्यस्योत्पत्तेः प्रागनुपलम्भः कारणोपलम्भे सत्युपलम्भः उपलम्भस्य पश्चात् कारणानुपलम्भादनुपलम्भ इति पञ्चकारण्या धूमधूमध्वजयोः कार्य्यकारणभावो निश्चीयते । तथा तादात्म्यनिश्चयेनाप्यविनाभावो निश्चीयते । यदि शिंशपावृक्षत्वमतिपतेत् स्वात्मानमेव जह्यादिति विपक्षे बाधकप्रवृत्तेः । अप्रवृत्ते तु बाधके भूयः सहभावोपलम्भेऽपि व्यभिचारशङ्कायाः को निवारयिता । शिंशपावृक्षयोश्च तादात्म्यनिश्चयो वृक्षोऽयं शिंशपेति सामानाधिकरण्यबलादुपपद्यते । नह्यत्यन्ताभेदे तत् सम्भवति पर्य्यायत्वेन युगपदपि प्रयोगायोगात् नाप्यत्यन्तभेदे गवाश्वयोरनुपलम्भात् । तस्मात् कार्य्यात्मानौ कारणमात्मानमनुमापयत इति सिद्धम् ॥ २ ॥

और जहां धूमसत्ता है वहां अग्निकी सत्ता होती है और जहां अग्नि नहीं वहां धूमका अभाव, इस प्रकार अन्वय व्यतिरेक प्रमाणानुसारभी धूम और अग्निका

अविनाभाव सम्बन्धका निश्चय होता है। यदि कहो, पक्षमें (अनुमानका आधारभूत पर्व्व-तादिमें) साध्य अग्नि आदि एवं साधन धूमादिका अव्यभिचार अवधारण करना दुष्कर होता है, वस्तुतः भूत, भविष्यत् और वर्त्तमान येही तीन काल हैं उक्त व्यभिचार शङ्का अनिवार्य्य है। तथापि यदि कहो तुम्हारे मतमें भी पूर्वोक्त स्थलमें व्यभिचारी शङ्का दुष्परिहार्य्य है। यह बात नहीं कहनी चाहिये, जिसलिये कारण व्यतिरेक कार्य उत्पन्नहो इसप्रकार आशङ्काका व्याघातावधिकत्व हेतु निवृत्त है। जिसकी आशङ्कामें व्याघातादि दोषका अवतरण नहीं होता, उसीकी आशङ्का होजाती है। दूसरे शास्त्रमें कहा है कि– व्याघातावधि ही आशङ्का होती है अर्थात् जबतक व्याघात दोष रहता है तबतक आशङ्का होसकती है। अतएव उसकी उत्पत्ति निश्चयद्वारा ही धूम और वह्निका अविनाभाव सम्बध निश्चित होता है। कार्य्यहेतु, प्रत्यक्ष उपलम्भ, और कारणका उपलम्भ होनेहीसे कार्यका उपलम्भ कार्य्योपलम्भके पीछे कारणानुपलम्भ इत्यादि प्रकार पञ्च कारणजन्य धूम और अग्निका कार्य्य कारण भाव निश्चय होता है। इसीप्रकार तादात्म्य निश्चय हेतु धूम और अग्निका अविनाभाव सम्बध निश्चय किया जाता है। शिंशपा नामक वृक्ष यदि वृक्षत्वका अति पातन करे उसने अपनेहीको परित्याग किया इत्यादि स्थलमे विपक्षमें बाधक प्रवृत्तिहै, परन्तु बाधकके अप्रवृत्तिमे पुनर्व्वार सहकारी भावका उपलम्भ होनेसे कौन व्यभिचार शङ्काका निवारण करसकता है? शिंशपा और वृक्ष इन दोनोंहीका तादात्म्य निश्चय है। जिसकारण यह वृक्ष शिंशपा है, इसप्रकार सामानाधिकरण्यहोके बलसे शिंशपा और वृक्षका तादात्म्य उपपन्न होताहै। अत्यन्त अभेद स्थलमें तादात्म्य सम्भव नही कारण यह है जो पर्य्यायक्रमसे एकदा प्रयोग असम्भव और अत्यन्त भेदस्थलमेभी तादात्म्य सम्भव नही गौ और अश्व इन सबका अत्यन्त भेदहेतु तादात्म्यसम्भव नही अतएव जानाजाताहै कि, जो कार्य्यस्वरूप पदार्थ कारणको अनुमान करनेकेलिये है ॥ २ ॥

यदि कश्चित् प्रामाण्यमनुमानस्य नाङ्गीकुर्यात् तं प्रति ब्रूयात् अनुमानप्रमाणं न भवतीत्येतावन्मात्रमुच्यते तत्र न किञ्चन साधनमुपन्यस्यते उपन्यस्यते वा। न प्रथमः एकाकिनी प्रतिज्ञाहि प्रतिज्ञातं न साधयेदिति न्यायात्। नापि चरमः अनुमानं प्रमाणं न भवतीति ब्रुवाणेन त्वया अशिरस्कवचनस्योपन्यासे मम माता वन्ध्येतिवद् व्याघातापातात्। किञ्च प्रमाणतदाभासव्यवस्थापनं तत् समानजातीयत्वादिति वदता भवतैव स्वीकृतं स्वभावानुमानम्। परगता विप्रतिपत्तिस्तु

वचनालिङ्गेनेति ब्रुवता कार्य्यलिङ्गकमनुमानम् अनुपलब्ध्या कञ्चिदर्थं प्रतिषेधयतानुपलब्धिलिङ्गकमनुमानम् । तथा चोक्तं तथागतैः--प्रमाणान्तरसामान्यस्थितिरन्यधियो गतेः । प्रमाणान्तरसद्भावःप्रतिषेधाच्च कस्यचिदिति ॥ पराक्रान्तश्चात्र सूरिभिरिति ग्रन्थभूयस्त्वभयादुपरम्यते ॥ ३ ॥

यदि कोई व्यक्ति अनुमानकी प्रमाणता नहीं स्वीकार करता तो उस अनुमान प्रतिवादीको कहना चाहिये जो तुम क्या अनुमान प्रमाण नहो ? तुम क्या यही वाक्य मात्र कहते हो किम्वा उसका कोई कारण है ? यदि कोई कारण है; तो वह कार्य्यकारी नहीं, केवल प्रतिज्ञा करनेहीसे क्या वह प्रतिज्ञा प्रतिज्ञात विषय साधन करसकती है ? और यदि कहो कि, अनुमानकी अप्रमाणता ये कोई कारण नहीं, तथापि अनुमान प्रमाण नहीं । तुम्हारी इस प्रकारकी बेशिरकी बात कहनेसे " मेरी माता वन्ध्या है " इस वाक्याकी नाई व्याघात दोषापात होताहै । और स्वयंही कहदेते हो जो समान जातीयत्व प्रयुक्त प्रमाण और प्रमाणाभास व्यवस्थापन करना होता है, सुतरां स्वभावही से अनुमानकी प्रमाणता स्वीकार करते हो, परगत विप्रतिपत्तिभी वचनमात्र ही है, यह बात बोलनेहीसे कार्य्यलिङ्गक अनुमान स्वीकृत हुआ और अनुपलब्धिवशात् कोई अर्थ प्रतिषेध करनेहीसे अनुपलब्धिलिङ्गक अनुमान स्वीकार होता है । पण्डित लोग कहते हैं जो किसी २ मतमें इसप्रकार प्रमाणानुसार सामान्यस्थिति जानी जाती है । एवं अन्यान्यमतमें अन्यप्रकार प्रमाणमें पदार्थ परिकल्पित हो जाता है । इस विषयमें आचार्य्योंकी वादानुवादकी अधिक शक्ति होनेपरभी वे लोग ग्रन्थके विस्तार होनेके भयसे विरत हुए हैं । साधारणतः ही उक्त मतानुसार दोष दिखलाया जाता है,सुतरां वादानुवाद निष्प्रयोजनहै॥ ३॥

ते च बौद्धाश्चतुर्विधया भावनया परमपुरुषार्थं कथयन्ति । ते च माध्यमिकयोगाचारसौत्रान्तिकवैभाषिकसंज्ञाभिः प्रसिद्धाः बौद्धा यथाक्रमं सर्व्वशून्यत्वबाह्यशून्यत्वबाह्यार्थानुमेयत्वबाह्यार्थप्रत्यक्षत्ववादानातिष्ठन्ते ॥ ४ ॥

बौद्ध पण्डितगण चार प्रकारकी भावना द्वारा परम पुरुषार्थ कहते हैं । १ माध्यमिक २ योगाचार ३ सौत्रान्तिक और ४ वैभाषिक इन्ही चारनामोंसे उक्त भावनानुग्य प्रसिद्ध है माध्यमिक भावनामें सर्व्वशून्यत्व योगाचारभावनामें बाह्यशून्यत्व सौत्रान्तिक भावनामें बाह्यार्थानुमेयत्व एवं वैभाषिक भावनामें बाह्यार्थ प्रत्यक्षवाद अवस्थित है । इसका विशेष विवरण दूसरे स्थानमें प्रकाशित होगा ॥ ४ ॥

यद्यपि भगवान् बुद्ध एक एव बोधयिता तथापि बोद्धव्यानां बुद्धिभेदाच्चातुर्विध्यं यथागतोऽस्तमर्क इत्युक्ते जारचौरानूचानादयः स्वेष्टानुसारेणाभिसरणपरस्वहरणसदाचरणादिसमयं बुध्यन्ते । सर्वं क्षणिकं क्षणिकं दुःखं दुःखं स्वलक्षणं स्वलक्षणं शून्यं शून्यमिति भावनाचतुष्टयमुपदिष्टं द्रष्टव्यम् । तत्र क्षणिकत्वं नीलादिक्षणानां सत्त्वेनानुमातव्यं यत् सत् तत् क्षणिकं यथा जलधरपटलं सन्तश्चामी भावा इति न चायमसिद्धो हेतुः अर्थक्रियाकारित्वलक्षणस्य सत्त्वस्य नीलादिक्षणानां प्रत्यक्षसिद्धत्वात् । व्यापकव्यावृत्त्या व्याप्यव्यावृत्तिन्यायेन व्यापकक्रमाक्रमव्यावृत्तावक्षणिकात् सत्त्वव्यावृत्तेः सिद्धत्वाच्च । तच्चार्थक्रियाकारित्वं क्रमाक्रमाभ्यां व्याप्तं न च क्रमाक्रमाभ्यामन्यः प्रकारः समस्ति परस्परविरोधे हि न प्रकारान्तरस्थितिः । नैकतापि विरुद्धानामुक्तिमात्रविरोधत इति न्यायेन व्याघातस्योद्भटत्वात् तौ च क्रमाक्रमौ स्थायिनः सकाशाद्व्यावर्त्तमानौ अर्थक्रियामपि व्यावर्त्तयन्तौ क्षणिकत्वपक्ष एव सत्त्वं व्यवस्थापयत इति सिद्धम् ॥ ९ ॥

यद्यपि भगवान् एकमात्र बुद्धही बोधयिता है तथापि बुद्धिभेदवशात् बोद्धव्य विषय चार प्रकारका जानना चाहिये जिस प्रकार सूर्य्यने अस्तगमन किया है यह बात कहनेसे जार (उपपति) चौर और अनूचान (जो लोग गुरुके पास साङ्ग वेद अध्ययन करके धर्म्माचरणमे प्रवृत्त है) ये लोग अपने २ इष्ट कार्य्यके साधनमें समयज्ञान करते हैं अर्थात् जारव्यक्ति परस्त्रीके अनुसन्धानका चौरव्यक्ति परायाधन चुरानेका एवं धार्म्मिकव्यक्ति धर्म्माचरणका समय मनमें उपस्थित करके अपने २ कार्य्यमें प्रवृत्त होते हैं इसी प्रकार बुद्ध एक होनेपरभी बुद्धिभेदवशात् बोद्धव्यविषयके चार भेद जानना । सब पदार्थही क्षणिक दुःखमय स्वलक्षणमात्र एव सबही शून्य इसप्रकार भावनाचतुष्टयका उपदेश जानना नीलादिलक्षणकी सत्ताहेतु क्षणिकत्व अनुमान करना चाहिये अर्थात् जो सबपदार्थ विद्यमानहैं वे सबही क्षणिक मेघमालाकी नाई कोई पदार्थ चिरस्थायी नही । यह असिद्ध हेतु नही कारण यह है जो सबही विद्यमान पदार्थका अर्थ क्रियाकारित्व एवं नीलादि गुणका प्रत्यक्ष होजाताहै । नीलवर्ण घट लावो, इत्यादिस्थलमें घटका लाना और नीलगुणका प्रत्यक्ष होताहै,

क्रम और अक्रम प्रकारमें अर्थ क्रियाकारित्व प्राप्त होजाताहै । अथज्ञान विषयमें क्रम और अक्रम भिन्न प्रकार नहीहै पदार्थसबकेपरस्पर विरोध होनेपरभी क्रम और अक्रमभिन्न प्रकार' न्तरमें अवस्थिति नही होती एवं मुक्तिमात्रका विरोध प्रयुक्त विरुद्धपदार्थकी एकताभी सम्भव नही । इस प्रसिद्ध न्यायबलसे व्याघातका उद्भव हो उठताहै । स्थायी पदार्थका सम्बन्धही उक्त क्रम और अक्रम व्यावृत्त है एवं अर्थक्रियामें भी उन सबकी व्यावृत्ति जानना, सुतरां क्षणिकत्व पक्षही सत्वका व्यवस्थापक यह सिद्ध हुआ, अर्थात् क्षणकाल विद्यमान रहता है ऐसा कहकरही पदार्थ सबको सत् कहाजाता है ॥ ५ ॥

नन्वक्षणिकस्यार्थक्रियाकारित्वं किं न स्यादिति चेत् तदयुक्तं विकल्पासहत्वात् । तथा हि वर्तमानार्थक्रियाकरणकाले अतीतानागतयोः किमर्थक्रिययोः स्थायिनः सामर्थ्यमस्ति ? नोवा ? आद्ये तयोरनिराकरणप्रसङ्गः समर्थस्य क्षेपायोगात् यत् यदा यत्करणसमर्थं तत् तदा तत् करोत्येव यथा सामग्री स्वकार्य्यं समर्थश्चायं भाव इति प्रसङ्गानुमानाच्च । द्वितीयेऽपि कदापि न कुर्य्यात् सामर्थ्यमात्रानुबन्धित्वादर्थक्रियाकारित्वस्य यत् यदा यन्न करोति तत् तदा तत्रासमर्थं यथाहि शिलाशकलमङ्कुरे । न चैष वर्त्तमानार्थक्रियाकरणकाले वृत्तवर्त्तिष्यमाणे अर्थक्रिये करोतीति तद्विपर्ययाच्च ॥ ६ ॥

यदि कहो कि, सब पदार्थोंको अक्षणिक कहनेसे क्या उन सबकी अर्थ क्रिया कारित्व सम्भव नही? यह आशङ्का युक्तियुक्त नही है, जिस कारण क्षणिकत्व और अक्षणिकत्व इसप्रकार विकल्प सम्भवपर नहीं, अर्थात् वर्त्तमान अर्थ क्रिया करण कालमें भूत और भविष्यत् अर्थ क्रिया का सामर्थ्य है या नहीं ? यदि कहो कि सामर्थ्य है, तो सामर्थ्य और असामर्थ्य इसका निराकरण होता नही, असमर्थ होनेसे उसका अकरण असम्भव नहीं । जिस २ कार्य्य का समर्थ, सो अवश्यही वह कार्य्य करता है । और यदि कहो कि सामर्थ्य नहीं तो कभीभी कार्य्यसाधन नही करसकता परन्तु कभी २ कार्य्य दृष्ट होता है, अर्थक्रिया कारित्व सामर्थ्यमात्रका अनुगामी है । जिससमय जिसकार्य्यको जो नहीं करता, सुतरां उसकार्य्यसे उसका असामर्थ्यही जाना जाता है । जिसप्रकार शिलाखण्डमें कभी अङ्कुरोत्पादन नही देखा जाता; सुतरां शिलाखण्डमें कभी अङ्कुरोत्पादकता सामर्थ्य नहीं, यही जानना होगा । उसीप्रकार सर्वत्र ही सामर्थ्य और असामर्थ्य प्रकाश पाता है । और वर्त्तमान अर्थक्रिया करण कालमें अतीत और भविष्यत् अर्थ नहीं करसकता ॥ ६ ॥

नतु क्रमवत् सहकारिलाभात् स्थायिनः अतीतानागतयोः क्रमेण करणमुपपद्यते इति चेत् तत्रेदं भवान् पृष्टो व्याचष्टां सहकारिणः किं भावस्योपकुर्व्वन्ति? न वा? न चेत् नापेक्षणीयास्ते अकिञ्चित् कुर्वता तेषां तादार्थ्यायोगात्। उपकारकत्वपक्षेसोऽयमुपकारः किं भावाद्भिद्यते ? न वा ? भेदपक्षे आगन्तुकस्यैव तस्य कारणत्वं स्यात् न भावस्याक्षणिकस्य आगंतुकातिशयान्वयव्यतिरेकानुविधायित्वात् कार्य्यस्य । तदुक्तम् वर्षातपाभ्यां किं व्योम्नश्चर्म्मण्यस्ति तयोः फलम् । चर्म्मोपमश्चेत् सोऽनित्यः खतुल्यश्चेदसत्फल इति ॥ ७ ॥

क्रम और अक्रममें जिस प्रकार अर्थ क्रिया कारित्व प्राप्त होजाताहै उसीप्रकार सहकारीसेभी अतीत और भविष्यत पदार्थ क्रम उपन्न होता है । यदि इस प्रकार स्वीकार करो तो तुमको पूछताहूँ तुम कहो देखताहूं सहकारी गणभावका उपकार करता या नहीं ? यदि उपकार नही करता तो सहकारी अपेक्षणीय नहीं कारण यह है जो कार्यमें उपकार करता नहीं उसका अर्थयोग नहीं और यदि कहो उपकार करता है तो कहो देखता हूं वह उपकार क्या भावसे भिन्न है ? या भिन्न नहीं ? यदि भिन्न होता है तो आगन्तुककी भी कारणता होता है क्षणिक भावकी कारणता होती नही किसी प्रकारभी आगन्तुकका कार्यानुविधायित्व नही है । दूसरे शास्त्रमें कहाहै जो वर्षा और आतपद्वारा आकाशका कुछभी नहीं होता चर्म्महीमें आहादिकका फल होता है भावपदार्थ चर्म्मकी नाईं अनित्यहै उसमें कभीभी सत्फल नही होता ॥ ७ ॥

अथ भावस्तैः सहकारिभिः सहैव कार्य्यं करोतीति स्वभाव इति चेत् अस्तु तर्हि सहकारिणो न जह्यात् प्रत्युत पलायमानानपि गले पाशेन बद्ध्वा कृत्यं कार्य्यं कुर्य्यात् स्वभावस्यानपायात् । किञ्च सहकारिजन्योऽतिशयः किमतिशयान्तरमारभते न वा उभयथापि प्रागुक्तदूषणपाषाणवर्षणप्रसङ्गः । अतिशयान्तरारम्भपक्षे बहुमुखानवस्थादौस्थ्यमपि स्यात् अतिशये जनयितव्ये सहकार्य्यन्तरापेक्षायां तत्परम्परापात इत्येकानवस्था आस्थेया तथाहि सहकारिभिः सलिलपवना-

दिभिः पदार्थसार्थैराधीयमाने बीजस्यातिशये बीजमुत्पादकमभ्युपेयम् । अपरथा तदभावेऽप्यतिशयः प्रादुर्भवेत् बीजञ्चातिशयमादधानं सहकारिसापेक्षमेवाधत्ते अन्यथा सर्वदोपकारापत्तौ अङ्कुरस्यापि सदोदयः प्रसज्येत तस्मादतिशयार्थमपेक्षमाणैः सहकारिभिरतिशयान्तरमाधेयं बीजे तस्मिन्नप्युपकारे पूर्व्वन्यायेन सहकारिसापेक्षस्य बीजस्य जनकत्वे सहकारिसम्पाद्यबीजगतातिशयानवस्था प्रथमा व्यवस्थिता ॥ ८ ॥

और यदि कहो कि, भावपदार्थमें सहकारीके सार्थ कार्य्य करता है । यही उसका स्वभाव है, तो कभीभी सहकारिको परित्याग नहीं करता, वरन् उस सहकारिके भागने परभी गलेमें रस्सी बान्धकर लाना और कार्य्य कराना जिस कारण किसी समयभी स्वभाव को अन्यथा (बदलना) नहीं होता, और सहकारी जो कार्य्य उत्पादन करता है उसको छोडकर वही सहकारी अतिरिक्तान्तर उत्पन्न करता या नहीं ? दोनोंही प्रकारसे प्रागुक्त दूषणरूप पाषाण वर्ष प्रसङ्ग है और यदि कहो कि, सहकारीगण अतिशयान्तर आरम्भ करते हैं तो बहुत प्रकारके अनवस्था, दोष होते हैं । जब अतिरिक्तकार्य्य उत्पन्न होगा तब भी अन्य सहकारीकी अपेक्षा करता है, उसी प्रकार परस्पर अपेक्षितत्व प्रयुक्त एक अनवस्था दोष होताहै बीजोत्पत्तिके प्रति जलवायु प्रभृति सहकारी पदार्थ साधककी सहकारितामें ही बीज उत्पादक होताहै, अन्यथा उसके अभावमें अन्य प्रकारसे होजाता है । बीज सब जो, अतिरिक्त कार्य्य उत्पन्न करता है, वह भी सहकारी सापेक्ष है नहीं तो सर्वदा उपकार सम्भवमें सदैव बीजसे अङ्कुरकी उत्पत्ति होसकती है अत एव अतिशयार्थ अपेक्षमाण सहकारी सब बीजमें दूसरी शक्तिकी अराधना करता है । उस उपकारमें पूर्व्वोक्त प्रकारसे सहकारी सापेक्ष बीजके जनकत्व विषयमें अन्य सहकारी सम्पाद्य बीजस्थित अतिशय अवस्था ही प्रथम अनवस्था व्यवस्थित है ॥ ८ ॥

अथोपकारः कार्य्यार्थमपेक्षमाणोऽपि बीजादिनिरपेक्षं कार्य्यं जनयति तत्सापेक्षो वा प्रथमे बीजादेरहेतुत्वमापतेत् । द्वितीये अपेक्ष्यमाणेन बीजादिना उपकारे अतिशय आधेय एव तत्रापीति बीजादिजन्यातिशयनिष्ठातिशयपरम्परापात इति द्वितीयानवस्था स्थिरा भवेत् । एवमपेक्ष्यमाणेनोपकारेण बीजादौ धर्म्मिण्युपकारान्तरमाधेयमित्युपकाराधेयबीजातिशयाश्रया-

तिशयपरम्परापात इति तृतीयानवस्था दुरवस्था स्यात् । अथ भावादभिन्नोऽतिशयः सहकारिभिराधीयत इत्यभ्युपगम्यते तर्हि प्राचीनो भावोऽनतिशयात्मा निवृत्तः अन्यश्चातिशयात्मा कुर्व्वद्रूपादिपदवेदनीयो जायत इति फलितं ममापि मनोरथद्रुमेण॥९॥

कहो देखताहूं, कार्यसाधनकेलिये उपकारकी अपेक्षा करताहै या नही ? एवं बीजादिकी अपेक्षा न करके कार्य्य उत्पन्न करता है या नहीं ? अथवा बीजादिकी अपेक्षा करके कार्य्यजन्मताहै ? इसमे यदि कहोकि:- बीजादिकी अपेक्षा नहीं करता तो बीजादि अङ्कुरोत्पत्तिका कारण नहींहै यही इसमे होसकताहै और यही कहो कि सहकारी अङ्कुरोत्पादनमें बीजादिकी अपेक्षा करता है तो अनवस्थादोषकी अवास्थिति स्थिरतर होती है इसप्रकार बीजादिमे उपकारकी अपेक्षा हेतु दूसरे उपकारकी आवश्यकता जानपडतीहै, इसीनिमित्त परस्पर उपकार और आधेय नांवका अतिशय आश्रयाश्रयितामयुक्त तृतीय अनवस्था सघटित होजाती है, सुतरां कार्य्यका दुरवस्थापात होता है । और इसीको मानो जो सहकारीगण भावसे अतिशय अभिन्नभाव आश्रय करता है तो अनतिशय प्राचीन भाव निवृत्त होता है जो आश्रयातिशय स्वरूप, वहभी अन्यप्रकारहै, सुतरां मेराही मनोरथ सफल हुआ ॥ ९ ॥

तस्मादक्षणिकस्यार्थक्रिया दुर्घटा नाप्यक्रमेण घटते विकल्पासहत्वात् । तथाहि युगपत् सकलकार्य्यकरणसमर्थः स भावस्तदुत्तरकालमनुवर्त्तते न वा । प्रथमे तत्कालवत् कालान्तरेऽपि तावत् कार्य्यकरणमापतेत् । द्वितीये स्थायित्ववृत्याशा मूषिकभक्षित बीजादावङ्कुरादिजननप्रार्थनामनुहरेत् । यत्विरुद्धधर्म्माध्यस्तं तन्नाना यथा शीतोष्णे विरुद्धधर्म्माध्यस्तश्चायमिति जलधरे प्रतिबन्धसिद्धिः न चायमसिद्धो हेतुः, स्थायिनि कालभेदेन सामर्थ्यासामर्थ्ययोः प्रसङ्गतद्विपर्य्ययसिद्धत्वात्तत्रासामर्थ्यसाधकौ प्रसङ्गतद्विपर्य्ययौ प्रागुक्तौ सामर्थ्यसाधकावभिधीयेते यद्यदा यज्जननासमर्थं तत्तदा तन्न करोति यथा शिलाशकलमङ्कुरमसमर्थश्चायं वर्त्तमानार्थ क्रियाकरण काले अतीतानागतयोरर्थक्रिययोरितिप्रसङ्गः यत यदा यत् करो-

ति तत्तदा तत्र समर्थं यथा सामग्री स्वकार्य्यं करोति चायमतीतानागतकाले तत्कालवर्तिन्यावर्थक्रिये भाव इति प्रसङ्ग व्यत्ययः विपर्य्ययः । तस्माद्विपक्षे क्रमयौगपद्यव्यावृत्त्या व्यापकानुपलम्भेनाधिगतव्यतिरेकव्याप्तिकं प्रसङ्गताद्विपर्य्यय बलादगृहीतान्वयव्याप्तिकं सत्त्वं क्षणिकत्वपक्ष एव व्यवस्थास्यतीति सिद्धम् ॥ १० ॥

पूर्वोक्त कारणसे जाना जाता है जो, अक्षणिककी अर्थ क्रियाभी दुर्घट है और विकल्पताके कारण अक्रममेंभी अर्थ क्रिया नही घटती । इससमय आशङ्का होती है, जो स्वभाव ही सब कार्यके करनेमें समर्थ है वह उत्तर कालका अनुवर्त्तन करता या नहीं ? यदि कहो कि, उत्तर कालका अनुवर्त्तन करता है तो उसी कालकी नाई कालान्तरमें भी सम्भवित होसकता है । और उत्तर कालके अनुवर्त्तन नही करनेसे स्थायित्ववृत्तिकी आशा मूषिक भक्षित बीजके अङ्कुर जनन प्रार्थना की नाई अलीक होता है । और जो विरुद्ध धर्म्मोकी संयोग है वह भी अनेक प्रकारका जिस प्रकार शीत और उष्ण इत्यादि मेघमें जो प्रतिबन्ध सिद्धि वह भी विरुद्ध धर्म्म जानना और यह प्रसिद्ध हेतु नहीं है, स्थायी विषयमें कालभेदके कारण सामर्थ्य और असामर्थ्य के प्रसङ्ग और उसके विपर्य्यय सिद्धत्व प्रयुक्त पूर्वोक्त प्रसङ्ग और उसके विपर्य्यय असामर्थ्य साधक होताहै अतएव सामर्थ्यही कार्य्यसाधक वहकर जाना जाता है । जिस समय जो कार्य्य जननेमें असमर्थ होता उस समय वह उस कार्य्यको नहीं कर सकता जिसप्रकार शिलाखण्डभी अङ्कुरोत्पादनमें असमर्थ होताहै और वर्त्तमानार्थ क्रियामें और एवं अतीत और अनागत अर्थ क्रियामें अति प्रसङ्ग होताहै । जब जो जिसको करता है, तब वह उसमें समर्थ होताहै जिस प्रकार कार्य्य मात्रकी प्रति उस कार्य्यकी सामग्री कार्य्य साधनमें समर्थ होती है । अत एव विपक्षमें क्रमयोग व्यावृत्ति अनुसार व्यापकानुपलम्भके कारण अधिगत व्यतिरेक व्याप्ति एवं प्रसङ्गसे तद् विपर्य्यय वशाव गृहीत अन्वय व्याप्ति हेतु क्षणिकत्व पक्षही सिद्ध हुआ ॥ १० ॥

तदुक्तं ज्ञानश्रिया--यत् सत् तत् क्षणिकं यथा जलधरः सन्तश्च भावा अमी सत्ताशक्तिरिहार्थकर्म्मणि मितेः सिद्धेषु सिद्धा न सा ॥ नाप्येकैव विधान्यथापरकृतेनापि क्रियादिर्भवेद् द्वेधापि क्षणभङ्गसङ्गतिरतः साध्ये च विश्राम्यतीति ॥ ११ ॥

ज्ञानश्री–ने कहाहै जो पदार्थ सत् है, वही क्षणिक है, जिस प्रकार आकाशमें मेघ विद्यमान देखा जाताहै, क्षणभरके पीछे उसका अभाव होता है । ये सब पदार्थोंकी विद्यमानता क्रियामात्रही सिद्ध है ॥ ११ ॥

न च कणभक्षाक्षचरणादिपक्षकक्षीकारेण सत्तासामान्य योगित्वमेव सत्त्वमिति मन्तव्यं सामान्यविशेषसमवायानामसत्वप्रसङ्गात् न च तत्र स्वरूपसत्तानिवन्धनः सद्व्यवहारः प्रयोजकगौरवापत्तेः अनुगतत्वाननुगतत्वविकल्पपराहतेश्च सर्षप महीधरादिषु विलक्षणेषु क्षणेष्वनुगतस्याकारस्य मणिषु सूत्रवद् भूतगणेषु गुणवच्चाप्रतिभासनाच्च ॥ १२ ॥

कणाद और अक्षपादादिका मत स्वीकार करके सत्तासामान्ययोगित्वही सत्त्व है यहभी नहीं कहाजाता जिसकारण सामान्यभी विशेषके समवायका सत्त्वप्रसङ्ग होताहै । और यदि उसका स्वरूप सत्तानिवन्धन सद्व्यवहार होता नहीं कहो तो प्रयोजककी गौरवापत्ति होजातीहै । और अनुगतत्त्व और अननुगतत्त्व यही विकल्पका पराभव होताहै । कभीभी अतिविषय सर्षप और पर्व्वत एवं माणि और गुणवन्ध भौतिकपदार्थका समान प्रतिभास नहीं होता ॥ १२ ॥

किञ्च सामान्यं सर्वगतं स्वाश्रयसर्वगतं वा प्रथमे सर्ववस्तुसंकरप्रसङ्गः । अपसिद्धान्तापत्तिश्च यतः प्रोक्तं प्रशस्तपादेन–स्व विषयसर्वगतमिति किञ्च विद्यमाने घटे वर्त्तमानं सामान्यमन्यत्र जायमानेन सम्बध्यमानं तस्मादागच्छत्सम्बध्यते अनागच्छद्वा आद्ये द्रव्यत्वापात्तिः द्वितीये सम्बन्धानुपपत्तिः । किञ्च विनष्टे घटे सामान्यमवतिष्ठते न विनश्यति स्थानान्तरं गच्छति वा प्रथमे निराधारत्वापत्तिः द्वितीये नित्यत्ववाचो युक्त्ययुक्तिः तृतीये द्रव्यत्वप्रसक्तिः, इत्यादि दूषणग्रहग्रस्तत्वात् सामान्यमप्रामाणिकम् ॥ १३ ॥

पक्षान्तरमें कहताहै -सामान्यही क्या सर्वगत है ? किम्वा स्वाश्रयत्वही सर्वगतहै ? इसी आनङ्गमें यदि कहो कि. सामान्यही सर्वगत है तो सब वस्तुओंका सांकर्य्य प्रसङ्ग होताहै और अपसिद्धान्तकी उपपत्ति होती है । जिसका कारण प्रथम पादमेंही कहा ? और

विद्यमान घटमेंही सामान्यत्व वर्त्तमान रहताहै-अन्यत्र जायमान पदार्थका सम्बन्ध मात्र देखाजाताहै इसलिये जो वर्त्तमान है, उसीके साथ सम्बन्ध होताहै क्या ? या जो अवर्त्तमान है उसके साथ सम्बन्ध होजाता है ? इसके आद्यपक्षमें द्रव्यत्वापत्ति एवं द्वितीय पक्षमें सम्बन्धकी अनुपपत्ति होतीहै । दूसरा पक्ष कहता है- क्या विनष्ट घटमेंही सामान्य वर्त्तमान रहता है ? या घटके नाशसे उसका भी नाश होताहै ? किम्वा वह दूसरे स्थानमें चला-जाताहै ? यदि कहो कि, विनष्ट घटमेंही वह रहता है तो निराधारापत्ति होती है, अर्थात् घटके नाश से किसके आधारसे उसका रहना हो सकता है । और घटके नाशसे सामान्यका नाश होता है, इस बातके बोलनेसे नित्यता वाक्य अलौकिक होजाता है । और घटके नाश होनेपर सामान्य अन्यत्र गमन करता है, यह कहनेसे द्रव्यत्व प्रसक्ति होती है । इनदोषोसे जाना जाता है, कि सामान्य उक्त दोषसमूह ग्रस्त होनेसे अप्रामाणिक है ॥ १३ ॥

तदुक्तम्—अन्यत्र वर्त्तमानस्य ततोऽन्यस्थानजन्मनि । तस्मादचलतः स्थानाद्वृत्तिरित्यति युक्तता ॥ यत्रासौ वर्त्तते भावस्तेन सम्बध्यते न तु । तद्देशिनञ्च व्याप्नोति किमप्येतन्महाद्भुतम् ॥ न याति न च तत्रासीदस्ति पश्चान्न चांशवत् जहाति पूर्वं नाधारमहो व्यसनसन्ततिरिति ॥ अनुवृत्तप्रत्ययः किमालम्बन इति चेत् अङ्ग अन्यापोहालम्बन एवेति सन्तोष्टव्यमायुष्मतेति अलमति प्रसङ्गेन ॥ १४ ॥

शास्त्रान्तरमें लिखा है जो, अन्यत्र वर्त्तमान पदार्थके अन्यस्थानमें अवस्थान और अन्य स्थानमें जन्म हो सकता है, किन्तु जो लोग अपने स्थानसे सचल, उन सबकी ही इस प्रकारकी वृत्ति होजाती है । यह युक्ति युक्त मत नहीं है । जिस स्थानमें भावपदार्थ वर्त्तमान रहता है, उसी स्थानके साथ उसका कोई सम्बन्ध नही जो अन्यत्र नही गमन करता और उस स्थानमें पहिलेभी नहीं था, एवं परकालमें अंशरूप नही था, वह पदार्थ पूर्वाधार परित्याग नही करता । यही स्थिर वृत्ति जानना ॥ १४ ॥

सर्वस्य संसारस्य दुःखात्मकत्वं सर्व्वतीर्थकरसम्मतम् । अन्यथा तन्निवर्त्तयिषूणां तेषां तन्निवृत्त्युपाये प्रवृत्त्यनुपपत्तेः । तस्मात् सर्व्वं दुःखं दुःखमिति भावनीयम् । ननु किं वदिति पृष्टे दृष्टान्तः कथनीय इति चेन्मैवं स्वलक्षणानां क्षणानां क्षणि-

कतया सालक्षण्याभावात् नैतेन सदृशमपरमिति वक्तुमशक्य-त्वात् । ततः स्वलक्षणं स्वलक्षणमिति भावनीयम् । एवं शून्यं शून्यमपि भावनीयं स्वप्ने जागरणे च न मया दृष्टमिदं रजतादीति विशिष्टनिषेधस्योपलम्भात् । यदि दृष्टं सत् तदा तद्विशिष्टस्य दर्शनस्येदन्ताया अधिष्ठानस्य च तस्मि-न्नध्यस्तस्य रजतत्वादेस्तत् सम्बन्धस्य च समवायादेः सत्त्वं स्यात् न चैतदिष्टं कस्यचिद्वादिनः । न चार्द्धजरतीयमुचितं न हि कुक्कुट्या एको भागः पाकाय अपरो भागः प्रसवाय कल्प्य-तामिति कल्प्यते । तस्मादध्यस्ताधिष्ठानं तत् सम्बन्धदर्शन द्रष्टॄणां मध्ये एकस्यानेकस्य वा असत्त्वे निषेधविषयत्वेन सर्व्व-स्यासत्त्वं बलादापतेदिति भगवतोपदिष्टे माध्यमिकास्तावदुत्त-मप्रज्ञा इत्थमचीकथन् । भिक्षुपादप्रसारणन्यायेन क्षण भङ्गाद्यभिधानमुखेन स्थायित्वानुकूलवेदनीयत्वानुगतसर्व्वस-त्यत्वभ्रमव्यावर्त्तनेन सर्व्वशून्यतायामेव पर्य्यवसानम् । अतस्तत्त्वं सदसदुभयानुभवात्मकचतुष्कोटिविनिर्मुक्तं शून्य-मेव । तथाहि यदि घटादेः सत्त्वं स्वभावस्तर्हि कारकव्यापार वैयर्थ्यम् । असत्त्वं स्वभाव इति पक्षे प्राचीन एव दोषः प्रादु-ष्यात् ॥ १८ ॥

सबहीके पक्षमें संसार दुःखकर यही सर्व्वसम्मत पक्ष है । अन्यथा संसारनिवृत्तिसमु-त्सुकलोगोंके संसारनिवृत्तिके उपायमें प्रवृत्तिकी आपत्ति होतीहै अतएव सब संसार दुःख जनक है यही भावना करनी होगी इसविषयमें यदि कोई जिज्ञासा करे जो संसार किसकी नाई दुःखजनक करताहै? इसमें दृष्टान्त कहना आवश्यक है सो नहीं । स्वलक्षन क्षणके क्ष-णिकत्व हेतु से लक्षणका अभाव है अर्थात् सदृशाभाव प्रयुक्त दृष्टान्तका देना असम्भव है संसारमें जिसप्रकार दुःखभोग होताहै इसप्रकार दुःखका अन्यत्र सम्भव नहीं कहकर दृष्टान्तप्रदर्शनद्वारा सांसारिक दुःखका प्रकाश होसकताहै । अतएव जिसका कोई लक्षण नहीं उसको उसीके रूपमें भावना करनी चाहिये—जिसप्रकार शून्यको शून्यरूपसेही ज्ञान करना पड़ता है। मैं स्वप्नमें या जागरणमें रजतादि नहीं देखताहूं इसस्थानमेंभी विशिष्ट निषेधका उपल-

पहै। और यदि दृष्ट पदार्थ ही सत् होता है तो उससे विशिष्ट कहे दर्शन होनेहीसे उसके अधिष्ठानका एवं उस अधिष्ठानमें अधिष्ठित रजतादि और तत् सम्बंध समवायादि सत्ता जानी जाती है, इसको कोई वादीभी स्वीकार नहीं करता । और अर्द्धजरती मतसे भी उचित नहीं, जिसकारण कुक्कुटका एक भाग पाकार्थ एवं अपर भाग प्रसवार्थ इसप्रकार कल्पना नहीं कियी जाती । अतएव अध्यस्त, अधिष्ठान और उसका सम्बन्ध दर्शन द्रष्टा आदिके मध्यमें एक या अनेककी सत्तामें बलपूर्व्वक सबकी असत्ताकी आपत्ति होती है । भगवद्बुद्धिष्ट विषयमें भी उत्तम प्राज्ञ माध्यामिक लोगोंने भी इसी प्रकार कहा है । क्षणभङ्गादि कथनद्वारा स्थायित्वानुकूल ज्ञातव्यार्थानुगत सब पदार्थही सत्यत्वके भयके व्यावर्त्तन हेतु सर्व शून्यताही पर्य्यवसित होताहै । इसलिये तत्त्वही सत् और असत् यही उभयात्मक वास्तविक वह शून्य है । यदि घटादिका सत्त्वही स्वभाव होता तो कर्त्तादि कारक व्यापार व्यर्थ होता है और असत् स्वभाव पक्षमें भी प्राचीन दोषका प्रादुर्भाव होजाताहै ॥ १५ ॥

यथोक्तम्--न सतः कारणापेक्षा व्योमादेरिव युज्यते । कार्य्यस्यासम्भवो हेतुः खपुष्पादेरिवासत इति ॥ विरोधादितरौ पक्षावनुपपन्नौ तदुक्तं भगवतालङ्कावतारे--बुद्ध्या विविच्यमानानां स्वभावो नावधार्य्यते । अतो निरभिलप्यास्ते निःस्वभावाश्च दर्शिता इति ॥ इदं वस्तु बलायातं यद् वदन्ति विपश्चितः । यथा यथार्थाश्चिन्त्यंते विशीर्य्यन्ते तथा तथेति च ॥ न क्वचिदपि पक्षे व्यवतिष्ठत इत्यर्थः दृष्टार्थव्यवहारश्च न स्वप्नव्यवहारवत् संवृत्या सङ्गच्छते ॥ अत एवोक्तम्--परिव्राट् कामुकशुनामेकस्यां प्रमदातनौ । कुणपः कामिनी भक्ष्य इति तिस्रो विकल्पना इति ॥ १६ ॥

दूसरे शास्त्रमें कहा है कि, जिस प्रकार आकाशादिकी कारणकी अपेक्षा नहीं उसी प्रकार सत्पदार्थकी कारणापेक्षा युक्त नहीं होती । और जिस प्रकार आकाश पुष्पका कार्य्य असम्भव है, उसीप्रकार असत्पदार्थका अभाव हेतु है उसका कार्य्य असम्भव जानना । और विरोध हेतु अन्य दोनोंपक्ष अनुपपन्न होते हैं, भगवानने लङ्कावतारमें कहाहै जो, बुद्धिद्वारा विविच्यमान पदार्थका स्वभाव अवधारण नहीं किया जाता इसलिये सबपदार्थोंका कोई स्वभाव नहीं है यही जानाजाताहै । और यह यही वस्तु है

पण्डितलोग बलपूर्व्वक यह बात कहते हैं । जिस कारण जिस २ स्थानमें वस्तुका निश्चय होजाताहै, उसी २ स्थानमें वे सब शीर्ण (नाश) होते हैं, सुतरां वस्तुकी सत्ताही असम्भव होती है । दृष्टार्थ व्यवहार भी वृत्तिक्रममें सङ्गत नहीं होता । अतएव कहाहै जो परिव्राजक कामुक और कुक्कुट ये सबही एक प्रमदाशरीरमें समासक्त है परन्तु इन सबके प्रकार भेद है ॥ १६ ॥

तदेवं भावनाचतुष्टयवशान्निखिलवासनानिवृत्तौ परनिर्व्वाणं शून्यरूपं सेत्स्यतीति वयं कृतार्थाः नास्माकमुपदेश्यं किञ्चिदस्तीति । शिष्यैस्तावद्योगश्चाचारश्चेति द्वयं करणीयम् । तत्राप्राप्तस्यार्थस्य प्राप्तये पर्य्यनुयोगो योगः गुरूक्तस्यार्थस्याङ्गीकरणमाचारः गुरूक्तस्याङ्गीकरणादुत्तमाः पर्य्यनुयोगस्याकरणादधमाश्च अतस्तेषां माध्यमिका इति प्रसिद्धिः । गुरूक्तभावनाचतुष्टयं बाह्यार्थस्य शून्यत्वञ्चाङ्गीकृत्यान्तरस्य शून्यत्वञ्चाङ्गीकृतं कथमिति पर्य्यनुयोगस्य करणात् केषाञ्चिद् योगाचारप्रथा । एषा हि तेषां परिभाषा स्वयं वेदनं तावदङ्गीकार्य्यमन्यथा जगदान्ध्यं प्रसज्येत । तत् कीर्त्तितं धर्म्मकीर्त्तिना ॥ १७ ॥

तब चारों भावनाओंके कारण निखिल वासनाकी निवृत्ति होनेसे जो परम मोक्षपद लाभ होता है. वहभी शून्यरूपमें सिद्ध होता है इस समय हमही लोग कृतार्थ हुए, हमलोगोंका और कुछ उपदेश नहीं किन्तु शिष्यगण योग और आचार येही दो कार्य्य करेंगे अप्राप्त वस्तुकी प्राप्तिके लिये जो पर्य्यनुयोग उसीको योग कहते हैं, और गुरु जो कहते हैं, उसीका स्वीकार करना आचार है । जो लोग गुरुका उपदेश ग्रहण करते हैं वही लोग उत्तमाधिकारी हैं और जो लोग योगानुष्ठान नहीं करते वे लोग अधम अधिकारी हैं । अतएव माध्यमिकाधिकारी प्रसिद्धही है गुरूक्त भावना चतुष्टय और शून्यता स्वीकार करनेपर आन्तरिक की शून्यता किस प्रकार स्वीकृत होसकती ? योगाचरण हेतु किस २ व्यक्तिकी योगाचरण प्रथा प्रसिद्ध हुई है । यह उनकी परिभाषामात्र है । स्वयं ज्ञानही उन सबके स्वीकार करने योग्य हैं. अन्यथा जगत्‌हीकी अन्धता प्रसङ्ग हो उठेगी । यही धर्म्मकीर्त्ति नामकगणने कीर्त्तन किया है ॥ १७ ॥

प्रत्यक्षोपलम्भस्य नार्थदृष्टिः प्रसिध्यतीति । बाह्यं ग्राह्यं नोपपद्यत एव विकल्पानुपपत्तेः । अर्थो ज्ञानग्राह्यो भावादुत्पन्नो भवति अनुत्पन्नो वा । न पूर्व्वः उत्पन्नस्य स्थित्यभावात् नापरः अनुत्पन्न-

स्यासत्त्वात्। अथ मन्येथाः अतीत एवार्थो ज्ञानग्राह्यः तज्जनकत्वादिति तदपि बालभाषितं वर्त्तमानतावभासविरोधात् इन्द्रियादेरपि ग्राह्यत्वप्रसङ्गाच्च ॥ १८ ॥

और अप्रत्यक्षीभूत पदार्थकी अर्थदृष्टि प्रसिद्ध नहीं जिसकारण बाह्यपदार्थ ग्राह्य है या अग्राह्य? इसप्रकार विकल्पकी उपपत्ति असम्भवहै । ज्ञानग्राह्य क्या भावपदार्थसे उत्पन्न होताहै या अभावजन्य ? इसमें कहना यही है जो ज्ञानग्राह्य अर्थ भावपदार्थसे उत्पन्न होता है यह नहीं कहाजाता कारण यह है जो उत्पन्न पदार्थकी स्थिति नहीं । और अभावजन्य यहभी नहीं हो सकताहै; जिसकारण अनुत्पन्नकी सत्ता असम्भव नही यदि यही ज्ञान करोजो तज्जनकत्वहेतु भूतअर्थही ज्ञानग्राह्य है तो यहभी बालकका वाक्यहै जिसहेतु अतीतार्थकी वर्त्तमानताका विरोध है एवं इन्द्रियादिकाभी ग्राह्यात्वप्रसङ्ग होताहै । इसलिये अतीतार्थजान ग्राह्य होसकताहै ॥ १८ ॥

किञ्च ग्राह्यः किं परमाणुरूपोऽर्थः अवयविरूपो वा। न चरमः कृत्स्नैकदेशविकल्पादिना तन्निराकरणात् । न प्रथमः अतीन्द्रियत्वात् षट्केन युगपद्योगस्य बाधकत्वाच्च । यथोक्तम्—षट्केन युगपद्योगात् परमाणोः षडंशता । तेषां मध्येकदेशत्वे पिण्डः स्यादणुमात्रक इति ॥ तस्मात् स्वव्यतिरिक्तग्राह्यविरहात्तदात्मिका बुद्धिस्स्वयमेव स्वात्मरूप प्रकाशिका प्रकाशवदितिसिद्धम् । तदुक्तम्—नान्योऽनुभाव्यो बुद्ध्यास्ति तस्या नानुभवोऽपरः । ग्राह्यग्राहकवैधुर्य्यात् स्वयं सैव प्रकाशत इति ॥ १९ ॥

दूसरा पक्ष कहते हैं:—परमाणुरूप ही क्या अर्थ ग्रहण होता है अथवा अवयवरूपमें अर्थग्रहण होताहै ? इसमें वक्तव्य यहहै जो अवयवरूपमें अर्थग्रहण होताहै, यह कहा नही जाता कारण यह है जो सबपदार्थका क्या एकदेशका ज्ञान होताहै? इसप्रकार विकल्पद्वाराही उसका निरास होताहै । और परमाणुरूपसे अर्थग्रहण होताहै यह सम्भव नहीं । जिसकारण परमाणु अतीन्द्रिय वह ग्राह्य नहीं होसकता एव षट् पदार्थका एकदा योगमें बाधक है शास्त्रान्तरमें कहाहै जो छःपदार्थका एकदा योग स्वीकार करनेपर परमाणुकोभी छः अंश होसकते और उन सबका एकदेशमात्र कहनेसे पिण्डभी अणुमात्र होजाताहै । अतएव स्वव्यतिरिक्त ग्राह्य नहीं होसकता सुतरां तदात्मक बुद्धि स्वयही आत्मरूपमें प्रकाश पाताहै । जिसप्र-

कार प्रकाश अपनेआप बढ़ताहै उसीप्रकार वस्तुविषयक बुद्धि भी स्वय प्रकाशित हो जाती है इसी विषयमें कहा है जो बुद्धिका दूसरा अनुभवनीय नहीं एवं बुद्धिका भी अपर अनुभव असम्भवहै तो ग्राह्य और ग्राहककी विचित्रता वशात् स्वयं बुद्धि प्रकाश पाती है ॥१९॥

ग्राह्यग्राहकयोरभेदश्चानुमातव्यः यद्वेद्यते येन वेदनेन तत्ततो न भिद्यते यथा ज्ञानेनात्मा। वेद्यन्ते तैश्च नीलादयः। भेदे हि सत्य-धुना अनेनार्थस्य सम्बन्धित्वं न स्यात् तादात्म्यस्य नियम हेतोरभावात्तदुत्पत्तेरनियामकत्वात् यश्चायं ग्राह्यग्राहकसंवि-त्तीनां पृथगवभासः स एकस्मिंश्चन्द्रमसि द्वित्वावभास इव भ्रमः । अत्राप्यनादिरविच्छिन्नप्रवाहभेदवासनैव निमित्तम् । यथोक्तम्--सहोपलम्भनियमादभेदो नीलतद्धियोः । भेदश्च भ्रा-न्तिविज्ञानैर्दृश्येतेन्दाविवाद्वय इति ॥ अविभागोऽपि बुद्ध्यात्मा विपर्य्यासितदर्शनैः । ग्राह्यग्राहकसंवित्तिभेदवानिव लक्ष्यत इति च ॥ न च रसवीर्य्यविपाकादिसमानमाशामोदकोपार्जित मोदकानां स्यादिति वेदितव्यं वस्तुतो वेद्यवेदकाकारविधु-राया अपि बुद्धेर्व्यवहर्तृपरिज्ञानानुरोधेन विभिन्नग्राह्यग्राह-काकाररूपवत्तया तिमिराद्युपहताक्ष्णां केशेन्द्रनाडीज्ञाना भेद-वदनाद्युपप्लववासनासामर्थ्याद्व्यवस्थोपपत्तेः पर्यनुयो गात् । यथोक्तम्—अवेद्यवेदकाकारा यथा भ्रान्तैर्निरीक्ष्यते । विभक्त-लक्षणग्राह्यग्राहकाकारविप्लवा ॥ तथा कृतव्यवस्थेयं केशा-दिज्ञानभेदवत् । यदा तदा न सञ्चोद्या ग्राह्यग्राहकलक्षणेति ॥ तस्माद्बुद्धिरेवानादिवासनावशादनेकाकारावभासत इति सिद्ध-म् । ततश्च प्रागुक्तभावनाप्रचयबलान्निखिलवासनोच्छेदविगलि-तविविधविषयाकारोपप्लवविशुद्धविज्ञानोदयो महोदय इति॥२०॥

और ग्राह्य और ग्राहक इन्ही दोनोंके अभेद हेतु यही अनुमान किया जासकता जो, की ज्ञानान्तर से ज्ञानद्वारा उसका भेदज्ञान होता नहीं जिसप्रकार ज्ञानद्वार

आत्माको जान सकते एवं नीलादि भी परिज्ञात होजाताहै । यदि भेदज्ञान रहताहै तो अधुना अर्थका सम्बन्ध नहींहोता । जिसकारण तादात्म्यके नियमहेतु अभावप्रयुक्त उसकी उत्पत्तिकी नियामकता है । इसप्रकार जो ग्राह्य और ग्राहक ज्ञानका पृथक्प्रकाश होताहै वह एक चन्द्रमामें द्वित्व (दो) ज्ञानकी नाई भ्रम मात्रजानना । वस्तुतः इसविषयमें अनादि अविच्छिन्न प्रवाहभेदवासनाही निमित्त है । शास्त्रान्तरमें कहाहै जो, एकत्र ज्ञानकी उपलब्धिका नियम होनेपर नीलपदार्थ और उसकी बुद्धि इन सबका अभेद होताहै । और इसका जो भेदज्ञान वह एक चन्द्रमामें दो चन्द्रमाके ज्ञानकी नाई भ्रान्ति जानना । और जो लोग विपरीतदर्शी हैं उनलोगोंके पक्षमें बुद्धि औरआत्माका अविभागग्राह्यग्राहक ज्ञानका भेद विशिष्टकी नाई लक्षित होताहै और रसवीर्य्य विपाकादि आशारूपी लड्डुके तुल्य नहीं है । यही जानना होगा । वास्तविक बुद्धि वेद्य और वेदन कर्त्ताके अधीनहै व्यवहार कर्त्ताके परिज्ञानानुरोधसे विभिन्न ग्राह्य और ग्राहकाकार रूपकताहै । जिसप्रकार जिनलोगोंके चक्षु अन्धकारादिद्वारा उपहत हुआहै । उन सबका केश इन्द्रिय और नाडी इन सबका अभेदज्ञान होताहै उसीप्रकार अनादि उपप्लव (उत्पात) वासना सामर्थ्यादिकी उपपत्ति है दूसरे शास्त्रमें कहाहै जो, जिसप्रकार भ्रान्तव्यक्ति गण प्रकृत (असल) अर्थ न जानकर भी जानते हैं ऐसा ज्ञानकरते हैं एव ग्राह्य और ग्राहक विभाग नही कर सकते उसीप्रकार बुद्धिकी व्यवस्था जाननी । उपहत चक्षु व्यक्तिका केशादि ज्ञानभेदकी नाई ग्राह्य ग्राहक लक्षण वक्तव्य नहीं है अतएव जाना जाता है जो बुद्धि अनादि वासना वशात अनेक रूपमें प्रकाश होतीहै । इसी कारण पूर्वोक्त भावना समूह वशसे वासनाका उच्छेद होकर बुद्धिका विविध . . . निवृत्ति होनेपर जो विशुद्ध ज्ञानोदय होता है । उसीको महोदय कहकर . . .त है ॥ २० ॥

अन्येतु मन्यन्ते यथोक्तं बाह्यं वस्तुजातं नास्तीति तदयुक्तं प्रमाणाभावात् । न च सहोपलम्भ नियमः प्रमाणमिति वक्तव्यं वेद्यवेदकयोरभेदसाधकत्वेनाभिमतस्य तस्याप्रयोजकत्वेन सन्दिग्धविपक्षव्यावृत्तिकत्वात् । ननु भेदे सहोपलम्भनियमात्मकं साधनं न स्यादिति चेन्न । ज्ञानस्यान्तर्मुखतया च भेदेन प्रतिभासमानतया एकदेशत्वैककालत्वलक्षणसहत्वनियमासम्भवाच्च नीलाद्यर्थस्य ज्ञानाकारत्वे अहमिति प्रतिभासः स्यात् नत्विदमिति प्रतिपत्तिः प्रत्ययादव्यतिरेकात् । अथोच्यते ज्ञानस्वरूपोऽपि नीलाकारो भ्रान्त्या बहिर्वद्भेदेन प्रतिभासत

इति न च तत्राहमुल्लेख इति । तथोक्तम्--परिच्छेदान्तराद्योयं भागो वहिरिव स्थितः । ज्ञानस्याभेदिनो भेदप्रतिभासोऽप्युपप्लव इति । यदन्तर्ज्ञेयतत्त्वं तद्बहिर्वदवभासत इति च ॥ २१ ॥

अन्यान्य वादी लोग यही विवेचना करते हैं जो बाह्य वस्तुसमूह नहीं यह युक्तियुक्त मत नहीं है, जिसकारण बाह्य पदार्थ नहीं इस विषयमें कोई प्रमाण नहीं दीखता । यहभी नहीं कहा जासकता, जो सहोपलब्धिही प्रमाणरूपसे विद्यमान है । कारण यह है जो वेद्य और वेदक इन्ही दोनोंके अभेदकत्वमें अभिमत उपलब्धिका सन्देह होताहै जिसकरण विपक्षीगण उसकी निवृत्ति करते हैं । यदि कहो जो भेद विषयमें सहोपलब्धि नियममें प्रयोजन साधन नहीं होताहै । सो नहीं कारण यह है जो ज्ञानके आन्तरिकत्व प्रयुक्त भेदरूपसे प्रतिभासमान होताहै; सुतरां एकदेशकत्व और एककालत्व लक्षणमें सहोपलब्धिनियमका सम्भव नहीं । नीलादि अर्थका ज्ञानाकारकत्व होनेहीसे " अहं " इसप्रकार प्रतिभास होसकताहै किन्तु " इदं " यही ज्ञान प्रत्ययके अव्यतिरिक्त नही । इसविषयमें यही कहाजासकता जो ज्ञानस्वरूप और नीलाकार केवल भ्रान्तिक्रमसे बाह्यपदार्थकी नाई भेदरूपसे प्रतीयमान होताहै किन्तु उसस्थलमें अहंशब्दका उल्लेख नही । शास्त्रान्तरमें कहाहै ,जो इसप्रकार विभाग परिच्छेदान्तरका आद्य यह बाह्यपदार्थकी नाई अवस्थित है । अभेदज्ञानका जो भेद प्रतिभास वह निर्दुष्ट नही । और ज्ञानका जो अन्तरिकत्व वहभी बाह्यपदार्थकी नाई प्रतीयमान होताहै ॥ २१ ॥

तदयुक्तं बाह्यार्थाभावे तदुत्पत्तिरहिततया बहिर्वदित्युपमानोक्तेरयुक्तेः । न हि वसुमित्रो वन्ध्यापुत्रवदभासत इति प्रेक्षावानाचक्षीत । भेदप्रतिभासस्य भ्रान्तत्वे अभेदप्रतिभासस्य प्रामाण्यम् । तत्प्रामाण्ये च भेदप्रतिभासस्य भ्रान्तत्वमिति परस्पराश्रयप्रसङ्गाच्च अविसंवादान्नीलतादिकमेव संविदाना बाह्यमेवोपाददते जगत्युपेक्षन्तेऽन्तरमिति व्यवस्थादर्शनाच्च । एवञ्चायमभेदसाधको हेतुर्गोमयपायसीयन्यायवदाभासतां भजेत । अतो बहिर्वदिति वदता बाह्यं ग्राह्यमेवेति भावनीयमिति भवदीय एव बाणो भवन्तं प्रहरेत ॥ २२ ॥

और बाह्य पदार्थके न माननेसे उन सबकी उत्पत्तिरहित होनेसे " बाह्यपदार्थकी नाई " इस उपमाका देना युक्तिहीन होता है । भेदज्ञान भ्रान्त होनेसे अभेद अतिभासका प्रामाण्य होता है । और इसके प्रामाण्य होनेपर भेदप्रतिभासको भ्रान्त कहाजाता है । सुतरां अन्यो-

न्याश्रयदोषका प्रसङ्ग होताहै; परन्तु नीलत्वादिविषयमें कोई विवादही नहीं। ऐसा होनेसे अभेद साधक गोमयपायसीयन्यायकी नाई अभासनाभागी होसकता है। इसलिये बाह्यपदार्थकी नाई यह कारण कहकर बाह्यपदार्थ ग्राह्यहै यहभावना करनी चाहिये, इसलिये तुम लोगोंकी रूपवतीवाद तुमही लोगोंको मारतीहै ॥ २२ ॥

ननु ज्ञानाभिन्नकालस्यार्थस्य बाह्यत्वमनुपपन्नमिति चेत्तदनुपपन्नम्। इन्द्रियसन्निकृष्टस्य विषयस्योत्पाद्ये ज्ञाने स्वाकारसमर्पकतया समर्पितेन चाकारेण तस्यार्थस्यानुमेयतोपपत्तेः। अतएव पर्य्यनुयोगपरिहारौ समग्राहिषाताम्—

भिन्नकालं कथं ग्राह्यमिति चेत् ग्राह्यतां विदुः।
हेतुत्वमेव च व्यक्तेर्ज्ञानाकारार्पणक्षममिति ॥

तथाच, यथा पुष्ट्या भोजनमनुमीयते यथा च भाषया देशः यथा वा सम्भ्रमेण स्नेहः, तथा ज्ञानाकारेण ज्ञेयमनुमेयं तदुक्तम्,

अर्द्धेन घटयत्येनां नहि मुक्त्वार्द्धरूपताम्।
तस्मात् प्रमेयाधिगतेः प्रमाणं मेयरूपतेति ॥ २३ ॥

यदि कहो कि ज्ञानसे अभिन्न कार्य्यकालार्थ—का बाह्यत्व अनुपपन्न हुआ इसकी भी उपपत्ति की इन्द्रिय संनिकृष्टता विषयका ज्ञानहोनेसे स्वीय आकारकी समर्पकता वशतः समर्पित आकारके अनुसार उस अर्थका अनुमान होताहै अत एव पर्य्यनुयोग और परिहार ग्रहणकियाहै। इस विषयका प्राचीन उपदेशहै जो भिन्नकाल किसप्रकार ग्रहणकिया जासकता? इस आम्नाम कहाहै जो व्यक्तिका हेतुत्वही ज्ञानाकार समर्पणमें सक्षम होता है। इस समय यह जानाजाता है कि जिसप्रकार पुष्टिद्वारा भोजनका अनुमान कियाजाताहै। उसीप्रकार ज्ञानाकारमें ज्ञेयपदार्थका अनुमान होताहै। इस विषयमें शास्त्रान्तरका वचनहै जो कभीभी आधेका छोडकर आधेसे कार्य नहीं घटसकता अत एव प्रमेयरूपताही प्रमेयका अधिगमविषयमें कारणहै ॥ २३ ॥

न हि वित्तिसत्तैव तद्वेदना युक्ता तस्याः सर्वत्राविशेषात्। तान्तु सारूप्यमाविशत् सरूपयितुं घटयेदिति च। तथाच बाह्यार्थसद्भावे प्रयोगः ये यस्मिन् सत्यपि कादाचित्काः ते सर्वे तदतिरिक्तसापेक्षाः। यथा अविवक्षति अजिगमिषति मयि वचन गमनप्रतिभासा विवक्षुजिगमिषुपुरुषान्तरसन्तानसापेक्षाः।

तथाच विवादाध्यासिताः प्रवृत्तिप्रत्ययाः सत्यप्यालयविज्ञाने कदाचिदेव नीलाद्युल्लेखना इति । तत्रालयविज्ञानं नामाहमास्पदं विज्ञानं, नीलाद्युल्लेखि च प्रवृत्तिविज्ञानम् । यथोक्तम्—

तत् स्यादालयविज्ञानं यद् भवेदहमास्पदम् ।
तत् स्यात् प्रवृत्तिविज्ञानं यन्नीलादिकमुल्लिखेदिति ॥२४॥

और ज्ञानसत्ताही जो ज्ञान है यहभी युक्त नहीं होता जिसकारण ज्ञानसत्ताका सर्वत्रही अविशेष देखाजाताहै । इस ज्ञानसत्ताकी समानरूपता प्रवेशहै उसमें भी समानरूपता संघटित्त करसकतीहै सुतरां जानपड़ताहै जो बाह्यसद्भवही प्रयोग होताहै । जो सबपदार्थ जिसकी सत्तामें कदाचित् उपपन्नहोताहै । वे ही पदार्थ उसके अतिरिक्तपदार्थकी अपेक्षा रहतीहै । जैसे अविविक्षति और अजिगमिषति इनदोनोंपदोंमें वचन और गमन प्रतिषेध प्रतीयमान होतेहैं । परन्तु वचनेच्छु और गमनेच्छु व्यक्ति पुरुषान्तरकी अपेक्षाकरताहै; सुतरां इस समय प्रवृत्ति प्रत्यय विवादास्पद ही हुआ । आलयपरिज्ञान सत्त्वही कदाचित् नीलादिका उल्लेख होताहै । इस समय आलयविज्ञानही " अहं " इत्याकारज्ञानका आस्पद एवं वह भी ज्ञानस्वरूप और प्रवृत्ति विज्ञानभी नीलादि उल्लेखकरना पडताहै । इस विषयमें कहाहै जो जिसको अहंज्ञानका आस्पद वही आलयविज्ञान और प्रवृत्तिविज्ञान जिसमें नीलादिका उल्लेख होताहै ॥ २४ ॥

तस्मादालयविज्ञानसन्तानातिरिक्तः कादाचित्कः प्रवृत्तिविज्ञानहेतुर्बाह्योऽर्थो ग्राह्य एव, न वासनापरिपाकप्रत्ययः कादाचित्कत्वात् कदाचिदुत्पाद इति वेदितव्यम् । विज्ञानवादिनये हि वासनानामेकसन्तानवर्त्तिनामालयविज्ञानानां तत्तत्प्रवृत्तिजननशक्तिः तस्याश्च स्वकार्य्योत्पादं प्रत्याभिमुखं परिपाकः तस्य च प्रत्ययः कारणं स्वसन्तानवर्त्तिपूर्वक्षणः कक्षीक्रियते सन्तानान्तरनिबन्धनत्वानङ्गीकारात् । ततश्च प्रवृत्तिज्ञानजननालयविज्ञानवर्त्तिवासनापरिपाकं प्रति सर्वेऽप्यालयविज्ञानवर्त्तिनः क्षणाः समर्था एवेति वक्तव्यम् । न चेदेकोऽपि न समर्थः स्यादालयविज्ञानसन्तानवर्त्तित्वाविशेषात सर्वे समर्था इति पक्षे कार्य्याक्षेपानुपपत्तिः । ततश्च कादाचित्कत्वनिर्वाहाय शब्दस्पर्शरूपरसगन्धविषयाः सुखादिविषयाः षडपि प्रत्ययाश्चतुरः

प्रत्ययान् प्रतीत्योत्पद्यन्ते इति चतुरेणानिच्छताप्यच्छमतिना स्वानुभवमनाच्छाद्य परिच्छेत्तव्यम् । ते चत्वारः प्रत्ययाः प्रसिद्धाः, आलम्बनसमनन्तरसहकार्य्यधिपतिरूपाः । तत्र ज्ञानपदवेदनीयस्य नीलाद्यवभासस्य चित्तस्य नीलालम्बनप्रत्ययात् नीलाकारता भवति, समनन्तरप्रत्ययात् प्राचीनज्ञानाद् बोधरूपता, सहकारिप्रत्ययादालोकात् चक्षुषोऽधिपतिप्रत्ययाद्विषयग्रहणप्रतिनियमाः, विदितस्य ज्ञानस्य रसादिसाधारण्यप्रातेर्नियामकं चक्षुरधिपतिर्भवितुमर्हति लोके नियामकस्याधिपतित्वोपलम्भात् । एवं चित्तचैत्तात्मकानां सुखादीनां चत्वारि कारणानि द्रष्टव्यानि । एवं चित्तचैत्तात्मकस्कन्धः पञ्चविधः रूपविज्ञानवेदनासंज्ञासंस्कारसंज्ञकः तत्र रूप्यन्त एभिर्विषया इति व्युत्पत्त्या सविषयाणीन्द्रियाणि रूपस्कन्धः, आलयविज्ञानप्रवृत्तिविज्ञानप्रवाहो विज्ञानस्कन्धः, प्रागुक्तस्कन्धद्वयसम्बन्धजन्यः सुखदुःखादिप्रत्ययप्रवाहो वेदनास्कन्धः, गौरित्यादिशब्दोल्लेखिसंविज्ञानप्रवाहः संज्ञास्कन्धः, वेदनास्कन्धनिबन्धना रागद्वेषादयः क्लेशा उपक्लेशाश्च मदमानादयो धर्माधर्मौ च संस्कारस्कन्धः ॥ २९ ॥

पूर्व्वोक्त कारणोंसे बोध होताहै जो आलयविज्ञान समूहके विना जो कदाचित् प्रवृत्तिविज्ञानका कारणहै, वही बाह्यअर्थहै किन्तु वह ग्राह्य नही होता, परन्तु यह बाह्यार्थवासना परिपाकजन्यहै जिसकारण यह बाह्यार्थ कदाचित् उत्पन्न होताहै यही जानना चाहिये । विज्ञानवादीके मतमें एक सन्तानवर्त्ति वासनासमूहही आलयविज्ञानहै । उनसबकी बाह्यप्रवृत्ति जननशक्तिहै एवं उस शक्तिका जो स्वकार्य्य उत्पादन करनेमें अभिमुखपदे, वही परिपाक, प्रत्ययही इस परिपाकका कारण है इसमें स्वीय प्रवाहवर्त्ती पूर्वक्षणकी रक्षा किया जाताहै, जिस कारण अपने प्रवाहके पीछे आलयविज्ञानवर्त्ती वासना निबन्धनत्वका स्वीकार नहीं । अत एव प्रवृत्तिज्ञानजननहेतु वह आलयविज्ञानवर्त्ती वासना परिपाकके प्रति सब आलयविज्ञानवर्त्ती क्षणही समर्थ है, यह कहना चाहिये । यदि कहो एकक्षणभी समर्थ नहीं, सो कहा नही जासकता, कारण यह है जो, आलयविज्ञान प्रवाहवर्त्ति- त्वमें कोई विशेष नहीं । सब ही क्षणसमर्थ इस पक्षमें भी कार्य्यका अनुपपत्ति होतीहै

इस निमित्त ज्ञानका कदाचित्कत्व निर्वाहार्थ शब्द, स्पर्श, रूप, रस, और गन्धका विषय सब, सुखादिका विषय एवं छः प्रकारका प्रत्यक्ष यह समुदाय चारप्रकारके प्रत्ययके अन्तर्गत होकर उत्पन्न होता है । यह निर्मलबुद्धि पण्डित लोग कहते हैं । उक्त चार प्रकारके प्रत्यय ही प्रसिद्धहैं । ये अवलम्बन समनन्तर सहकारी और अधिपतिरूप, उक्त प्रत्यय चतुष्टयमें अवलम्बन प्रत्ययसे ज्ञानपद प्रतिपाद्य नीलादिका अवभास विशिष्ट चित्तका नीलावलम्बन प्रत्ययहेतु नीलाकारता होतीहै । समनन्तर प्रत्ययसे प्राचीनज्ञानहेतु बोधरूपता उत्पन्न होती है, सहकारी प्रत्ययसे आलोक हेतु चक्षुका कार्य्य होताहै एवं अधिपतिप्रत्ययसे विषय ग्रहणका नियम होता है । ज्ञानका रसादि साधारण्य प्राप्तिका नियामक चक्षुही अधिपति होसकता है, जिस कारण लोकमें नियामकहीका अधिपतित्व उपालम्भ है । इस प्रकार चित्तानुगत सुखादिका कारणचतुष्टय देखाजाताहै एवं चित्तसम्बन्धीय स्कन्ध पांच प्रकार के है । जैसे रूप, विज्ञान, वेदना, संज्ञान और संस्कार । जिनके द्वारा विषयग्रहण होताहै । यही व्युत्पत्ति करके सविषय इन्द्रिय सबको रूपस्कन्ध कहकर जानाजाताहै । और विज्ञान प्रवृत्ति प्रवाहही विज्ञानस्कन्ध उक्तदोनों स्कन्धोंके कारण सुखदुःख आदि प्रत्यय प्रवाहही वेदना स्कन्धहै और गो इत्यादि शब्दोल्लेखी सविज्ञान प्रवाहही संज्ञास्कन्ध एवं वेदनास्कन्ध निबन्धही रागद्वेषादिक्लेश उपक्लेश मदमानादि,एवं धर्म्माधर्म्ममे ही सब संस्कारस्कन्धहै॥२५॥

तदिदं सर्वं दुःखं दुःखायतनं दुःखसाधनञ्चेति भावयित्वा तन्निरोधोपायं तत्त्वज्ञानं सम्पादयेत् । अतएवोक्तं, दुःखसमुदायनिरोधमार्गाश्चत्वारः आर्य्यस्य बुद्धाभिमतानि तत्वानि । तत्र दुःखं प्रसिद्धं, समुदायो दुःखकारणं, तद् द्विविधं, प्रत्ययोपनिबन्धनो हेतूपनिबन्धनश्च । तत्र प्रत्ययोपानिबन्धनस्य संग्राहकं सूत्रम् "इदं कार्य्यं ये अन्ये हेतवः प्रत्ययन्ति" गच्छन्ति तेषामयमानानां हेतूनां भावः प्रत्ययत्वं कारणसमवायः तन्मात्रस्य फलं न चेतनस्य कस्यचिदिति सूत्रार्थः । यथा बीजहेतुरङ्कुरो धातूनां षण्णां समवायाज्जायते । तत्र पृथिवीधातुरङ्कुरस्य काठिन्यगन्धञ्च जनयति, अब्धातुः स्नेहं रसञ्च जनयति, तेजोधातू रूपमौष्ण्यञ्च, वायुधातुः स्पर्शनं चलनञ्च, आकाशधातुरवकाशं शब्दञ्च, ऋतुधातुर्यथायोगं पृथिव्यादिकम् । हेतूपनिबन्धनस्य च संग्राहकम् सूत्रम्, उत्पादाद्वा तथागता-

नामनुत्पादाद्वा स्थितैवैषां धर्माणां धर्मता धर्मस्थितिता धर्मनियामकता च प्रतीत्य समुत्पादानुलोमतेति । तथागतानां बुद्धानां मते धर्माणां कार्य्यकारणरूपाणां या धर्मता कार्यकारणभावरूपा एषोत्पादादनुत्पादाद् वा स्थिता, यस्मिन् संति यदुत्पद्यते तत्तस्य कारणस्य कार्यमिति धर्मतेत्यस्य विवरणं, धर्मस्य कार्य्यस्य कारणानतिक्रमेण स्थितिः । स्वार्थिकस्तल्प्रत्ययः । धर्मस्य कारणं स्वकार्य्यं प्रति नियामकता ॥२६ ॥

यह संसारही दुःखमय, दुःखायतन एवं दुःखसाधन है, इस प्रकार चिन्ता करके संसारनिरोधका उपाय स्वरूप तत्त्वज्ञने सम्पादनमें यत्न करना चाहिये इस कारण दूसरे शास्त्रोंमें लिखाहै जो दुःखकी निवृत्तिके ४ मार्ग हैं। आर्य्यबुद्धके मतानुसार तत्त्व समुदायही दुःख निरोधका मार्ग है दुःख किसको कहतेहैं सो प्रसिद्ध है, परन्तु सम्पूर्ण संसारही दुःखका कारण है । जो उत्पन्न होता है, वही उसकारणका कार्य्य है । यही धर्म्मता यही शब्दका विवरणहै । कार्य्यरूपधर्म्मके कारणका अतिक्रम न करके जो स्थिति, वही कार्य्यके प्रति कारणकी नियामकता है ॥ २६ ॥

नन्वयं कार्य्यकारणभावश्चेतनमन्तरेण न सम्भवतीति अत उक्तं कारणे सति तत्प्रतीत्यप्राप्यसमुत्पादे अनुलोमता अनुसारिता या सैव धर्मता उत्पादादनुत्पादाद्वा धर्माणां स्थिता । न चात्र कश्चिच्चेतनोऽधिष्ठातोपलभ्यत इति सूत्रार्थः । यथा प्रतीत्यसमुत्पादस्य हेतूपनिबन्धः,बीजादङ्कुरोऽङ्कुरात् काण्डं काण्डान्नालो-नालाद्गर्भस्ततः शूकं ततः पुष्पं ततः फलम् । न चात्र बाह्ये समुदाये कारणं बीजादि कार्य्यमङ्कुरादि वा चेतीयते । अहमङ्कुरं निर्वर्त्तयामि अहं बीजेन निर्वर्त्तित इति । एवमाध्यात्मिकेष्वपि कारणद्वयमवगन्तव्यम् । पुरः स्थिते प्रमेयाब्धौ ग्रन्थविस्तरभीरुभिरुपरम्यते ॥ २७ ॥

इसपर कोई संदेह करते हैं कि, यह कार्य कारणभाव चेतनके विषयमें ही संभवता है अन्यथा नहीं इससे कहाहै कि, कारणके होनेपर उसके प्रतीतिके प्राप्त न होने योग्यकी उत्पत्तिमें जो अनुलोम अनुसरणहै वही धर्मता धर्मोंकी उत्पत्ति या अनुत्पत्तिमें रहती है ।

यह तो कोईभी चेतन अधिष्ठाता नहीं मिलता ऐसा सूत्रार्थ कहाहै । जैसे विना प्रतीतिसे उत्पन्न हुवाहै उसको हेतु संबंध सदैव रहताहै जैसे बीजसे अंकुर अंकुरसे कांड कांडसे नाल नालसे गर्भ उससे शूक शूकसे पुष्प और पुष्पसे फल उत्पन्न होताहै यहा बाह्य समुदायमे बीज कारण और अंकुरादिकार्यमें चैतन्य नही है- मैं अंकुरको परास्त करूंगा या मुझको बीजने निवृत्त किया यहां ऐसा संभव कभी नही होता इसके समान अध्यात्ममें भी कार्यकारण भाव जानना चाहिये आगे प्रमेय समुद्रका कहांतक विचारकरै ग्रंथका विस्तार वहोत होगा इससे इतनाही कहा पूराहै ॥ २७ ॥

तदुभयनिरोधस्तदनन्तरं विमलज्ञानोदयो वा मुक्तिः, तन्निरोधोपायो मार्गः स च तत्त्वज्ञानं, तच्च प्राचीनभावनाबलाद्भवतीति परमं रहस्यम् । सूत्रस्यान्तं पृच्छतां कथितं भवन्तश्च सूत्रस्यान्तं पृष्टवन्तः सौत्रान्तिका भवन्त्विति भगवताभिहिततया सौत्रान्तिकसंज्ञा सञ्जातेति ॥ २८ ॥

उक्त उभय कारणके निरोध होनेपरही तदनन्तर विमल ज्ञानोदय या मोक्षलाभ होताहै । जो लोग उक्त दोनों कारणोंका निरोध करसकते वे ही लोग तत्त्वज्ञान लाभकर सकते हैं प्राचीनभावना बलहीसे उक्ततत्त्वज्ञान उत्पन्न होताहै यही परमरहस्यहै । जो सूत्रके अन्तको जिज्ञासा करतेहैं उनको कहाजाताहै तुम जो सन्धानजिज्ञासा करतेहो किम्वा सौत्रिक होताहै । इसी निमित्त भगवान्ने कहाहै एव सौत्रान्तिक संज्ञा उत्पन्न हुईहै ॥ २८ ॥

केचन बौद्धा बाह्येषु गन्धादिषु आन्तरेषु रूपादिस्कन्धेषु सत्स्वपि तत्रानास्थामुत्पादयितुं सर्वं शून्यमिति,प्राथमिकान् विनेयानचीकथत् भगवान्, द्वितीयांस्तु विज्ञानमात्रग्रहाविष्टान् विज्ञानमेवैकं सदिति,तृतीयानुभयं सत्यमित्यास्थितान् विज्ञेयमनुमेयमिति, सेयं विरुद्धा भाषेति वर्णयन्तो वैभाषिकाख्यया ख्याताः एषा हि तेषां परिभाषा समुन्मिषति । विज्ञेयानुमेयत्ववादे प्रात्यक्षिकस्य कस्यचिदप्यर्थस्याभावेन व्याप्तिसंवेदनस्थानाभावेनानुमानप्रवृत्त्यनुपपत्तेः सकललोकानुभवविरोधश्च । ततश्चार्थो द्विविधः, ग्राह्योऽध्यवसेयश्च । तत्र ग्रहणं निर्विकल्पकरूपं

प्रमाणं कल्पनापोढत्वात् । अध्यवसायः सविकल्पकरूपो ऽप्रमाणं कल्पनाज्ञानत्वात् । तदुक्तम्-

"कल्पनापोढमभ्रान्तं प्रत्यक्षं निर्विकल्पकम् ।
विकल्पो वस्तुनिर्भासादसंवादादुपप्लव" इति ॥
"ग्राह्यं वस्तुप्रमाणं हि ग्रहणं यदितोऽन्यथा ।
न तद्वस्तु न तन्मानं शब्दलिङ्गेन्द्रियादिजमिति च" ॥२९॥

कोई कोई बौद्धमतावलम्बी लोग वायुगन्धादिमें एवं आन्तारिक रूपादिस्कन्ध विद्यमानही उसमें अनास्थाउत्पादनार्थ सब शून्य कहते हैं । भगवान् बुद्धने प्राथमिक कल्पमेंही कहाहै एवं द्वितीयकल्पमें उभयसत्य यह आश्रयकरके विज्ञेयमात्र अनुमेय यह ही स्वीकारकरते हैं । वह मत अतिविरुद्ध है । यह कारण दो प्रकारके हैं—जैसेः—प्रत्ययोपनिबन्धन एवं हेतूपनिबन्धन इसमें प्रत्ययोपनिबन्धनकारणका संग्राहक सूत्र यह है, कार्यके प्रति जो सब अन्य हेतु गमन करता है, उन्हीं सब हेतुका भावही कारण समवायहै, यही तन्मात्रका फलहै, यह किसी चैतन्यपदार्थका सम्भव नही । जिस प्रकार बीजके हेतुभूत अंकुर प्रकार धातुके समवायमें उत्पन्न होते हैं । पृथिवी धातु अंकुरके काठिन्य और गन्ध जन्माता है, जलधातु स्नेह और रस उत्पादन करता है, तेजोधातु रूप और उष्णता, वायुधातु स्पर्श और चाञ्चल्य आकाशधातु अवकाश और शब्द उत्पादन करता है, एव ऋतुधातु पृथिवी आदिका यथा-[illegible] साधन करजाता है और हेतूपनिबन्धन कारणका सूत्र यह बुद्ध आदिकमतमें कार्य्य-[illegible] धर्म्म सबका जो कार्य्य कारण भावरूप धर्म्मता है यह धर्म्मता उत्पादन व, [illegible] स्थित है । जिसकी सत्तामें जो पदार्थ इसीके वर्णन करनेसे उन लोगोंका वैभाषिक प्रसिद्ध हुआ है वस्तुतः उनलोगोंकी यह भाषाही प्रकाशित होती है, विज्ञेयके अनुमेयत्व कथनमें प्रत्यक्ष सिद्धकीसी अर्थके अभाव हेतु व्याप्तिज्ञानका स्याताभाव प्रयुक्त अनुमान प्रवृत्तिकी अनुपपत्ति होती है एवं सबलोगोंका अनुभवका विरोध होजाता है । अतएव जानाजाता है जो अर्थ दो प्रकारका है, जैसे—ग्राह्य और अध्यवसेय इसमें निर्विकल्पकरूप प्रमाणही कारण और सविकल्पकरूप प्रमाणही अध्यवसाय है दूसरे शास्त्रमें लिखाहै जो कल्पना कल्पित अभ्रान्त प्रत्यक्षही निर्विकल्पक एव वस्तु निर्भास हेतु असंवादयुक्त जो उत्पात है, वही विकल्प होता है । और वस्तुप्रमाण ही ग्राह्य एव जो उससे भिन्न है, वही ग्रहण है । केवल वही वस्तु और वही मान ग्राह्य नहीं वस्तुतः वह शब्द लिङ्ग और इन्द्रियजन्य है ॥ २९ ॥

ननु सविकल्पकस्याप्रामाण्ये कथं ततः प्रवृत्तस्यार्थप्राप्तिः संवादश्चोपपद्येयातामिति चेन्न तद्भद्रं मणिप्रभाविषयमणिविकल्प-

न्यायेन पारम्पर्य्येणार्थप्रतिलम्भसम्भवेन तदुपपत्तेः । अवशिष्टं सौत्रान्तिकप्रस्तावे प्रपञ्चितमिति नेह प्रतन्यते । न च विनेयाशयानुरोधेनोपदेशभेदः साम्प्रदायिको न भवतीति भणितव्यम् । यतो भणितं बोधचित्तविवरणे ॥ ३० ॥

इस समय यदि सविकल्पका अप्रामाण्य हुआ तो किसप्रकार उसमें प्रवृत्तिकी अर्थप्राप्ति होसकती ? यह आशङ्का नहीं होसकती, जिसकारण मणिमें प्रभाविषय विकल्पन्यायद्वारा परम्परासे अर्थलाभ सम्भव हेतु अर्थकी उपपत्ति है सौत्रान्तिक प्रस्ताव प्रपञ्चित है, इसलिये इस स्थानमें उसका विस्तार नहीं हुआ और विनेय और आशयानुरोधसे उपदेशभेद नहीं एवं यह मत सम्प्रदायिक नहीं, यहभी कहाजावेगा, जिसकारण बोधचित्त विवरणमेंही कहाहै ॥ ३० ॥

देशनालोकनाथानां सत्वाशयवशानुगाः ।
भिद्यन्ते बहुधा लोके उपायैर्बहुभिः किल ॥ ३१ ॥

जो लोग लौकिक व्यवहारके प्रति तरहैं वे लोग अनेक प्रकारके मतोंके वशवर्ती होकर नानाप्रकारके सम्प्रदायमें बटे है यह लोकके व्यवहार में भी देखाजाता है जो सबही बहुत उपायोंसे अनेक मार्ग अवलम्बनकर विविधमतका आश्रय करते हैं। इसी प्रकार लोकमें बहुत २ मतोको स्वीकार कर २ नानासम्प्रदायमें विभक्त हुए हैं ॥ ३१ ॥

गम्भीरोत्तानभेदेन क्वचिच्चोभयलक्षणाः ।
भिन्ना हि देशना भिन्ना शून्यताऽद्वयलक्षणेति ॥ ३२ ॥

गम्भीर और उत्तानभेदसे किसी २ स्थानमें दोनों लक्षणही स्वीकृत हैं. सम्प्रदायभेदसे सर्वही जगह मतभेद देखाजाता है, जो लोग अद्वयवादी और जो लोग शून्यवादी हैं उन लोगोंकी अनेक प्रकारकी लक्षणा परिलक्षित है ॥ ३२ ॥

द्वादशायतनपूजा श्रेयस्करीति बौद्धनये प्रसिद्धम्—
अर्थानुपार्ज्य बहुशो द्वादशायतनानि वै ।
परितः पूजनीयानि किमन्यैरिह पूजितैः ॥ ३३ ॥

बौद्ध सम्प्रदायमें १२ आयतन पूजाही परम कल्याणकारक है, यह प्रसिद्ध है । वे लोग कहते हैं कि, धन उपार्जन कर अनेक प्रकारसे द्वादश आयतनकी पूजा करनी चाहिये इन १२ आयतनोंकी पूजाही छोडकर अन्यान्य देवदेवीकी पूजामें कोई फल नहीं ॥ ३३ ॥

ज्ञानेन्द्रियाणि पञ्चैव तथा कर्मेन्द्रियाणि च ।
मनो बुद्धिरिति प्रोक्तं द्वादशायतनं बुधैरिति ॥ ३४ ॥

चक्षु, कर्ण, नासिका, जिह्वा, और त्वक् ये पांच ज्ञानेन्द्रिय हैं, वाक्, पाणि, पाद, पायु, और उपस्थ ये ही पांच कर्मेन्द्रिय हैं एवं मन और बुद्धि, इन्हीं १२ को द्वादश आयतन कहते हैं । उक्त इन्द्रियादिकी साधनही मनुष्यका कर्त्तव्य कहकर पण्डितोंने स्थिर सिद्धान्त किया है ; अतएव द्वादश आयतन, अर्थात् इन्द्रियसेवा ही करनी चाहिये ॥ ३४ ॥

विवेकविलासे बौद्धमतमित्थमभ्यधायि—
बौद्धानां सुगतो देवो विश्वञ्च क्षणभङ्गुरम् ।
आर्य्यसत्वाख्यया तत्त्वचतुष्टयमिदं क्रमात् ॥ ३५ ॥
दुःखमायतनञ्चैव ततः समुदयो मतः ।
मार्गश्चेत्यस्य च व्याख्या क्रमेण श्रूयतामतः ॥ ३६ ॥

विवेकविलासमें इसप्रकार बौद्धमत अवधारित हुआ है जो सुगतही बौद्धोंकी परम देवता है । और यह संसार क्षणभंगुर अर्थात् अनित्य है । और आर्य्यलोगोंने वक्ष्यमाण तत्त्व चतुष्टयकी सत्ता कियी है । इस समय क्रमशः इन चार तत्त्वोंका निरूपण करते हैं । दुःख, आयतन, समुदय, और मार्ग इन्हीको तत्त्वचतुष्टय कहते हैं। इसके अनन्तर क्रमतः उक्त [illegible] व्याख्या श्रवण करो ॥ ३५ ॥ ३६ ॥

दुःखं संसारिणः स्कन्धास्ते च पञ्च प्रकीर्त्तिताः ।
विज्ञानं वेदना संज्ञा संस्कारो रूपमेव च ॥ ३७ ॥

संसारी लोगोंका दुःखही स्कंध, यह स्कन्ध ५ प्रकारका कहा जाता है । जैसे—विज्ञान-स्कन्ध, वेदनास्कन्ध, संज्ञास्कन्ध, संस्कारस्कन्ध और रूपस्कन्ध हैं । ये ही पांचस्कन्ध पहिलेभी कहे गये हैं, इसके पीछेभी उक्त पांचस्कन्धोंका विशेष विवरण कहा जावेगा ॥ ३७ ॥

पञ्चेन्द्रियाणि शब्दाद्या विषयाः पञ्च मानसम् ।
धर्मायतनमेतानि द्वादशायतनानि तु ॥ ३८ ॥

पञ्चज्ञानेन्द्रिय, शब्दादि पांच विषय, मन और धर्म्मायतन, येभी द्वादश आयतन कहकर प्रसिद्ध हैं । ये ही पूर्वोक्त आयतन शब्दके प्रतिपाद्य हैं । इसी प्रकार द्वादश आयतन मतान्तर प्रसिद्ध कहकर प्रसिद्ध कहा जाता है परन्तु यह सर्ववादि सिद्ध नहीं ॥ ३८ ॥

रागादीनां गणोऽयं स्यात् समुदेति नृणां हृदि।
आत्मात्मीयस्वभावाख्यः स स्यात् समुदयः पुनः ॥ ३९ ॥

मनुष्योंके हृदयमें रागादि उदय होतेहैं, परन्तु केवल आत्माही आत्मीय स्वभावस्थ, इसप्रकार ज्ञानको समुदयतत्त्व कहकर जाना जाता है। यह तत्त्व पर्यालोचना करना परमावश्यक है स्थानान्तरमें इसका विशेष विवरण होगा ॥ ३९ ॥

क्षणिकाः सर्वसंस्कारा इति या वासना स्थिरा।
स मार्ग इति विज्ञेयः स च मोक्षोऽभिधीयते ॥ ४० ॥

सब प्रकारका संस्कारभी क्षणिक, इसीप्रकार जो स्थिर वासना है, उसीको मार्ग कहकर जाना जाता है, और यह मार्ग मोक्षनामसे कहा जाता है, अर्थात् जो लोग उक्तप्रकार ज्ञान को दृढीभूत करसकते हैं, वेही लोग मोक्ष प्राप्त करसकते है ॥ ४० ॥

प्रत्यक्षमनुमानञ्च प्रमाणद्वितयं तथा।
चतुःप्रस्थानिका बौद्धाः ख्याता वैभाषिकादयः ॥ ४१ ॥

प्रत्यक्ष और अनुमान, इन्ही दोको प्रमाण कह सकते हैं। और बौद्धलोग चतुःप्रस्थानिक, अर्थात् चार प्रकारके प्रमाणको स्वीकार करते है, येही वैभाषिक नामसे प्रसिद्ध हैं ॥ ४१ ॥

अर्थो ज्ञानान्वितो वैभाषिकेण बहु मन्यते।
सौत्रान्तिकेन प्रत्यक्षग्राह्योऽर्थो न बहिर्मतः ॥ ४२ ॥

वैभाषिक लोग ज्ञानान्वित अर्थको बहुज्ञान कहते है, नास्तिक लोग केवल प्रत्यक्ष वस्तु हीको ग्रहण करते है, वे लोग जिसका प्रत्यक्ष नहीं होता ऐसे किसी पदार्थको नही मानते। इन लोगोंके मतमे अनुमानादिप्रमाण नही मानाजाता ॥ ४२ ॥

आकारसहिता बुद्धिर्योगाचारस्य सम्मता।
केवलां संविदं स्वस्थां मन्यन्ते मध्यमाः पुनः ॥ ४३ ॥

जो लोग योगाचारमें रतहैं, वे लोग आकारसहित बुद्धि स्वीकार करते हैं, और जो लोग मध्यम वे केवल संवेदन सूक्ष्म पदार्थमात्र स्वीकार करते हैं ॥ ४३ ॥

रागादिज्ञानसन्तानवासनाच्छेदसम्भवा।
चतुर्णामपि बौद्धानां मुक्तिरेषा प्रकीर्त्तिता ॥ ४४ ॥

रागादि ज्ञानप्रवाहरूप वासनाके उच्छेद होनेपर मुक्ति होती है, यह चार प्रकारके बौद्धोंका मत है, किन्तु चार प्रकारके बौद्धही लोग उक्त प्रकार वासनाके उच्छेदको मुक्ति कहते हैं एवं वासनाके उच्छेद होनेही पर मुक्ति होसकती है ॥ ४४ ॥

कृत्तिः कमण्डलुर्मौण्ड्यं चीरं पूर्वाह्णभोजनम् ।
सङ्घो रक्ताम्बरत्वञ्च शिश्रिये बौद्धभिक्षुभिरिति ॥ ४५ ॥

बौद्ध भिक्षुकलोग चर्म्म और कमण्डलु धारण करते हैं, वे लोग मस्तक मुण्डन करते हैं चीर, अर्थात् जीर्णवस्त्र खण्ड परिधानपूर्वक पूर्वाह्णमें भोजन करते हैं, और वे लोग अनेक लोग मिलकर रहते हैं, यही बौद्ध भिक्षुकोंका मत कहकर प्रसिद्ध है ॥ ४५ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे बौद्धदर्शनं समाप्तम् ॥

अथ आर्हतदर्शनम् ।

तदित्थं मुक्तकच्छानां मतमसहमाना विवसनाः कथञ्चित् स्थायित्वमास्थाय क्षणिकत्वपक्षं प्रतिक्षिपन्ति। यद्यात्मा कश्चिन्नास्थीयेत स्थायी तथापीह लौकिकफलसाधनसम्पादनं विफलं भवेत्। न ह्येतत् सम्भविष्यति, "अन्यः करोत्यन्यो भुङ्क्ते इति । तस्माद्योऽहं प्राक् कर्माकरवं सोऽहं सम्प्रति तत्फलं भुञ्जे इति पूर्वापर कालानुयायिनः स्थायिनस्तस्य स्पष्टप्रमाणावसिततया पूर्वापर भागविकलकालकलावस्थितिलक्षणक्षणिकता परीक्षकैरर्हद्भिर्न परिग्रहार्हा । अथ मन्येथाः "प्रमाणवत्त्वादायातः प्रवाहः केन वार्य्यत" इति न्यायेन यत् सत् तत् क्षणिकमित्यादिना प्रमाणेन क्षणिकतायाः प्रमिततया तदनुसारेण समानवर्तिनामेव प्राचीनः प्रत्ययः कर्मकर्त्ता उत्तरः प्रत्ययः फलभोक्ता ॥ १ ॥

मुक्तकच्छ बौद्धोंके मतको नहीं सहकर और विवस्त्रही जैन शिष्यगण आत्माके स्थापनार्थ क्षणिक मतका खण्डन करते हैं । यदि आत्मा स्थायी न होगा, तो लौकिक फलसाधन विफल हो जावेगा । लोकव्यवहारमें भी ऐसी प्रतीति सदा होती है जो अन्य व्यक्ति कार्य्य करता है एवं उसका भोग अपर व्यक्ति करता है । और मैंने जो पूर्व

कर्म्म किया था इससमय उसका फल भोग करता हूं । यदि आत्माका स्थायित्व स्वीकार नहीं करते हो तो उक्तप्रकार पूर्वापर काल व्यवहार नहीं होसकता । जब आत्माका पूर्व्वापरकालवर्त्तित्व देखाजाताहै, तब उसका स्थायित्व स्पष्ट प्रमाण ही देखा जाता है। सुतरां जैनशिष्यगण क्षणिकत्वमत ग्रहण नहीं करसकते, ये उन्होंने सविशेष परीक्षा कर क्षणिकत्वका खण्डन किया है । और यहभी अनायासही समझा जासकता है जो प्रमाण परिप्राप्त, उसको कौन वारण करसकता ? न्यायद्वारा जो सत्य प्रतीत होता है, उसको क्षणिक सिद्ध करना सम्भव नहीं, समानसन्तानवर्त्ति लोगोंके मतमें प्राचीन प्रत्यय कर्म्म करता एवं उत्तर काल प्रत्यय फलभोक्ता होता है ॥ १ ॥

न चातिप्रसङ्गः कार्य्यकारणभावस्य नियामकत्वात् । यथा मधुररसभावितानामाम्रबीजानां परिकर्षितायां भूमावुप्तानामङ्कुरकाण्डस्कन्धशाखापल्लवादिषु तद्द्वारा परम्परया फले माधुर्य्यनियमः, यथा वा लाक्षारसावसिक्तानां कार्पासबीजादीनामङ्कुरादिपारम्पर्य्येण कार्पासादौ रक्तिमनियमः । यथोक्तम्—

यस्मिन्नेव हि सन्ताने आहिता कर्मवासना ।
फलं तत्रैव बध्नाति कार्पासे रक्तता यथा ॥
कुसुमे बीजपूरादिर्यल्लाक्षाद्युपसिच्यते ।
शक्तिराधीयते तत्र काचित्तां किं न पश्यसीति ॥

तदपि काशकुशावलम्बनकल्पं विकल्पासहत्वात् ॥ २ ॥

और कार्य्य कारणभावकी सत्ता हेतु अति प्रसङ्ग निवारित होता है जिस प्रकार आम्रबीज सब मीठे रसमें वासकर उसको मिट्टीमें गाड रखनेसे उसमेंसे प्रथम अङ्कुर उसके अनन्तर काण्ड स्कन्ध शाख पल्लवादि जन्मनेपर उसके द्वारा परम्परासे फलमें माधुर्य्य नियम होता है एवं जिस प्रकार कपास बीज लाक्षारसद्वारा अभिषिक्तकर उसको जोती हुई भूमिमें रोपनेसे उस बीजसे अंकुरादि जन्मकर परम्परासे कार्पासादिमें लालिमा नियम होता है. शास्त्रान्तरमें कहाहै जो जिसन्तानमें कर्म्मवासना स्थापित कियी जा सके, कार्पासकी रक्तताकी नाई उसीहीमें फलबन्धन करते हैं। और बीजपूरादिके फूलमें लाक्षारसादि सिञ्चन करनेपर उसमें जो शक्तिका आधार होताहै, उसको क्या देखते नहीं ? निष्कारण इसमें भी काशकुशावलम्बनकी नाई इसका विरत है ॥ २ ॥

जलधरादौ दृष्टान्ते क्षणिकत्वमनेन प्रमाणेन प्रमितं प्रमाणान्तरेण वा । नाद्यः भवदभिमतस्य क्षणिकत्वस्य क्वचिदप्यदृष्टचर-

त्वेन दृष्टान्तासिद्धावस्यानुमानस्यानुत्थानात् । न द्वितीयः तेनैव न्यायेन सर्वत्र क्षणिकत्वसिद्धौ सत्त्वानुमानवैफल्यापत्तेः अर्थक्रियाकारित्वं सत्त्वमित्यङ्गीकारे मिथ्यासर्पदंशादेरपि अर्थक्रियाकारित्वेन सत्त्वापाताच्च । अतएवोक्तम्—उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सदिति ॥ ३ ॥

पूर्व्वमें मेघादि दृष्टान्त प्रदर्शनकर जो क्षणिकत्व साधित हुआ है, वह क्या उक्तप्रकार प्रमाणद्वारा प्रतिपन्न है ? अथवा प्रमाणान्तरसाध्य है ? उक्त प्रमाणद्वारा प्रतिपन्न यह कहा नहीं जासकता, कारण यह है जो तुम लोगोंके अभिमत क्षणिकत्व कभी देखा नही जाता; सुतरां दृष्टान्तासिद्धिसे उक्तप्रकार अनुमान् नहीं होसकता. और प्रमाणान्तरसाध्यहै यह भी नहीं कहाजासकता, कारण यह है जो वैसा होनेपर उसीकी नाई सर्वत्र क्षणिकत्वके सिद्धिसत्त्वमें सत्वानुमानकी वैफल्यापत्ति होती है । अर्थक्रियाकारित्व सत्व, उसीप्रकार स्वीकार करनेपर मिथ्यासर्पदंशनादिका अर्थक्रियाकारित्वप्रयुक्तसत्वापात होसकताहै । अतएव कहा गया है, जो जो उत्पत्ति, विनाश और स्थिरतायुक्त है, वह वह सत् है ॥ ३ ॥

अथोच्येत सामर्थ्यासामर्थ्यलक्षणविरुद्धधर्माध्यासात् तत्सिद्धिरिति तदसाधु,स्याद्वादिनामनैकान्ततावादस्येष्टतया विरोधासिद्धेः यदुक्तं कार्पासादिदृष्टान्त इति तदुक्तिमात्रं युक्तेरनुक्तेः तत्रापि निरन्वयनाशस्यानङ्गीकाराच्च । न च सन्तानिव्यतिरेकेण सन्तानः प्रमाणपदवीमुपारोढुमर्हति । तदुक्तम्—

सजातीयाः क्रमोत्पन्नाः प्रत्यासन्नाः परस्परम् ।
व्यक्तयस्तासु सन्तानः स चैक इति गीयत इति ॥ ४ ॥

अनन्तर कहते हैं जो सामर्थ्य और असामर्थ्यरूप विरुद्ध धर्म्माध्यासही उसकी सिद्धि है इसप्रकार जो कहा है, यह असाधुमत प्रतीत होता है, जिसकारण वादियोंके अनेकान्तवादकी इष्टता प्रयुक्त विरोधकी असिद्धि होती है । और जो कार्पासका दृष्टान्त कहागया है उसको भी कथनमात्र जानना । जिसकारण उसमें युक्तिका उल्लेख नहीं करते । विशेषतः उसमें निरन्वयनाशका अनङ्गीकार है । और सन्तानिके विना कभी सन्तानप्रमाण पदवीपर आरोहण नहीं करसकता यही युक्त है.शास्त्रान्तरमें कहाहै जो लोग समानजातीय हैं, वे लोग क्रमोत्क्रम एवं परस्पर प्रत्यासन्न हैं,उन सबके जो व्यक्ति सकल वेही उनका सन्तान हैं, किन्तु सन्तान एक कहकर गिनाजाता है ॥ ४ ॥

न च कार्य्यकारणभावानियमोऽतिप्रसङ्गं भङ्क्तुमर्हति । तथाहि उपाध्यायबुद्ध्यनुभूतस्य शिष्यबुद्धिः स्मरेत तदुपचितकर्मफलमनुभवेद्वा तथा च कृतप्रणाशाकृताभ्यागमप्रसङ्गः । तदुक्तं सिद्धसेनवाक्यकारेण--

" कृतप्रणाशाकृतकर्मभाग-
भवप्रमोक्षस्मृतिभङ्गदोषान् ।
उपेक्ष्य साक्षात् क्षणभङ्गमिच्छ-
न्नहो महासाहसिकः परोऽसाविति"

किञ्च क्षणिकत्वपक्षे ज्ञानकाले ज्ञेयस्यासत्त्वेन ज्ञेयकाले ज्ञानस्यासत्त्वेन च ग्राह्यग्राहकभावानुपपत्तौ सकललोकयात्रास्तमियात् । न च समसमयवर्त्तिता शङ्कनीया सव्येतरविषाणवत् । कार्य्यकारणभावासम्भवेनाग्राह्यस्यालम्बनप्रत्ययानुपपत्तेः। अथ भिन्नकालस्यापि तस्याकारार्पकत्वेन ग्राह्यत्वं, तदप्यपेशलं क्षणिकस्य ज्ञानस्याकारार्पकताश्रयताया दुर्वचत्वेन साकारज्ञानवादे प्रत्यादेशेन निराकारज्ञानवादेऽपि योग्यतावशेन प्रतिकर्मव्यवस्थायाः स्थितत्वात् ॥ ५ ॥

पूर्व्वमें कार्य्य कारण भावनियम दिखलाकर अति प्रसङ्ग दोषका निवारण किया है, वह सुसङ्गत नहीं, कारण यह है, जो कार्य्य कारण भाव नियम कभी अतिप्रसङ्ग दोषको रोक नहीं सकता । इस समय देखा जाता है जो जो उपाध्यायके बुद्धि अनुभूत उसीको शिष्य बुद्धि स्मरण करती है अथवा उपाध्याय बुद्धि उपस्थित कर्म्मफल अनुभव करती है, सुतरां जो किया गया है, उसको विनाशकर अकृत पदार्थकी आशाकी नाई होता है । सिद्धसेन वाक्यकारने कहा है जो जो लोग कृतपदार्थका नाश कर अकृत कर्म्मके फलभोगकी आशा करते हैं एवं साक्षात् वर्त्तमान पदार्थको क्षनभगुर जानते हैं, वे महासाहसिक हैं । और देखो क्षणिकत्व वादीके मतमें ज्ञानकालमें ज्ञेयपदार्थके असत्ता हेतु एवं ज्ञेय समयमें ज्ञानकी अवर्त्तमानता प्रयुक्त ग्राह्य ग्राहक भावकी अनुपपत्ति होती है, और ऐसा होनेसे सम्पूर्ण लोकयात्राकी असिद्धि हुई जाती है और इस प्रकार समान समय वर्तिता शङ्का भी नहीं हो सकती है। कारण यह है जो, कार्य्यकारण भावकी असत्ता हेतु अग्राह्य पदार्थका ग्रहण नाशकी अनुपपत्ति

है यदि भिन्नकालके आकार आर्थकत्व हेतु उसका ग्राह्यत्व मानो वहभी युक्तियुक्त उसका नहीं होता जिस कारण क्षणिक ज्ञानकी आकारार्पकता कहींनहीं जाती सुतरां साकार ज्ञान वादका प्रत्यध्यादेशवशतः निराकार वादमें भी योग्यता प्रयुक्त प्रतिकर्म्मव्यवस्थ ही स्थित होती है ॥ ५ ॥

तथाहि प्रत्यक्षेण विषयाकाररहितमेव ज्ञानं प्रतिपुरुषमहमिकया घटादिज्ञानमनुभूयते न तु दर्पणादिवत् प्रतिबिम्बक्रान्तम् । विषयाकारधारितत्वे न च ज्ञानस्यार्थे दूरनिकटादिव्यवहाराय जलाञ्जलिर्वितीर्य्येत । न चेदमिष्टापादनमेष्टव्यं दवीयान् महीधरो नेदीयान् दीर्घो बहुरिति व्यवहारस्य निराबाधं जागरूकत्वात् । न चाकाराधायकस्य तस्य दवीयस्त्वादिशालितया तथा व्यवहार इति कथनीयं दर्पणादौ तथानुपलम्भात् । किञ्चार्थादुपजायमानं ज्ञानं यथा तस्य नीलाकारतामनुकरोति तथा यदि जडतामपि तर्ह्यर्थवत् तदपि जडं स्यात् । तथा च वृद्धिमिष्टवतो मूलमपि तवेष्टं स्यादिति महत्कष्टमापन्नम् ॥ ६ ॥

इस समय यही जाना जाता है जो प्रत्यक्षप्रमाणानुसार विषयाकार रहित ज्ञान होता है एवं प्रति पुरुषमें अहङ्कारद्वारा ही धनादि अनुभूत होते है । दर्पणादि गत प्रतिबिम्बकी नाई नहीं होता वस्तुतः उक्त ज्ञान विषयाकार धारण करता है उस ज्ञानके निमित्तभी दूर निकटादि व्यवहार नहीं होसकता । दूरत्ववर्त्ती पर्व्वत निकटस्थ इस प्रकार व्यवहार सर्व्वथा असिद्ध और यह भी नही कहा जाता जो आकारधारी पर्व्वतकी दूरवर्त्तिता प्रयुक्त उक्त व्यवहार होसके जिसकारण दर्पणादिमें उक्तरूप उपलब्धि नही होती । पक्षान्तरमें कहते है अर्थोत्पत्तिहीमें ज्ञान उत्पन्न होता है । जिसप्रकार वही ज्ञान नीलाकारताका अनुकरण करता है उसीप्रकार यदि जड़ताका भी अनुकरण करसकते हैं ऐसा होनेपर अर्थवान् मात्रही जड़में करसकते सुतरां महादोष उपस्थित हुआ ॥ ६ ॥

अथैतद्दोषपरिजिहीर्षया ज्ञानं जडतां नानुकरोतीति ब्रूषे हन्त तर्हि तस्याग्रहणं न स्यादित्येकमनुसन्धित्सतोऽपरं प्रच्यवत इति न्यायापातः । ननु माभूत् जडताया ग्रहणं किं न च्छिन्नं तदग्रहणेऽपि नीलाकारग्रहणे तयोर्भेदो नैकान्तो वा भवेत् । नीलाकारग्रहणे चागृहीता जडता कथं तस्यानुरूपं स्यात्

अपरथा गृहीतस्य स्तम्भस्यागृहीतं त्रैलोक्यमपि रूपं भवेत् । तदेतत् प्रमेयजातं प्रतापचन्द्रप्रभृतिभिरर्हन्मतानुसारिभिः प्रमेयकमलमार्त्तण्डादौ प्रबन्धे प्रपञ्चितमिति ग्रन्थभूयस्त्वभयान्नोपन्यस्तम्–तस्मात् पुरुषार्थाभिलाषुकैः पुरुषैः सौगती गतिर्नानुगन्तव्या अपित्वार्हत्येवार्हणीया । अर्हत्स्वरूपञ्च चन्द्रसूरिभिराप्तनिश्चयालङ्कारे निरटङ्कि–

सर्वज्ञो जितरागादिदोषस्त्रैलोक्यपूजितः ।
यथास्थितार्थवादी च देवोऽर्हत् परमेश्वर इति ॥ ७ ॥

यदि उक्तदोषके परिहार वासनामें ज्ञान जड़ नही, यह कहो तो उसका ग्रहण नही होसकता, सुतरां एकके अनुसन्धान करने गया अन्य उसीमे हुआ । तथापि यदि कहो जडताका ग्रहण नही हो तो तुम्हारा क्या छिन्न नहीं हुआ ? नीलाकारके ग्रहण होनेसे उनसबका भेद नही होता परन्तु नीलाकारके ग्रहण और अगृहीत जड़ता किस प्रकार उसका अनुरूप हो सकती है, अन्यथा त्रैलोक्यमेंही गृहीतस्तम्भका अगृहीतरूप होता है । अतएव आर्हत मतानुसारी प्रतापचन्द्र प्रभृति लोगोंने प्रमेय कमल मार्तण्डादि प्रबन्धमें उक्त प्रकार विस्तार किया है । इस स्थानमें ग्रन्थ बाहुल्य भयसे वह उपन्यस्त नही हुआ अतएव जो लोग धर्म्मार्थ काम मोक्ष इन्ही पुरुषार्थ चतुष्टयका अभिलाष करते है, वे लोग बुद्धमत स्वीकार नही करते, उन लोगोंका आर्हत मतका अनुसरण करना कर्त्तव्य है । चन्द्रसूरि प्रभृति आप्तव्यक्ति लोगोने निश्चयालङ्कारमें यह आर्हत मत निःशंक कहकर स्वीकारकर उन लोगोंने कहा है । आर्हत देव सर्वज्ञएवं वे रागादि दोषसमूहको जीता है, त्रिभुवनमें इनकी अर्चना करता है वे यथार्थ स्थितार्थ वादी एव मोक्ष साक्षात् परमेश्वर ॥ ७ ॥

ननु न कश्चित् पुरुषविशेषः सर्वज्ञपदवेदनीयः प्रमाणपद्धतिमध्यास्ते सद्भावग्राहकस्य प्रमाणपञ्चकस्य तत्रानुपलम्भात । तथा चोक्तं तौतातितैः ।

सर्वज्ञो दृश्यते तावन्नेदानीमस्मदादिभिः ।
दृष्टो न चैकदेशोऽस्ति लिंगं वा योऽनुमापयेत् ॥ ८ ॥

इससमय कहते हैं जो कौन एक पुरुष जो सर्वज्ञपद प्रतिपाद्य ऐसा कोई प्रमाण नहीं
इसकारण जो प्रमाण पञ्चकका सद्भावमें ज्ञान होता है, उन्हीं पांच प्रमाणोंमेंभी किसी
रुष विशेषका सर्व्वज्ञपद प्रतिपाद्यत्व उपलाभ नहीं होता । इस विषयमें शास्त्रान्तरमें कहा
; जो हम लोग इससमय किसीको सर्व्वज्ञ नहीं देखते एवं कभी एक देशमात्र नहीं दीख-
ड़ता, परन्तु ऐसा कोई कारणभी नहीं है जो, उसकेद्वारा अनुमान किया जासके ॥ ८ ॥

न चागमविधिः कश्चिन्नित्यसर्वज्ञबोधकः ।
न च तत्रार्थवादानां तात्पर्य्यमपि कल्पते ॥ ९ ॥

और सर्व्वज्ञ बोधक कोई आगमविधि भी नहीं है, अर्थात् कोई आगमद्वारा भी प्रमा-
णीकृत नहीं होता, किस पुरुष विशेषको सर्व्वज्ञ कहा जासके, परन्तु उसमें अर्थवादका भी
तात्पर्य्य परिकल्पना नहीं होसकता ॥ ९ ॥

न चान्यार्थप्रधानैस्तैस्तदस्तित्वं विधीयते ।
न चानुवदितुं शक्यः पूर्वमन्यैरबोधितः ॥ १० ॥

जो लोग अन्वर्थ स्वीकार करते हैं, वे लोग भी सर्व्वज्ञका अस्तित्व विधान नहीं
करते एवं पहिले किसी व्यक्तिने प्रतिपादन नहीं किया है, ऐसी बात भी कोई नहीं
कहसकता ॥ १० ॥

अनादेरागमस्यार्थो न च सर्वज्ञ आदिमान् ।
कृत्रिमेण त्वसत्येन स कथं प्रतिपाद्यते ॥ ११ ॥

अनादि आगमहीका अर्थ होजाता है एवं सर्व्वज्ञ आदिमान नहीं है, सुतरां किसीप्रकार
। कृत्रिम सत्यपरिमाणसे वह सर्व्वज्ञ प्रतिपादित नहीं होसकता ॥ ११ ॥

अथ तद्वचनेनैव सर्वज्ञोऽन्यैः प्रतीयते ।
प्रकल्प्येत कथं सिद्धिरन्योन्याश्रययोस्तयोः ॥ १२ ॥

यदि उसवाक्यमात्रहीसे अन्यान्य व्यक्तिगण सर्व्वज्ञ जानसकें, तो किसप्रकार वह पर-
स्पर दोनों आश्रयोंकी सिद्धिकल्पना कियीजासके ॥ १२ ॥

सर्वज्ञोक्ततया वाक्यं सत्यं तेन तदस्तिता ।
कथं तदुभयं सिध्येत्सिद्धमूलान्तरादृते ॥ १३ ॥

सर्व्वज्ञका उक्तवाक्य ही सत्य इसीप्रमाणसे सर्व्वज्ञकी अस्तिता जानीजाती है, परन्तु
सिद्धमूलान्तर व्यतिरेक किसप्रकार दोनोंकी सिद्धि होजाती है ॥ १३ ॥

असर्वज्ञप्रणीतात्तु वचनान्मूलवर्जितात् ।
सर्वज्ञमवगच्छन्तस्तद्वाक्योक्तं न जानते ॥ १४ ॥

और जो लोग सर्व्वज्ञ प्रणीतमूल वर्जितवचनमें सर्वज्ञ स्वीकार करते हैं, वे भी उस वाक्यके कहनेका अभिप्राय नहीं जानते अर्थात् जिसवाक्यका कोई मूल नहीं, उसवाक्यमें सर्व्वज्ञ स्वीकृत नहीं होसक्ता ॥ १४ ॥

सर्वज्ञसदृशं किञ्चिद् यदि पश्येम सम्प्रति ।
उपमानेन सर्वज्ञं जानीयाम ततो वयम् ॥ १५ ॥

यदि सम्प्रति कोई पदार्थभी सर्वज्ञके तुल्यदेखे तो हमलोग उपमान प्रमाणानुसार सर्व्वज्ञको जानसके, अर्थात् यदि इसवस्तुके सदृश, यह रूप देखते तो सर्वज्ञ हमलोगोको दृष्टवस्तुके सदृश इसप्रकार ज्ञानमें उसको जानसकते ॥ १५ ॥

उपदेशोऽपि बुद्धस्य धर्माधर्मादिगोचरः ।
अन्यथा नोपपद्येत सार्वज्ञ्यं यदि नाभवदित्यादि ॥ १६ ॥

यदि सर्व्वज्ञत्वही नहीं पायाजाता तो अन्य किसीप्रकार भी धर्म्माधर्म्मादि गोचर बुद्धको उपदेश उपपन्न नहीं होसकता सर्व्वज्ञ भिन्न अन्य व्यक्ति धर्म्माधर्म्मके उपदेश करनेमें समर्थ होसकता ? ॥ १६ ॥

अत्र प्रतिविधीयते यदभ्यधायि सद्भावग्राहकस्य प्रमाणपञ्चकस्य तत्रानुपसन्नादिति तदयुक्तं तत्सद्भवादेकस्यानुमानादेः सद्भावात्। तथाहि कश्चिदात्मा सकलपदार्थसाक्षात्कारी तदग्रहणस्वभावत्वे सति प्रक्षीणप्रतिवन्धप्रत्ययत्वाद् यद्यद्ग्रहणस्वभावत्वे सति प्रक्षीणप्रतिवन्ध्यप्रत्ययं तत्तत्साक्षात्कारि । यथा अपगततिमिरादिप्रतिवन्धं लोचनविज्ञानं रूपसाक्षात्कारि । तदग्रहणस्वभावत्वे सति प्रक्षीणप्रतिवन्धप्रत्ययश्च कश्चिदात्मा तस्मात् सकलपदार्थसाक्षात्कारीति ॥ १७ ॥

पूर्व्वोक्त प्रस्तावका प्रतिविधान होता है । पूर्व्वही कहा गया है सद्भाव ग्राहक प्रमाण पञ्चकका अनुपलब्धिके कारण कोई विशेष पुरुष भी सर्व्व [illegible] निश्चय नहीं हो सकता ? सो युक्त नहीं, कारण यह है जो एक अनुमान प्रमाणही वह [illegible] सकता है इस समय इस प्रकार अनुमान होता है जो कोई एक आत्माही सब प [illegible] साक्षात्कार करसकता है. जिस कारण आत्माको समस्त पदार्थ ग्रहण करनेका सामर्थ्य है सब उसका

प्रतिबन्धक (रुकावटे) नाश पाये हैं, अर्थात् आत्माका किसी प्रकार प्रतिबन्धक नहीं और इसमें इस प्रकार व्याप्ति स्थिर है जो जो पदार्थ ग्रहण स्वभावशाली होकर क्षीण प्रतिबंध होता है उसी उसी पदार्थको साक्षात्कार करसकते हैं । जिसप्रकार अकारादि प्रति बन्ध हट जानेसे चक्षुरूपका साक्षात्कार करता है । कोई आत्माभी वस्तु साक्षात्कार स्वभावशाली होकर प्रतिबन्ध विहीन होसकता है, अतएव वही आत्मा सकलपदार्थका साक्षात्कारी है ॥ १७ ॥

तावदशेषार्थग्रहणस्वभावत्वमात्मनोऽसिद्धं चोदनाबलान्निखिलार्थज्ञानात् नान्यथानुपपत्त्या सर्वमनैकान्तात्मकं, सत्त्वादिति व्याप्तिज्ञानोत्पत्तेश्च । चोदना हि भूतं भवन्तं भविष्यन्तं सूक्ष्म व्यवहितं विप्रकृष्टमित्येवंजातीयकमर्थमवगमयतीत्येवंजातीयकैरध्वरमीमांसागुरुभिर्विधिप्रतिषेधविचारणानिबन्धनं सकलार्थविषयज्ञानं प्रतिपद्यमानैः सकलार्थग्रहणस्वभावकत्वमात्मनाऽभ्युपगतम् । न चाखिलार्थप्रतिबन्धकावरणप्रक्षयानुपपत्तिः सम्यग्दर्शनादित्रयलक्षणस्यावरणप्रक्षयहेतुभूतस्य सामग्रीविशेषस्य प्रतीतत्वात् अनया मुद्रयापि क्षुद्रोपद्रया विद्राव्याः ॥१८॥

वास्तविक आत्माका अशेषार्थ ग्रहणका स्वभाव असिद्ध नही है, जिसकारण चोदनाके बलसे निखिलार्थ ज्ञान प्रयुक्त अन्य किसीप्रकार भी उपपत्ति नहीं । आत्माकी चोदना ही अतीत व वर्त्तमान भविष्यत् विषय सब एवं सूक्ष्म, व्यवहित और विप्रकृष्ट प्रभृति पदार्थका, ज्ञान उत्पन्नकरता है । अत एव जो लोग अध्वर मीमांसाके गुरु एवं विधि और प्रतिषेध विचार निबन्धन सकलार्थ ज्ञान निबन्धन करते हैं, वे ही लोग आत्माके सकलार्थ ग्रहण स्वीकार करते हैं । आत्मा जो सकलार्थ ग्रहण कर सकता है, उसमें प्रतिबन्धकस्वरूप आवरण क्षयकीभी अनुपपत्ति नही, जिसकारण सम्यक् दर्शनादि लक्षण एवं आवरण क्षयको हेतुभूत सामग्री विशेषकी प्रतीति है ॥ १८ ॥

नन्वावरणप्रक्षयवशादशेषविषयं विज्ञानं विशदं मुख्यप्रत्यक्ष प्रभवतीत्युक्तं तदयुक्तं तस्य सर्वज्ञस्यानादिमुक्तत्वेनावरणस्यैवासम्भवादिति चेत्तन्न अनादिमुक्तत्वस्यैवासिद्धेर्न सर्वज्ञोऽनादिमुक्तः मुक्तत्वादितरमुक्तवत् बद्धापेक्षया च मुक्तव्यपदेशः तद्रहिते चास्याप्यभावः स्यादाकाशवत् । नन्वनादेः क्षित्यादिकार्य

परम्परायाः कर्तृत्वेन तत्सिद्धिः। तथाहि क्षित्यादिकं सकर्तृकं कार्य्यत्वाद् घटवदिति तदप्यसमीचीनं कार्य्यत्वस्यैवासिद्धेः। न च सावयवत्वेन तत्साधनमित्यभिधातव्यं यस्मादिदं विकल्पजालमवतरति॥ १९॥

और आवरण क्षयवशतः सब विषयही प्रत्यक्षीभूत होजाता है, यह कहातो गया है. किन्तु वह युक्तियुक्त नहीं. कारण यह है जो सर्व्वज्ञ आत्मा अनादि और अनन्त, उसका किसीप्रकार आवरण सम्भव नही। यहभी नही कहा जासकता, जिसकारण अनादिका भी मुक्तत्व असिद्ध है। इतर मुक्तकी नाई सर्व्वज्ञअनादिभी मुक्त नही है, जिस बद्धापेक्षामेंही मुक्तका व्यपदेश होता है जिसका बन्धन नही उसको मुक्त नही कहा जाता, इससमय यदि कहो जो. सर्व्वज्ञ अनादि होनेपरभी क्षित्यादि कार्य्य पदार्थसमूहका कर्त्तृत्वप्रयुक्त उसकी मुक्तत्वसिद्धि है, क्षित्यादिपदार्थ सब सकर्तृक हैं जिसकारण वे सब घटादिकी नाई कार्य्य हैं, यहभी समीचीन मत नही है. जिसकारण कार्यत्वकी असिद्धि है, यहभी नही कहा जाता, जिसकारण वे इस विकल्पजालसे उत्तीर्ण है॥ १९॥

सावयवत्वे किमवयवसंयोगित्वम्, अवयवसमवायित्वम्, अवयवजन्यत्वम्, समवेतद्रव्यत्वं, सावयवबुद्धिविषयत्वं वा। न प्रथमः आकाशादावनैकान्त्यात्। न द्वितीयः सामान्यादौ व्यभिचारात्। न तृतीयः साध्याविशिष्टत्वात्। न चतुर्थः विकल्पयुगलार्गलग्रहगलत्वात् समवायसम्बन्धमात्रवद्द्रव्यत्वं समवेतद्रव्यत्वम् अन्यत्र समवेतद्रव्यत्वं वा विवक्षितं हेतुक्रियते। आद्ये गगनादौ व्यभिचारः, तस्यापि गुणादिसमवाय त्व द्रव्यत्वयोः संभवात्। द्वितीये साध्याविशिष्टता अन्यशब्दार्थेषु समवायकारणभूतेष्ववयवेषु समवायस्य साधनीयत्वात्। अभ्युपगम्यैतदभाणि वस्तुतस्तु समवाय एव न समस्ति प्रमाणाभावात्। नापि पञ्चमः आत्मादिनानैकान्त्यात् तस्य सावयवबुद्धिविषयत्वेऽपि कार्य्यत्वाभावात्। नच निरवयवत्वेऽप्यस्य सावयवार्थसम्बन्धेन, सावयवबुद्धिविषयत्वमौपचारिकमित्येष्टव्यं निरवयवत्वे व्यापित्वविरोधात् परमाणुवत्। किञ्च

किमेकः कर्त्ता साध्यते किं वा स्वतन्त्रः ॥ प्रथमे प्रासादादौ व्यभिचारः स्थपत्यादीनां बहूनां पुरुषाणां तत्र कर्तृत्वोपलम्भा-दनेनैव सकलजगज्जननोत्पत्तावितरवैयर्थ्यञ्च ॥ २० ॥ २१ ॥

इस समय आशङ्का होती है जो सावयवत्व क्या है ? यह क्या अवयवसंयोगत्व, अव-यवसमवायित्व अवयवजन्यत्व अथवा सावयव बुद्धिविषयत्व ? प्रथम अर्थात अवयवसंयो-गित्व हो नहीं सकता । क्योंकि, अवयवसंयोगित्व होनेसे आकाशादिमें अनैकान्तत्व घटता है। अर्थात् आकाश नित्यपदार्थ है वह किसप्रकार कार्य्य होसकता है ? द्वितीय अर्थात अवयवसमवायित्व भी हो नहीं सकता । क्योंकि, ऐसा होनेसे जाति प्रभृतिमें व्यभि-चार घटता है अर्थात् जातिप्रभृति भी नित्य पदार्थह सुतरां वह भी किस प्रकार कार्य्य होसकता है ? तृतीय अर्थात् जन्यत्व भी नहीं होसकता अर्थात् ईश्वर निरवयव है । उसे और अवयवी पदार्थका किस प्रकार आविर्भाव होसकता ? चतुर्थ अर्थात् समवेतद्रव्यत्व भी नहीं होसकता । क्योकि,समवेत द्रव्यत्व कहनेसे दो सन्देह रूप अर्गल ग्रह होजाताहै, प्रथम समवाय सम्बन्ध मात्रवत् द्रव्यत्व ही क्या समवेत द्रव्यत्व, न अन्यत्र समवेत द्रव्यत्व कोही समवेत द्रव्यत्व कहा है, इस प्रकार हेतु उपन्यस्त होसकता है आद्य अर्थात् समवाय सम्बन्ध मात्रवत् द्रव्यत्व कहनेसे आकाशादिमें व्यभिचार घटता है । क्योंकि आकाशका गुणादि समवायत्व और द्रव्यत्व दोनोंही हैं । द्वितीय कहनेसे साध्यकी अविशिष्टता होतीहै । क्योंकि, समवायका कारणभूत अवयव समूहमें समवायका साधनीयत्व होजाताहै ये सब मान कर कहा है,वस्तुतः समवाय ही नही है । क्योंकि,इसके अस्तित्व सम्बन्धमें कोई प्रमाण नहीं है, पञ्चम अर्थात् सावयव बुद्धि विषयत्व भी नही होसकता । क्योंकि ऐसा होनेसे आत्मादिके साथ अनैकान्तत्व दोष घटता है । पक्षान्तरमें, आत्माको सावयव बुद्धि विषय कहकर स्वी-कार करनेपरभी वे कभी कार्य्य नहीं होसकते ॥ २० ॥ २१ ॥

तदुक्तं वीतरागस्तुतौ--
कर्त्तास्ति नित्यो जगतः स चैकः
न सर्वगः सन् स्ववशः स सत्यः।
इमाः कुहेयाः कुविडम्बनाः स्यु-
स्तेषां न येषामनुशासकस्त्वमिति ॥ २२ ॥

वीतराग स्तुतिमें वह कहा गया है । जैसे—जगत्का जो कर्त्ता है वह नित्य और एक है एवं वह सर्वज्ञ है, स्ववशहै, और सत्य स्वरूप है इसप्रकार यदि माना जावे तो अन्यान्य जो सब कर्त्ताका अनुशासकत्व नहीं, उन सबकी कुविडम्बना होजाती है ॥ २२ ॥

अन्यत्रापि—

कर्त्ता न तावदिह कोऽपि यथेच्छया वा
दृष्टोऽन्यथा कटकृतावपि तत्प्रसङ्गः ।
कार्य्यं किमत्र भवतापि च तक्षकाद्यै-
राहत्य च त्रिभुवनं पुरुषः करोतीति ॥ २३ ॥

अन्यत्रभी कहा है जो, इस संसारका कोई यथेच्छासे कर्त्ता नहीं है, क्योंकि, कुम्भकार के कार्य्यमें उसप्रसगका अन्यथाभाव दीखपडता है । और पुरुषने क्या तुमको और सूत्रधरादिको एकत्र समवेत करके इस त्रिभुवनकी सृष्टिकरलियी है ? ॥ २३ ॥

तस्मात् प्रागुक्तकारणत्रितयबलादावरणक्षये सार्वज्ञ्यं युक्तम् । न चास्योपदेष्ट्रन्तराभावात् सम्यग्दर्शनादित्रितयानुपपत्तिरिति भणनीयं पूर्वसर्वज्ञप्रणीतागमप्रभवत्वादमुष्यशेषार्थज्ञानस्य । न चान्योन्याश्रयतादिदोषः आगमसर्वज्ञपरम्पराया बीजाङ्कुरवदनादित्वाङ्गीकारादित्यलम् ॥ २४ ॥

इसकारण पूर्वकथित कारणत्रय प्रभावसे आवरण एक कालीनक्षय होनेपर जीवकी सर्वज्ञता युक्तहोजाती है । इस जीवका दूसरा कोई उपदेष्टा नहीं । सुतरां, उसका सम्यग्दर्शनादि त्रितयकी अनुपपत्ति होसकती है, ऐसाभी नहीं कहा जा सकता । क्योंकि, जो जीव प्रथम सर्वज्ञ हुआ था । उसका प्रणीतआगम होनेसे इसका इसप्रकार सर्व्वज्ञत्व समुद्भूत हुआ है । इसविषयमें अन्योन्याश्रयता आदिदोष नहीं हो सकता । क्योंकि, बीज और अंकुरकी नाईं आगम सर्वज्ञ परम्परा अनादि कहकर परिगृहीत होता है ॥ २४ ॥

रत्नत्रयपदवेदनीयतया प्रसिद्धं सम्यग्दर्शनादित्रितयमर्हत्प्रवचनसंग्रहपरे परमागमसारे प्ररूपितं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्ग इति । विवृतञ्च योगदेवेन येन रूपेण जीवाद्यर्थो व्यवस्थितस्तेन रूपेणार्हता प्रतिपादिते तत्त्वार्थे विपरीताभिनिवेशरहितत्वाद्यपरपर्य्यायं श्रद्धानं सम्यग्दर्शनं तथा च तत्त्वार्थसूत्रं तत्त्वार्थ श्रद्धानं सम्यग्दर्शनमिति ॥ २५ ॥

जो सम्यग् दर्शनादि त्रितय रत्नत्रयपदवेदनीय रूपसे प्रसिद्ध है । वह अर्हत प्रवचन संग्रहविषयक परमागमसारनामक ग्रंथमें विशेषरूपसे विवृत हुआ है । उसमें

लिखा है जो सम्यग् दर्शन, ज्ञान और चरित्र येही तीन साक्षात् मोक्षमार्ग हैं । योगदेव कर्तृक यह भी कहा गया है, जिसप्रकार जीवादि विषयोंकी व्यवस्थापना कियी है, अर्हत कर्तृक उसीप्रकार तत्त्वार्थ प्रतिपादित हुआ है । इसी तत्त्वार्थमें विपरीत अभिनिवेश त्यागादि पूर्व्वक श्रद्धानको सम्यग् दर्शन कहते हैं । तथा हि तत्त्वार्थसूत्र, तत्त्वार्थमें श्रद्धा नही सम्यग् दर्शन है ॥ २५ ॥

अन्यदपि—

रुचिर्जिनोक्ततत्त्वेषु सम्यक् श्रद्धानमुच्यते ।
जायते तन्निसर्गेण गुरोरधिगमेन वेति ॥ २६ ॥

अन्य प्रकारभी कहा है । जैसः—जिनने जो तत्त्वनिर्देश किया है, उसमें जो सम्यक् प्रकार रुचि है, उसीका नाम श्रद्धान है । निसर्ग एवं गुरुका अधिगम, इन्हीं दो उपायोंसे उत्पन्न होता है ॥ २६ ॥

परोपदेशनिरपेक्षमात्मस्वरूपं निसर्गः । व्याख्यानादिरूपपरोपदेशजनितं ज्ञानमधिगमः । येन स्वभावेन जीवादयः पदार्थाः व्यवस्थिताः तेन स्वभावेन मोहसंशयरहितत्वेनावगमः सम्यग्ज्ञानम् ॥ २७ ॥

उसमें, परका उपदेश निरपेक्ष आत्मस्वरूपको निसर्ग कहते हैं । और व्याख्यानादि रूप, ... ज्ञानका नाम अधिगम है । एवं जिस स्वभावसे जीवादि पदार्थ सब व्यवस्थित, उसी स्वभावके बल मोह और संशय रहित होनेपर, जो अवगम लाभ होता है, उसका नाम सम्यग् ज्ञान है ॥ २७ ॥

यथोक्तम्—

यथावस्थिततत्त्वानां संक्षेपाद्विस्तरेण वा ।
योऽवबोधस्तमत्राहुः सम्यग्ज्ञानं मनीषिण इति ॥ २८ ॥

उसी प्रकार कहा है जैसे—यथावस्थित तत्त्व सबका संक्षेप वा विस्तार क्रमसे अवबोध, अर्थात् परिज्ञात होनेहीको मनीषिगण सम्यग्ज्ञान नामसे निर्देश करते हैं ॥ २८ ॥

तज्ज्ञानं पञ्चविधं मतिश्रुतावधिमनःपर्य्यायकेवलभेदेन । तदुक्तम्, मतिश्रुतावधिमनःपर्य्यायकेवलानि ज्ञानमिति । अस्यार्थः ज्ञानावरणक्षयोपशमे सति इन्द्रियमनसी पुरस्कृत्य व्यापृतः सन् यथार्थं मनुते मतिः । ज्ञानावरणक्षयोपशमे सति

मतिजनितं स्पष्टं ज्ञानं श्रुतम् । असम्यग्दर्शनादिगणजनितक्षयोपशमनिमित्तम् अवच्छिन्नविषयं ज्ञानमवधिः । ईर्ष्यान्तरायज्ञानावरणक्षयोपशमे सति परमनोगतस्यार्थस्य स्फुटं परिच्छेदकं ज्ञानं मनःपर्य्यायः । तपःक्रियाविशेषान् यदर्थं सेवन्ते तपस्विनस्तज्ज्ञानासंस्पृष्टं केवलम् । तत्राद्यं परोक्षं प्रत्यक्षमन्यत् ।

तदुक्तम्—

विज्ञानं स्वपराभासि प्रमाणं बाधवर्जितम् ।
प्रत्यक्षञ्च परोक्षञ्च द्विधा मेयविनिश्चयादिति ॥ २९ ॥

यह ज्ञान पाँच प्रकारका है यथा मति श्रुति अवधि मनः पर्य्याय और केवल उसमें ज्ञानावरणका अधिक क्षय होनेपर मन जिसको यथार्थ मनन करता है उसका नाम मति है । ज्ञानावरणका क्षयोपशम होनेपर मतिजनित स्पष्ट ज्ञानका नाम श्रुति है । असम्यग् दर्शनादि गणजनित क्षयोपशम निमित्त जो अवछिन्न विषयके ज्ञान उसका नाम अवधि है । ईर्ष्यान्तरमें ज्ञानावरणका चूडान्तक्षय होनेपर, परका मनोगत विषयका जो सुस्पष्ट पारिच्छेदक ज्ञान उत्पन्न होता है. उसका नाम मनका पर्य्यय है । और, तपस्विलोग जिस लिये तपःक्रिया विशेषकी सेवा करते हैं, एवं जिसमे अन्य विषज्ञानका संस्पर्शमात्र नही, तादृश ज्ञानका नाम केवलहै । इसमें प्रथमको परोक्ष और अपरको प्रत्यक्ष कहते हैं वह कहा गया है जैसे—जो अपनेको एव अन्यको विशेषरूपसे प्रतिपादित करता, वही बाधवर्जितज्ञानही प्रमाण है । वह दो प्रकारका प्रत्यक्ष एवं परोक्ष ॥ २९ ॥

अन्तर्गणिकभेदस्तु सविस्तरस्तत्रैवागमेऽवगन्तव्यः । संसरणकर्मोच्छित्तावुद्यतस्य श्रद्दधानस्य ज्ञानवतः पापगमनकारणक्रियानिवृत्तिः सम्यक्चारित्रम् । तदेतत् सप्रपञ्चमुक्तमर्हता ॥३०॥

इसमे जो अवान्तरभेद है. उसे उसीशास्त्रमें सविस्तर जानना चाहिये जिसके द्वारा बारा-बारबा जाना आना होता है. वैसे कर्मको उच्छेदनमें समुद्यत, श्रद्धावान् ज्ञानवान् पुरुषके पापगमनके हेतुभूत क्रियाकी निवृत्तिको सम्यक्चारित्र कहते हैं । अर्हत्ने उसको सविस्तर निर्देश किया है ॥ ३० ॥

सर्वथावद्ययोगानां त्यागश्चारित्रमुच्यते ।
कीर्त्तितं तदहिंसादिव्रतभेदेन पञ्चधा ।
अहिंसासूनृतास्तेयब्रह्मचर्य्यापरिग्रहाः ॥ ३१ ॥

जैसे—विगर्हित विषय संसर्गका सर्वतो भावसे परिहारको चारित्र कहते हैं । यह चारित्र अहिंसादि व्रत भेदसे ५ प्रकारका है । जैसे, अहिंसा, सूनृत, अस्तेय, ब्रह्मचर्य्य, और अपरिग्रह ॥ ३१ ॥

न यत् प्रमादयोगेन जीवितव्यपरोपणम् ।
चराणां स्थावराणाञ्च तदहिंसाव्रतं मतम् ॥ ३२ ॥

उनमें प्रमादवशात्भी स्थावर जङ्गम पदार्थोंके हानि न करनेको अहिसा व्रत कहतेहैं ॥३२॥

प्रियं पथ्यं वचस्तथ्यं सूनृतं व्रतमुच्यते ।
तत्तथ्यमपि नो तथ्यमप्रियञ्चाहितञ्च यत् ॥ ३३ ॥

प्रिय, हित और सत्य वाक्यका नाम सूनृत व्रत है । जिसमें लोककी अप्रतीति, और अहित उत्पन्नहो, वैसा वाक्य उसप्रकार होनेपरभी तथ्य नहीं ॥ ३३ ॥

अनादानमदत्तस्यास्तेयव्रतमुदीरितम् ।
बाह्याः प्राणा नृणामर्थो हरता तं हता हि ते ॥ ३४ ॥

विना आज्ञा किसीके द्रव्य न लेनेका नाम स्तेय व्रत कहते हैं ॥ ३४ ॥

दिव्योदरिककामानां कृतानुमतकारितैः ।
मनोवाक्कायतस्त्यागो ब्रह्माष्टादशधा मतम् ॥ ३५ ॥

मनद्वारा, वाक्यद्वारा, और शरीरद्वारा दिव्य और औदयिक कर्म्मोंके त्याग करनेका नाम ै है । वह १८ प्रकारका है ॥ ३५ ॥

सर्वभावेषु मूर्च्छायास्त्यागः स्यादपरिग्रहः ।
यदसत्स्वपि जायेत मूर्च्छया चित्तविप्लवः ॥ ३६ ॥

सब विषयोंके प्रभाव घटनेपरभी उसके लिये मूर्च्छा अर्थात् मोह किसीप्रकार आविष्कार न होनेको अपरिग्रह व्रत कहते हैं । इसप्रकार अभाव होनेपर मूर्च्छा उपस्थित होनेसे चित्त विप्लव संघटित होजाता है ॥ ३६ ॥

भावनाभिर्भावितानि पञ्चभिः पञ्चधा क्रमात् ।
महाव्रतानि लोकस्य साधयन्त्यव्ययं पदमिति ॥ ३७ ॥

उल्लिखित महाव्रत सब यथा क्रमसे पांचप्रकारके भावनाद्वारा भावित होनेपर लोगोंको अव्ययपद संसाधित करते हैं ॥ ३७ ॥

भावनापञ्चकप्रपञ्चनञ्च प्ररूपितम्--
हास्यलोभभयक्रोधप्रत्याख्यानैर्निरन्तरम् ।
आलोच्य भाषणेनापि भावयेत् सूनृतं व्रतमित्यादिना॥३८॥

पांचप्रकारकी भावनाओंका सविस्तर वर्णन किया है । जैसे, हास्य, लोभ, भय, और क्रोध इनका प्रत्याख्यान और भाषण, इत्यादि सहायमें आलोचना करके निरन्तर सूनृत व्रतमें भावना करे ॥ ३८ ॥

एतानि सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मिलितानि । मोक्षकारणं न प्रत्येकं यथा रसायनज्ञानं श्रद्धानावरणानि सम्भूय रसायन-फलं साधयन्ति न प्रत्येकम् ॥ ३९ ॥

उल्लिखित सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, और सम्यग्चरित्र परस्पर मिलकर मोक्ष समुद्भावन करता है । नहीं मिलनेसे एकाकी मोक्षसाधनमें असमर्थ होता है । जिसप्रकार रसायनज्ञान, श्रद्धान और आवरण ये सब मिलकर, रसायन फल साधन करते हैं, परन्तु—एक २ नहीं करसकता ॥ ३९ ॥

अत्र संक्षेपतस्तावज्जीवाजीवाख्ये द्वे तत्त्वे स्तः । तत्र बोधात्मको जीवः, अबोधात्मकस्त्वजीवः । तदुक्तं पद्मनन्दिना ।
चिदचिद्द्वे परे तत्त्वे विवेकस्तद्विवेचनम्—
उपादेयमुपादेयं हेयं हेयञ्च कुर्वतः ॥ ४० ॥

इसमें संक्षेप विधानमें जीव और अजीव नामक दोप्रकारका तत्त्व सन्निविष्ट हुआ है । उसमें बोधात्मक जीव, और अबोधात्मक अजीव है । सो पद्मनन्दीने कहा है:—जैसे चिन्त और अचिन्त भेदसे परमतत्त्व दो प्रकारका है । जो उपादेय है उसका ग्रहण एवं जो हेय है उसका परिहार पूर्वक उल्लिखित दो प्रकारके तत्त्वोंकी विवेचना अर्थात् सविशेष विचार करनेहीका नाम विवेक है ॥ ४० ॥

हेयं हि कर्तृरागादि तत्त कार्य्यमविवेकिनः ।
उपादेयं परं ज्योतिरुपयोगैकलक्षणमिति ॥ ४१ ॥

हेय शब्दसे कर्ताका रागादि समझना चाहिये । यह रागादि अविवेकी कार्य्य है । जो उपादेय है, वही परंज्योतिका एकमात्र लक्षण है ॥ ४१ ॥

सहजचिद्रूपपरिणतिं स्वीकुर्वाणज्ञानदर्शने उपयोगः । सपरस्प-रप्रदेशानु प्रदेशबन्धात् कर्मणैकीभूतस्यात्मन्यन्यत्वप्रतिपत्ति-

कारणं भवति । सकलजीवसाधारणं चैतन्यमुपशमक्षयक्षयोपशमवशादौपशमिकक्षयात्मकक्षयौपशामिकभावेन कर्मोदयवशात् कलुषान्याकारेण च परिणतजीवपर्य्यायजीवविवक्षायां स्वरूपं भवति ॥ ४२ ॥

उनमें सहज चिद्रूप परिणति स्वीकार करनेपर, ज्ञानदर्शनमें जो उपयोग अर्थात् अधिकार उत्पन्न होता है, उसीको कर्म्मके साथ एक होकर आत्माकी अन्यत्व प्रतिपत्तिका हेतुभूत लक्षण कहते हैं । और सब जीव साधारण चैतन्य ही उपशमक्षय और क्षयोपशमन वशसे उपशमक क्षयात्मक और क्षयोपशमिक इन दो प्रकारके भाव सहायसे कर्म्मोदय प्रयुक्त कलुषरूप अन्य आकारस्वरूपमें परिणत होता है ॥ ४२ ॥

यदवोचद्वाचकाचार्य्यः--औपशमिकक्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य सत्त्वमौदयिकपारिणामिकौ चेति । अनुदयप्राप्तिरूपे कर्मण उपशमे सति जीवस्योत्पद्यमानो भावः औपशमिकः । यथा पङ्के कलुषतां कुर्वन्ति कतकादिद्रव्यसम्बन्धादधः पतिते जलस्य स्वच्छता । कर्मणः क्षयोपशमे सति जायमानो भावः क्षयिकः । यथा मोक्षः । उभयात्मा भावो मिश्रः । यथा जलस्यार्द्धस्वच्छता । कर्मोदये सति भवन् भाव औदयिकः । कर्मोपशाद्यनपेक्षः सहजो भावश्चे तनत्वादिः पारिणामिकः । तदेतत् सत्त्वं यथासम्भवं भव्यस्याभव्यस्य वा जीवस्य तत्त्वं स्वरूपमिति सूत्रार्थः ॥ ४३ ॥

वाचकाचार्य्यने कहा है, जीवका औपशमिक, क्षायिक, मिश्र, औदयिक, और पारिणामिक इन पांचप्रकारके भावका नाम सत्त्व है । उनमें कर्म्मका अनुदय प्राप्तिरूप उपशम घटनेपर; जीवके उत्पद्यमान भावको औपशमिक कहते हैं । जिसप्रकार पङ्क कलुषत्व सम्पादन पूर्वक निर्म्मल्यादि द्रव्यसम्बन्ध वशातः अधःपतित होनेपर जलकी स्वच्छता संघटित होती है । कर्म्मके क्षयोपशम होनेपर, जीवके जायमान भावको क्षायिक कहते हैं । जिसप्रकार मोक्ष । इसप्रकार उभयात्मक भावको मिश्र कहते हैं । जिसप्रकार जलकी अर्द्धस्वच्छता । कर्म्मके उदय होनेपर जिसभावका आविर्भाव होता है उसका नाम औदयिक है । और कर्म्मकी उपशमादिकी अपेक्षा परिहार कर, जो सहज भावका आविष्कार होता है उसका नाम पारिणामिक है । चेतनत्वादि इसभावमें अन्तर्निविष्ट है । इसीका नाम सत्त्व

है । अर्थात् यथासम्भव भव्य और अभव्य जीवका तत्त्व या स्वरूप है । यही सूत्रका अर्थ है ॥ ४३ ॥

तदुक्तम् स्वरूपसम्बोधने-

ज्ञानाद् भिन्नो न चाभिन्नो भिन्नाभिन्नः कथञ्चन ।
ज्ञानं पूर्वापरीभूतं सोऽयमात्मेति कीर्तित इति ॥ ४४ ॥

रूप सम्बोधनमें कहा है कि जैसेः—जो ज्ञानसे भिन्न नहीं. अभिन्न और जो किसीप्रकार भिन्न वा अभिन्न भी है तो उसको आत्मा कहते हैं । यही आत्मा पूर्वापरिभूत ज्ञान स्वरूप है ॥ ४४ ॥

ननु भेदाभेदयोः परस्परपरिहारेणावस्थानादन्यतरस्यैव वास्तवत्वादुभयात्मकमयुक्तमिति चेत्तदयुक्तं बाधे प्रमाणाभावात् । अनुपलम्भो हि बाधकं प्रमाणं न सोऽस्ति समस्तेषु वस्तुष्वनेकरसात्मकत्वस्य स्याद्वादिनो मते सुप्रसिद्धत्वादित्यलम् ॥ ४५ ॥

यदि कहो, भेद और अभेद ये परस्पर परिहार कर अवस्थान करते हैं । इसलिये इनमें अन्यतरका वास्तवत्त्व कहनेसे उभयात्मकत्व कहना सङ्गत नहीं होसकता, यह सत्य तो है । किन्तु बाध विषयमें प्रमाण कह अभाववशतः यह सर्वथा अयुक्त है । अनुपलम्भ ही बाधक प्रमाण है । यहां वह नहीं है । सब ही वस्तुमें अनेक रसात्मकताका अनुपलम्भ होता है । अर्थात् किसी वस्तुमें अनेक रस रहनेपर भी एक समयमें इन अनेक रसोंकी प्रतीति नहीं होती । अतएव ये अनेक रस-आत्मामें ज्ञानका भेदाभेद वादीके मतमें भी प्रसिद्ध ही है ॥ ४५ ॥

अपरे पुनर्जीवाजीवयोरपरं पञ्चमाचक्षते जीवाकाशधर्माधर्मपुद्गलास्तिकायभेदात् । एतेषु पञ्चसु तत्त्वेषु कालत्रयसम्बन्धितया स्थितिव्यपदेशः, अनेकप्रदेशत्वेन शरीरवत् कायव्यपदेशः । तत्र जीवा द्विविधाः, संसारिणो मुक्ताश्च । भवाद्भवान्तरप्राप्तिमन्तः संसारिणः । ते च द्विविधाः, समनस्का अमनस्काश्च । तत्र संज्ञिनः समनस्काः, शिक्षाक्रियालापग्रहणरूपा संज्ञा तद्विधुरास्त्वमनस्काः । ते चामनस्का द्विविधाः, त्रसस्थावरभेदात् । तत्र द्वीन्द्रियादयः शङ्खगण्डोलकप्रभृतयश्चतुर्विधा-

स्त्रयाः, पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतयः स्थावराः तत्र मार्गगतधूलिः पृथिवी, इष्टकादिः पृथिवीकायः, पृथिवी कायत्वेन येन गृहीता स पृथिवीकायकः, पृथिवीं कायत्वेन यो ग्रहीष्यति स पृथिवीजीवः । एवमबादिष्वपि भेदचतुष्टयं योज्यम् । तत्र पृथिव्यादि कायत्वेन गृहीतवन्तो ग्रहीष्यन्तश्च स्थावरा गृह्यन्ते न पृथिव्यादिपृथिवीकायादयः तेषां जीवत्वात् । ते च स्थावराः स्पर्शनैकेन्द्रियाश्च भवान्तरप्राप्तिविधुरा मुक्ताः धर्माः धर्माधर्माकाशास्तिकायास्ते एकत्वशालिनो निष्क्रियाश्च द्रव्यस्य देशान्तरप्राप्तिहेतुः ॥ ४६ ॥

कोई २ जीव और अजीव दोनोंका अन्यविध प्रपञ्च वर्णन करते हैं, जैसे जीव, आकाश, धर्म्म, अधर्म्म, पुद्गल, और अस्तिकाय येही पांच तत्त्व कालत्रय सम्बन्धी हैं । सुतरां इनकी जिस प्रकार स्थिति है, कहा जाता है, उसीप्रकार अनेक प्रदेशविशिष्ट कहकर, जीव की नाईं इनका कार्यभी है, कहा जासकता है । उनमें जीव दोप्रकारका है, संसारी और मुक्त । जो लोग जन्मके बाद जन्म लेते हैं, उन लोगोंको संसारी कहते हैं । ससारी ‍ ‍के हैं समनस्क और अमनस्क । उनमें जो लोग संज्ञाविशिष्ट हैं, उनको समनस्क ‍ हैं । यहां संज्ञा शब्दसे शिक्षा, क्रिया, आलाप. और ग्रहण होता है । जिनकी संज्ञा ‍ उनको अमनस्क कहते हैं । अमनस्क और भी दोप्रकारका है । जैसेः— त्रय और थावर । उनमें, उनको दो तो इन्द्रिय हैं, तादृश शङ्ख और गण्डोलक प्रभृति चारप्रकारके प्राणीको " त्रय " कहते हैं । और पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति ये सब स्थावर नामसे परिगणित हैं । उनमें मार्गके धूलिका नाम पृथिवी है, और इष्टकादि पृथिवीका शरीर है । जिनने पृथिवीको कायरूपमें ग्रहण किया है, उसका नाम पृथिवीकायक है । और जो पृथिवीको कायत्वसे ग्रहण करेगा, उसको पृथिवीजीव कहते हैं । इन्हीं जल प्रभृति अवशिष्ट पदार्थोंमे भी चार भेदोंकी योजना होसकती है । जैसेः—जल, जलकाय, जलकायक और जलजीव इत्यादि । उनमें, जिन लोगोंने पृथिव्यादिको कायरूपसे ग्रहण किया है, और जो करेंगे, वे लोग स्थावर रूपसे परिगृहीत होते हैं । पृथिव्यादि और पृथिवीके कायादि जीव कहकर स्थावर सब स्पर्शनरूप एकमात्र इन्द्रियविशिष्ट उनको जन्मान्तर प्राप्ति नहीं होती । इस कारण वे लोग मुक्त हैं । उनका धर्म्माधर्म्म आकाश और अस्तिकाय है, वे लोग एकत्व सम्पन्न और क्रियाहीन एवं द्रव्यकी देशान्तर प्राप्तिका कारण है ॥ ४६ ॥

तत्र धर्माधर्मौ प्रसिद्धौ आलोकेनाविच्छिन्ने नभसि लोकाकाशपदवेदनीये सर्वत्रावस्थितिगतिस्थित्युपग्रहो धर्माधर्मयोरुपकारः, अत एव धर्मास्तिकायः प्रवृत्त्यनुमेयः अधर्मास्तिकायः स्थित्यनुमेयः । अन्यवस्तुप्रदेशमध्येऽन्यस्य वस्तुनः प्रवेशोऽवगाहः तदाकाशकृत्यम् । स्पर्शरसवर्णवन्तः पुद्गलाः । ते च द्विविधाः,अणवः स्कन्धाश्च।भोक्तुमशक्या अणवः।द्व्यणुकादयः स्कन्धाः । तत्र द्व्यणुकादिस्कन्धभेदादण्वादिरुत्पद्यते, अण्वादिसङ्घातात् द्व्यणुकादिरुत्पद्यते। क्वचिद्भेदसंघाताभ्यां स्कन्धोत्पत्तिः, अतएव पूरयन्ति गलतीति पुद्गलाः । कालस्यानेकप्रदेशत्वाभावेनाऽस्तिकायत्वाभावेऽपि द्रव्यत्वमस्ति तल्लक्षणयोगात् ॥ ४७ ॥

इनमें धर्माधर्म्मके करनेकी आवश्यकता नहीं । वह प्रसिद्ध ही है । जो लौकिक आकाश शब्दसे परिज्ञात है, एवं जो आलोकद्वारा विच्छिन्न नहीं होता । उसी नभोमण्डलमें सर्व्वत्र अवस्थिति है इन तीन व्यापारोंका समाधान धर्म्माधर्म्मका उपकार । अर्थात् धर्म्माधर्म्मद्वारा यही उपकार लाभ होता है, जो, इसप्रकार सर्व्वत्र अवस्थानादि किया जासकता है । अतएव धर्म्मास्तिकाय प्रवृत्तिद्वारा अनुमेय । अर्थात् जिसस्थानमे प्रवृत्ति है, उसी स्थान मे धर्म्म है । अनुमान करना चाहिये । और जिसस्थानमे स्थिति है, अर्थात् प्रवृत्तिका अभाव है. उसी स्थानमें अधर्म्मास्तिकाय अर्थात् अधर्म्म है ‍ नहीं धर्म्मका अभाव समझना होगा । अन्य वस्तुके प्रदेशमें अन्य वस्तुके प्रवेशको अवगाह कहते हैं । इसका नाम आकाशकृत्य अर्थात् आकाशका कार्य्य है । जिसमें स्पर्श. रस और वर्ण है. उनको पुद्गल कहते है । वे दोप्रकारके हैं. अणु और. स्कन्ध । उनमें जिनको भोग न किया जासके इनको अणु कहते है । और द्व्यणुकादिको स्कन्द कहते हैं । उनमें. द्व्यणुकादि स्कन्ध भेद से अण्वादिकी उत्पत्ति होती है और अण्वादिकी संघातसे द्व्यणुकादि उत्पन्न होता है । या कहीं भेद और संघात दोनोंहीके योगसे स्कन्धकी उत्पत्ति होती है । इसी कारण, जो पूरण करता एवं गलितहो उसको पुद्गल कहते हैं कालके बहु प्रदेशविशिष्टत्व न रहनेपर प्रयुक्त उसका अस्तिकायत्व न रहनेपरभी उसको द्रव्य नामसे निर्देश किया जासकता है । क्योंकि, उसमें द्रव्यका लक्षण है ॥ ४७ ॥

तदुक्तं गुणपर्य्यायवद्द्रव्यमिति । द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणाः । यथा जीवस्य ज्ञानत्वादिसामान्यरूपाः पुद्गलस्य रूपत्वादि-

सामान्यस्वभावा धर्माधर्माकाशकायानां यथासम्भवं गतिस्थित्यवगाहहेतुत्वादिसामान्यानि गुणाः । तस्य द्रव्यस्योक्तरूपेण भवनमुत्पादः तद्भावः परिणामः पर्य्याय इति पर्य्यायाः । यथा जीवस्य घटादिज्ञानसुखक्लेशादयः पुद्गलस्य मृत्पिण्डघटादयः धर्मादीनां गत्यादिविशेषाः, अतएव षट् द्रव्याणीति प्रसिद्धिः ॥ ४८ ॥

इसी प्रकार—कहा है, जो गुण पर्याय विशिष्ट है, उसका नाम द्रव्य है । उसमें, जो द्रव्यके आश्रित और निर्गुण है; उसका नाम गुण है । जिसप्रकार, जीवका ज्ञानत्वादि सामान्यरूप गुण पुद्गलके रूपत्वादि सामान्य स्वभाव गुण है, और धर्म्माधर्म्म और आकाश और कायकी यथा सम्भव गति, स्थिति और अवगाहहेतुत्वादि सामान्यगुण उसी द्रव्यके उत्तररूपसे उत्पादन, परिणाम और पर्य्यायको पर्य्याय कहते हैं । इस कारण द्रव्य छः प्रकार कहकर प्रसिद्ध है ॥ ४८ ॥

केचन सप्त तत्त्वानीति वर्णयन्ति । तदाह जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरमोक्षास्तत्त्वानीति । तत्र जीवाजीवौ निरूपितौ । आस्रवो निरूप्यते । औदारिकादिकायादिचलनद्वारेणात्मनश्चलनं योगपदवेदनीयमास्रवः । यथा सलिलावगाहिद्वारं नद्यास्रवणं कारणत्वादास्रव इति निगद्यते तथा योगप्रणाडिकया कर्मास्रवतीति स योग आस्रवः । यथा आर्द्रं वस्त्रं समन्ताद्वातानीतं रेणुजातमुपादत्ते तथा कषायजलार्द्र आत्मा योगानीतं कर्म सर्वप्रदेशैर्गृह्णाति । यथा वा निष्टप्तायःपिण्डे जले क्षिप्ते अम्भः समन्ताद्गृह्णाति तथा कषायोष्णो जीवो योगानीतं कर्म समन्तादादत्ते । कषति हिनस्त्यात्मानं कुगतिप्रापणादिति कषायः क्रोधो मानो माया लोभश्च । स द्विविधः शुभाशुभभेदात् । तत्राहिंसादिः शुभः काययोगः सत्यमितहितभाषणादिः शुभो वाग्योगः तदेतदास्रवभेदप्रभेदजातं कायवाङ्मनःकर्मयोगः स आस्रवः शुभः पुण्यस्य अशुभः पापस्येत्यादिना सूत्रसन्दर्भेण

ससंरम्भमभाणि । अपरे त्वेवं मेनिरे आस्रवयति पुरुषं विषये-ष्विन्द्रियप्रवृत्तिरास्रवः । इन्द्रियद्वारा हि पौरुषं ज्योतिर्विषयान स्पृशद्रूपादिज्ञानरूपेण परिणामित इति ॥ ४९ ॥

कोई २ सातप्रकारके तत्त्व कहते हैं । जैसे जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संरव, निर्जर और मोक्ष उनमें जीव और अजीवका स्वरूप पूर्वही निरूपित हुआ है इस समय आस्रव स्वरूपका व्याख्यान किया जाता है । औदयिकादि कायादिका चलनद्वारा आत्माका जो चलन होता है. जो योगशब्दसे प्रचलित होता है, उसका नाम आस्रव है । जिसप्रकार जलके चलनद्वारा नदीका चलन होता है । उसी चलनको कारणत्व वशात् आस्रव कहते हैं । उसीप्रकार योग प्रणाडीद्वारा कर्म्म सबका आस्रव अर्थात् स्वच्छ न होता है । उसी योगको आस्रव कहते हैं । जिसप्रकार, भीगावस्त्र चारोंओरसे वायुवशात् आनीत रेणु समूहको ग्रहण करता है, उसीप्रकार कषाय जलसे आर्द्र होकर आत्मा योगवलसे आनीत कर्म्मको सर्व्व प्रदेशसे ग्रहण करता है । या जिसप्रकार अतिशय उत्तप्त लोहपिण्ड जलमें क्षिप्तहोनेपर सब ओरसे शीकर समस्त ग्रहण करते हैं, उसी प्रकार कषायोष्ण जीव योगानीत कर्म्म सब ओरसे ग्रहण किया जाता है । अर्थात् कुगति प्राप्तकर आत्माको हीनभावापन्न करते है, इसलिये इसका नाम कषाय है । क्रोध, लोभ, माया और मान इन सबको कषाय कहते हैं । कषाय दोप्रकारका है । जैसे:—शुभ और अशुभ । उनमें अहिंसादि शुभका योग एवं सत्य. मित और हित भाषणादि शुभ वाग्योग । दूसरे २ लोग यों कहते है जो. आस्रव शब्दसे इन्द्रिय प्रवृत्ति ग्रहण करना चाहिये । क्योंकि, इस पुरुषको आस्रवमें अर्थात् विषयमें गूढ आसक्त किया है । इसलिये इसका नाम आस्रव है । उसी प्रकार—पौरुष ज्योति इन्द्रियद्वारा ही विषय सब स्पर्शकर रूपादि ज्ञानरूपसे परिणामित होता है ॥ ४९ ॥

मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषायवशाद्योगवशाच्चात्मा सूक्ष्मैक-क्षेत्रावगाहिनामनन्तानन्तप्रदेशानां पुद्गलानां कर्मबन्धयोग्याना-मादानमुपश्लेषणं यत् करोति स बन्धः । तदुक्तं, सकषायत्वा-ज्जीवः कर्मभावयोग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्ध इति तत्र कषाय-ग्रहणं सर्वबन्धहेतूपलक्षणार्थम् । बन्धहेतून् पपाठ वाचकाचार्य्यः मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाया बन्धहेतव इति मिथ्यादर्शनं द्विविधं मिथ्याकर्मोदयात् परोपदेशानपेक्षं तत्त्वाश्रद्धानं नैसर्गि-कमेकम् अपरं परोपदेशजम् । पृथिव्यादिषट्कायादानकं पाडि-

न्द्रियासंयमनञ्च अविरतिः। पञ्चसमिति गुप्तिष्वनुत्साहः प्रमादः। कषायः क्रोधादिः। तत्र कषायान्ताः स्थित्यनुभावबन्धहेतवः प्रकृतिप्रदेशबन्धहेतुर्योग इति विभागः॥ ५० ॥

आत्मा मिथ्या दर्शन अविरति प्रमाद और कषायवशात एवं योगवशात् अनन्तानन्त प्रदेशविशिष्ट और कर्म्मबन्धके उपयोगी पुद्गल सबका जो परिग्रह और परिहार करते हैं। उसका नाम बन्ध है। सो कहा है, जैसेः—जीव कषायवशात् कर्म्मभाव योग्य पुद्गल सबको जो परिग्रह करते हैं, उसको बन्ध कहते हैं। यहां कषायशब्दसे जितने बन्धके हेतु हैं, जानना चाहिये वाचकाचार्य्यने इस प्रकार बन्ध हेतु सब निर्दिष्ट किया है। जैसेः— मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद और कषाय ये सब बन्धके हेतु हैं। मिथ्यादर्शन दोप्रकारका है। प्रथम मिथ्याकर्म्मके उदर वशसे परायेके उपदेशके व्यतिरेकसे समुद्र भूत तत्त्वाश्रद्धान है। यह नैसर्गिक है। द्वितीय परोपदेश जनिता पृथिवी प्रभृति छः उपदेशात्मक छः इन्द्रियका संयमन नहीं करनेका नाम अविरति है। पांच प्रकारकी समिति गुप्तिमें जो उत्साह विरह है, उसको प्रमाद कहते हैं। कषाय शब्दसे क्रोधादि उनमें मिथ्या दर्शनसे कषाय पर्य्यन्त ४ स्थिति और अनुभवसे बन्धका कारण है। और योग प्रकृति और प्रदेशके बन्धका हेतु है। यह विभाग है॥ ५० ॥

बन्धश्चतुर्विध इत्युक्तं, प्रकृतिस्थित्यनुभावप्रदेशास्तु तद्विधय इति यथा निम्बगुडादेस्तिक्तत्वमधुरत्वादिस्वभावः एवमावरणीयस्य ज्ञानदर्शनावरणत्वमादित्यप्रभोच्छेदकाम्भोधरवत् प्रदीपप्रभातिरोधायककुम्भवच्च सदसद्वेदनीयस्य सुखदुःखोत्पादकत्वमसिधारामधुलेहनवद्दर्शनमोहनीयस्य तत्त्वार्थाश्रद्धानकारित्वं दुर्जनसङ्गवच्चारित्रे मोहनीयस्यासंयमहेतुत्वं मद्यमदवदायुषो देहबन्धकर्तृत्वं जलवत् नाम्नो विचित्रनामकारित्वं चित्रकवद्गोत्रस्योच्चनीचकारित्वं कुम्भकारवद्दानादीनां विघ्ननिदानत्वमन्तरायस्य स्वभावः कोशाध्यक्षवत। सोऽयं प्रकृतिबन्धोऽष्टविधः द्रव्यकर्मावान्तरभेदमूलप्रकृतिवेदनीयः। तथावोचदुमास्वातिवाचकाचार्य्यः आद्यो ज्ञानदर्शनावरणवदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तराया इति तद्भेदञ्च समगृह्णात पञ्चनवाष्टाविंश-

तिचतुर्द्विचत्वारिंशद्द्विपञ्चदशभेदा यथाक्रममिति । एतच्च सर्वं विद्यानन्दादिभिर्विवृतमिति विस्तरभयान्न प्रस्तूयते ॥ ५१ ॥

बन्ध चारप्रकारका है । प्रकृति, स्थिति, अनुभव और प्रदेश । निम्ब और गुडादिका तीतापन और मधुरता आदि स्वभावहै इसीप्रकार आवरणीय वस्तुका ज्ञान दर्शनका आवरण करनाही स्वभावहै । जिसप्रकार, मेघ सूर्य्यका प्रभावका आवरक एवं कुम्भ प्रदीप के प्रभाका उच्छेदक है पुनः सदसद्वेदनीयवस्तुका स्वभाव सुख और दुःखका उत्पादन करना । जैसेः—असिधारामें मधु अर्पण कर लेहन करनेपर सुख और दुःख दोनोंही उत्पन्न होते है । दर्शन मोहनीय अर्थात् जिसके देखनेहीसे मोह उत्पन्न हो, जैसे वस्तुका स्वभाव, तत्त्वार्थसे अश्रद्धानकारित्व, जिस प्रकार दुर्जनसंगसे तत्त्वार्थमें अश्रद्धान उत्पन्न होता है चरित्र मोहनीय वस्तुका स्वभाव असंयम समुत्पादन करना जिस प्रकार मद्यमद असंयमका [illegible] है । देहसे बन्धनका संधान करना आयुका स्वभाव है कुम्भकारकी नाई उच्च नीच [illegible] । असंज्ञयका स्वभाव, जो साध्यक्षकी नाई ज्ञानादि व्यापारपरम्पराका विघ्न उत्पा-[illegible] है । यह प्रकृतिबन्ध आठप्रकारका है । यह द्रव्य कर्म्म अवान्तरभेद और दन करते द्वारा वेदनीय है अर्थात् परिज्ञात होजाता है उसी प्रकार उमास्वामी वाचक। मूलमन्त्रे कहा है, ज्ञानदर्शन, आवरण, वेदनीय, मोहनीय आयु, नाम, गोत्र और [illegible], ये ही आठ प्रकारका प्रकृतिबन्ध है इससे भिन्न पांच, नौ, अठाईस, बेआलीस, अन्तराय५ प्रकार भेदभी परिदर्शित हुआ है विद्यानन्द प्रभृतिनेभी ये सब भेद कहे हैं, एवं बाहुल्य वे सब प्रकाशित नहीं किये गये ॥ ५१ ॥

[illegible]जागोमहिष्यादिक्षीराणामेतावन्तमनेहसं माधुर्य्यस्वभा-यथा [illegible]स्थितिः तथा ज्ञानावरणादीनां मूलप्रकृतीनामादित-[illegible]णामन्तरायस्य च त्रिंशत्सागरोपमकोटिकोट्यः परा स्थितिरित्यादि कालदुर्धानवत् स्वीयस्वभावादप्रच्युति-स्थितिः ॥ ५२ ।

यथा अजागोमहिष्यादिक्षीराणां तीव्रमन्दादिभावेन स्वकार्य्य-कारणे सामर्थ्यविशेषोऽनुभावः तथा कर्मपुद्गलानां स्वकार्य्य-कारणे सामर्थ्यविशेषोऽनुभावः ॥ ५३ ॥

जैसे—अजा, गो और महिषी प्रभृतिकी क्षीर राशिका तीव्र मन्दादि भावसे स्वकार्य करनेमें सामर्थ्यविशेषको अनुभाव कहते हैं, उसीप्रकार कर्म्म पुद्गल सबका स्वकार्य्य करनेमें सामर्थ्यविशेषका नाम अनुभाव है ॥ ५३ ॥

कर्मभावपरिणतपुद्गलस्कन्धानामनन्तान्तप्रदेशानाम् आत्मप्र-देशानुप्रवेशः प्रदेशबन्धः ॥ ५४ ॥

कर्म्मभाव प्राप्त अनन्तानन्त प्रदेशविशिष्ट पुद्गलस्कन्ध सबका आत्मप्रदेशमें अनुप्रवेशको प्रदेशबन्ध कहते हैं ॥ ५४ ॥

आस्रवनिरोधः संवरः, येनात्मनि प्रविशत् कर्म प्रतिषिध्यते स गुप्तिसमित्यादिः संवरः। संसारकारणाद्योगादात्मनो गो गुप्तिः। सा त्रिविधा कायवाङ्मनोनिग्रहभेदात्। प्राणिपीडा हारेण सम्यगयनं समितिः सा ईर्य्याभाषादिभेदात् पञ्चधा ॥

आस्रवनिरोधका नाम संवन्धहै। जिसके द्वारा आत्मामें प्रवेशोद्यत कर्म्म प्रति है, उसका नाम गुप्तिसमित्यादि संवरहै। संसारके हेतुभूत योगसे आत्माके गो गुप्ति कहते हैं गुप्ति तीन प्रकारकी है, जैसे—कायनिग्रह, मनोनिग्रह और वाक्य योंकि जिसमें पीड़ा अर्थात् क्लेश उपस्थित न होसके, अनुरूप अयन अर्थात् नाम समिति है। यह समिति ईर्य्या, और भाषा भेदसे पांच प्रकारकी समिति, भाषासमिति, रोषणासमिति, सादानसमिति और सोत्सर्गसमि

प्रपञ्चितञ्च हेमचन्द्राचार्य्यैः—

लोकातिवाहिते मार्गे चुम्बिते भास्वदंशुभि

जन्तुरक्षार्थमालोक्य गतिरीर्य्या मता

हेमचन्द्राचार्य्यने इसका यथाक्रमसे सविस्तर वर्णन किया प्रकाशित लोगोंके अतिवाहित मार्गमें प्राणियोंकी रक्षणार्थ विशे नेका नाम ईर्य्यासमिति है ॥ ५६ ॥

का-
वदा-
चित्र-
निदान-
तिवन्धोऽ-
यावोचदुमा-
प्रमोहनीया-
प्रष्टाविंश-

आपद्यनागतः सर्वजनीनं मितभाषणम् ।
प्रिया वाचंयमानां सा भाषासमितिरुच्यते ॥ ५७ ॥

जिसमें सबलोगोके मनकी प्रीति उत्पन्न होसके इसप्रकार मितवाक्य प्रयोग करनेका नाम भाषासमिति है । जिन लोगोंने संयम किया है, यह भाषासमिति उन सबको प्रिय है ॥ ५७ ॥

द्विचत्वारिंशता भिक्षादोषैर्नित्यमदूषितम् ।
मुनिर्यदन्नमादत्ते सैषणासमितिर्मता ॥ ५८ ॥

ये जो ४२ प्रकारके भिक्षादोष कहे गये हैं जिसमें उन सबका किसीप्रकार संस्पर्श नहीं तादृश अन्नग्रहणकरनेका नाम सेषणासमिति है ॥ ५८ ॥

आसनादीनि संवीक्ष्य प्रतिलङ्घ्य च यत्नतः ।
गृह्णीयान्निक्षिपेद् ध्यायेत् सादानसमितिः स्मृता ॥ ५९ ॥

है आसनादि समुदाय सम्यक् रूपसे दर्शन और यत्नपूर्वक प्रतिलङ्घन कर ग्रहण, निक्षेप बार ध्यान करना चाहिये इसका नाम सादान समिति है ॥ ५९ ॥

दन कर कफमूत्रमलप्रायैर्निर्जन्तु जगतीतले ।
मूलमर्का यत्नाद्यदुत्सृजेत् साधुः सोत्सर्गसमितिर्भवेत् ॥ ६० ॥

दार्थ्य, मूत्र. और मलकी अधिकतासे ससार जन्तुरहित होसकताहै । इस कारण साधु- अन्तरायपूर्वक सो सब छोडेंगे । इसका नाम सोत्सर्गसमिति है ॥ ६० ॥

एव दावनवास्रवः स्रोतसो द्वारं संवृणोतीति संवर इति निराहुः ।
विस्तारभयसे प्रयुक्तैः—

यथा अभ्युति भवहेतुः स्यात् संवरो मोहकारणम् ।
स्तिसृणासन्हैती मुष्टिरन्यदस्याः प्रपञ्चनम् ॥ ६१ ॥

स्थातिरित्याद्यु तसे अर्थात उत्पत्ति संतरण करनेसे उसका नाम संवर हुआ है । ऋषिहन्तोने सो ही कहा है । जैसे आस्रव उत्पत्ति का हेतु, एवं
स्थितिः ॥ ६२ ॥ तने इसप्रकार भी भाषा किया है । अन्य प्रकारभी इसका ॥

तपःप्रभृतिभिर्निर्जरणं निर्जराख्यं तत्त्वं
कलापं पुण्यं सुखदुःखे च देहेन जन्यानि
…नादिकं तप उच्यते ॥ ६२ ॥

अर्जित अर्थात् सञ्चित कर्म्मका तप प्रभृतिद्वारा निर्जरण अर्थात् क्षय करनेका नाम निर्जरा नामका तत्त्व है। जिसके द्वारा बहुत दिनोंका सञ्चित कषाय, कलाप, पुण्य, सुख और दुःख देहके साथ जरित अर्थात् विनाशित होता है, उसको तप कहते हैं। केशलुञ्चनादि इस तपका स्वरूप है ॥ ६२ ॥

सा निर्जरा द्विविधा यथा कालोपक्रमिकभेदात्। तत्र प्रथमा यस्मिन् काले यत् कर्म फलप्रदत्वेनाभिमतं तस्मिन्नेव काले फलदानाद्भवन्ती निर्जरा कामादिपाकजेति च गेगीयते। यत् कर्म तपोबलात् स्वकामनयोदयावलिं प्रवेश्य प्रपद्यते तत् कर्म निर्जरा ॥ ६३ ॥

यह निर्जराके दो प्रकार हैं। काल निर्जरा और औपक्रमिक निर्जरा। उनमे जिस कालमें जो कर्म्म फलप्रद करके अभिमत है, उसी कालमें फलदान करता है, इस हेतु काल निर्जरा हो जाता है। इस काल निर्जराको कामादि पाकजा भी कहते है। जो कर्म्म तपोबलसे कर्त्ताके स्वीय कामनासे उदय परम्परा लाभकर प्रतिपन्न होता है, उसका नाम कर्म्म निर्ज्जरा है ॥ ६३ ॥

यदाह–

संसारबीजभूतानां कर्मणां जरणादिह।
निर्जरा संस्मृता द्वेधा सकामा कामनिर्जरा।
स्मृता सकामा यमिनामकामा त्वन्यदेहिनामिति ॥ ६४ ॥

उसी प्रकारकी कहा है जो, संसारके बीजभूत कर्म्म सबका जरण अर्थात् क्षय करते हैं इससे निर्ज्जरा नाम हुआ है। यह दो प्रकारका है, सकामा और निर्ज्जरा है। उनमें यमी आदि पक्षमें सकामा और अन्य देही आदिके पक्षमें अकामा प्रगल्भ है ॥ ६४ ॥

मिथ्यादर्शनादीनां बन्धहेतूनां निरोधः अभिनवकर्माभावात्, निर्जराहेतुसन्निधानेनार्जितस्य कर्मणो निरसनादात्यन्तिककर्ममोक्षणं मोक्षः, बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्यां कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षणं मोक्ष इति तदनन्तरमूर्द्ध्वं गच्छत्यालोकान्तात् यथा हस्तदण्डादिभ्रमिप्रेरितं कुलालचक्रमुपरतेऽपि तस्मिन् तद्बलादेवासंस्कारक्षयं भ्रमति तथा भवस्थेनात्मना अपवर्गप्राप्तये बहुशो

यत् कृतं प्रणिधानं मुक्तस्य तदभावेऽपि पूर्वसंस्कारादालोकान्तं गमनमुपपद्यते यथा वा मृत्तिकालेपकृतमलाबुद्रव्यं जलेऽधः पतति पुनरपेतमृत्तिकाबन्धमूर्ध्वं गच्छति तथा कर्मरहित आत्मा असङ्गत्वादूर्ध्वं गच्छति । बन्धच्छेदादेरण्डबीजवच्चोर्ध्वगतिस्वभावाच्चाग्निशिखावत् ॥ ६५ ॥

उल्लिखित मिथ्या दर्शनादि जो सब बन्धके कारण कहकर परिगणित हैं, उनके निरोधका नाम मोक्ष है, अथवा अभिनव कर्म्मके अभाव एवं निर्ज्जरा हेतुके सन्निधान द्वारा अर्जित कर्म्मका निरसन इसी दोनों प्रकारके उपायोंसे आत्यन्तिक अर्थात् एकही बारमें जिस कर्म्मका मोक्षण अर्थात् परिहार संघटित होता है, उसको मोक्ष कहते हैं, अथवा बन्धका कारण एवं उत्पत्तिका हेतु-यही दो प्रकारका निर्ज्जरा सहायसे कर्म्मका निःशेष वर्ज्जनका नाम मोक्ष है । जैसेः—इस मोक्षके पीछे आलोकनामे ऊपर गमन होता है जैसेः—हाथ दण्डादि द्वारा भ्रमण कराकर चला देनेसे कुम्भकारके चक्र उसकी निवृत्तिमें भी उसके प्रभावसे जबतक वेगका क्षय नहीं होता, तबतक भ्रमण रहता है, इसी प्रकार भवस्थ आत्मा द्वारा अपवर्गप्राप्तिके लिये बारम्बार जो प्रणिधान समाहित होता है, मुक्तावस्थामें उसके अभाव होनेपरभी पूर्व्वसंस्कारबलसे आलोकान्त गमन उपपन्न होता है । अथवा जैसे, मिट्टीसे लिपा हुआ अलाबू (तुम्बी) जलमें डूबता है मृत्तिका लेप छुड़ा देनेसे, फिर तुम्बी जलपर ऊपर होजाती है, इसी प्रकार कर्म्मरहित असङ्गत्वगतः ऊपर होजाता है एरण्ड बीज और अग्निकी शिखा इनका जिस प्रकार ऊर्ध्व गमन करना स्वभाव है, आत्मा भी उसी प्रकार स्वभावतः ऊर्ध्वगमन शील है, इसी कारण बन्धके उच्छेदहोनेसे, जो अविभाग रूपसे अवस्थान घटता है, उसकी इस प्रकार ऊर्ध्वगति होती है ॥ ६५ ॥

अन्योन्यं प्रदेशानुप्रवेशे सत्यविभागेनावस्थानं बन्धः परस्परप्राप्तिमात्रं सङ्गः । तदुक्तं पूर्वप्रयोगादसङ्गत्वाद् बन्धच्छेदात्तथा गतिपरिणामाच्चाविरुद्धं कुलालचक्रवद् व्यपगतलेपालाबुवदेरण्डबीजवदग्निशिखावच्चेति ॥ ६६ ॥

अतएव पठन्ति--

गत्वा गत्वा निवर्त्तन्ते चन्द्रसूर्य्यादयो ग्रहाः।
अद्यापि न निवर्त्तन्ते त्वालोकाकाशमागता इति॥ ६७॥

इसी कारण निर्देश किया है कि, चन्द्र सूर्य्यादि ग्रहगण बारम्बार गमनकर निवृत्त होते हैं किन्तु जिनने आलोकाकाशसे गमन किया है, वे अबतक नही वापस आए हैं॥६७॥

अन्ये तु गतसमस्तक्लेशतद्वासनस्यानावरणज्ञानस्य सुखैकतानस्यात्मन उपरिदेशावस्थानं मुक्तिरित्यास्थिषत। एवमुक्तानि सुखदुःखसाधनाभ्यां पुण्यपापाभ्यां सहितानि नवपदार्थान् केचनाङ्गीचक्रुः। तदुक्तं सिद्धान्ते, जीवाजीवौ पुण्यपापयुतावास्रवः संवरो निर्जरणं बन्धो मोक्षश्च नव तत्त्वानीति। सङ्ग्रहे प्रवृत्ता वयमुपरताः स्म॥ ६८॥

अन्यान्य लोगोने कहा है, समस्त क्लेशहीन, सम्पूर्ण वासना विहीन और अनावरण ज्ञान सम्पन्न होनेपर आत्मा सुखमात्रकी प्राप्तिमें मुक्ति भावापन्न हुआ है। जो ऊपरको रहता है। उसका नाम मुक्ति है। इस प्रकार कोई २ सुख और दुःखका साधनस्वरूप पुण्य पाप सहित नव ९ पदार्थोंको मानते हैं। सिद्धान्तमें उसको कहा है। जैसे जीव और अजीव पुण्य, पाप, आस्रव, सम्वर, निर्जरण, बन्ध, मोक्ष, येही नव ९ तत्त्व हैं। हम लोग संग्रहमें प्रवृत्त हैं, सुतरां इसी स्थानमें निवृत्त हुए॥ ६८॥

अत्र सर्वत्र सप्तभङ्गिनयाख्यं न्यायमवतारयन्ति जैनाः स्यादस्ति स्यान्नास्ति स्यादस्ति च नास्ति च स्यादवक्तव्यः स्यादस्ति चावक्तव्यः स्यान्नास्ति चावक्तव्यः स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्य इति॥ ६९॥

जैन लोग सर्वत्र सप्तभङ्गि नय नामक न्यायकी अवतारणा करते हैं। जैसे, स्यादस्ति, किसप्रकार है; स्यान्नास्ति, अर्थात् किसप्रकार नही है। स्यादस्ति नास्ति च, अर्थात् किस प्रकार है और नहीं। स्यादस्ति चावक्तव्य, अर्थात् किस प्रकार है, सो नही कहा जाता स्यान्नास्तिचावक्तव्य, अर्थात् किसप्रकार नही सोभी नही कहा जाता। स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्य अर्थात् किस प्रकार है और नहीं कहा नही जाता येही सात भङ्गिनय नामक न्याय है॥ ६९॥

तत्सर्वमनन्तवीर्य्यः प्रत्यपीपदत्। तद्विधानविवक्षायां स्यादस्तीति गतिर्भवेत्। स्यान्नास्तीति प्रयोगः स्यात्तन्निषेधे विवक्षिते॥ ७०॥

अनन्तवीर्यने इन सबको इस प्रकार प्रतिपादन किया है. जो जहां विधान विवक्षित होता है, वही प्रथम न्यायकी अवतारणा होती है; जिस स्थानमें इस प्रथम न्यायका निषेध विवक्षित हो, उस स्थानमे द्वितीय न्यायका प्रयोग होता है ॥ ७० ॥

क्रमेणोभयवाञ्छायां प्रयोगः समुदायभाक्। युगपत्तद्विवक्षायां स्यादवाच्यमशक्तितः॥ ७१ ॥

यथाक्रमसे दोनों वासनाओंकी एक साथ विवक्षा होनेपर समुदायका प्रयोग किया जाता है। जिस स्थानमे अशक्ति अर्थात् इस प्रकार प्रयोग नही किया जासके, उसी स्थानमें अवाच्य होजाता है ॥ ७१ ॥

आद्यावाच्यविवक्षायां पञ्चमो भङ्ग इष्यते। अन्त्यावाच्यविवक्षायां षष्ठभङ्गसमुद्भवः॥ समुच्चयेन युक्तश्च सप्तमो भङ्ग उच्यत इति ॥ ७२ ॥

प्रथमन्यायकी अवाच्य विवक्षा होनेपर पञ्चमन्यायका प्रयोग विहित होता है। अन्त्यकी अवाच्य विवक्षा होनेपर षष्ठ न्यायका समुद्भाव होजाता है। और एक ही वार सबका प्रयोग होनेपर सप्तमन्याय कहा जाता है ॥ ७२ ॥

स्याच्छब्दः खल्वयं निपातः तिङन्तप्रतिरूपकोऽनेकान्तद्योतकः। यथोक्तम्—वाक्येष्वनेकान्तद्योतिगम्यं प्रति विशेषणम्। स्यान्निपातोऽर्थयोगित्वात्तिङन्तप्रतिरूपक इति ॥ ७३ ॥

यहां स्यात शब्द निश्चय अव्यय है तिङन्तके प्रतिरूपक प्रयोजित हुआ है। जिस कारण यह अनेकान्तका प्रकाशक है। प्रमाण जैसेः—वाक्यमें प्रयोजित अव्यय शब्द प्रतिविशेषणसे अतीव विशदरूपसे अनेकान्तका द्योतक होनेपर अर्थयोगवशतः, तिङन्तका प्रतिरूपक हो जाता है ॥ ७३ ॥

यदि पुनरेकान्तद्योतकः स्याच्छब्दोऽयं स्यात्तदा स्यादस्तीति वाक्ये स्यात्पदमनर्थकं स्यात्। अनेकान्तद्योतकत्वे तु स्यादस्ति कथञ्चिदस्तीति स्यात पदात् कथञ्चिदिति अयमर्थो लभ्यत इति नानर्थक्यम् ॥ ७४ ॥

फलतः (स्यात्) इसपदसे कथञ्चित् इस प्रकार अर्थही लब्ध होता है । इसका कथन अनर्थक नहीं होता ॥ ७४ ॥

तदाह–स्याद्वादः सर्वथैकान्तत्यागात् किं वृत्त तद्विधे ।
सप्तभङ्गिनयापेक्षो हेयादेयविशेषकादिति ॥ ७५ ॥

प्रमाण यथा, जिस स्थानमें सर्वतोभावसे एकान्तका त्याग होता है, उसी स्थानमें स्याद्वाद प्रयोजित होता है । यह स्याद्वाद सप्तभङ्गिनयापेक्ष एवं हेय और उपादेय, इन दोनोंका पार्थक्य करदेताहै ॥ ७५ ॥

यदि वस्त्वस्त्येकान्ततः सर्वथा सर्वदा सर्वत्र सर्वात्मनास्तीति न उपादित्साजिहासाभ्यां क्वचित् कदा केनचित् प्रवर्त्तेत निवर्त्तेत वा प्राप्तप्रापणीयत्वहेयज्ञानानुपपत्तेश्च । अनेकान्तपक्षे तु कथञ्चित् क्वचित् केनचित् सत्त्वेन हानोपादाने प्रेक्षावतामुपपद्येते । किञ्च वस्तुनः सत्त्वं स्वभावः असत्त्वं वेत्यादि प्रष्टव्यं न तावदस्तित्वं वस्तुनः स्वभाव इति समस्ति घटोऽस्तीत्यनयोः पर्य्यायतया युगपत् प्रयोगायोगात् नास्तीति प्रयोगविरोधाच्च । एवमन्यत्रापि योज्यम् ॥ ७६ ॥

यदि वस्तु एकान्तही रहती है, तो सर्वथा सर्वदा सर्वत्र सब अवयवमें रहताहै परिग्रह और परिहार इन दोनोंकी इच्छा क्रमसे कहीं कभी किसी द्वारा प्रवर्त्तित किया या पुनः निवर्त्तित नहीं होसकता । क्योंकि प्राप्त प्रापणीयत्व, हेय, और हान इन सबकी अनुपपत्ति होजाती है । अनेकान्त पक्षमें किसी प्रकार कहीं किसीसे क्रिया परिग्रह और प्रत्याख्यान उपपादित होनेकी सम्भावना । पुनः यदि जिज्ञासा कियी जावे जो सत्त्व किम्वा असत्त्व वस्तुका स्वभाव है ? इसके उत्तरमें कहा जा सकता है जो अस्तित्व वस्तुका स्वभाव नहीं । क्योंकि, है और घट है; इन दोनोंका पर्य्याय विशिष्ट युगपत् इनका प्रयोग नहीं हो सकता । विशेषतः नास्ति अर्थात् नहीं, इस प्रकार प्रयोगके साथ विरोध घटता है । इस प्रकार अन्यत्र भी योजना कियी जासकतीहै ॥ ७६ ॥

यथोक्तम्–
घटोऽस्तीति न वक्तव्यं सन्नेव हि यतो घटः ।
नास्तीत्यपि न वक्तव्यं विरोधात् सदसत्त्वयोरित्यादि॥ ७७॥

इस कारण कहा है, घट है, नही कह सकते. कारण यह है जो, घटही सत् स्वरूप है, और नही भी कह नही यह सकते । क्योंकि, नही कहनेसे, असत्व और असत्वका विरोध घटता है । अर्थात् एक वस्तु है, और नहीं, कभी भी इस प्रकार नही होसकता ॥७७॥

तस्मादित्थं वक्तव्यं सदसत्सदसदनिर्वचनीयवादभेदेन प्रतिवादिनश्चतुर्विधाः । पुनरप्यनिर्वचनीयमतेनामिश्रितानि सदसदादिमतानीति त्रिविधाः । तान् प्रति किं वस्त्वस्तीत्यादिपर्य्यनुयोगे कथञ्चिदस्तीत्यादिप्रतिवचनसम्भवेन ते वादिनः सर्वे निर्विण्णाः सन्तः तूष्णीमासत इति सम्पूर्णार्थविनिश्चायिनः स्याद्वादभङ्गीकुर्वतस्तत्र तत्र विजय इति सर्वमुपपन्नम् ॥ ७८ ॥

इस कारण इस प्रकार कहा जा सकता है; सत्, असत, सदसत् और अनिर्वचनीय मतभेदसे प्रतिवादी ४ प्रकारका है । पुनः अनिर्वचनीय मत छोड़ देनेपर, सत्, असत् और सदसत् तीन प्रकारका होता है । इन सबको यदि पूछो कि, वस्तु है क्या ? तो कथञ्चित् है, इत्यादि प्रतिवचन सम्भावनामें वे सब निर्विण्ण होकर चुप रहजाते है । इस प्रकार स्याद्वाद स्वीकार करने पर, सम्पूर्ण रूपसे अर्थ निर्णीत और उसका निवन्धन सर्वत्रही जयलाभ होता है । यह सबतो भावसे सिद्ध है ॥ ७८ ॥

यदवोचदाचार्य्यः स्याद्वादमञ्जर्य्याम्—
अनेकान्तात्मकं वस्तु गोचरः सर्वसंविदाम् ।
एकदेशविशिष्टोऽर्थो नयस्य विषयो मतः ॥ ७९ ॥
न्यायानामेकनिष्ठानां प्रवृत्तौ श्रुतवर्त्मनि ।
सम्पूर्णार्थविनिश्चायि स्याद्वस्तु श्रुतमुच्यत इति ॥ ८० ॥

अन्योन्यपक्षप्रतिपक्षभावाद्
यथापरे मत्सरिणः प्रवादाः ।
नयानशेषानविशेषमिच्छ-
न्न पक्षपाती समयस्तथार्हत इति ॥ ८१ ॥

परस्परके पक्ष और प्रतिपक्ष भाव उपस्थित होनेपर, अपर लोग जिस प्रकार मात्सर्य प्रकाश करते हैं, अर्हत् उस प्रकार कुछभी नही करते । ये अपक्षपाती, सबमतोंके परस्पर विरोध दूर करनेके लिये इनका परिश्रम है ॥ ८१ ॥

जिनदत्तसूरिणा जैनं मतमित्थमुक्तम् ।
बलभोगोपभोगानामुभयोर्दानलाभयोः ।
अन्तरायस्तथा निद्रा भीरज्ञानं जुगुप्सितम् ॥ ८२ ॥

जिनदत्त सूरिने जैन मतपर इस प्रकार व्याख्या कियी है । जैसे बल भोग उपभोग एवं दान और लाभ इन सबका अन्तरायभूत निद्रा, भय, अज्ञान, और जुगुप्सित ॥ ८२ ॥

हिंसा रत्यरती रागद्वेषौ रतिरति स्मरः ॥
शोको मिथ्यात्वमेतेऽष्टादश दोषा नयस्य च ॥ ८३ ॥

हिंसा, रति, अरति, राग, द्वेष, अति रति, स्मर, शोक और मिथ्या येही १८ नय दोष हैं ॥ ८३ ॥

जिनो देवो गुरुः सम्यक् तत्त्वज्ञानोपदेशकः ॥
ज्ञानदर्शनचारित्राण्यपवर्गस्य वार्तिनि ॥ ८४ ॥

जिनदेवही गुरु और सम्यक् सत्तत्त्वज्ञानोपदेष्टा । ज्ञान दर्शन, और चारित्रयही मोक्षका प्रकाशक है ॥ ८४ ॥

स्याद्वादस्य प्रमाणे द्वे प्रत्यक्षमनुमापि च ॥
नित्यानित्यात्मकं सर्वं नव तत्त्वानि सप्त वा ॥ ८५ ॥

स्याद्वादके दो प्रमाण है, प्रत्यक्ष और अनुमान । सबही वस्तु नित्यानित्यात्मक, तत्त्व या सात हैं ॥ ८५ ॥

जीवाजीवौ पुण्यपापे चास्रवः संवरोऽपि च ॥
बन्धो निर्जरणं मुक्तिरेषां व्याख्याधुनोच्यते ॥ ८६ ॥

इन सबका नाम जैसेः—जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव संवर, बन्ध, निर्जरण, और मुक्ति । अधुना इनकी व्याख्या कियी जाती है ॥ ८६ ॥

चेतनालक्षणो जीवः स्यादजीवस्तदन्यकः ॥
सत्कर्मपुद्गलाः पुण्यं पापं तस्य विपर्य्ययः ॥ ८७ ॥

जीवका स्वरूप चेतना । अजीव उसके विरुद्ध धर्म्मयुक्त हो । सत्कर्म पुद्गलका नाम । पाप उसके विपरीत है ॥ ८७ ॥

आस्रवः कर्मणां बन्धो निर्जरस्तद्वियोजनम् ।
अष्टकर्मक्षयान्मोक्षोऽथान्तर्भावश्च कैश्चन ।
पुण्यस्य संस्रवे पापस्यास्रवे क्रियते पुनः ॥ ८८ ॥

आस्रव शब्दसे कर्म्म बन्ध । निर्जर शब्दसे उसका वियोजन । आठ कर्म्मके क्षय होनेसे मोक्ष होता है कोई २ इसको अन्तर्भाव कहते है । पुण्य संस्रवसे और पापके अस्रवसे अर्थात् विनाशसे मोक्ष विहित होता है ॥ ८८ ॥

लब्धानन्तचतुष्कस्य लोकागूढस्य चात्मनः ।
क्षीणाष्टकर्मणो मुक्तिर्निर्व्यावृत्तिर्जिनोदिता ॥ ८९ ॥

आत्मा अनन्त चतुष्कलाभ करके आठ प्रकारके कर्म्मके नाश योग प्राप्त होनेपर उसकी मुक्ति घटती है । जिनके मतसे इसका नाम निर्व्यावृत्ति अर्थात् इस प्रकार मुक्तिलाभ होनेपर और उसको कभी संसारमें फिर नहीं आना होगा ॥ ८९ ॥

सरजोहरणा भैक्षभुजो लुञ्चितमूर्द्धजाः ।
श्वेताम्बराः क्षमाशीला निःसङ्गा जैनसाधवः ॥ ९० ॥

जैन साधुगण भिक्षाद्वारा जीविका निर्वाह करते हैं माथ मुंडवाते, श्वेत वस्त्र धारण करते हैं, क्षमाशील और सर्वथा निर्लिप्त होते हैं ॥ ९० ॥

लुञ्चिताः पिच्छिकाहस्ताः पाणिपात्रा दिगम्बराः ।
ऊर्द्ध्वाशिनो गृहे दातुर्द्वितीयाः स्युर्जिनर्षयः ॥ ९१ ॥

द्वितीय प्रकार जैनसाधु हैं । इनका नाम जिनर्षि है, ये लोग माथ मुंडवाये, पिच्छिका हस्त, पाणिपात्र, दिगम्बर एव ये लोग दाताके घरभी भोजन नहीं करते हैं ॥ ९१ ॥

भुङ्क्ते न केवलं न स्त्री मोक्षमेति दिगम्बरः ।
प्राहुरेषामयं भेदो महान् श्वेताम्बरैः सह ॥ ९२ ॥
इति सर्वदर्शनसंग्रहे आर्हतदर्शनम् ॥ ३ ॥

अथ रामानुजदर्शनम् ॥ ४ ॥

तदेतदार्हतमतं प्रामाणिकगर्हणमर्हति न ह्येकस्मिन् वस्तुनि परमार्थे सति परमार्थसतां युगपत् सदसत्त्वादिधर्माणां समावेशः सम्भवति न च सदसत्त्वयोः परस्परविरुद्धयोः समुच्चयासम्भवे विकल्पः किं न स्यादिति वदितव्यं क्रिया हि विकल्प्यते न वस्त्विति न्यायात् ॥ १ ॥

आर्हतने जो कहा है उसका सर्व्वथा प्रमाणद्वारा खण्डन होसकता है। जो परमार्थ सत् तादृश एक वस्तुमें परमार्थ सत् सदसत्वादि धर्म्म सबका युगपत् समावेश सम्भव नहीं हो सकता, सूर्य्यमें आलोक है, और अन्धकार है, यह कभी नहीं कहा जा सकता अथवा घट है, और एकही साथ नही है ऐसा कहना भी सङ्गत नहीं होसकता। यदि कहो सत्त्व और असत्त्व परस्पर विरुद्ध, सुतरां उनका समुच्चय अर्थात् एकतः असम्भव है, किन्तु विकल्पमें इस प्रकार एकता होना असम्भव क्या? ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि क्रियाहीका विकल्प होता है। वस्तुका कभी नहीं होता। ऐसा न्यायप्रसिद्ध है ॥ १ ॥

न चानेकान्तं जगत् सर्वं हेरम्बनरसिंहवदिति दृष्टान्तावष्टम्भवशादेष्टव्यम् एकस्मिन् देशे गजत्वं सिंहत्वं वा अपरस्मिन् नरत्वमिति देशभेदेन विरोधाभावेन तस्यैकस्मिन् देश एव सत्त्वासत्त्वादिना अनेकान्तत्वाभिधाने दृष्टान्तानुपपत्तेः। ननु द्रव्यात्मना सत्त्वं पर्य्यायात्मना तदभाव इत्युभयमप्युपपन्नमिति चेन्मैवं कालभेदेन हि कस्यचित् सत्त्वमसत्त्वञ्च स्वभाव इति न कश्चिद्दोषः ॥ २ ॥

हेरम्ब और नरसिंहके तुल्य इत्यादि दृष्टान्तका आश्रयवशात् जगत्को अनेकान्त नहीं कह सकते हो। एकदेशमें गजत्व और सिंहत्व एवं अपर देशमें नरत्व इस प्रकार देश भेदसे विरोधके अभाववशतः किस प्रकार विरोध उपस्थित नहीं होसकता। किन्तु ऐसा कोई दृष्टान्त नहीं जिसके द्वारा एकही देशमें सत्त्व और असत्त्वद्वारा पदार्थको इस प्रकार अनेकान्त कहा जासकता। इसका भावार्थ नरसिंहमें यही कहा है यही जान पड़ता है, शरीरके ऊर्ध्वभाग सिंहकी नाई एवं परभाग मनुष्यकी नाई है इसमें देशभेद कहा गया इसी कारण कोई विरोध नहीं हुआ। एक देशमें कहनेपर विरोध होता, किन्तु [illegible]

पक्षमे सो नहीं है। एक देश कहागया है इस कारण विरोध हुआ। यदि कहो, वस्तु द्रव्यरूपसे है एवं संज्ञारूपसे नहीं इस स्थानमें सत्व और असत्व दोनोंही उत्पन्न हुए। ऐसाभी नहीं कह सकते हो। क्योंकि. कालभेदहोसे कोई वस्तु सत्व और असत्व स्वभाव, ऐसा कहनेसे दोष नहीं होसकता फलतः कालहीमें वस्तुका सत्व और असत्व (रहना और नहीं रहना) होताहै, स्थान वा नामसे नहीं ॥ २ ॥

न चैकस्य ह्रस्वत्वदीर्घत्ववदनेकान्तत्वं जगतः स्यादिति वाच्यं प्रतियोगिभेदेन विरोधाभावात्। तस्मात् प्रमाणाभावात् युगपत् सत्त्वासत्त्वे परस्परविरुद्धे नैकस्मिन् वस्तुनि वस्तुयुक्ते। एवमन्यासामपि भङ्गीनां भङ्गोऽवगन्तव्यः ॥ ३ ॥

और एकव्यक्तिके ह्रस्वत्व और दीर्घत्वकी नाईं जगत्को अनेकान्त नहीं कहसकते। क्योंकि: इसमें प्रतियोगि भेदसे विरोधका अभाव भाता है। इसका भावार्थ यह है, ह्रस्वत्वके कहनेसे ह्रस्वत्वका अभाव नहीं होना; उसके दीर्घत्वका अभाव होता है। फलतः जो व्यक्ति ह्रस्व है उसको ह्रस्वभी कभी नहीं कह सकते। ऐसे प्रमाणके अभावसे सत्व और असत्व परस्पर विरुद्ध कहकर युगपत् एकवस्तुमें नहीं रहसकता। इस प्रकार अन्यान्य भङ्गि सबका भी भङ्ग अर्थात् खण्डन होता है जानना ॥ ३ ॥

किञ्च सर्वस्यास्य मूलभूतः सप्तभाङ्गिनयः स्वयमेकान्तः अनेकान्तो वा। आद्ये सर्वमनेकान्तमिति प्रतिज्ञाव्याघातः। द्वितीये विवक्षितार्थासिद्धिः। अनेकान्तत्वेनासाधकत्वात्। तथा चेयमुभयतःपाशरज्जुः स्याद्वादिनः स्यात् ॥ ४ ॥

अपि च नवत्वनवत्वादिनिर्धारणस्य फलस्य तन्निर्धारयितुः प्रमातुश्च तत्करणस्य प्रमाणस्य प्रमेयस्य च नवत्वादेर्नियमे साधु समर्थितमाप्ततमत्वं तीर्थकरत्वं देवानां प्रियेणार्हतमतप्रवर्तकेन। तथा जीवस्य देहानुरूपपरिमाणत्वाङ्गीकारे योगबलादनेकपरि-

आर्हकयोगिजीवेषु प्रतिशरीरं जीवविच्छेदः प्रसज्येत, मनुजशरीरपरिमाणो जीवो मतङ्गजदेहं कृत्स्नं प्रवेष्टुं न प्रभवेत् ॥ ५॥

और एकबार नवतत्त्व और पुनः सात तत्त्व कहे गये हैं । सुतरां उसका निर्धारण फलका जैसा किसी प्रकार नियम नहीं उसी प्रकार उसका निर्धारण कर्ता प्रमाता, उसका करण प्रमाण और प्रमेय नवतत्त्वादिकीभी किसी प्रकार स्थिरता नहीं । सुतरां देवगणका प्रिय आर्हतमत प्रवर्त्तक अपनातीर्थंकरत्व वैसही समर्थित किया है । आर्हत मतमें लिखा है जो, देहके परिमाणानुसार जीवका परिमाण होता है । इसको माननेसे योगबलसे योगी जीव जब अनेक शरीर ग्रहण करते हैं, तब उसके प्रति शरीरके अनुसार जीव विच्छेद प्रसक्तिकी सम्भावना घटती है । क्योंकि, मनुष्य शरीर परिमित जीव हाथीके शरीरमे सर्व्वतो भावसे प्रवेश नहीं करसकताहै ॥ ५ ॥

किञ्च गजादिशरीरं परित्यज्य पिपीलिकाशरीरं विशतः प्राचीनशरीरसन्निवेशविनाशोऽपि प्राप्नुयात् । न च यथा प्रदीपप्रभाविशेषः प्रपाप्रासादाद्युदरवर्त्तिसङ्कोचविकाशवान् तथा जीवोऽपि मनुजमतङ्गजादिशरीरेषु स्यादित्येपितव्यं प्रदीपवदेव सविकारत्वेनानित्यत्वप्राप्तौ कृतप्रणाशाकृताभ्यागमप्रसङ्गात् ॥ ६ ॥

और हस्ती आदि शरीर छोडकर पिपीलिकाके शरीरमें प्रवेश करते समय पूर्वशरीर सन्निवेशका विनाश होसक्ता है । यहां ऐसी सम्भावना नहीं करना, जो, प्रदीप प्रभा विशेष जैसे प्रपा और प्रासाद आदि अभ्यन्तरवर्त्ती होनेपर, उस परिमाणसे यथाक्रमसे संकोच और विकाश दोनोंही प्राप्त होता है । मनुष्य और हस्ती प्रभृति शरीरमें प्रवेश समय जीवकाभी उसी प्रकार संकोच विकाश संघटित होजाताहै । ऐसा होनेसे प्रदीपकी नाई विकारी पदार्थ कहकर जीवका अनित्यत्व दोषोत्पत्ति होती है । एवं अनित्यत्व होनेसे, कृतप्रणाश और अकृताभ्यागम ये दो प्रकारके दोषभी उपस्थित होते हैं । जीव किन्तु अनित्य और विकारी नहीं है ॥ ६ ॥

एवं प्रधानमल्लनिबर्हणन्यायेन जीवपदार्थदूषणाभिधानदिशान्यत्रापि दूषणमुत्प्रेक्षणीयम् । तस्मान्नित्यनिर्दोषश्रुतिविरुद्धत्वादिदमुपादेयं न भवति । तदुक्तं भगवता व्यासेन—नैकस्मिन्नसम्भवादिति । रामानुजेन च जैनमतनिराकरणपरत्वेन तदिदं सूत्रं व्याकारि । एष हि तस्य सिद्धान्तः चिदचिदीश्वरभेदेन भोक्तृभोग्यनियामकभेदेन व्यवस्थितास्त्रयः पदार्था इति ॥ ७ ॥

इसी प्रकार, जैसे प्रधान मल्लकी पराजय होनेसे अन्यान्य मल्लकी भी पराजय सम्भावना किया जाती है, इसी प्रकार आर्हत मतके प्रधान अङ्गभूत जीव पदार्थ जब सर्व्वथा दोषयुक्त और भ्रमपूर्ण सिद्ध होता है, तब अन्यत्र भी इसी प्रकार दोष और भ्रम प्रतिपन्न होसकता है, इसी कारण यह आर्हतमत नित्य-निर्दोष-वेद-विरुद्ध कहा जाता, और कदापि ग्रहण नहीं किया जासकता । भगवान् व्यास देवने भी कहा है जो, एक पदार्थमें सम्भव नहीं हो सकता । रामानुजने जैन मतके खण्डन विषयमें इसी सूत्रकी व्याख्या किया है । यही उनका सिद्धान्त है, जो. चित् अचित् और ईश्वरभेदसे भोक्ता. भोग और नियामक भेद संघटित होता है । तदनुसार पदार्थ तीन प्रकारका होता है ॥ ७ ॥

तदुक्तम्–

ईश्वरश्चिदचिच्चेति पदार्थत्रितयं हरिः ।

ईश्वरश्चित इत्युक्तो जीवो दृश्यमचित् पुनरिति ॥ ८ ॥

प्रमाण, जैसे, भगवान् हरि ही ईश्वर, चित् और अचित् भेदसे तीन पदार्थ है । उनमें ईश्वर और जीवको चित् पदार्थ कहते हैं । और परिदृश्यमान संसार ही अचित पदार्थ है ॥ ८ ॥

अपरे पुनरशेषविशेषप्रत्यनीकं चिन्मात्रं ब्रह्मैव परमार्थः । तच्च नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावमपि तत्त्वमस्यादिसामानाधिकरण्याधिगतजीवैक्यं बध्यते मुच्यते च । तदतिरिक्तनानाविधभोक्तृभोक्तव्यादिभेदप्रपञ्चः सर्वोऽपि तस्मिन्नविद्यया परिकल्पितः सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयमित्यादिवचननिचयप्रामाण्यादिति ब्रुवाणास्तरति शोकमात्मविदित्यादिश्रुतिशिरःशतवशेन निर्विशेषब्रह्मात्मैकत्वविद्यया अनाद्यविद्यानिवृत्तिमङ्गीकुर्वाणाः मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यतीति भेदनिन्दाश्रवणेन पारमार्थिकं भेदं निराचक्षाणाः विचक्षणंमन्यास्तमिमं विभागं न सहन्ते ॥ ९ ॥

से जो विविध भेद विस्तारित हुआ है, सब ही अविद्या बलसे परिकल्पित हुए हैं । वे लोग कहते हैं जो, वही सत् स्वरूप, वही आगे थे, वही एक और अद्वितीय, इत्यादि वचन निश्चयसे उक्त अभेद प्रमाणित होता है । वे लोग और भी कहते हैं जो, आत्मवित् व्यक्ति शोकसे उत्तीर्ण होता है, इत्यादि सैंकडों उपनिषद्के वचनानुसार निर्विशेष ब्रह्मात्मैकत्वविद्या द्वारा यह अनादि अविद्याकी निवृत्ति होती है । पुनः जो लोग नानात्व दर्शन करते हैं, वे मृत्युसे भी मृत्युको प्राप्त होते हैं, इत्यादि विधान क्रमसे जो भेद निन्दा सुनी जाती है, तदनुसार वे लोग पारमार्थिक भेदका खण्डन करते हैं । इत्यादि कारणोंसे वे विचक्षणत्वा-भिमानी पुरुष लोग उपरि लिखित ईश्वर, चित् और अचित इस प्रकार भेदसे तीन प्रकारका विभाग मानते हैं ॥ ९ ॥

तत्रायं समाधिरभिधीयते भवेदेतदेवं यद्यविद्यायां प्रमाणं विद्येत न च वमनादिभावरूपं ज्ञाननिवर्त्यमज्ञानमहमज्ञो मामन्यञ्च न जानामीति प्रत्यक्षप्रमाणसिद्धम् ॥ १० ॥

इस विषयका इसप्रकार समाधान वा मीमांसा होसकती है जो, यदि अभावरूप अविद्या प्रमाण है । तो इसप्रकार अभेदकी कल्पना होसकती है, किन्तु सो नहीं । क्योंकि अनादि भावस्वरूप अज्ञान ज्ञानद्वारा ही निवृत्त होता है । मैं अज्ञ, अपनेको या अन्यको जानता नहीं इसप्रकार अज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण सिद्ध ही होता है ॥ १० ॥

तदुक्तम्–

अनादिभावरूपं यद्विज्ञानेन विलीयते ।
तदज्ञानमिति प्राज्ञा लक्षणं संप्रचक्षत इति ॥ ११ ॥

शास्त्रान्तरमें ज्ञानके उदय होनेपर, जो अनादि भाव स्वरूप वस्तुका विनाश होता है, उसका नाम अज्ञान, अज्ञानका इसीप्रकार लक्षण कहा गया है ॥ ११ ॥

न चैतत् ज्ञानाभावविषयमित्याशङ्कनीयं, को हि कं ब्रूयात प्रभाकरकरावलम्बी भट्टदत्तहस्तो वा नाद्यः ।

स्वरूपपररूपाभ्यां नित्यं सदसदात्मके ।
वस्तुनि ज्ञायते किञ्चित कैश्चिद्रूपं कदाचनेति ॥ १२ ॥

ऐसी आशङ्का नहीं करसकते यह ज्ञानके अभाववस्तुको बुझाता है; क्योंकि, कौन किसे कहेगा ? जो लोग प्रभाकरके मतावलम्बी हैं, वे कहेंगे कि नहीं, भट्टदत्तके मतावलम्बी लोक कहेंगे ? इनमेंसे आद्य (प्रभाकरमतावलम्बी) कभी नहीं । क्योंकि, स्वरूप और पररूपद्वारा नित्य सदसदात्मक वस्तुमें किसप्रकार कुछ कभी जाना जा सकता है ॥ १२ ॥

भावान्तरमभावो हि कयाचित्तु व्यपेक्षया ।
भावान्तरमभावोऽन्यो न कश्चिदनिरूपणात् ॥ १३ ॥

क्योंकि किसी प्रकार विधानसे अभाव पदार्थ भाव पदार्थके ही अन्तर्भूत है । क्योकि अभावपदार्थ भावपदार्थसे भिन्न अन्य कौन वस्तुस्वरूप हैं, यह निरूपणही नहीं किया जासकता ॥ १३ ॥

इति वदता भावव्यतिरिक्तस्याभावस्यानभ्युपगमात् । अभावस्य षष्ठप्रमाणगोचरत्वेन ज्ञानस्य नित्यानुमेयत्वेन च तदभावस्य प्रत्यक्षविषयत्वानुपपत्तेः । यदि पुनः प्रत्यक्षाभाववादी कश्चिदेवमाचक्षीत तं प्रत्याचक्षीत अहमज्ञ इत्यस्मिन्ननुभवे अहमित्यात्मनोऽभावधर्मितया ज्ञानस्य प्रतियोगितया चावगतिरस्ति न वा अस्ति चेद्विरोधादेव न ज्ञानाभावानुभवसम्भवः॥१४॥

इस प्रकार निर्देश करनेसे, अभाव पदार्थ जो भावपदार्थसे भिन्न, इसका अभ्युपगम (स्वीकार) ही नहीं हुआ । अभावपदार्थ छठे प्रमाणका गोचर और ज्ञान नित्यानुमेय है । इसीकारण उस अभावकी प्रत्यक्ष विषयता अनुपपन्न होती है । यह भी इस स्थानमें एक हेतु है । यदि कोई प्रत्यक्ष भाववादी यह नहीं कहे उसको कहदेना कि, मैं अज्ञ हूं, इस प्रकार अनुभाव स्थानमें मैं, यह आत्माका अभाव धर्मत्व घटता है । इसी कारण प्रतियोगिताकी अवगति होती है । या नहीं ? यदि अवगति होती है, इसप्रकार कहा जावे, तो विरोध वशात् ज्ञानको अभावका अनुभव सम्भव नहीं होता ॥ १४ ॥

चेद्धर्मिप्रतियोगिज्ञानसापेक्षो ज्ञानाभावानुभवः सुतरां न सम्भवति तस्याज्ञानस्य भावरूपत्वे प्रागुक्तदूषणाभावादयमभावो भावरूपाज्ञानगोचर एवाभ्युपगन्तव्य इति । तदेतद्गगनरोमन्थायितं भावरूपस्याज्ञानस्य ज्ञानाभावसमानयोगक्षेमत्वात् ।

ज्ञानके अभावका अनुभव यदि धर्म्म प्रतियोगि ज्ञान सापेक्ष नहीं होता है । तो उसका अनुभव ही नहीं होसकता । और यह अज्ञान यदि अभावरूप न होकर भावरूप ही हो, तो पूर्वोक्त दूषणके अभाव हेतु इस अनुभवको भाव रूप और अज्ञान गोचर कहकर स्वीकार किया जासका । किन्तु भावरूप अज्ञानका ज्ञानाभाव समानयोगक्षेमत्व हेतु आकाश रोमन्यायित्वकी नाई मिथ्यात्व ही हुआ । इस प्रकार विषयत्व और आश्रयत्व द्वारा ज्ञानकी व्यावर्त्तकता हेतु व्यापक अर्थ सिद्ध हुआ या नहीं ? इस प्रकार जिज्ञासा होनेपर, यह प्रज्ञानस्वरूप ज्ञानसाध्य ऐसी प्रतिपत्ति (निश्चय) स्थिरताके परे, सिद्ध नहीं हुआ, ऐसी आशङ्का ही नहीं होसकती विशेष, असिद्ध होनेपर, व्यावर्त्तक आश्रयशून्य विषय शून्य अज्ञानका अनुभव ही नही होसकता ॥ १५ ॥

अथ विशदः स्वरूपावभास एवाज्ञानविरोधिना ज्ञानेनाभासित इति आश्रयविषयज्ञाने सत्यपि नाज्ञानानुभवविरोध इति हन्त तर्हि ज्ञानाभावेऽपि समानमेतत् अन्यत्राभिनिवेशात् । तस्मादुभयाभ्युपगतज्ञानाभाव एवाहमज्ञो मामन्यञ्च न जानामीत्यनुभवगोचर इत्यभ्युपगन्तव्यम् ॥ १६ ॥

परिस्फुट—स्वरूपाभासही अज्ञानविशिष्ट ज्ञानद्वारा आभासित होताहै, इस प्रकार आश्रय विज्ञान होनेसे, फिर अज्ञानानुभवका विरोध नही होता है, सुतरां अन्यत्राभिनिवेशहेतु ज्ञानाभावमेंही समानही हुआ अतएव उभयाभ्युपगत ज्ञानाभावही मैं अज्ञ, मुझे (अपनेको) और अन्यकोभी नहीं जानता, ऐसे अनुभवका विषय, यही अभ्युपगत (स्वीकार) हुआ ॥ १६ ॥

अस्तु तर्ह्यनुमानं विवादास्पदं प्रमाणाज्ञानं स्वप्रागभावव्यतिरिक्तस्वविषयावरणस्वनिवर्त्यस्वदेशगतवस्त्वन्तरपूर्वकम् अप्रकाशितार्थप्रकाशकत्वात् अन्धकारे प्रथमोत्पन्नप्रदीपप्रभावादिति । तदपि न क्षोदक्षमम् अज्ञानेऽप्यनभिमताज्ञानान्तरसाधने अपसिद्धान्तापातात् तदसाधने अनैकान्तिकत्वात् दृष्टान्तस्य साधनविकलत्वाच्च न हि प्रदीपप्रभाया अप्रकाशितार्थप्रकाशकत्वं सम्भवति ज्ञानस्यैव प्रकाशकत्वात् सत्यपि प्रदीपे ज्ञानेन विषयप्रकाशसम्भवात् प्रदीपप्रभायास्तु चक्षुरिन्द्रियस्य ज्ञानं समुत्पादयतो विरोधिमन्तमसनिरसनद्वारेणोपकारकत्वमात्रमेवेत्यलमतिविस्तरेण ॥ १७ ॥

अतएव प्रमाणज्ञान अप्रकाशित अर्थका प्रकाशकत्व हेतु अन्धकारमें प्रथमोत्पन्न प्रदीप प्रभाकी नाई स्वप्रागभाव व्यतिरिक्त स्वविषयका आवरणभूत स्वसाध्य स्वदेशगत अन्य वस्तुपूर्वक होजानेसे अनुमान विवादास्पद हो ऐसा विचार योग्य नहीं होता । कारण यह है जो, ऐसा होनेपर अनभिमत ज्ञानान्तरका साधन होजानेसे अज्ञानमें अपसिद्धान्त आपतित होताहै एवं इस प्रकार ज्ञानान्तरके असाधनमें अनैकान्तिकत्व होता है । विशेषतः दृष्टान्त भी साधनहीन होता है । ज्ञानही प्रकाशक वस्तु यदि कहो, प्रदीप रहनेपर भी ज्ञानविषयको प्रकाश करता है, नहीं तो करता नहीं इसमें भी कोई हानि नहीं दीखती कारण, प्रदीपप्रभा, प्रकाशविरोधी अन्धकारके निरसनद्वारा ज्ञानोत्पादक दर्शनेन्द्रियका उपकारक होने मात्र है । इस सम्बन्धमें और अधिक विस्तारका प्रयोजन नहीं ॥ १७ ॥

प्रतिप्रयोगश्च विवादाध्यासितमज्ञानं न ज्ञानमात्रब्रह्माश्रितं अज्ञानत्वाच्छुक्तिकाद्यज्ञानवदिति । ननु शुक्तिकाद्यज्ञानस्याश्रयस्य प्रत्यगर्थस्य ज्ञानमात्रस्वभावत्वमेवेति चेन्मैवं शङ्किष्ठाः । अनुभूतिर्हि स्वसद्भावेनैव कस्यचिद्वस्तुनो व्यवहारानुगुणत्वापादकस्वभावा ज्ञानावगतिसङ्गतिविदाद्यपरनामा सकर्मकानुभवितुरात्मत्वं ज्ञानत्वमित्याश्रयणात् ॥ १८ ॥

विवादाध्यासित अज्ञान निजका अज्ञानत्वका हेतु शुक्तिकादि निष्ठ अज्ञानकी नाई ज्ञानमात्र ब्रह्माश्रित नहीं, इसप्रकार प्रतिप्रयोग किया जाता है । आश्रयभूत व्यापक शुक्तिकादि निष्ठ अज्ञान ज्ञानमात्र स्वभाव है या नहीं, ऐसी आशङ्का भी नहीं कियी जाती । कारण यह है जो, अनुभूति स्वकीय सद्भाव द्वारा ही जिस किसी वस्तुकी व्यवहारानुकूलता सम्पादन करती है । इसप्रकार सम्पादन करना ही इसका स्वभाव है । इसका अपर नाम ज्ञान, अवगति, सङ्गति और वित् इत्यादि । वह एवं इसका सकर्म्मक अनुभविताका आत्मत्व और ज्ञानत्व स्वीकृत होता है, इसी कारण इसप्रकार सम्भावना नहीं किइ जासक्ती ॥ १८ ॥

ननु ज्ञानरूपस्यात्मनः कथं ज्ञानगुणकत्वमिति चेत्तदसारं यदा हि मणिद्युमणिप्रभृति तेजोद्रव्यं प्रभावद्रूपेणावतिष्ठमानं प्रभाख्यगुणाश्रयः । स्वाश्रयादन्यत्रापि वर्तमानत्वेन रूपवत्त्वेन च प्रभाद्रव्यरूपापि तच्छेषत्वनिबन्धनगुणव्यवहारा एवमयमात्मा स्वप्रकाशचिद्रूप एव चैतन्यगुणः ॥ १९ ॥

अवस्थिति करताहै तो प्रभारूपसे गुणाश्रय होता है । प्रभाभी अपना आश्रय छोड़कर अन्यत्र वर्त्तमान और रूप स्वरूप होता है । एवं तत्प्रयुक्त यह प्रभा द्रव्यरूप और तत् शेषत्वनिबन्ध गुण व्यवहारविशिष्ट होता है इस प्रकार, आत्मा प्रभाशाली चिद्रूप होकरही चैतन्य गुण होजाता है ॥ १९ ॥

तथा च श्रुतिः सदा सैन्धवघनोऽनन्तरो बाह्यः कृत्स्न रसघन एव एवं वा अरे अयमात्मानन्तरो बाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एव अत्रायं पुरुषः स्वयं ज्योतिर्भवति न विज्ञातुर्विज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यते । अथ यो वेदेदं जिघ्राणेति स आत्मा योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु हृद्यन्तर्ज्योतिः पुरुष एष हि द्रष्टा श्रोता रसयिता घ्राता मन्ता बोद्धा कर्त्ता विज्ञानात्मा पुरुष इत्यादिका श्रुतिरपि न चानृतेन हि प्रत्यूढा इति श्रुतिरपि विद्यापर्वप्रमाणामित्याश्रयितुं शक्यं ऋतेतरविषयो ह्यनृतशब्दः ऋतशब्दश्च कर्मवचनः ऋतं पिबन्ताविति वचनात् ऋतं कर्मफलाभिसन्धिरहितं परमपुरुषाराधनयैव तत्प्राप्तिफलम् । अत्र तद्व्यतिरिक्तसांसारिकाल्पफलं कर्मानृतं ब्रह्मप्राप्तिविरोधि य एतं ब्रह्मलोकं न विदन्ति अमृतेन हि प्रत्यूढा इति वचनात् ॥ २० ॥

और उसी प्रकार श्रुतिमेंभी कहा है । कि वह आत्मा सर्व्वदा सैन्धवकी नाईं घनस्वरू है । उसका भीतर भी नहीं, बाहिर भी नहीं । वह कृत्स्न अर्थात् सर्व स्वरूप और रस घन अर्थात् सम्पूर्ण रसके परिपूर्ण आधारस्वरूप है । पुनः कहा है, यह आत्मा अन्तरशून्य बहिः शून्य, सर्व्व स्वरूप ही विज्ञानघन है (विज्ञानमें परिपूर्ण) पुनः कहा है, यह पुरु (आत्मा) स्वयं ज्योतिः, विज्ञाताके विज्ञानिको लोप नहीं, वा होता नहीं, जो विज्ञानमय जो सम्पूर्ण प्राणोंमें विराजमान; जो हृदयमें अन्तर्ज्योति स्वरूप अवस्थित है, वही पुरुष अर्थात आत्मा है यही आत्मा देखता है । सुनता है, रस अनुभव करता है, सूंघता है, मनन करता है, बोध करता है, कार्य्य करता है, विज्ञान ही इसका आत्मा है । इत्यादि श्रुति एवं अनृत द्वारा प्रत्यूढ इत्यादि श्रुतिभी विद्यापर्व्वका प्रमाण है, इस प्रकार स्वीकार करनेकी क्षमता नहीं और अनृत शब्द ऋतेतर विषय अर्थात मिथ्या और ऋतकर्म्म वचन । कर्म्मफलकी अभिसन्धि त्यागपूर्वक परम पुरुषकी आराधना करही कर उसकी फल प्राप्ति होती है, उसीको ऋत कहते हैं इस स्थानमें उसको छोडकर सांसारिक अल्पफलजनक कर्म्मका नाम

अनृत है । वह ब्रह्म मायिका विरोधी है । क्योंकि, इस प्रकार लिखा है, जो जो लोग इस ब्रह्मलोकको जानते हैं, वे लोग अमृतद्वारा प्रत्यूढ हैं ॥ २० ॥

मायान्तु प्रकृतिं विद्यादित्यादौ मायाशब्दो विचित्रार्थसर्गकरत्रिगुणात्मकप्रकृत्यभिधायको नानिर्वचनीयाज्ञानवचनः ।

तेन मायासहस्रं तच्छम्बरस्याशुगामिना ।
बालस्य रक्षता देहमेकैकं श्येनसूदितम् ॥ २१ ॥

मायाको प्रकृति जानना । इत्यादि स्थानमें भी माया शब्द विचित्रार्थका प्रयोजक त्रिगुणात्मिका प्रकृतिका वाचक, अनिर्वचनीय अज्ञान वचन नहीं है, शंबरके बाणने लडकेके देहकी रक्षा कर श्येनको माराथा । ऐसी घटना माया सहस्रस्वरूप है ॥ २१ ॥

इत्यादौ विचित्रार्थसर्गसमर्थस्य पारमार्थिकस्यैवासुराद्यस्त्रविशेषस्यैव मायाशब्दाभिधेयत्वोपलम्भात् अतो न कदाचिदपि श्रुत्यानिर्वचनीयाज्ञानप्रतिपादनं नाप्यैक्योपदेशानुपपत्त्या तत्त्वपदयोः सविशेषब्रह्माभिधेयत्वेन विरुद्धयोर्जीवपरयोः स्वरूपैक्यस्य प्रतिपत्तुमशक्यतया अर्थापत्तेरनुदयदोषदूषितत्वात् । तथाहि तत्पदं निरस्तसमस्तदोषमनवधिकातिशयासङ्ख्येयकल्याणगुणास्पदं जगदुदयविभवलयलीलं ब्रह्म प्रतिपादयति तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेयेत्यादिषु तस्यैव प्रकृतत्वात् समानाधिकरणं त्वं पदं वा चिद्विशिष्टं जीवशरीरं ब्रह्माचष्टे प्रकारद्वयविशिष्टैकवस्तुपरत्वात् सामानाधिकरणस्य ॥ २२ ॥

प्रतिपाद्य है, उसने देखा जो, मैं बहुत होकर जन्म ग्रहण करूं, इत्यादि वाक्य परम्परामें उसीका प्रकृतत्व वशतः समानाधिकरण त्वं पदको अथवा चिद् विशिष्ट जीव शरीरको ब्रह्म कहते हैं। क्योंकि, जो प्रकारद्वय विशिष्ट एक वस्तुके निकट है, उसीको समानाधिकरण कहते हैं ॥ २२ ॥

ननु सोऽयं देवदत्त इतिवत् तत्त्वमिति पदयोर्विरुद्धभागत्यागलक्षणयोर्निर्विशेषस्वरूपमात्मैक्यं समानाधिकरणार्थः किं न स्यात् यथा सोऽयमित्यत्र तच्छब्देन देशान्तरकालान्तरसम्बन्धी पुरुषः प्रतीयते इदं शब्देन च सन्निहितदेशवर्त्तमानकालसम्बन्धी तयोः सामानाधिकरण्ये नैक्यमवगम्यते। तत्रैकस्य युगपद्विरुद्धदेशकालप्रतीतिर्न सम्भवतीति द्वयोरपि पदयोः स्वरूपपरत्वे स्वरूपस्य चैक्यं प्रतिपत्तुं शक्यमेवमत्रापि किञ्चिज्ज्ञत्वसर्वज्ञत्वादिविरुद्धांशप्रहाणेनाखण्डस्वरूपं लक्ष्यते चेत् विषमोऽयमुपन्यासः ॥ २३ ॥

यदि कहो जो, सो यही देवदत्त है इत्यादि वाक्यकी नाईं विरुद्धभाग त्यागलक्षण विशिष्ट तत् औरत्वं इन दो पदोंका जो निर्विशेष स्वरूप आत्मैक्य, उसीके अर्थमें सामानाधिकरण्य नही होगा क्यों ? जिस प्रकार वही यही इत्यादि स्थलमें उसी शब्दसे देशान्तर और कालान्तर सम्बन्ध विशिष्ट पुरुषकी प्रतीति होती है, एवं इस शब्दसे सन्निहित देश और वर्त्तमान काल इन दोनोंके सहित जिसका सम्बन्ध है, उसीको समझाताहै। उसका निबन्धन सामानाधिकरण्य द्वारा दोनोंकी एकता जानी जाती है। उनमें एकका कभी युगपत् विरुद्ध देशकालप्रतीति सम्भवपर नहीं होता। इस कारण, दोनों शब्द स्वरूपपर होनेसे स्वरूपकी एकता प्रतिपादन करना शक्य होता है। उसी प्रकार यहांभी किञ्चिज्ज्ञत्व और सर्व्वज्ञत्व इत्यादि विरुद्ध अंशका परित्याग द्वारा अखण्डस्वरूप लक्षित होता है। यह विषम उपन्यास है ॥ २३ ॥

दृष्टान्तेऽपि विरोधवैधुर्य्येण लक्षणा गन्धासम्भवादेकस्य तावद् भूतवर्त्तमानकालद्वयसम्बन्धो न विरुद्धः। देशान्तरस्थितिर्भूता सन्निहितदेशस्थितिर्वर्त्तत इति देशभेदसम्बन्धविरोधश्च कालभेदेन परिहरणीयः। लक्षणापक्षेऽप्येकस्यैव पदस्य लक्षकत्वाश्रयणेन विरोधपरिहारे पदद्वयस्य लाक्षणिकत्वस्वीकारो न

सङ्गच्छते । इतरथा एकस्य वस्तुनस्तत्तदन्ताविशिष्टत्वावगाहनेन प्रत्यभिज्ञायाः प्रामाण्यानङ्गीकारे स्थायित्वासिद्धौ क्षणभङ्गवादी बौद्धो विजयेत ॥ २४ ॥

दृष्टान्तपक्षमें विरोधकी सम्भावना एवं लक्षणका सम्पर्क मात्र नहीं इस कारण एक वस्तुके अतीत और वर्त्तमानरूप कालद्वय सम्बन्ध विरुद्ध नहीं होता । पूर्व्वमें देशान्तरमें स्थिति थी, इस समय भी सन्निहित देशमें स्थिति है, इसप्रकार देश-भेद-सम्बन्धविरोध परिहार किया जासकता है । लक्षणपक्षमें भी एकपक्षका लक्षकत्व संघटनवशात विरोधका परिहार हो जानेमें दोनों शब्दका लाक्षणिकत्व स्वीकार करना सङ्गत नही होसकता । अन्यथा एक वस्तुको सो यह कहकर ज्ञान नही करनेसे प्रत्यभिज्ञाका प्रामाण्य नहीं माना-जाता । इसप्रकार अङ्गीकार नही करनेसे, स्थायित्वकी असिद्धिवशात् क्षणभङ्गवादी बौद्ध हीका विजय होता है ॥ २४ ॥

एवमत्रापि जीवपरमात्मनोः शरीरात्मभावेन तादात्म्यं न विरुद्धमिति प्रतिपादितम् । जीवात्मा हि ब्रह्मणः शरीरतया प्रकारत्वात् ब्रह्मात्मकः य आत्मनि तिष्ठन्नात्मनोऽन्तरः य आत्मानं वेद यस्यात्मा शरीरम् इति श्रुत्यन्तरादत्यल्पमिदमुच्यते सर्वे शब्दाः परमात्मन एव वाचकाः । न च पर्य्यायत्वं द्वारभेदसम्भवात् । तथाहि जीवस्य शरीरतया प्रकारभूतानि देवमनुष्यादिसंस्थानानीव सर्वाणि वस्तूनीति ब्रह्मात्मकानि तानि सर्वाणि॥२५॥

यतः—
देवो मनुष्यो यक्षो वा पिशाचोरगराक्षसाः ।
पक्षी वृक्षो लता काष्ठं शिला तृणं घटः पटः ॥ २६ ॥

इसीकारण, देव, मनुष्य, यक्ष, पिशाच, उरग, राक्षस, पक्षी, वृक्ष, काष्ठ, शिला, तृण, घट और पट इत्यादि जो सब शब्द प्रकृति प्रत्ययके योगमें अभिधायक कहकर लोकमें प्रसिद्ध है, सो सब ही उसकी वाच्यतामें प्रतीयमान तत्तत्संस्थान विशिष्ट वस्तु सहायसे तदभिमानी जीव और उसका अन्तर्यामी परमात्मा पर्य्यन्त संस्थानका वाचक होता है। तत्त्वमुक्तावली और चतुरन्तर नामक ग्रंथमें देवादि शब्दोंका परमात्मा पर्य्यन्तत्व कहा है ॥ २६ ॥

इत्यादयः सर्वे शब्दाः प्रकृतिप्रत्यययोगेनाऽभिधायकतया प्रसिद्धा लोके तद्वाच्यतया प्रतीयमानतत्तत्संस्थानवद्वस्तुमुखेन तदभिमानिजीवतदन्तर्यामिपरमात्मपर्य्यन्तसंस्थानस्य वाचकाः । देवादिशब्दानां परमात्मपर्य्यन्तत्वमुक्तं तत्त्वमुक्तावल्यां चतुरन्तरे च ॥ २७ ॥

देवादि शब्द जीवका वाचक है। और निष्कर्ष अभिप्राययुक्त सब लौकिक और वैदिक प्रयोग, जीवसे अभिन्न सिद्ध भावाभिधान अर्थात् परमात्माका वाचक होता है। आत्मसम्बन्ध कालमें देव और मनुष्यादि मुक्तिविशिष्ट होकर जो अवस्थिति करता है, सो नहीं जाना जाता। वही जीवात्मा ही संसारमें अनुप्रवेशकर, नाम और रूप व्यक्त करता है ॥ २७ ॥

जीवं देवादिशब्दो वदति तदपृथक् सिद्धभावाभिधानं
निष्कर्षाकूतयुक्तो बहुरिह च दृढो लोकवेदप्रयोगः ॥
आत्मासम्बन्धकाले स्थितिरनवगता देवमर्त्यादिमूर्त्ते-
र्जीवात्मानुप्रवेशाज्जगति विभुरपि व्याकरोन्नामरूपे ॥

इत्यनेन देवादिशब्दानां शरीरपर्य्यन्तत्वं प्रतिपाद्य संस्थानैक्याद्यभाव इत्यादिना शरीरलक्षणं दर्शयित्वा शब्दस्तत्त्वस्वरूपप्रतिकृतिभिरित्यादिना विश्वेश्वरादपृथक्सिद्धत्वमुपपाद्य निष्कर्षाकूतेत्यादिना पद्येन सर्वेषां शब्दानां परमात्मपर्य्यन्तत्वं प्रतिपादितं तत् सर्वं तत एवावधार्य्यम् । अयमेवार्थः समर्थितो वेदार्थसंग्रहे नामरूपश्रुतिव्याकरणप्रमये रामानुजेन॥२८॥

यहां देवादि शब्दोंका शरीर पर्य्यन्तत्व प्रतिपादन कर, पीछे निष्कर्ष [illegible] इत्यादि शब्द प्रयोगद्वारा सब शब्दोंका परमात्मा पर्य्यन्तत्व जो प्रतिपादन किया [illegible]

ही परमात्मा है, ऐसा समझना वा निश्चय करना चाहिये । रामानुजने वेदार्थसंग्रह नामक ग्रंथमें नामरूप श्रुतिके व्याकरणका समय इसी प्रकारके अर्थका समर्थन किया है ॥२८॥

किञ्च सर्वप्रमाणस्य सविशेषविषयतया निर्विशेषवस्तुनि न किमपि प्रमाणं समस्ति निर्विकल्पकप्रत्यक्षेऽपि सविशेषमेव वस्तु प्रतीयते । अन्यथा सविकल्पके सोयमिति पूर्वप्रतिपन्नप्रकारविशिष्टप्रतीत्यनुपपत्तेः ॥ २९ ॥

पुनः समुदाय प्रमाण सविशेष कहकर ब्रह्मरूप निर्विशेष वस्तुमें कोई प्रमाणही नही स्थान पाता है, जो वस्तु सविशेष है, वही निर्विकल्प प्रत्यक्ष प्रतीत होता है उसके न होनेसे सविकल्पक वस्तुमें वही इत्यादि पूर्व सिद्ध प्रकार विशिष्ट प्रतीतिकी अनुपपत्ति सम्भव होती है ॥ २९ ॥

किञ्च तत्त्वमस्यादिवाक्यं न प्रपञ्चस्य बाधकं भ्रान्तिमूलकत्वात् । भ्रान्तिप्रयुक्तरज्जुसर्पबाधयवत् नापि ब्रह्मात्मैक्यज्ञानं निवर्त्तकं तत्र प्रमाणाभावस्य प्रागेवोपपादनात् । न च प्रपञ्चस्य सत्यत्वप्रतिष्ठापनपक्षे एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानप्रतिज्ञाव्याकोपः प्रकृतिपुरुषमहदहङ्कारतन्मात्रभूतेन्द्रियचतुर्दशभुवनात्मकब्रह्माण्डतदन्तर्वर्त्तिदेवतिर्य्यङ्मनुष्यस्थावरादिसर्वप्रकारसंस्थानसंस्थितं कार्य्यमपि सर्वं ब्रह्मैवेति कारणभूतब्रह्मात्मज्ञानादेव सर्वविज्ञानं भवतीत्येकविज्ञानेन सर्वविज्ञानस्योपपन्नतरत्वात् ॥३०॥

अपिच ब्रह्मव्यतिरिक्तस्य सर्वस्य मिथ्यात्वे सर्वस्यासत्त्वादेवैक विज्ञानेन सर्वविज्ञानं बाध्येत । नामरूपविभागेनेहसूक्ष्मदशावत् प्रकृतिपुरुषशरीरं ब्रह्मकारणावस्थं जगतस्तदापत्तिरेव प्रलयः नामरूपविभागविभक्तस्थूलचिदचिद्वस्तुशरीरं ब्रह्मकार्य्यावस्थं ब्रह्मणस्तथाविधस्थूलभावश्च सृष्टिरित्यभिधीयते ॥ ३१ ॥

पुनः ब्रह्मव्यतिरिक्त सबही वस्तु मिथ्या एवं सबही सत्वहीन इसप्रकार एक विज्ञानद्वारा सर्व्वविज्ञान बाधित होता है नामरूप विभागके अनुपयुक्त सूक्ष्म दशाविशिष्ट प्रकृति पुरुष शरीर ब्रह्मकारणमें अवस्थित करता है । उसके आपत्तिकोही जगतका प्रलय कहते हैं और नाम, रूप, विभाग, विभक्त, स्थूलस्वरूप, चिद्वस्तु, शरीर ब्रह्मकार्य्यमें प्रतिष्ठित हैं । ब्रह्मके उस प्रकार स्थलभावकोही सृष्टि कहते हैं ॥ ३१ ॥

एवञ्च कार्य्यकारणयोरनन्यत्वमप्यारम्भणाधिकरणे प्रतिपादित- मुपपन्नतरं भवति । निर्गुणवादाश्च प्राकृतहेयगुणनिषेधविषय- तया व्यवस्थिताः नानात्वनिषेधवादाश्च एकस्यैव ब्रह्मणः शरी- रतया प्रकारभूतं सर्वं चेतनाचेतनात्मकं वस्त्विति सर्वस्यात्म- तया सर्वप्रकारं ब्रह्मैवावस्थितमिति सर्वात्मकब्रह्मपृथग्भूतवस्तु सद्भावनिषेधपरत्वाभ्युपगमेन प्रतिपादिताः ॥ ३२ ॥

इसप्रकार, आरम्भणाधिकरणमें कार्य्य कारण दोनोंका जो अनन्यत्व कहा गया है, वही अच्छीप्रकार सिद्ध होता है । पुनः प्राकृत हेय गुणका निषेध विषयता वशात् जो निर्गुण- वाद प्रतिष्ठापित हुआ है, वह भी कहा गया । इस प्रकार सब ही चेतनाचेतनात्मक वस्तु एकमात्र ब्रह्मका शरीररूप कहकर, उसीका प्रकारभूत एवं ब्रह्मही सबका आत्मा कहकर सब प्रकारसे अवस्थित हैं, इत्यादि विधानसे सर्व्वात्मक ब्रह्मसे पृथग् भूतवस्तुका निषेध परत्व स्वीकारद्वारा ब्रह्मका सर्व्वात्मकत्व उपपादित होता है ॥ ३२ ॥

किमत्र तत्त्वं भेदः अभेदः उभयात्मकं वा सर्वशरीरतया सर्वप्र- कारं ब्रह्मैवावस्थितमित्यभेदोऽभ्युपेयते एकमेव ब्रह्मनानाभूतचि- दचित्प्रकारं नानात्वेनावस्थितमिति भेदाभेदौ चिदचिदीश्व- राणां स्वरूपस्वभाववैलक्षण्यादसंकराच्च भेदः ॥ ३३ ॥

इससमय इसविषयमें असल तत्व क्या है ? भेद या अभेद, अथवा भेदाभेद दोनों ही किम्वा सब ही प्रकृततत्व है ? उनमें सर्व्वात्मकता वशात ब्रह्म ही सब प्रकारसे अवस्थित

है, इसके द्वारा अभेद अभ्युपेत होता है। पुनः, एकमात्र ब्रह्मही नानाभूत और चित् और अचित् प्रकारसे नानात्ववशात् विराजमान होता है, इसका द्वारा भेदाभेद प्रतिपादित होता है। चित्. अचित् और ईश्वर इन सबका स्वरूप और स्वभावका वैलक्षण्य एवं असङ्कर वशात् भेद प्रसिद्ध है ॥ ३३ ॥

तत्र चिद्रूपाणां जीवात्मनामसङ्कुचितापरिच्छिन्ननिर्मलज्ञानरूपाणामनादिकर्मरूपाविद्यावेष्टितानां तत्तत्कर्मानुरूपज्ञानसङ्कोचविकाशौ भोग्यभूता चित् भोक्ता संसर्गः तदनुगुणसुखदुःखोपभोगद्वयवत् कृता भगवत्प्रतिपत्तिः भगवत्पदप्राप्तिरित्यादयः स्वभावाः। अचिद्वस्तूनान्तु भोग्यभूतानामचेतनत्वमपुरुषार्थत्वं विकारास्पदत्वमित्यादयः परस्येश्वरस्य भोक्तृभोग्ययोरुभयोरन्तर्यामिरूपेणावस्थानमपरिच्छेद्यज्ञानैश्वर्य्यवीर्य्यशक्तितेजःप्रभृत्यनवस्थितिकातिशयासंख्येयकल्याणगुणगणता स्वसङ्कल्पप्रवृत्तस्वेतरसमस्तचिदचिद्वस्तुजातता स्वाभिमतस्वानुरूपैकरूपदिव्यरूपनिरतिशयविविधानन्तभूषणतेत्यादयः॥३४॥

इनमें जो असङ्कुचित, अपरिच्छिन्न और निर्मल ज्ञानस्वरूप एवं अनादि कर्मरूप अविद्यामें वेष्टित हैं, वही चिद्रूप जीवात्माके उस २ कर्म्मानुसार ज्ञानका सङ्कोच और विकास भोग्यभूत चित्भोक्ता, संसर्ग एवं उसके अनुगुण सुखदुःखोपभोगद्वयके विहित भगवत् प्रतिपत्ति और तदीय पदप्राप्ति ये सब स्वभाव कहकर परिगणित हैं। भोग्यभूत अचिद् वस्तुगणकी अचेतनत्व अपुरुषार्थत्व और विकारास्पदीभूतत्व इत्यादि स्वभाव हैं। भोक्ता और भोग्य इन दोनोंके अन्तर्यामीरूपसे अविच्छिन्न ज्ञान, ऐश्वर्य्य, वीर्य्य, शक्ति और तेजःप्रभृति अनिमय असंख्येय कल्याण गुणगण विशिष्टता. स्वकीय संकल्पसे समुद्भूत आत्मभिन्न समस्त चिद् और अचिद् वस्तु सबका अधिष्ठातृता एवं स्वाभिमत स्वानुरूप, एकरूप, दिव्यरूप, निरतिशय, नानाविध और अनन्त भूषणोंसे अलङ्कार इत्यादि ईश्वरका स्वभाव ॥ ३४ ॥

वैकुण्ठनाथेन त्वित्थं निरटङ्कि पदार्थविभागः।
द्रव्याद्रव्यप्रभेदान्मितमुभयविधं तद्विदं तत्त्वमाहुः॥
द्रव्यं द्वेधा विभक्तं जडमजडमिति प्राच्यमव्यक्तकालौ।
अन्त्यं प्रत्यक् पराक् च प्रथममुभयथा तत्र जीवेशभेदात्॥
नित्या भूतिर्मतिश्चेत्यपरमिह जडामादिमां केचिदाहुः ॥३५॥

वेङ्कटनाथनें इसप्रकार पदार्थ निर्णय किया है, द्रव्य और अद्रव्य प्रभेद वशात् तत्व दो प्रकारका है । द्रव्य और दो भागोंमें विच्छिन्न है । जैसे–जड़ और अजड़ । प्राक् और पराक् एवं जीव और ईश्वरभेदसे इन दोनोंके और यथाक्रमसे दो प्रकार हैं । कोई २ नित्या भूति और मति ये दो विभाग निर्देश करते हैं ॥ ३५ ॥

तत्र–

द्रव्यं नाना दशावत् प्रकृतिरिह गुणैः सत्त्वपूर्वैरुपेता
कालोऽब्दाद्याकृतिः स्यादणुरवगतिमान् जीव ईशोऽन्य आत्मा ।
संप्रोक्ता नित्यभूतिस्त्रिगुणसमधिका सत्त्वयुक्ता तथैव
ज्ञातुर्ज्ञेयावभासा मतिरिति कथितं संग्रहाद्द्रव्यलक्ष्म ॥
इत्यादिना ॥ ३६ ॥

उनमें द्रव्य विविध दशान्तर विशिष्ट, प्रकृति सत्त्वादि गुणोंसे अलंकृत है, काल भी शब्द प्रभृति आकृतिसम्पन्न है, जीव और ईश्वर आत्मा, उनमें जीव अणुस्वरूप और अनुभव स्वरूप है, जिसमें तीन गुणोंहीका आधिक्य है, उसका नाम नित्या भूति एवं जिसमें ज्ञाताका ज्ञेयविषयमें उपलब्धि उत्पन्न होती है, उसका नाम मति है । इसी संग्रहको सत्ता कहते हैं ॥ ३६ ॥

तत्र चिच्छब्दवाच्याजीवात्मानः परमात्मनः सकाशाद् भिन्नाः नित्याश्च । तथाच श्रुतिः, द्वा सुपर्णा सयुजा सखायेत्यादिका । अतएवोक्तं नानात्मानो व्यवस्थात इति । तन्नित्यत्वमपि श्रुतिप्रसिद्धम् ।

न जायते म्रियते वा विपश्चि-
न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः ।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे इति ॥ ३७ ॥

उनमें चिच्छब्दका वाच्य जीवात्मा परमात्मासे भिन्न और नित्यस्वरूप है । श्रुतिमें भी यह कहा है, कि दो पक्षी परस्पर समान और सखा हैं इत्यादि । उसका नित्यत्व भी श्रुति प्रसिद्ध । जैसे–इसका जन्म नहीं, मृत्यु नहीं, कभी होकर और होता नहीं । यह

जन्महीन, नित्य, शाश्वत और पुराणस्वरूप है । शरीरको हन्यमानत्वमें भी, यह मारा नही जाता ॥ ३७ ॥

अपरथा कृतप्रणाशाकृताभ्यागमप्रसङ्गः । अतएवोक्तं वीतराग-जन्मादर्शनादिति । तदणुत्वमपि श्रुतिप्रसिद्धम् ।

वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च ।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पत इति ॥
आराग्रमात्रः पुरुषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्य इति च ॥ ३८ ॥

फलतः नित्यत्व प्रभृति गुणका सन्निवेश न होनेसे, कृतप्रणाश और अकृताभ्यागम दोष संघटित होता है । उसका अणुत्व भी श्रुति प्रसिद्ध है । जैसे, एक केशके अग्रभागको १०० भागकर पुनः उस एक २ भागको सौ २ भाग करनेसे जो होगा वही जीवका स्वरूप जानना । इसप्रकार वह अणुस्वरूप है, पुरुषरूपी आत्मा एकमात्र चित्तका वेदनीय है ॥ ३८ ॥

अचिच्छब्दवाच्यं दृश्यं जडं जगत् त्रिविधं भोग्यभोगोपकरण-भोगायतनभेदात् । तस्य जगतः कर्त्तोपादानं चेश्वरपदार्थः पुरुषोत्तमो वासुदेवादिपदवेदनीयः । तदप्युक्तम् ।

वासुदेवः परं ब्रह्म कल्याणगुणसंयुतः ।
भुवनानामुपादानं कर्त्ता जीवनियामक इति ॥ ३९ ॥

अचित् शब्दवाच्य दृश्यमान जड जगत् तीनों भाग विच्छिन्न जैसे, भोग्य, भोगोपकरण और भोगायतन । आदि पद वेदनीय ईश्वररूपी पुरुषोत्तम वासुदेवही इस जगत्का कर्त्ता और उपादान है । तथापि कहाहै, सद्गुणाय कल्याणगुणसम्पन्न वासुदेवही परब्रह्म । वही जो सम्पूर्ण भवनोंका उपादान, कर्त्ता और सब जीवोंका नियामक है ॥ ३९ ॥

स एव वासुदेवः परमकारुणिको भक्तवत्सलः परमपुरुषस्तदुपासकानुगुणतत्फलप्रदानाय स्वलीलावशादर्चाविभवव्यूहसूक्ष्मान्तर्यामिभेदेन पञ्चधावतिष्ठते । तत्रार्चा नाम प्रतिमादयः । रामाद्यवतारो विभवः । व्यूहश्चतुर्विधः वासुदेवसङ्कर्षणप्रद्युम्नानिरुद्धसंज्ञकः । सूक्ष्मं सम्पूर्णं षड्गुणं वासुदेवाख्यं परं ब्रह्म गुणा अपहतपाप्मत्वादयः । सोऽपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सः सत्यकामः सत्यसङ्कल्प इति श्रुतेः । अन्त-

र्यामीसकलजीवनियामकः य आत्मनि तिष्ठन्नात्मानमन्तरीयमयतीति श्रुतेः तत्र पूर्वपूर्वमूर्त्त्युपासनया पुरुषार्थपरिपन्थिदुरितनिचयक्षये सत्युत्तरोत्तरमूर्त्त्युपास्त्यधिकारः । तदुक्तम्—

वासुदेवः स्वभक्तेषु वात्सल्यात् तत्तदीहितम् ।
अधिकार्य्यानुगुण्येन प्रयच्छति फलं बहु ॥ ४० ॥

वह परम कारुणिक और परम पुरुषरूपी है भक्तवत्सल वासुदेवही स्वकीय उपासक-मण्डलीके परम अभीप्सित तत्तत् फल प्रदान वासनामें अनन्य साधारण लीला रससे अर्चा, विभव, व्यूह, सूक्ष्म, अन्तर्यामी, भेदसे पांच प्रकारसे अधिष्ठित है । उनमें अर्चा शब्दसे प्रतिमादि विभव शब्दसे रामादि रूपमें अवतरण होना, व्यूह चार प्रकारका है, वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध । सूक्ष्म शब्दसे षड्गुण पूर्ण वासुदेव नामक परब्रह्म । यहां गुण शब्दसे अपहत पाप्मत्व प्रभृति । जैसे श्रुतिमें कहा है, वही अपहत पाप्मा शोकहीन, रजोहीन, मृत्युहीन इत्यादि । इसप्रकार अन्तर्यामी शब्दसे सब जीवोंका नियामकरूपसे जो आत्मामें अधिष्ठित है । श्रुतिमें भी कहा है जो आत्मामें अन्तरसे अवस्थित है । रहकर आत्माको नियन्त्रित करता है । उनमें पूर्व २ मूर्तिकी उपासनाद्वारा पुरुषार्थप्राप्तिके प्रतिकूल दुरित राशि दूर होनेपर उत्तरोत्तर मूर्तियोंकी उपासनामें अधिकार उत्पन्न होता है उसी प्रकार कहा भी है:—भगवान् वासुदेव स्वकीय भक्तोंके वात्सल्यवशात् अधिकारीके आनुगुण्यक्रमसे सबही अभीष्ट फलोंको प्रदान करते हैं ॥ ४० ॥

तदर्थं लीलया स्वीयाः पञ्च मूर्तीः करोति वै ।
प्रतिमादिकमर्चा स्यादवतारास्तु वैभवाः ॥ ४१ ॥

उसी कारण जो लीलारससे अपनी पांच मूर्त्तियोंको आविष्कार करते है । उनमें प्रतिमादिका नाम अर्चा रामादिका अवतार वैभव नामसे परिगणित है ॥ ४१ ॥

सङ्कर्षणो वासुदेवः प्रद्युम्नश्चानिरुद्धकः ।
व्यूहश्चतुर्विधो ज्ञेयः सूक्ष्मं सम्पूर्णषड्गुणम् ॥
तदेव वासुदेवाख्यं परं ब्रह्म निगद्यते ॥ ४२ ॥

सङ्कर्षण, वासुदेव, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध ये चार प्रकारके व्यूह हैं । सूक्ष्म, सम्पूर्ण, षड्गुण विशिष्ट वही वस्तु वासुदेव परम ब्रह्म कहकर परिगणित होते हैं ॥ ४२ ॥

अन्तर्यामी जीवसंस्थो जीवप्रेरक ईरितः ॥
य आत्मनीतिवेदान्तवाक्यजालैर्निरूपितः ॥ ४३ ॥

जो जीवके भीतर रहकर उनकी प्रेरणा करे उसका नाम अन्तर्यामी है । वेदान्तकी बातें परस्परमें विरुद्ध हैं जो इस प्रकार निरूपित हुआ है ॥ ४३ ॥

अर्चोपासनया क्षिप्ते कल्मषेऽधिकृतो भवेत् ॥
विभवोपासने पश्चाद् व्यूहोपास्तौ ततः परम् ।
सूक्ष्मे तदनुशक्तः स्यादन्तर्यामिणमीक्षितुमिति ॥ ४४ ॥

उनमें अर्चा वा प्रतिमादिकी उपासना करनेसे दुरित राशि दूर होतेहैं और उसके सहकारसे विभवोपासनामें अधिकार संघटन होता है । पश्चात् व्यूहके उपासनाका अधिकारी होजाता है । तदनंतर सूक्ष्मके उपासनाका सामर्थ्य होता है । पीछे अन्तर्यामीके साक्षात् करनेकी शक्ति समुद्भूत होती है ॥ ४४ ॥

तदुपासनञ्च पञ्चविधम् अभिगमनमुपादानमिज्या स्वाध्यायो योग इति श्रीपञ्चरात्रेऽभिहितम् । तत्राभिगमनं नाम देवतास्थानमार्गस्य संमार्जनोपलेपनादि । उपादानं गन्धपुष्पादिपूजासाधनसम्पादनम् । इज्या नाम देवतापूजनम् । स्वाध्यायो नाम अर्थानुसन्धानपूर्वको मन्त्रजपो वैष्णवसूक्तस्तोत्रपाठो नामसङ्कीर्तनं तत्त्वप्रतिपादकशास्त्राभ्यासश्च । योगो नाम देवतानुसन्धानम् । एवमुपासनाकर्मसमुच्चितेन विज्ञानेन दृष्टदर्शने नष्टे भगवद्भक्तस्य तन्निष्ठस्य भक्तवत्सलः परमकारुणिकः पुरुषोत्तमः स्वयाथात्म्यानुभवानुगुणनिरवधिकानन्तरूपं पुनरावृत्तिरहितं स्वपदं प्रयच्छति । तथाच स्मृतिः—

मामुपेत्य पुनर्जन्म दुःखालयमशाश्वतम् ।
नाप्नुवन्ति महात्मानः संसिद्धिं परमां गता इति ॥ ४५ ॥

समुद्भावित विज्ञान योग सहाकारसे द्रष्टृ, दर्शन निवृत्त होनेपर भक्त वत्सल परम कारुणिक पुरुषोत्तम वासुदेव अपना याथात्म्य स्वरूपानुभवके अनुकूल, सब प्रकार सीमा विभाग विरहित, अनन्तस्वरूप एवं पुनर्जन्म विवर्जित स्वकीय पद भगवद्भक्त और उसके साथ से सक्त पुरुषोंको प्रदान करते हैं। और कहा है, मेरे शरणागत होनेसे महाजन परम संसिद्धिलाभपूर्व्वक, दुःखके निलय स्वरूप भंगुरभावापन्न पुनर्जन्मको प्राप्त नहीं होता ॥ ४५ ॥

स्वभक्तं वासुदेवोऽपि संप्राप्यानन्दमक्षयम्।
पुनरावृत्तिरहितं स्वीयं धाम प्रयच्छतीति च ॥ ४६ ॥

वासुदेव अपने भक्तोंको अक्षय आनन्द एवं पुनरावृत्ति विरहित स्वीय धाम प्रदान करते हैं ॥ ४६ ॥

तदेतत् सर्वं हृदि निधाय महोपनिषन्मतावलम्बनेन भगवद्बोधायनाचार्य्यकृतां ब्रह्मसूत्रवृत्तिं विस्तीर्णामालक्ष्य रामानुजः शारीरिकमीमांसाभाष्यमकार्षीत्। तत्राथातो ब्रह्मजिज्ञासेति प्रथमसूत्रस्यायमर्थः। अत्र अथशब्दः पूर्वप्रवृत्तकर्माधिगमनानन्तर्य्यार्थः। तदुक्तं वृत्तिकारेण—वृत्तात् कर्माधिगमादनन्तरं ब्रह्म विविदिषतीति। अतः शब्दो हेत्वर्थः अधीतसाङ्गवेदस्याधिगततदर्थस्य विनश्वरफलात् कर्मणो विरक्तत्वाद्धेतोः स्थिरमोक्षाभिलाषुकस्य तदुपायभूतब्रह्मजिज्ञासा भवति। ब्रह्मशब्देन स्वभावतो निरस्तसमस्तदोषानवधिकातिशयासंख्येयकल्याण गुणः पुरुषोत्तमोऽभिधीयते ॥ ४७ ॥

इन सबको हृदयमें सम्यक् रूपसे स्थापन और उसके सहकारसे महोपनिषन्मत अनुसरण पूर्वक रामानुज भगवान्ने बोधायनाचार्य्य प्रणीत ब्रह्मसूत्र वृत्तिकी आलोडनाकर शारीरक मीमांसाका भाष्य प्रणयन किया है। उनने अनन्तर इस कारण ब्रह्मको जाननेके लिये इच्छा इत्यादि प्रथम सूत्रका अर्थ यह पूर्व्व प्रवृत्त कर्म्माधिगमनका आनन्तर्य्य समझानेके लिये यहां अथ शब्द प्रयोजित हुआ है। वृत्तिकारने भी वही कहा है। जैसे प्रवृत्त कर्म्माधिगमनका अनन्तर ब्रह्मको जाननेकी अभिलाषा होती है। इस कारण शब्दप्रयोगका भावार्थ यह है जो समुदायस्वाङ्गवेद अध्ययन और उनका अर्थ सम्यक् रूपसे प्रतिगमनकर, विनश्वर फल विशिष्ट कर्म्मकी विरक्ति उपस्थित होती है। इस कारण स्थिरपद लाभमें अभिलाषा हुई, उसके उपाय स्वरूप ब्रह्मको जाननेकी इच्छा प्रादुर्भूत होती है। ब्रह्म शब्दसे स्वभावतः समस्त

दोष विहीन, सब प्रकार अवधि शून्य अतिशय असंख्येय कल्याणगुणविशिष्ट पुरुषोत्तमको बोध करता है ॥ ४७ ॥

एवञ्च कर्मज्ञानस्य तदनुष्ठानस्य च वैराग्योत्पादनद्वारा चित्तकल्मषापनयनद्वारा च ब्रह्मज्ञानं प्रति साधनत्वेन तयोः कार्य्यकारणत्वेन पूर्वोत्तरमीमांसयोरेकशास्त्रत्वम् । अतएव वृत्तिकारा एकमेवेदं शास्त्रं जैमिनीयेन षोड़शलक्षणेनेत्याहुः । कर्मफलस्य क्षयित्वं ब्रह्मज्ञानफलस्य चाक्षयित्वं परीक्ष्य लोकान् कर्मचितान् ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेनेत्यादिश्रुतिभिरनुमानार्थापत्त्युपबृंहिताभिः प्रत्यपादि । एकैकनिन्दया कर्मविशिष्टस्य ज्ञानस्य मोक्षसाधनत्वं दर्शयंति श्रुतिः अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायां रताः । विद्याञ्चाविद्याञ्च यस्तद्वेदोभयं सह अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते इत्यादि ॥ ४८ ॥

इसप्रकार कर्मज्ञान और उसका अनुसन्धान इन दो विषयोंमें वैराग्यका उत्पादन और उसके सत्कारसे चित्त कलुष निःशेष करके निराकरण करनेके लिये परब्रह्म ज्ञानका प्रतिसाधन होता है । तन्निबन्धन दोनो कारणोंसे भावमें बद्ध होजानेसे, पूर्व्व मीमांसा और उत्तर मीमांसाका एक शास्त्रत्वसिद्ध होता है । इस कारण वृत्तिकारगणने कहा है, एकही शास्त्र जैमिनिप्रोक्त १६ लक्षणद्वारा कहा गया है । कर्म्मफलका क्षयशीलत्व और ब्रह्मज्ञान फलका अक्षयित्वकी परीक्षाकर श्रुतिमे एकैक निन्दाक्रमसे कर्म्मविशिष्ट ज्ञानका मोक्षसाधनत्व प्रदर्शित हुआ है । जैसे, लोग अविद्याका उपासक. वे लोग अन्धतममे प्रवेश करते है, जो लोग विद्यामें सक्त उनकी भी ऐसी ही दशा होती है जो व्यक्तिविद्या और अविद्या दोनोंके ज्ञाता हैं, सो अविद्याके सहित मृत्युको पारकर. विद्याद्वारा मोक्ष लाभ करते हैं इत्यादि ॥ ४८ ॥

तदुक्तं पाञ्चरात्ररहस्ये—

स एव करुणासिन्धुर्भगवान् भक्तवत्सलः ।
उपासकानुरोधेन भजते मूर्तिपञ्चकम् ॥ ७२ ॥

तदर्चाविभवव्यूहसूक्ष्मान्तर्यामिसंज्ञकम् ।
यदाश्रित्यैव चिद्वर्गस्तत्तज्ज्ञेयं प्रपद्यते ॥ ५० ॥

इन पांच मूर्तियोंके नाम जैसे, अर्चा, विभव, व्यूह, सूक्ष्म और अन्तर्यामी हैं । चिन्मय, विग्रह भगवान् उस २ मूर्तिका आश्रयकर सबके अगोचर आविर्भूत होते हैं ॥ ५० ॥

पूर्वपूर्वोदितोपास्तिविशेषक्षीणकल्मषः ।
उत्तरोत्तरमूर्त्तीनामुपास्त्यधिकृतो भवेत् ॥ ५१ ॥

उनमें पूर्व २ मूर्तिकी उपासना करनेपर उसके प्रभावसे अशेष पापका निरास होकर उत्तरोत्तर मूर्तियोंकी उपासनाका अधिकार उत्पन्न होता है ॥ ५१ ॥

एवं ह्यहरहः श्रौतस्मार्त्तधर्मानुसारतः ।
उक्तोपासनया पुंसां वासुदेवः प्रसीदति ॥ ५२ ॥

इसप्रकार दिन दिन श्रौतस्मार्त्त धर्म्मके अनुसरणपूर्वक उक्तविधानसे उपासना करने पर, वासुदेव प्रसन्न होते हैं ॥ ५२ ॥

प्रसन्नात्मा हरिर्भक्त्या निदिध्यासनरूपया ।
अविद्यां कर्मसङ्घातरूपां सद्यो निवर्त्तयेत् ॥ ५३ ॥

भगवान् हरि निदिध्यासन रूपसे भक्ति करनेपर प्रसन्नचित्त होकर, क्रम २ से कर्म्मसंघातरूप अविद्याका सदा नाश करते हैं ॥ ५३ ॥

ततः स्वाभाविकाः पुंसां ते संसारतिरोहिताः ।
आविर्भवन्ति कल्याणाः सर्वज्ञत्वादयो गुणाः ॥ ५४ ॥

तब पुरुषका संसार तिरोहित और स्वभाव सिद्ध सर्व्वज्ञत्व प्रभृति कल्याण गुणपरम्पराका आविर्भाव होता है ॥ ५४ ॥

एवं गुणाः समानाः स्युर्मुक्तानामीश्वरस्य च ।
सर्वकर्तृत्वमेवैकं तेभ्यो देवे विशिष्यते ॥ ५५ ॥

इसप्रकार ईश्वर और भक्तलोग दोनोंका समान गुणका समावेश होता है । उनमें ईश्वर एकमात्र सर्वकर्तृत्वद्वारा उन सबकी अपेक्षा वैशिष्ट्य प्राप्त होते हैं ॥ ५५ ॥

मुक्तास्तु शेषिणि ब्रह्मण्यशेषे शेषरूपिणः ।
सर्वानश्नुवते कामान् सह तेन विपश्चितेति ॥ ५६ ॥

शेषरूपी भक्तगणमुक्तिलाभकर, वही शेषरूपी ब्रह्ममें लीन होकर, समुदाय भोग्य विषय सम्भोग करते हैं ॥ ५६ ॥

तस्मात्तापत्रयातुरैरमृतत्वाय पुरुषोत्तमादिपदवेदनीयं ब्रह्म जिज्ञासितव्यमित्युक्तं भवति । प्रकृतिप्रत्ययैः प्रत्ययार्थं प्राधान्येन सह ब्रूत इतः स नोऽन्यत्रेति वचनबलादिच्छाया इष्यमाणप्रधानत्वादिष्यमाणं ज्ञानमिह विधेयं तच्च ध्यानोपासनादिशब्दवाच्यं वेदनं न तु वाक्यजन्यमापातज्ञानं पदसन्दर्भश्राविणो व्युत्पन्नस्य विधानमन्तरेणापि प्राप्तत्वात्। आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः। आत्मेत्येवोपासीत विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत अनुविद्यं विजानातीत्यादिश्रुतिभ्यः। अत्र श्रोतव्य इत्यनुवादः अध्ययनविधिना साङ्गस्य ग्रहणे अधीतवेदस्य पुरुषस्य प्रयाजनवदर्थदर्शनात्तन्निर्णयाय स्वरसत एव श्रवणे प्रवर्त्तमानतया तस्य प्राप्तत्वात्। मन्तव्य इति चानुवादः श्रवणप्रतिष्ठार्थत्वेन मननस्यापि प्राप्तत्वादप्राप्ते शास्त्रमर्थवदिति न्यायात्। ध्यानञ्च तैलधारावदविच्छिन्नस्मृतिसन्तानरूपा वा स्मृतिः स्मृतिप्रतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्ष इति ध्रुवायां स्मृतेरेव मोक्षोपायत्वश्रवणात्। सा च स्मृतिर्दर्शनसमानाकारा ॥ ८७ ॥

इस कारण तीनों तापोंसे आतुर पुरुषलोग अमृतत्व नामके निमित्त पुरुषोत्तम प्रभृति पदवेदनीय ब्रह्मजिज्ञासामें प्रवृत्त होवे, यही कहा है। शास्त्रवाक्यानुसार इच्छाकी इष्यमाण प्रधानत्ववशात् इष्यमाण ज्ञान अर्जन करना कर्त्तव्य है वह ज्ञान, ध्यान और उपासनादि शब्द-वाच्य, वेदनस्वरूप, वाक्यजन्य आपात ज्ञान नहीं। क्योंकि, पद सन्दर्भश्रवण परायण पुरुषका विधान व्यतिरेकके बिना भी वह ज्ञान होता है। श्रुतिमें भी कहा है अरे! आत्माका

इसप्रकार अविचलित स्मृतिका मोक्षोपायत्व प्रसिद्ध है । यह स्मृति साक्षात् दर्शनकी नाई, क्यों नहीं ॥ ५७ ॥

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः ।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे ॥ ५८ ॥

उसी परमात्माभगवान्का स्वरूप दृष्ट होनेपर, हृदयकी सब गांठें खुलजातीं सम्पूर्ण संशय नष्ट होजाते और सब कर्म्म क्षीण होजाते हैं ॥ ५८ ॥

इत्यनेनैकत्वात् । तथाच आत्मा वा अरे द्रष्टव्य इत्यनेनास्याद्दर्शनरूपता विधीयते । भवति च भावनाप्रकर्षात् स्मृतेर्दर्शन रूपत्वम् । वाक्यकारेणैतत् सर्वं प्रपञ्चितं वेदनमुपासनं स्यादित्यादिना । तदेव ध्यानं विशिनष्टि श्रुतिः—नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वामिति । प्रियतम एव हि वरणीयो भवति यथायं प्रियतममात्मानं प्राप्नोति तथा स्वयमेव भगवान् प्रियतम इति भगवतैवाभिहितम् ॥ ५९ ॥

इत्यादिके साथ इस स्मृतिकी एकता है । और आत्मा वा अरे द्रष्टव्य अर्थात् आत्माका दर्शन करना चाहिये, इत्यादि वाक्यानुसार इसकी दर्शन स्वरूपता कही गयी है । भावनाके प्रकर्षबलसे स्मृतिका दर्शन स्वरूपत्व घटता है । वाक्यकारने इन सबको प्रपञ्चित किया है, जैसे वेदनही उपासना इत्यादि श्रुतिमें इस ध्यानका विशेषरूपसे निर्देश किया है जैसे, यह आत्मा प्रवचन द्वारा नहीं पाया जाता, मेधाद्वारा भी पाया नहीं जाता, एवं बहुविध श्रुतद्वारा भी नहीं पाया जाता । जो व्यक्ति इसको वरण करता है, वही इसको पाता है । आत्मा उसीके निकट स्वकीय स्वरूप प्रकट करता है, इत्यादि । पुनः स्वयं भगवान्‌हीने कहा है, आत्माही सबकी अपेक्षा प्रिय है । अतएव उसीको वरण करना चाहिये इत्यादि ॥ ५९ ॥

तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम् ।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते इति ॥ ६० ॥

गीता प्रभृतिमें कहा है कि जो लोग नित्य मनके अनुसार ध्यानयुक्त रहकर पूर्ण प्रीतिसे मुझको भजता है, मैं उनको वह बुद्धियोग दान करता हूं; जिस प्रभावसे मुझको प्राप्त होता है ॥ ६० ॥

पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्ययेति च ॥ ६१ ॥

हे पार्थ ! वही परम पुरुष परमात्मा एकमात्र अनन्यभक्तिसे ही लभ्य होता है ॥ ६१ ॥

भक्तिस्तु निरतिशयानन्दप्रियानन्यप्रयोजनसकलेतरवैतृष्ण्यवज्ज्ञानविशेष एव । तत्सिद्धिश्च विवेकादिभ्यो भवतीति वाक्यकारेणोक्तं तल्लब्धिर्विवेकविमोकाभ्यासक्रियाकल्याणानवसादानुद्धर्षेभ्यः सम्भवान्निर्वचनाच्चेति । तत्र विवेको नामादुष्टादन्नात् सत्त्वशुद्धिः, अत्र निर्वचनम्—आहारशुद्धेः सत्त्वशुद्धिः सत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिरिति । विमोकः कामानभिष्वङ्गः शान्त उपासीतेति निर्वचनम् । पुनः पुनः संशीलनमभ्यासः निर्वचनञ्च स्मार्त्तमुदाहृतं भाष्यकारेण—सदा तद्भावभावित इति । श्रौतस्मार्त्तकर्मानुष्ठानं शक्तितः क्रिया क्रियावानेष ब्रह्मविदां वरिष्ठ इति निर्वचनम् सत्यार्जवदयादानादीनि कल्याणानि सत्येन लभ्यत इत्यादिनिर्वचनम् दैन्यविपर्य्ययाऽनवसादः नायमात्मा बलहीनेन लभ्यत इति निर्वचनम् तद्विपर्य्ययजा तुष्टिरनुद्धर्षः शान्तो दान्त इति निर्वचनम् ॥ ६२ ॥

जिसमें निरतिशय आनन्द है, जो सबहीका प्रिय है, जो अनन्य प्रयोजन विशिष्ट, एवं जिसके प्रभावसे सब इतर वस्तुमें वितृष्णाका उदय होता है । तादृश ज्ञान विशेषही भक्ति है । विवेकादिकी सहायतामें उसकी सिद्धि होती है । यह वाक्यकार कहते हैं । जैसे विवेक, विमोक, अभ्यास, क्रिया, अद्भुत, कल्याण, अनवसाद और अनुद्धर्ष एवं निर्व्वचन इन सब उपायोंसे भक्ति होती है । इनमें आत्मा दुष्ट अन्नसे सत्वशुद्धिका नाम विवेक है । इस विषयमें निर्व्वचन यह है, जो आहारशुद्धिसे सत्वशुद्धि एव सत्वशुद्धिसे ध्रुवा स्मृति

तदेवमेवंविधनियमविशेषसमासादितपुरुषोत्तमप्रसादविध्वस्त-तमःस्वान्तस्य अनन्यप्रयोजनानवरतनिरतिशयप्रियवदात्म-प्रत्ययावभासतापन्नध्यानरूपया भक्त्या पुरुषोत्तमपदं लभ्यत इति सिद्धम् । तदुक्तं यामुनेन–उभयपरिकर्मितस्वान्तस्यैकान्तिकात्यन्तिकभक्तियोगलभ्य इति ज्ञानकर्मयोगसंस्कृतान्तःकरणस्येत्यर्थः ॥ ६३ ॥

एवंविध नियम विशेषके साहचर्य्यसे पुरुषोत्तमकी प्रसन्नता होनेपर, लोगोंके अन्तस्थ अन्धकार समूहका नाश होता है । तब, अनन्य प्रयोजन समेत निरवच्छिन्न निरतिशय प्रियतुल्य आत्मप्रभावके अवभास द्वारा ध्यानरूप भक्तिका उदय होता है, उसीमें वह पुरुषोत्तम पद लाभ होता है, यह सिद्ध हुआ । स्वयं यामुनने यही कहा है–जिसका अन्तः करण ज्ञान और कर्म्मयोग सहायसे सविशेष मार्जित और उन्नत हुआ है, वह व्यक्ति एकान्तिक आत्यान्तिक भक्तियोगद्वारा लाभ करता है, इत्यादि ॥ ६३ ॥

किं पुनर्ब्रह्म जिज्ञासितव्यमित्यपेक्षायां लक्षणमुक्तं जन्माद्यस्य यत इति । जन्मादीति सृष्टिस्थितिप्रलयं तद्गुणसंविज्ञानो बहुव्रीहिः अस्याऽचिन्त्यविविधरचनारच्यस्य नियतदेशकालभोगब्रह्मादिस्तम्बपर्य्यन्तक्षेत्रज्ञमिश्रस्य जगतः यतो यस्मात् सर्वेश्वरात् निखिलहेयप्रत्यनीकस्वरूपात् सत्यसङ्कल्पाद्यनवधिकातिशयासंख्येयकल्याणगुणात् सर्वज्ञात् सर्वशक्तेः पुंसः सृष्टिस्थितिप्रलयाः प्रवर्त्तन्त इति सूत्रार्थः ॥ ६४ ॥

किसलिये ब्रह्म जिज्ञासा करनी चाहिये, इस अपेक्षामें कहते हैं, कि वह परमेश्वर, निखिल हेय वस्तुके परिपन्थि स्वरूप, सत्यसङ्कल्प प्रभृत्ति अवधिशून्य अतिशय असंख्येय कल्याण गुणका आधार, सर्व्वज्ञ, सर्व्वशक्तिविशिष्ट पुरुषसे यह अचिन्त्य विविध रचना रच्य, नियत देश काल भोग ब्रह्मादि स्तम्ब पर्य्यन्त क्षेत्रज्ञ समेत जगत्का सृष्टि स्थिति प्रलय प्रवर्त्तित होता है इत्यादि ॥ ६४ ॥

इत्थम्भूते ब्रह्मणि किं प्रमाणमिति जिज्ञासायां शास्त्रमेव प्रमाणमित्युक्तं शास्त्रयोनित्वादिति । शास्त्रं योनिः कारणं प्रमाणं यस्य तच्छास्त्रयोनि तस्य भावस्तत्त्वं तस्माद् ब्रह्मज्ञानकारणा-

त्मज्ञानकारणत्वात् शास्त्रस्य तद्योनित्वं ब्रह्मण इत्यर्थः । न च ब्रह्मणः प्रमाणान्तरगम्यत्वं शङ्कितुं शक्यमतीन्द्रियत्वेन प्रत्यक्षस्य तत्र प्रवृत्त्यनुपपत्तेः नापि महार्णवादिकं सकर्तृकं कार्य्यत्वात् घटवत् इत्यनुमानस्य पूतिकूष्माण्डायमानत्वात् । तल्लक्षणं ब्रह्म, यतो वा इमानि भूतानीत्यादिवाक्यं प्रतिपादयतीति स्थितम् ॥ ६५ ॥

ब्रह्म जो एवं विध गुणविषय, उसका प्रमाण क्या ? इसके उत्तरमें कहते हैं, शास्त्रही उसका प्रमाण है । फलतः शास्त्रद्वारा ब्रह्मज्ञान और आत्मज्ञान दोनोंही विनिष्पादित होतें है । इसकारण शास्त्रही ब्रह्मकी योनि है, या नहीं, प्रमाण । इसके भिन्न ब्रह्मका अन्यविध प्रमाण शङ्का नहीं किसी जासकती । क्योंकि, वह अतीन्द्रिय है । इसकारण उसमें प्रत्यक्ष प्रवृत्ति सिद्ध नही होती । पुनः कार्य्यवशात् घटकी नाई महासमुद्रादि भी कर्त्तृ विशेषसे समुत्पन्न हुआ है, इत्यादि अनुमान पति कूष्माण्डके तुल्य सदा हेयभावापन्न, इस कारण इसमें इसप्रकार अनुमानका भी किसी तरह अवसर नहीं । इस विषयमें श्रुति प्रमाण यह है जो, जिससे यह दृश्यमान भूत प्रपञ्च उत्पन्न हुआ है इत्यादि ॥ ६५ ॥

यद्यपि ब्रह्म प्रमाणान्तरगोचरतां नावतराति तथापि प्रवृत्तिनिवृत्तिपरत्वाभावसिद्धरूपं ब्रह्म न शास्त्रं प्रतिपादयितुं प्रभवतीति एतत्पर्य्यनुयोगपरिहारायोक्तं-तत्तु समन्वयादिति । तुशब्दः प्रसक्ताशङ्काव्यावृत्त्यर्थः तच्छास्त्रप्रमाणकत्वं ब्रह्मणः सम्भवत्येव कुतः समन्वयात् परमपुरुषार्थभूतस्यैव ब्रह्मणोऽभिधेयतयान्वयादित्यर्थः । न च प्रवृत्तिनिवृत्त्योरन्यतरविरहिणः प्रयोजनशून्यत्वं स्वरूपपरेष्वपि पुत्रस्ते जातः नायं सर्प इत्यादिषु हर्षभयनिवृत्तिरूपप्रयोजनत्वं दृष्टमेवेति न किञ्चिदनुपपन्नम् । दिङ्मात्रमत्र प्रदर्शितं विस्तरस्तत्त्वाकरादेवावगन्तव्य इति विस्तरभीरुणोपरम्यत इति सर्वमनाकुलम् ॥ ६६ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे रामानुजदर्शनं समाप्तम् ॥ ४ ॥

ब्रह्मका शास्त्र प्रमाणकत्व सम्भव होता है । क्योंकि, ब्रह्म परम पुरुषार्थ स्वरूप है । सुतरां अभिधेयता वशात् उसके शास्त्रके सहित घनिष्ठ सम्बन्धकता है । प्रवृत्ति निवृत्ति इन दोमेंसे अन्यतर अभाव सत्त्वमें भी प्रयोजनका अभाव होता नहीं । तुम्हारा पुत्र उत्पन्न हुआ है, यह सर्प नहीं, इत्यादि स्थानमें हर्ष और भय निवृत्तिरूप प्रयोजनवत्ता दीख पड़ती है, सुतरां कुछ भी अनुपपन्न नहीं, इस स्थानमें दिङ्मात्र दिखलाया गया । आकारसे साविस्तार देखना चाहिये ॥ ६६ ॥

इति सर्व्वदर्शनसंग्रहमें रामानुजका दर्शन समाप्त हुआ ॥ ४ ॥

अथ पूर्णप्रज्ञदर्शनम् ॥ ५ ॥

तदेतद्रामानुजमतं जीवाणुत्वदासत्ववेदापौरुषेयत्वसिद्धार्थबोधकत्वस्वतःप्रमाणत्वप्रमाणत्रित्वपाञ्चरात्रोपजीव्यत्वप्रपञ्चभेदसत्यत्वादिसाम्येऽपि परस्परविरुद्धभेदादिपक्षत्रयकक्षीकारेण क्षपणकपक्षनिक्षिप्तमित्युपेक्षमाणः स आत्मा तत्त्वमसीत्यादेर्वेदान्तवाक्यजातस्य भङ्ग्यन्तरेणार्थान्तरपरत्वमुपपाद्य ब्रह्ममीमांसाविवरणव्याजेनानन्दतीर्थः प्रस्थानान्तरमास्थित । तन्मते हि द्विविधतत्त्वं स्वतन्त्रास्वतन्त्रभेदात् । तदुक्तं तत्त्वविवेके ।

स्वतन्त्रमस्वतन्त्रञ्च द्विविधं तत्त्वमिष्यते ।
स्वतन्त्रो भगवान् विष्णुर्निर्दोषोऽशेषसद्गुण इति ॥ १ ॥

जीवका अणुत्व, दासत्व, वेदका अपौरुषेयत्व, सिद्धार्थ बोधकत्व और स्वतः प्रमाणत्व प्रमाणत्रित्व, पाञ्चरात्रोपजीव्यत्व, एवं प्रपञ्च भेद इत्यादि सब विषयमें रामानुजके इस मतके साथ एकता होनेपर भी, उसको परस्पर विरुद्ध भेदादि पक्षत्रयका स्वीकार किया गया है, इस कारणसे यह मत क्षपणक पक्ष निक्षिप्त समझकर उसमें उपेक्षा कर, आनन्द तीर्थने तत्त्वमसि आदि वेदान्त वाक्य परम्पराके भङ्गयन्तर क्रमसे अर्थान्तर परता उपपादित करके, ब्रह्ममीमांसा विवरण व्याजसे प्रस्थानान्तर व्यवस्थापित किया है । उनके मतमें स्वतन्त्र और अस्वतन्त्र भेदसे तत्त्व दो प्रकारका है । उनमें सम्पूर्ण दोष लेश रहित, अशेष सद्गुण निलय भगवान् विष्णु स्वतन्त्र नामसे परिगणित हैं ॥ १ ॥

ननु सजातीयविजातीयस्वगतनानात्वशून्यं ब्रह्मतत्त्वमिति प्रतिपादकेषु वेदान्तेषु जागरूकेषु कथमशेषसद्गुणत्वं तस्य कथ्यत इति चेन्मैवं भेदप्रमापकबहुप्रमाणविरोधेन तेषां तत्र प्रामाण्यानुपपत्तेः । तथाहि प्रत्यक्षं तावदिदमस्माद्भिन्नमिति नीलपीतादेर्भेदमध्यक्षयति । अथ मन्येथाः किं प्रत्यक्षभेदमेवावगाहते किं वा धर्मिप्रतियोगिघटितम् ॥ २ ॥

यदि कहो कि, ब्रह्मतत्त्व सजातीय, विजातीय, स्वगत और नानात्वशून्य । सब वेदान्तोंने ऐसाही प्रतिपादन किया है उन सब वेदान्तोंके जागते हुए भी किस प्रकार उसका अशेष सद्गुणत्व कहा जासकता ? इसके उत्तरमें कहते हैं, भेद प्रमापक बहुविध प्रमाण विरोध वशात इसने सब वेदान्तोका इस विषयमे प्रामाण्यकी उपपत्ति नही होती । उसी प्रकार, इससे यह भिन्न इत्यादि विधानसे नील पीतादिका भेद निर्दिष्ट हुआ है । इस स्थानमें प्रत्यक्ष भेद या धर्मिप्रतियोगिघटित भेद कल्पित हुआहै । इसके उत्तरमें कहा जासकताहै, प्रत्यक्षभेद कल्पित होता नही क्योंकि धर्मिप्रति योगिकी प्रतिपत्ति व्यतिरेकसे तत्सापेक्ष भेदका अध्यवसाय सम्भाव्य नहीं होता ॥ २ ॥

न प्रथमः धर्मिप्रतियोगिप्रतिपत्तिमन्तरेण तत्सापेक्षस्य भेदस्याशक्याध्यवसायत्वात् । द्वितीयोऽपि धर्मिप्रतियोगिग्रहणपुरःसरं भेदग्रहणमथवा युगपत् तत्सर्वग्रहणम् । न पूर्वः बुद्धेर्विरम्य व्यापाराभावात् अन्योन्याश्रयप्रसङ्गाच्च । नापि चरमः कार्य्यकारणबुद्ध्योर्यौगपद्याभावात । धर्मिप्रतीतिर्हि भेदप्रत्ययस्य कारणं सन्निहितेऽपि धर्मिणि व्यवहितप्रतियोगिज्ञानमन्तरेण भेदस्याज्ञातत्वेनान्वयव्यतिरेकाभ्यां कार्य्यकारणभावावगमात् ॥ ३ ॥

पदार्थको ज्ञानव्यतिरेक द्वारा कार्य्य कारणभाव अवगत होजाता है। उसके सहकारसे अन्वय और व्यतिरेक (Positine and Nigature) द्वारा कार्य्य कारण भाव अवगत होजाता है ॥ ३ ॥

तस्मान्न भेदप्रत्यक्षं सुप्रसरमिति चेत् किं वस्तुस्वरूपभेदवादिनं प्रति इमानि दूषणान्युद्घुष्यन्ते किं धर्मिभेदवादिनं प्रति प्रथमे चोरापराधान्माण्डव्यनिग्रहन्यायापातः भवदभिधीयमानदूषणानां तद्विषयत्वात्। ननु वस्तुस्वरूपस्यैव भेदत्वे प्रतियोगिसापेक्षत्वं न घटते घटवत् प्रतियोगिसापेक्ष एव सर्वत्र भेदः प्रथत इति चेन्न प्रथमं सर्वतोविलक्षणतया वस्तुस्वरूपे ज्ञायमाने प्रतियोग्यपेक्षया विशिष्टव्यवहारोपपत्तेः। तथाहि परिमाणवटितं वस्तुस्वरूपं प्रथममवगम्यते पश्चात् प्रतियोगिविशेषापेक्षया ह्रस्वं दीर्घमिति तदेव विशिष्य व्यवहारभाजनं भवति ॥ ४ ॥

इस कारण, यदि कहो कि, भेद प्रत्यक्ष सुप्रसर नहीं तो इसको उत्तर कहा जावे, वस्तु स्वरूप भेद वादीको नही, धर्म्मि भेदवादीको दूषित करते हो ? यदि प्रथम होता है, तो चोरके अपराधसे माण्डव्य निग्रह न्यायसे संघटित होताहै। इसका कारण यह है जो, तुम्हारा प्रयोजित दूषण सब सर्व्वथा उसके अविषयीभूत । यदि कहो कि, वस्तु स्वरूपके ही भेदसे की नाईं, प्रतियोगि सापेक्ष पक्षत्व संघटित नहीं होता । सर्व्वत्र प्रतियोगि सापेक्ष भेद प्रसिद्ध है। इसका उत्तर यह है, जो प्रथम सर्वतोभावसे वैलक्षण्य वशतः वस्तु स्वरूप परिज्ञात होनेपर, प्रतियोगीकी अपेक्षामें विशिष्ट व्यवहारकी उपपत्ति होती है । उसी प्रकार पश्चात् प्रतियोगि विशेषकी अपेक्षामें, ह्रस्व दीर्घ इत्यादि विशिष्ट व्यवहारका संघटन होता है ॥ ४ ॥

तदुक्तं विष्णुतत्त्वनिर्णये—न च विशेषणविशेष्यतया भेदसिद्धिः। विशेषणविशेष्यभावश्च भेदापेक्षधर्मिप्रतियोग्यपेक्षया भेदसिद्धिः भेदापेक्षश्च धर्मिप्रतियोगित्वमित्यन्योन्याश्रयतया भेदस्यायुक्तिः पदार्थस्वरूपत्वाद्भेदस्येत्यादिना। अतएव गवार्थिनो गवयदर्शनान्न प्रवर्त्तन्ते गोशब्दञ्च न स्मरन्ति। न च नीरक्षीरादौ

स्वरूपे गृह्यमाणे भेदप्रतिभासोऽपि स्यादिति भणनीयं समाना-भिहारादिप्रतिबन्धकबलाद्भेदभानव्यवहाराभावोपपत्तेः ॥ ५ ॥

सो विष्णुतत्त्वनिर्णयनामक पुस्तकमें कहा है:—जैसे विशेषण विशेष्यताद्वारा भेदकी सिद्धि नहीं होती । क्योंकि, विशेषण विशेष्यभाव भेद सापेक्ष । धर्म्मीके प्रतियोगीकी अपेक्षामें जैसे भेदकी असिद्धि होती है, धर्म्मके प्रतियोगित्त्व उसी प्रकार एकमात्र भेदसापेक्ष है इस प्रकार. परस्पर एक दूसरेका आश्रय भेद सिद्ध होजाता है । अतएव गवार्थी कभी गवयदर्शनमें प्रवृत्त नहीं होता; एवं गो शब्दका स्मरण नहीं करता । जल और दूधमें स्वरूप गृह्यमाण होनेपर भेद प्रतिभास होजाता, ऐसा भी नहीं कहा जासकता । क्योंकि समान अभिहारादि प्रतिबन्धक बलसे भेद ज्ञानका व्यवहाराभाव सिद्ध होजाता है ॥ ५ ॥

तदुक्तम्—

अतिदूरात् सामीप्यादिन्द्रियघातान्मनोऽनवस्थानात् ।
सौक्ष्म्याद् व्यवधानादभिभवात् समानाभिहाराच्चेति ॥ ६ ॥

इसीप्रकार कहा है अतिदूर सामीप्य, इन्द्रियविघात, अनवास्थितचित्तता, सूक्ष्मत्त्व, व्यवधान, अभिभव और समान अभिहार, इन सब कारणोंसे यथावत् ग्रहणका व्यभिचार होजाता है ॥ ६ ॥

अतिदूराद् गिरिशिखरवर्त्तितर्वादौ अतिसामीप्याल्लोचनाञ्जनादौ इन्द्रियघाताद्विद्युदादौ मनोऽनवस्थानात् कामाद्युपप्लुतमनस्कस्य स्फीतालोकवर्त्तिनि घटादौ सौक्ष्म्यात् परमाण्वादौ व्यवधानात् कुड्याद्यन्तर्हिते अभिभवात् दिवा प्रदीपप्रभादौ समानाभिहारात् नीरक्षीरादौ यथावद् ग्रहणं नास्तीत्यर्थः ॥ ७ ॥

भवतु वा धर्मभेदवादस्तथापि न कश्चिद्दोषः धर्मिप्रतियोगित्वे धर्मभेदज्ञानसम्भवात् । न च धर्मभेदवादे तस्य तस्य भेदस्य भेदान्तरभेद्यत्वेनानवस्था दुरवस्था स्यादित्या-

स्थेयं भेदान्तरप्रसक्तौ मूलाभावात् भेदभेदिनौ भिन्नाविति व्यवहारादर्शनात् । न चैकभेदबलेनान्यभेदानुमानं दृष्टान्तभेदाविघातेनोत्थानदोषाभावात् । सोऽयं पिण्याकयाचनार्थं गतस्य खारिकातैलदातृत्वाभ्युपगम इव । दृष्टान्तभेदविमर्दे त्वनुत्थानमेव । न हि वरविघाताय कन्योद्वाहः । तस्मान्मूलक्षयाभावादनवस्था न दोषाय ॥ ८ ॥

अथवा धर्म्मभेदवाद स्वीकार करनेपर, यदि प्रतियोगी ग्रहण किया जावे, उसमें भी कोई दोष नहीं होसकता । क्योंकि, उसमें धर्म्मभेदकी प्रतीति होजाती है । धर्म्मभेदवाद सो उसउस भेदकी भेदान्तर भेद्यतावशात् अनवस्था या दुरवस्था भी आशङ्का किये जासकती है । क्योंकि, भेदान्तर प्रसङ्गसे मूलके अभाव वशतः भेद और भेदी दोनोंसे भिन्न होजाता है, इस प्रकार व्यवहार देखा जाता है । एक भेद द्वारा अन्य भेदका अनुमान नहीं हो सकता । क्योंकि, उनके दोषके अभाव हेतु दृष्टान्त भेदके अभिघात द्वारा उत्थान नहीं हो सकता । पिण्याक (तिलकातेल) माँगने गया, खारिका तैलका लेना स्वीकार करनेकी नाईं दृष्टान्त भेदके विमर्दनवशात अनुत्थान ही होजाता है । पुनः वरके नाशके लिये कन्याका विवाह नहीं होता । अतएव मूलके नाशके अभावके कारण अनवस्था हुई, वह दोषावह नहीं होता ॥ ८ ॥

अनुमानेनापि भेदोऽवसीयते । परमेश्वरो जीवाद्भिन्नः, तं प्रति सेव्यत्वात् यो यं प्रति सेव्यः स तस्माद्भिन्नः यथा भृत्याद्राजा । न हि सुखं मे स्यात् दुःखं मे न मनागपि इति पुरुषार्थं प्रार्थयमानाः पुरुषाः स्थपतिपदं कामयमानाः सत्कारभाजो भवेयुः प्रत्युत सर्वानर्थभाजनं भवन्ति । यः स्वस्यात्मनो हीनत्वं परस्य गुणोत्कर्षञ्च कथयति स स्तुत्यः प्रीतः तावकस्य तस्मा अभीष्टं प्रयच्छति । तदाह,

घातयन्ति हि राजानो राजाहमिति वादिनः ।
ददत्यखिलमिष्टञ्च स्वगुणोत्कर्षवादिनामिति ॥ ९ ॥

दूसरेके गुणोंकी प्रशंसा करता वह स्तुति करनेयोग्य प्रीत होकर उल्लिखित स्तोत्र करनेवालेके अभीष्टको पूरण करता है । इसीप्रकार कहा भी है,–

मैं राजा, इसप्रकारके वाक्य प्रयोग करनेमे प्रवृत्त व्यक्तियोंको राजालोग वध करते हैं । किन्तु स्वीयगुणोंको उत्तम कहनेवालोंको अखिल अभीष्ट प्रदान करदेते हैं ॥ ९ ॥

एवञ्च परमेश्वराभेदतृष्णाया विष्णोर्गुणोत्कर्षस्य मृगतृष्णिकासमत्वाभिधानं विपुलकदलीफललिप्सया जिह्वाच्छेदनं हरति एतादृशविष्णुविद्वेषणादन्धतमसप्रवेशप्रसङ्गात् । तत्तद् प्रतिपादितं मध्यमन्दिरेण महाभारततात्पर्य्यनिर्णये–

अनादिद्वेषिणो दैत्या विष्णोर्द्वेषो विवर्द्धितः ।
तमस्यन्धे पातयति दैत्यानन्धे विनिश्चयादिति ॥ १० ॥

इस प्रकार परमेश्वरकी अभेदवासनामें विष्णुके गुणोत्कर्षसे मृगतृष्णिकाके समान करनेपर, उसके प्रति ऐसा विद्वेष प्रकाश जनित अन्धतमस नरकमें प्रवेश करना पड़ता है । मध्यमन्दिर, महाभारत तात्पर्य निर्णयमें इस विषयको प्रतिपादन किया है । जैसे, दैत्यगण, बहुत दिनोंसे द्वेषभावमें प्रविष्ट है । विष्णुके प्रति उनका द्वेष बढ जानेसे, उनको अन्धतम नरक मिलागा ॥ १० ॥

सा च सेवा अङ्कननामकरणभजनभेदात्त्रिविधा । तत्राङ्कनं नारायणायुधादीनां तद्रूपस्मरणार्थमपेक्षितार्थसिद्ध्यर्थञ्च । तथाच शाकल्यसंहितापरिशिष्टम् ।

चक्रं बिभर्त्ति पुरुषोऽभितप्तं बलं देवानाममृतस्य विष्णोः ।
स याति नाकं दुरितावधूय विशन्ति यद् यतयो वीतरागाः ॥ ११ ॥

देवासो येन विधृतेन बाहुना सुदर्शनेन प्रयातास्तमायन् ।
येनाङ्किता मनवो लोकसृष्टिं वितन्वन्ति ब्राह्मणास्तद्वहन्ति ॥ १२ ॥

पुनः कहा है कि, सुदर्शनचक्र बाहुमें धारण करनेसे मनुष्यजन्मसे निवृत्ति होजाती है। कहनेमें क्या, मनुगणने इस चक्रके अङ्कन सहायसे लोकोंकी सृष्टि किची ॥ १२ ॥

तद्विष्णोः परमं पदं येन गच्छन्ति लाञ्छिताः।
उरुक्रमस्य चिह्नैराङ्किता लोके सुभगा भवाम इति ॥ १३ ॥

इस चक्रसे चिह्नित होनेपर विष्णुके उस परमपदको प्राप्त होजाता है। हम लोग उसके सब चिह्नोंसे अङ्कित होनेपर संसारमें परम सौभाग्यशाली होंगे ॥ १३ ॥

अतप्ततनुर्नतदामो अश्नुते श्रितास इद्वहन्तस्तत्समासतेति तैत्तिरीयकोपनिषच्च। स्थानविशेषश्चाग्नेयपुराणे दर्शितः।

दक्षिणे तु करे विप्रो बिभृयाच्च सुदर्शनम्।
सव्येन शंखंच बिभृयादिति ब्रह्मविदो विदुरिति ॥ १४ ॥

तैत्तिरीयोपनिषदमें लिखा है, जो उसकी चक्रादिद्वारा शरीर इसप्रकार तपाकर चिह्नित न करनेपर उसके तेजकी स्फूर्त्ति नहीं होती। किस स्थानमें किस प्रकार वह २ चिह्न अङ्कित करना चाहिये सो अग्निपुराणमें विशेषरूपसे निर्देश किया है–जैसे,–ब्राह्मण दहिने हाथमें सुदर्शन और वामहस्तमें शंख धारण करे, वेद जाननेवाले ब्राह्मणके पक्षमें यह विधि विदित है॥ १४॥

अन्यत्र चक्रधारणे मन्त्रविशेषश्च दर्शितः।
सुदर्शन महाज्वाल कोटिसूर्य्यसमप्रभ।
अज्ञानान्धस्य मे नित्यं विष्णोर्मार्गं प्रदर्शय ॥ १५ ॥

अन्यत्र चक्र धारणके लिये मंत्र भी लिखा हैं जैसेः–हे सुदर्शन ! तुम प्रचण्ड ज्वाला युक्त परम्परासे है, । एवं करोडों सूर्यकी नाई तुम्हारी प्रभा है। मैं अज्ञानान्ध हूं। अतएव मुझे विष्णुका वह अविनाशी मार्ग दिखलाओ ॥ १५ ॥

त्वं पुरा सागरोत्पन्नो विष्णुना विधृतः करे।
नमितः सर्वदेवैश्च पाञ्चजन्य नमोऽस्तु ते इति ॥ १६ ॥

हे पाञ्चजन्य ! तुम पूर्व्वमें समुद्रसे उत्पन्न हुए हो। भगवान् विष्णुने स्वयं तुम्हें धारण किया है सम्पूर्ण देवतागण तुझे नमस्कार करते हैं। तुमको प्रणाम करता हूं ॥ १६ ॥

नामकरण पुत्रादीनां केशवादिनाम्ना व्यवहारः सर्वदा तन्नामानुस्मरणार्थम्। भजनं दशविधं वाचा सत्यं हितं प्रियं स्वाध्या-

यः कायेन दानं परित्राणं परिरक्षणं मनसा दया स्पृहा श्रद्धाचेति अत्रैकैकं निष्पाद्य नारायणे समर्पणं भजनम् ।

तदुक्तम्–

अङ्कनं नामकरणं भजनं दशधा च तदिति ॥ १७ ॥

नामकरण शब्दसे पुत्रादिका नाम केशवादिके नामसे रखनेका व्यवहार है । इसका उद्देश यह है जो, सदा उस परमेश्वरका नाम उस मार्गसे स्मरण रहेगा भजन दश प्रकारकाहै इनमें वाक्यसे सत्य, हित, प्रिय और स्वाध्याय ये चार प्रकारका है। अर्थात् असत्य बोलना, हित बात कहनी, प्रिय बात कहनी और वेद पाठ करना इसका नाम वाचिक भजन है । क्योंकि, भगवान् सत्य आदिके दास हैं। इसप्रकार दान, परित्राण और परिरक्षण भेदसे कायिक भजन तीन प्रकारका है । दरिद्रका दुःख मोचन; विपन्नका विपद् छुडाना, और शरणागतकी रक्षा करनी इत्यादि इदनुष्ठानसे भगवान् अवश्य ही प्रसन्न होते हैं । यही कायिक भजनको उद्देश्य है। इसी प्रकार मानसिक भजन भी तीन प्रकारका है । जैसे दया, स्पृहा और श्रद्धा । यहां स्पृहा शब्दसे विषय स्पृहा नहीं लेना: भगवान्के दासत्वमे ऐकान्तिक अभिलाषा है । इन सबको एक २ कर निष्पादन कर नारायणमे समर्पण करनेका नाम भजन है । इसीप्रकार कहा है। अङ्कन नामकरण और दशविध भजन इत्यादि ॥ १७ ॥

एवं ज्ञेयत्वादिनापि भेदोऽनुमातव्यः, तथा श्रुत्यापि भेदोऽवगन्तव्यः, सत्यमेतमनुविश्वे मदन्तिरातिं देवस्य गृणतो मघोनः सत्यासो अस्य महिमागृणे शवोयज्ञेषु विप्रराज्ये सत्य आत्मा सत्यो जीवः सत्यं भिदा सत्यं भिदा मयि वारुण्यो मयि वारुण्यो मयि वारुण्य इति मोक्षानन्दभेदप्रतिपादक श्रुतिभ्यः ।

इदं ज्ञानमुपाश्रित्य मम साधर्म्यमागताः ।
सर्गेऽपि नोपजायन्ते प्रलये न व्यथन्ति च ॥ १८ ॥

जगद्व्यापारवर्जप्रभुकरणासन्निहितत्वाच्चेत्यादिभ्यश्च। न च ब्रह्म विद् ब्रह्मैव भवतीति श्रुतिबलाज्जीवस्य पारमेश्वर्यं शक्यशङ्कं सम्पूज्य ब्राह्मणं भक्त्या शूद्रोऽपि ब्राह्मणो भवेदितिवत् संहितो भवतीत्यर्थपरत्वात्। ननु

प्रपञ्चो यदि वर्त्तेत निवर्त्तेत न संशयः।
मायामात्रमिदं द्वैतमद्वैतं परमार्थतः॥ १९॥

प्रभु करणका असान्निध्य वशात् वे केवल जगत्की सृष्टि नहीं करसकते। ब्रह्मको जीव जाननेसे, ब्रह्म होजाता हैं इत्यादि श्रुति प्रमाणसे जीवके जगत् सृष्टि प्रभृतिरूप उक्त प्रकार परमैश्वर्य संघटित होजाता है ऐसी शङ्का नहीं कियी जासकती तो, ब्राम्हणको भक्तिके सहकारसे विशेष विधानसे पूजा करनेपर, शूद्र ब्राम्हण होजाता है, इत्यादिके तुल्य, जीवका केवल बृंहित भाव सम्पन्न होता है। यदि कहो कि, इस प्रपञ्चके उत्पन्न होनेपर, अवगाही विनष्ट होगा। यह द्वैत मायामात्र है परमार्थतः अद्वैतही है॥ १९॥

इति वचनात् द्वैतस्य कल्पितत्वमवगम्यत इति चेत् सत्यं भावमनभिसन्धायाभिधानात्। तथाहि यद्युत्पद्येत तर्हि निवर्त्तेत न संशयः। तस्मादनादिरेवायं प्रकृष्टः पञ्चविधो भेदप्रपञ्चः। न चायमविद्यमानो मायामात्रत्वान्मायेति भगवदिच्छोच्यते।

इत्यादि वाक्यमें द्वैतको कल्पित कहकर बोध होता है। इसका उत्तर यह है जो, सत्यभावके अनभिसन्धान पूर्वक इस प्रकार कहागया है। उसी प्रकार यदि इस प्रपञ्चकी उत्पत्ति होती है, तो निवृत्ति होगी उसमें सन्देह नहीं। इसी कारण यह प्रकृष्ट पांच प्रकारकी भेदसे प्रपञ्च अनादि स्वरूप है। यह कभी मायाभाव कहकर विद्यमान नहीं है क्योंकि, मायाशब्दसे भगवान्की इच्छा निर्दिष्ट हुई है।

महामयेत्यविद्येति नियतिर्मोहिनीति च।
प्रकृतिर्वासनेत्येव तवेच्छानन्त कथ्यते॥ २०॥

माहामाया, अविद्या, सर्वलोक मोहिनी, नियति, प्रकृति और वासना, हे अनन्त! प्रभो तुम्हारी इच्छा कहकर उपदिष्ट हुआ है॥ २०॥

प्रकृतिः प्रकृष्टकरणाद्वासना वासयेद् यतः ।
अ इत्युक्ते हरिस्तस्य मायाऽविद्येति संज्ञिता ॥ २१ ॥

प्रकृष्टरूपसे करते हैं कहनेसे प्रकृति सबको वासित अर्थात् संसारमें लिप्त और आसक्त करती है । इसीकारण इसका नाम वासना है । अशब्दसे हरि । उसीकी माया कहनेसे इसका नाम अविद्या है ॥ २१ ॥

मायेत्युक्ता प्रकृष्टत्वात् प्रकृष्टे हि मया भिधा ।
विष्णोः प्रज्ञप्तिरेवैका शब्दैरेतैरुदीर्य्यते ॥
प्रज्ञप्तिरूपो हि हरिः सा च स्वानन्दलक्षणा ॥ २२ ॥

प्रकृष्टत्ववशात् मायानाम हुआ है क्योंकि, प्रकृष्टका नाम माया है । विष्णुकी एक मात्र प्रज्ञप्तिही माया प्रकृति उल्लिखित शब्दोंका वाच्य होजाती है । क्योंकि, वह साक्षात् विज्ञप्तिरूप है । आत्मानन्दही प्रज्ञप्तिका लक्षण है ॥ २२ ॥

इत्यादिवचननिचयप्रामाण्यबलात् सैव प्रज्ञा मानत्राणकर्त्री च यस्य तन्मायामात्रं ततश्च परमेश्वरेण ज्ञातत्वाद्रक्षितत्वाच्च न द्वैतं भ्रान्तिकल्पितं, न हीश्वरे सर्वस्य भ्रान्तिः सम्भवति विशेषादर्शननिबन्धनत्वाद् भ्रान्तेः । तर्हि तद्व्यपदेशः कथमित्यत्रोत्तरम् अद्वैतं परमार्थत इति परमार्थापेक्षया तेन सर्वस्मादुत्तमस्य विष्णुतत्त्वस्य समाभ्यधिकशून्यत्वमुक्तं भवति । तथाच परमा श्रुतिः—

जीवेश्वरभिदा चैव जडेश्वरभिदा तथा ।
जीवभेदो मिथश्चैव जडजीवभिदा तथा ॥ २३ ॥

मिथश्च जड़भेदो यः प्रपञ्चो भेदपञ्चकः।
सोऽयं सत्योऽप्यनादिश्च सादिश्चेन्नाशमाप्नुयात् ॥ २४ ॥

और जडभेद, ये पांच प्रकारका भेद भेद प्रपञ्च सत्य और अनादि है। अनादि न होनेसे, विनाशको प्राप्त होता ॥ २४ ॥

न च नाशं प्रयात्येष न चासौ भ्रान्तिकल्पितः।
कल्पितश्चेन्निवर्त्तेत न चासौ विनिवर्त्तते ॥ २५ ॥

किन्तु इसका कभी विनाश नहीं होता, एवं यह किसी प्रकार भ्रान्तिकल्पित भी नहीं यदि कल्पित होता, तो इसकी निवृत्तिभी होती ॥ २५ ॥

द्वैतं न विद्यत इति तस्मादज्ञानिनां मतम्।
मतं हि ज्ञानिनामेतन्मितं त्रातं हि विष्णुना ॥
तस्मान्मात्रमिति प्रोक्तं परमो हरिरेव त्वित्यादि ॥ २६ ॥

जो लोग कहते हैं कि द्वैत विद्यमान नहीं, वे लोग अज्ञानी है, यह ज्ञानियोंका मत है। स्वयं विष्णुने इसका मान और त्राण विधान किया है ॥ २६ ॥

तस्माद्विष्णोः सर्वोत्कर्ष एव तात्पर्य्यं सर्वागमानाम्। एतदेवाभिसन्धायाभिहितं भगवता—

द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च।
क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते ॥ २७ ॥

इत्यादि कारणसे विष्णुको सर्वोत्कर्षही सब शास्त्रोंका तात्पर्य्य है इसी प्रकार अभिसन्धान कर भगवानने कहा है इस संसारमें दो पुरुष हैं क्षर और अक्षर सब भूत क्षर शब्दका वाच्य है और, स्वयं कूटस्थको अक्षर कहते हैं ॥ २७ ॥

उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः।
यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्त्यव्यय ईश्वरः ॥ २८ ॥

इन क्षर और अक्षरसे सर्व्वथा भिन्न उत्तम पुरुषको परमात्मा कहते हैं। वह अव्यय स्वरूप साक्षात् ईश्वर है। लोकत्रयमें अनुप्रवेशपूर्व्वक उसको धारण करते हैं ॥ २८ ॥

यस्मात् क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः।
अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः ॥ २९ ॥

जिस कारण, मैं क्षरके अतीत और अक्षरकी अपेक्षा भी उत्तम इसीसे लोक और वेद में पुरुषोत्तम कहकर प्रसिद्ध हूं ॥ २९ ॥

यो मामेवमसम्मूढो जानाति पुरुषोत्तमम् ।
स सर्वविद् भजति मां सर्वभावेन भारत ॥ ३० ॥

जो व्यक्ति सर्व्वथा मोहके वहिष्कृत एवं इसी कारण मुझको उत्तम पुरुष कहकर लोग जानते हैं । वही सर्व्वज्ञ और वही सर्व्वतोभावसे भजन सेवा करता है ॥ ३० ॥

इति गुह्यतमं शास्त्रमिदमुक्तं मयानघ ।
एतद् बुद्ध्वा बुद्धिमान् स्यात् कृतकृत्यश्च भारतेति ॥ ३१ ॥

तुम सर्व्वथा निष्पापी इसी कारण तुम्हारे निकट अतीव गोपनीय यह शास्त्र कहा है । इसको जाननेहीसे लोकमें बुद्धिमान् होकर एवं कृतकृत्यता भी लाभ करता है ॥ ३१ ॥

महावराहेऽपि—
मुख्यश्च सर्ववेदानां तात्पर्य्यं श्रीपतौ परे ।
उत्कर्षे तु तदन्यत्र तात्पर्य्यं स्यादवान्तरमिति ॥ ३२ ॥

महावराहपुराणमे भी कहा है:—परमात्मारूपी श्रीपतिमेंही एक मात्र सबका मुख्यतात्पर्य्य है इससे भिन्न उत्कर्षमें अवान्तर अर्थात् गौण तात्पर्य्य है ॥ ३२ ॥

मुक्तश्च विष्णोः सर्वोत्कर्षे महातात्पर्य्यम् । मोक्षो हि सर्वपुरुषार्थोत्तमः । धर्मार्थकामास्त्वनित्याः । मोक्ष एव नित्यः । तस्मान्नित्यं तदर्थाय यतेत मतिमान्नर इति भाल्लवेयश्रुतेः । मोक्षश्च विष्णुप्रसादमन्तरेण न लभ्यते । यस्य प्रसादात् परमा यत्स्वरूपात् संसारान्मुच्यते नापरेस्तुरा नाराधयन्तोऽसौ परमो विचिन्त्यो मुमुक्षुभिः कर्मपाशादमुष्मादिति नारायणश्रुतेः ।

तस्मिन् प्रसन्ने किमिहास्त्यलभ्यं
धर्मार्थकामैरलमल्पकास्ते ।
समाश्रिताद् ब्रह्मतरोरनन्तात्
निःसंशयं मुक्तिफलं प्रयाति इति ॥ ३३ ॥

एवं जिससे संसारकी निवृत्ति संघटित, इस कर्म्मपाशसे मुक्तिकाम पुरुषगण उस परमेश्वररूप विष्णुहीकी चिन्ता करे उसके प्रसन्न होनेसे इस संसारमें और क्या अलभ्य होसकता ? सब प्रकारका अर्थ काम तो सामान्य बात है । सुतरां उन लोगों और वस्तुओंसे प्रयोजन ही क्या रहा अनन्तस्वरूप ब्रह्मरूप गुरुके आश्रय लेनेसे, मुक्तिफल लाभ होजाता, उसमें सन्देह नहीं ॥ ३३ ॥

विष्णुपुराणोक्तेश्च । प्रसादश्च गुणोत्कर्षज्ञानादेव नाभेदज्ञानादित्युक्तम् । न च तत्त्वमस्यादितादात्म्यव्याकोपः श्रुतितात्पर्य्यापरिज्ञानविजृम्भणात् ।

आह नित्यपरोक्षन्तु तच्छब्दो ह्यविशेषितः ।
त्वंशब्दश्चापरोक्षार्थे तयोरैक्यं कथं भवेत् ॥ ३४ ॥

विष्णुपुराणमें भी इसप्रकार कहाहै । फलतः उसके गुणोत्कर्षके ज्ञान होनेही पर, उसकी प्रसन्नता संग्रहमें समर्थ होजाता है । अभेद ज्ञानद्वारा कभी वह प्रसाद लाभ नहीं होता, यह कहागया है । श्रुतिके तात्पर्य्यका अपरिज्ञान विजृम्भणसे तत्त्वमस्यादि वाक्यके तादात्म्यका कहना व्यर्थ नहीं होता है । तत् शब्द नित्य परोक्षार्थ एवं त्व शब्दसे नित्य अपरोक्ष । सुतरां किस प्रकार दोनोंकी एकता होसकती? ॥ ३४ ॥

आदित्यो यूप इतिवत् सादृश्यार्था तु सा श्रुतिरिति ॥
तथाच परमा श्रुतिः—
जीवस्य परमैक्यश्च बुद्धिसारूप्यमेव वा ।
एकस्थाननिवेशो वा व्यक्तिस्थानमपेक्ष्य वा ॥ ३५ ॥

आदित्ययूप, इस प्रकार सादृश्य अर्थहीमें यह श्रुति प्रयोजित होती है । और परमाश्रुतिमें कहा हैः—जीवकी आत्यन्तिक एकता बुद्धिसारूप्य, एकस्थान निवेश व्यक्तिस्थानकी सापेक्ष है ॥ ३५ ॥

न स्वरूपैकता तस्य मुक्तस्यापि विरूपतः ।
स्वातन्त्र्यपूर्णतेऽल्पत्वपारतन्त्र्ये विरूपतेति ॥ ३६ ॥

एवं मुक्तिहोनेपर भी स्वरूपकी एकता नहीं होती । विरूपताही इसकी कारण है । स्वातन्त्र्य और पूर्णता एवं अल्पत्व और परतन्त्रता इसीका नाम विरूपता है उसमें ईश्वरकी विरूपता स्वातन्त्र्य और पूर्णता एवं जीवकी विरूपता अल्पत्व अर्थात् अपूर्णता पर परतन्त्रता है ॥ ३६ ॥

अथवा तत्त्वमसीत्यत्र स एवात्मा स्वातन्त्र्यादिगुणोपेतत्वात् अतत्त्वमसि त्वं तत्र भवसि तद्रहितत्वादित्येकत्वमतिशयेन निराकृतम् । तदाह—

अतत्त्वमिति वा छेदस्तेनैक्यं सुनिराकृतमिति ॥ ३७ ॥

अथवा, तत्त्वमसि इत्यादि वाक्यमें वानही आत्मा स्वातन्त्र्यादि गुणयुक्तत्वावशात् तुम वह नहीं इस प्रकार अर्थ योगद्वारा तद्विरहितत्व प्रयुक्त, एकत्व एकवार ही निराकृत हुआ है । इसी प्रकार कहा है अथवा अतत्व, इस प्रकार छेदवशतः सर्व्वतो भावसे एकताका परिहार हुआ है ॥ ३७ ॥

तत्तस्मात् दृष्टान्तवचनकेऽपि स यथा शकुनिः सूत्रेण बद्ध इत्यादिना भेद एव दृष्टान्ताभिधानाय अयमभेदोपदेश इति तत्त्ववादरहस्यम् । तथाच महोपनिषत्—

यथा पक्षी च सूत्रश्च नानावृक्षरसा यथा ।
यथा नद्यः समुद्राश्च शुद्धोदलवणौ यथा ॥ ३८ ॥

और इसी प्रकार महोपनिषद्में कहा है अथवा पक्षी और सूत्र जिसप्रकार परस्पर भिन्न विविध वृक्ष और रस जैसे परस्पर पृथक् अथवा नदी नदी और समुद्रमें जिस प्रकार विशेषिता अथवा शुद्धजल और लवणजल इन दोनोमें जैसे पार्थक्य है ॥ ३८ ॥

चौरापहार्य्यौ च यथा यथा पुंविषयावपि ।
तथा जीवेश्वरौ भिन्नौ सर्वदैव विलक्षणौ ॥ ३९ ॥

जीव और ईश्वररूपी हरि ये दोनों परस्पर पृथक् भावसे ज्ञात होनेपर लोकमें मुक्त होता है, नहीं तो बद्ध होजाता है । ब्रह्मा, शिव और सुरादि जितने पदार्थ जात शरीरके क्षरण वशात क्षर नामसे प्रसिद्ध हैं । केवल, लक्ष्मीके देहका क्षरण नही होता, इस कारण वह अक्षरका वाच्य है । भगवान हरि इसकी अपेक्षा भी अक्षर स्वभाव हैं ॥ ४१ ॥

स्वातन्त्र्यशक्तिविज्ञानसुखाद्यैरखिलैर्गुणैः ॥
निःसीमत्वेन ते सर्वे तद्वशाः सर्वदेवता इति ॥ ४२ ॥

वह स्वतन्त्रता, सर्व्व कर्तृकता, विज्ञान और सुखादि निखिल गुणका आधार है । उसको इन सवगुणोंकी सीमा नहीं । सबही देवता उसके वशीभुत हैं ॥ ४२ ॥

विष्णुं सर्वगुणैः पूर्णं ज्ञात्वा संसारवर्जितः ।
निर्दुःखानन्दभुङ्नित्यं तत्समीपे स मोदते ॥ ४३ ॥

इस प्रकार सब गुणोंसे पूर्ण विष्णुको विदित होनेपर संसार विनिवृत्त होता है; सब दुःखोंका एक साथ निर्णय होता है; नित्य परमानन्द भोग होता है; एवं उसका सामीप्य लाभ होता है ॥ ४३ ॥

मुक्तानाञ्चाश्रयो विष्णुरधिकाधिपतिस्तथा ।
तद्वशा एव ते सर्वे सर्वदैव स ईश्वर इति च ॥ ४४ ॥

वह विष्णु मुक्तलोगोंके आश्रय एवं सबका अद्वितीय अधिपति है । वे लोग सब सदा उनके वशीभूत होजाते हैं । वही सबका ईश्वर है ॥ ४४ ॥

एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानञ्च प्रधानत्वकारणत्वादिना युज्यते न तु सर्वमिथ्यात्वेन । न हि सत्ताज्ञानेन मिथ्याज्ञानं सम्भवति । यथा प्रधानपुरुषाणां ज्ञानाज्ञानाभ्यां ग्रामो ज्ञातः अज्ञात इत्येवमादिव्यपदेशो दृष्ट एव । यथा च कारणे पितरि ज्ञाते जानात्यस्य पुत्रमिति । अन्यथा सौम्यैकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृण्मयं विज्ञानमित्यत्र एकपिण्डशब्दो वृथा प्रसज्ज्येयातां मृदा विज्ञातयेत्येतावतैव वाक्यस्य पूर्णत्वात् ॥ ४५ ॥

प्रधानत्व और कारणत्व प्रभृतिवशात् एक विज्ञान द्वारा सर्व्वथा सङ्गत होजाता है, परन्तु सबके मिथ्यात्वसे नहीं । और सन्तानज्ञान द्वारा मिथ्या ज्ञानसम्भव नहीं होता, और प्रधानपुरुषका ज्ञान और अज्ञान द्वारा ग्राम ज्ञात और अज्ञात होता है, इसप्रकार व्यपदेश

दीखता है । पुनः कारण स्वरूप पिताको जाननेपर, उसके पुत्रको जानते हैं । सो नहीं होनेसे, हे सौम्य एक मृपिण्डके ज्ञानद्वारा सम्पूर्ण मृन्मय पदार्थ परिज्ञात होजाता है, इस स्थानमें एक और पिण्ड शब्द वृथा प्रयोजित होता है । क्योंकि एक मृत्पिण्डके ज्ञानसें, इस प्रकार न कहकर, मृत्तिकाके ज्ञानद्वारा ऐसा कहनेसे वाक्य पूरा होता है ॥ ४५ ॥

न च वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यमित्येतत् कार्य्यस्य मिथ्यात्वमाचष्टे इत्येष्टव्यं वाचारम्भणं विकारो यस्य तत् अविकृतं नित्यं नामधेयं मृत्तिकेत्यादिकमित्येतद्वचनं सत्यमिति तथ्यस्य स्वीकारात्। अपरथा नामधेयमेवेति शब्दयोर्वैयर्थ्यं प्रसज्येत अतो न कुत्रापि जगतो मिथ्यात्वसिद्धिः। किञ्च प्रपञ्चो मिथ्येत्यत्र मिथ्यात्वं तथ्यमतथ्यं वा। प्रथमे सत्याद्वैतभङ्गप्रसङ्गः। चरमे प्रपञ्चसत्यत्वापातः। नन्वनित्यत्वं नित्यमनित्यं वा उभयथाप्यनुपपत्तिरित्याक्षेपवदयमपि नित्यसमजातिभेदः स्यात्। तदुक्तं न्यायनिर्वाणवेधसा—नित्यमनित्यभावादनित्यत्वोपपत्तेर्नित्यसम इति ॥ ४६ ॥

अन्यथा, नामधेयादि शब्दका वैयर्थ्य दोषकी उपपत्ति होती है। इस कारणसे कुत्रापि जगतकी मिथ्यात्व सिद्धि सम्भव नहीं । अधिक क्या प्रपञ्च मिथ्या, इस वाक्यमें मिथ्या शब्दका प्रयोग है, सो सत्य या असत्य है ? सत्य होनेपर, सत्य अद्वैतकी भंग प्रसक्ति

अस्याः संज्ञाया उपलक्षणत्वमभिप्रेत्याभिहितं प्रबोधसिद्धौ अन्वर्थित्वात्तूपरञ्जकधर्मस्येति। तस्मात् सदुत्तरमेतदिति चेत् अशिक्षितत्रासनमेतत् दुष्टत्वमूलानिरूपणात्। तद्द्विविधं साधारणमसाधारणञ्च। तत्राद्यं स्वव्याघातकं द्वितीयं त्रिविधं युक्ताङ्गहीनत्वमयुक्ताङ्गाधिकत्वमविषयवृत्तित्वञ्चेति। तत्र साधारणमसम्भावितमेव उक्तस्याक्षेपस्य स्वात्मव्यापनानुपलम्भात्। एवमसाधारणमपि घटस्य नास्तितोक्तावस्तित्ववत् प्रकृतेऽप्युपपत्तेः। ननु प्रपञ्चस्य मिथ्यात्वमभ्युपेयते नासत्त्वमिति चेत्तदेतत् सोऽयं शिरश्छेदेऽपि शतं न ददाति विंशतिपञ्चकन्तु प्रयच्छतीति शाकटिकवृत्तान्तमनुहरेत् मिथ्यात्वासत्वयोः पर्य्यायत्वादित्यलमतिप्रपञ्चेन॥ ४८॥

इस संज्ञाका उपलक्षणत्व अभिप्राय करके, प्रबोध सिद्धिमें कहा है; अर्थके आनुगुणवशतः प्रपञ्च मिथ्या है, यह माना जावे, किन्तु वह असत्व यह स्वीकार नहीं किया जासकता। इस बातके उत्तरमें माथ काटकर फेंकनेसे भी, वह व्यक्ति १०० एक शत नहीं देगा; पांच बीस प्रदान करेगा, इस प्रकार शाकटिक वृत्तान्तके अनुहार किया जासकता है। क्योंकि; इसमें मिथ्यात्व और असत्व दोनोंका पर्य्याय है, जो हो, बहुत विस्तार करनेकी आवश्यकता नहीं॥ ४८॥

तत्राथातो ब्रह्मजिज्ञासेति प्रथमसूत्रस्यायमर्थः। तत्राथशब्दो मङ्गलार्थोऽधिकारानन्तर्य्यार्थश्च स्वीक्रियते। अतःशब्दो हेत्वर्थः।

तदुक्तं गारुडे—

अथातःशब्दपूर्वाणि सूत्राणि निखिलान्यपि।
प्रारभेत नियत्यैव तात्किमत्र नियामकम्॥ ४९॥

अधुना, अतः ब्रह्मजिज्ञासा, इस प्रथम सूत्रका अर्थ किया जाता है। अथ शब्दसे मङ्गल एवं अधिकारका आनन्तर्य बोध होता है। और अतः शब्दका अर्थ हेतु है। गरुड पुराण में लिखा है,—सबही सूत्र नियमानुसार अथ और अतः ये दो शब्द विन्यास महपूर्वक आरम्भ करना होता है। इस विषयमें नियामक क्या है? ॥ ४९॥

कश्चार्थस्तु तयोर्विद्वान् कथमुत्तमता तयोः ।
एतदाख्याहि मे ब्रह्मन् यथा ज्ञास्यामि तत्त्वतः ॥ ५० ॥

इन दोनोंका अर्थ क्या ? किस प्रकार या किस लिये इनका ऐसा उत्कर्ष सम्पन्न हुआ है ? ब्रह्मन् जिसमें मैं प्रकृत (असल) प्रस्ताव को भलीभाँति समझ सकूं, ऐसी रीतिसे कहियो ॥ ५० ॥

एवमुक्तो नारदेन ब्रह्मा प्रोवाच सत्तमः ।
आनन्तर्य्याधिकारे च मङ्गलार्थ तथैव च ॥
अथशब्दस्त्वतः शब्दो हेत्वर्थे समुदीरित इति ॥ ५१ ॥

नारदके इस प्रकार पूछनेपर, ब्रह्माने उन्हें कहा कि, अथ शब्द मङ्गलार्थमें और अधिकारमें आनन्तर्यार्थ एवं अतः शब्द हेत्वर्थमें प्रयोजित होता है ॥ ५१ ॥

यतो नारायणप्रसादमन्तरेण न मोक्षो लभ्यते प्रसादश्च न ज्ञानमन्तरेण, अतो ब्रह्मजिज्ञासा कर्त्तव्येति सिद्धम् । जिज्ञास्यब्रह्मणो लक्षणमुक्तं जन्माद्यस्य यत इति । सृष्टिस्थित्यादि यतो भवति तद् ब्रह्मेति वाक्यार्थः । तथाच स्कान्दं वचः—

उत्पत्तिस्थितिसंहारा नियतिर्ज्ञानमावृतिः ।
बन्धमोक्षौ च पुरुषाद्यस्मात् स हरिरेकराडिति ॥ ५२ ॥

जिस कारण, श्रीनारायणकी प्रसन्नता भी विना मोक्ष नहीं होती एवं ज्ञान विना उसकी प्रसन्नता भी नहीं होती इस कारण ब्रह्म जिज्ञासा कर्त्तव्य है, यह सिद्ध हुआ । जिज्ञास्य ब्रह्मका लक्षण भी कहते हैं । जन्माद्यस्य यत इति इसका अर्थ यह है जो जिससे सृष्टि स्थित्यादि सम्पादित होती है, वही ब्रह्म है । स्कन्द पुराणमें कहा है:—जिस पुरुषसे उत्पत्ति स्थिति, संहार, नियति, ज्ञान, आवृति, बन्ध, और मुक्ति सम्पादित होती है, वही हरि सबका एकमात्र नियन्ता और प्रभु है ॥ ५२ ॥

यतो वा इमानीत्यादिश्रुतिभ्यश्च । तत्र प्रमाणमप्युक्तं शास्त्रयोनित्वादिति । नावेदविन्मनुते तं बृहन्तं तन्त्वौपनिषदमित्यादिश्रुतिभ्यः तस्यानुमानिकत्वं निराक्रियते । न चानुमानस्य स्वातन्त्र्येण प्रामाण्यमस्ति । तदुक्तं कौर्मे—

श्रुतिसाहाय्यरहितमनुमानं न कुत्रचित् ।
निश्चयात् साधयेदर्थं प्रमाणान्तरमेव च ॥ ५३ ॥

श्रुतिमें कहाहै कि जिससे यह दृश्यमान भूत प्रपञ्च उत्पन्न हुआहै, इत्यादि। इस विषयका प्रमाण भी निर्देश किया है। जैसे, शास्त्रयोनित्वात् इति जो व्यक्ति भेद नहीं जानता वह उस ब्रह्मस्वरूपको विचारमें समर्थ नहीं होता। इत्यादि श्रुतिद्वारा उसका अनुमानिकत्वका खण्डन हुआ है, विना श्रुतिकी सहायताके अनुमान कहीं भी नियम पूर्वक अर्थ साधनमें समर्थ एवं प्रमाणान्तर रूपसे परिगणित नहीं होता ॥ ५३ ॥

श्रुतिस्मृतिसहायं यत् प्रमाणान्तरमुत्तमम्।
प्रमाणपदवीं गच्छेन्नात्र कार्य्या विचारणेति ॥ ५४ ॥

जो श्रुति और स्मृतिकी सहायता युक्त है वही उत्कृष्ट प्रमाणान्तर एवं वही प्रमाण मार्ग रूपमें परिगणित होता है इस विषय विचार करनेकी आवश्यकता नहीं ॥ ५४ ॥

शास्त्रस्वरूपमुक्तं स्कान्दे—
ऋग्यजुःसामाथर्वञ्च भारतं पाञ्चरात्रकम्।
मूलरामायणञ्चैव शास्त्रमित्यभिधीयते ॥ ५५ ॥

प्रकृत शास्त्र किसको कहते हैं, स्कन्द पुराणमें सो कहा है। जैसे, ऋक्, यजु; साम, अथर्व, महाभारत, पाञ्चरात्र, मूल रामायण, इन्हीं सबको शास्त्र कहते हैं ॥ ५५ ॥

यच्चानुकूलने तस्य तच्च शास्त्रं प्रकीर्त्तितम्।
अतोऽन्यो ग्रन्थविस्तारो नैव शास्त्रं कुवर्त्म तदिति ॥ ५६ ॥

जो इन सबके अनुकूल हों, वे भी शास्त्र नामसे कहे जाते हैं। अत एव अन्यप्रकारके विस्तारको शास्त्र नहीं कहते। वह कुमार्ग मात्र है ॥ ५६ ॥

तदनेनानन्यलभ्यः शास्त्रार्थ इति न्यायेन भेदस्य प्राप्तत्वेन तत्र न तात्पर्य्यं किन्त्वद्वैत एव वेदवाक्यानां तात्पर्य्यमिति अद्वैतप्रत्याशा प्रतिक्षिप्ता अनुमानादीश्वरस्य सिद्धाभावेन तद्भेदस्यापि ततः सिद्ध्यभावात्। तस्मान्न भेदानुवादकत्वमिति तत्परत्वमवगम्यते। अतएवोक्तम्--

सदागमैकविज्ञेयं समतीतक्षराक्षरम्।
नारायणं सदा वन्दे निर्दोषाशेषसद्गुणमिति ॥ ५७ ॥

उक्त वाक्यानुसार शास्त्रार्थ अनन्यलभ्य इस प्रकार न्यायानुसार भेद प्राप्तिमात्र उसमें तात्पर्य्य नहीं; किन्तु अद्वैतही वेदवाक्यका तात्पर्य्य है, इस प्रकार अद्वैत प्रत्याशाका प्रतिक्षेप

किया गया है । क्योंकि अनुमानद्वारा ईश्वर सिद्धिके अभाववशात उस भेद सिद्धिका भी अभाव होजाता है । इसी कारण, भेदानुवादकत्त्व तत्परत्त्व, कहकर परिगणित नहीं होता । इसी कारण कहा है ॥ ५७ ॥

शास्त्रस्य तत्र प्रामाण्यमुपपादितं तत्तु समन्वयादिति । समन्वय उपक्रमादिलिङ्गम् उक्तं बृहत्संहितायाम् ।
उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वता फलम् ।
अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिर्णय इति ॥ ५८ ॥

उसी स्थानमें शास्त्रका प्रामाण्य उपपादित हुआ है । जैसे, तत्तु समन्वयादिति यहां समन्वय शब्दसे उपक्रमादि लिङ्ग । बृहत् संहितामें कहा है, उपक्रम, उपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद, उपपत्ति इन सबके तात्पर्य्य निर्णयमें लिङ्ग स्वरूप अर्थात् इनके द्वारा तात्पर्य्य निर्णय करना होता है ॥ ५८ ॥

एवं वेदान्ततात्पर्य्यवशात् तदेव ब्रह्म शास्त्रगम्यमित्युक्तं भवति । दिङ्मात्रमत्र प्रादर्शि शिष्टमानन्दतीर्थभाष्यव्याख्यानादौ द्रष्टव्यं ग्रन्थबहुत्वभियोपरम्यत इति । एतच्च रहस्य पूर्णप्रज्ञेन मध्यमन्दिरेण वायोस्तदीयावतारम्मन्येन निरूपितमिति ॥ ५९ ॥

इस प्रकार वेदान्तके तात्पर्य वशतः वही ब्रह्म शास्त्रके प्रतिपाद्य हो जाता है, यह कहा गया है । फलतः, प्रकृततः दिङ्मात्र दिखलाया गया । अवशिष्ट आनन्द तीर्थके भाष्य और व्याख्यान प्रभृतिमें देखना चाहिये । ग्रन्थ विस्तार भयसे यहां निवृत्त हुआ । पूर्णप्रज्ञ मध्य मन्दिर अपनेको वायुका तीसरा अवतार समझते हैं । इन्ने यह रहस्य निरूपण किया है ॥ ५९ ॥

प्रथमस्तु हनूमान् स्यात् द्वितीयो भीम एव च ।
पूर्णप्रज्ञस्तृतीयस्तु भगवत्कार्य्यसाधक इति ॥
एतदभिप्रेत्य तत्र तत्र ग्रन्थसमाप्ताविदं पद्यं लिख्यते ।
यस्य त्रीण्युदितानि वेदवचने दिव्यानि रूपाण्यलं
तद्दर्शितमित्थमेव निहितं देवस्य भर्गो महः ।
वायो रामवचोनयं प्रथमकं पृक्षो द्वितीयं वपु-
र्मध्वो यत्तु तृतीयमेतदमुना ग्रन्थः कृतः केशवे ॥ ६० ॥

जैसेः—प्रथम हनुमान्, द्वितीय भीम, एवं तृतीय पूर्णप्रज्ञ भगवान्‌के कार्य्यसाधक हैं इस प्रकार अभिप्राय करके, सर्वत्रही ग्रन्थसमाप्तिमें निम्नलिखित पद्य लिखे२ रहते हैंः— वेदवचनमें उसका तीन प्रकार दिव्यरूप सविशेष समुदित हुआ है, रामभक्त हनूमान् उनमें प्रथम, भीम द्वितीय, एवं मध्यमन्दिर तृतीय हैं ॥ ॥ ६० ॥

एतत्पद्यार्थस्तु बलित्थातद्वपुलियाधि दर्शितं देवस्य भर्गः सहसो यतो जनीत्यादिश्रुतिपर्य्यालोचनयावगम्यत इति । तस्मात् सर्वस्य शास्त्रस्य विष्णुतत्त्वं सर्वोत्तममित्यत्र तात्पर्य्यमिति सर्वं निरवद्यम् ॥ ६१ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे पूर्णप्रज्ञदर्शनम् समाप्तम् ॥ ५ ॥

जो हो, उल्लिखित कारणोंसे विष्णुतत्त्वही सबसे श्रेष्ठ है। इसी कारण, यही तत्त्व सब शास्त्रोंका तात्पर्य्य है। यह सर्व्वथा प्रतिपादित हुआ है ॥ ६१ ॥

इति सर्व्वदर्शनसंग्रहमें पूर्णप्रज्ञदर्शन समाप्त हुआ ॥ ५ ॥

अथ नकुलीशपाशुपतदर्शनम् ॥ ६ ॥

तदेतद्वैष्णवमतं दासत्वादिपदवेदनीयं परतन्त्रदुःखावहत्वान्न दुःखान्तादीप्सितास्पदमित्यरोचयमानाः पारमैश्वर्य्यं कामयमानाः पराभिहता मुक्ता न भवन्ति परतन्त्रत्वात् पारमैश्वर्य्यरहितत्वादस्मदादिवत् मुक्तात्मानश्च परमेश्वरगुणसम्बन्धिनः पुरुषत्वे सति समस्तदुःखबीजविधुरत्वात् परमेश्वरवदित्याद्यनुमानं प्रमाणं प्रतिपद्यमानाः केचन माहेश्वराः परमपुरुषार्थसाधनपञ्चार्थप्रपञ्चनपरं पाशुपतशास्त्रमाश्रयन्ते। तत्रेदमादिसूत्रम्, अथातः पशुपतेः पाशुपतयोगविधिं व्याख्यास्याम इति । अस्यार्थः—अत्राथशब्दः पूर्वप्रकृतापेक्षः । पूर्वप्रकृतश्च गुरुं प्रति शिष्यस्य प्रश्नः । गुरुस्वरूपं गणकारिकायां निरूपितम् ।

पञ्चकास्त्वष्ट विज्ञेया गणश्चैकस्त्रिकात्मकः ।
वेत्ता नवगणस्यास्य संस्कर्त्ता गुरुरुच्यत इति ॥ १ ॥

उल्लिखित वैष्णवमतानुसार भगवानका दासत्वही करना होता है। सुतरां, वह परतन्त्र होनेसे दुःखजनक है । उसमें दुःखका अन्त होता नहीं इसी कारण उससे [illegible]

चाहना नहीं होती । ऐसी विवेचना करनेमें उसमें रुचि नहीं होती; विशेषतः जो लोग हम लोगोंके तुल्य परमैश्वर्य्य रहित और परतन्त्र हैं वे कभी मुक्त नहीं होसकते, पक्षान्तरमें मुक्तात्मा पुरुष परमेश्वरके गणसम्बन्धितावशात् पुरुषत्व लाभ पुरःसर समस्त दुःख बीज नाश करे साक्षात् परमेश्वरकी नाईं होजाते हैं, इस प्रकार अनुमान प्रमाण प्रतिपादन पूर्वक कोई महेश्वरोपासक व्यक्तिगण परमैश्वर्य्य कामनासे वशंवद होकर परम पुरुषार्थ प्राप्तिका उपाय स्वरूप पञ्चार्थ प्रपञ्चनपर पाशुपतशास्त्रका आश्रय करते हैं । इसका प्रथम सूत्र यह है, अर्थात् इत्यादि यहां अथ शब्द पूर्व प्रकृतापेक्ष है पूर्व प्रकृत शब्दसे गुरुके प्रति शिष्यका प्रश्न है । अर्थात् शिष्य गुरुको जिज्ञासा करनेके पीछे, गुरुदेव पाशुपत याग विधिकी व्याख्या करते हैं इत्यादि । गुरु किसको कहते उसका लक्षण क्या इस विषयमें गण कारिकामें लिखा है जैसे, अष्ट और वृत्ति त्रय, इन सबको पञ्चक कहते हैं । जो नवगणके विशेषज्ञ और संस्कार करानेमें समर्थ हैं । उनको गुरु कहते हैं ॥ १ ॥

लाभा मला उपायाश्च देशावस्थाविशुद्धयः ।
दीक्षाकारिबलान्यष्टौ पञ्चकास्त्रीणि वृत्तय इति ॥ २ ॥

लाभ, मल, उपाय, देश, अवस्था, विशुद्धि, दीक्षा कारिक और बल ये आठ एवं तीन वृत्ति इन सबको पञ्चक कहते हैं ॥ २ ॥

तिस्रो वृत्तय इति प्रयोक्तव्ये त्रीणि वृत्तय इति छान्दसः प्रयोगः । तत्र विधीयमानमुपायफलं लाभः ज्ञानतपोदेवनित्यत्वस्थितिशुद्धिभेदात् पञ्चविधः । तदाह हरदत्ताचार्य्यः–

ज्ञानं तपोऽथ नित्यत्वं स्थितिः शुद्धिश्च पञ्चममिति ॥ ३ ॥

इनमें विधीयमान उपाय फलका नाम लाभ है वह ज्ञान, तपस्या, नित्यत्व, स्थिति और शुद्धिभेदसे पांच प्रकारका है । हरदत्ताचार्य्यने कहा है ज्ञान, तपस्या, नित्यत्व, स्थिति और शुद्धि ये पांच इत्यादि ॥ ३ ॥

आत्माश्रितो दुष्टभावो मलः । स मिथ्याज्ञानादिभेदात् पञ्चविधः । तदप्याह--

साधकस्य शुद्धिहेतुरुपायः वासचर्य्यादिभेदात् पञ्चविधः । तदप्याह--

वासचर्य्या जपो ध्यानं सदा रुद्रस्मृतिस्तथा ।
प्रतिपत्तिश्च लाभानामुपायाः पञ्च निश्चिता इति ॥ ५ ॥

साधकके शुद्धि हेतुको उपाय कहते हैं । वह भी वासचर्य्यादि भेदसे पांच प्रकारका है । जैसे वासचर्य्या, जप, ध्यान, सदा रुद्रका स्मरण करना, प्रतिपत्ति, इन्हीं पांचको लाभका उपाय कहते हैं ॥ ५ ॥

येनार्थानुसन्धानपूर्वकं ज्ञानतपोवृद्धी प्राप्नोति स देशो गुरुजनादिः । यदाह--

गुरुर्जनो गुहादेशः श्मशानं रुद्र एव चेति ॥ ६ ॥

जिसके द्वारा अर्थानुसन्धानपूर्व्वक ज्ञान और तपस्याकी वृद्धि होती है, उसका नाम देश है । जैसे गुरुजनादि । उसी प्रकार कहा है गुरुजन, गुहा, श्मशान और रुद्र इनको देश कहते हैं ॥ ६ ॥

आलाभप्राप्तेरेकत आदौ यदवस्थानं सावस्था व्यक्तादिविशेषेण विशिष्टा । तदुक्तम्--

व्यक्ताव्यक्तजपादानं निष्ठा चैव हि पञ्चममिति ॥ ७ ॥

जबतक लाभ प्राप्ति न हो तबतक इन सबके एकमादिमें जो अवस्थान है उसका नाम अवस्था है यह अवस्था व्यक्तादि भेद विशिष्ट है जैसे, व्यक्त, अव्यक्त, जप, आदान और निष्ठा ॥ ७ ॥

मिथ्याज्ञानादीनामत्यन्तव्यपोहो विशुद्धिः । सा प्रतियोगिभेदात् पञ्चविधा । तदुक्तम्--

अज्ञानस्याप्यसङ्गस्य हानिः सङ्गकरस्य च ।
च्युतिर्हानिः पशुत्वस्य शुद्धिः पञ्चविधा स्मृतेति ॥ ८ ॥

मिथ्याज्ञानादिके आत्यन्तिक विनाशका नाम विशुद्धि है । वह प्रतियोगि भेदसे पांच प्रकारका है जैसे--अज्ञान हानि, असङ्गच्युति, [illegible]विनाश, पशुत्वस्खलन, [illegible] ८॥

दीक्षाकारिपञ्चकं चोक्तम्--

द्रव्यं कालः क्रिया मूर्तिर्गुरुश्चैव हि पञ्चम इति ॥ ९ ॥

दीक्षाकारिक पञ्चकने भी निर्देश किया है--जैसे, द्रव्य, काल, क्रिया, मूर्ति और गुरु इन पांचोंका नाम दीक्षाकारक पञ्चक है ॥ ९ ॥

बलपञ्चकञ्च—

गुरुभक्तिः प्रसादश्च मतेर्द्वन्द्वजयस्तथा ।
धर्मश्चैवाप्रसादश्च बलं पञ्चविधं स्मृतमिति ॥ १० ॥

बलपञ्चक जैसे, गुरुभक्ति, मनकी प्रसन्नता, सुखदुःखादि द्वन्द्वजय धर्म्म और अप्रसाद इन पांचोंकानाम बल है ॥ १० ॥

पञ्चमललघूकरणार्थं मानामानविरोधिनोऽन्नार्जनोपाया वृत्तयः भैक्ष्योत्सृष्टयथालब्धाभिधा इति । शेषमशेषमाकर एवावगन्तव्यम् ॥ ११ ॥

पांच प्रकारका मल लघूकरणार्थ मानामानविरोधि अन्नार्जनोपायका नाम वृत्ति है। तगत वृत्ति भैक्ष्य उत्सृष्ट और यथालब्ध नामसे विख्यात है अर्थात् भिक्षाद्वारा, उत्सृष्ट संग्रह द्वारा अन्न उपार्जन करना चाहिये । इस कारण अन्य किसी प्रकार आयास या यत्न नहीं करना चाहिये ॥ ११ ॥

अत्राथशब्देन दुःखान्तस्य प्रतिपादनम् । आध्यात्मिकादिदुःखव्यपोहप्रश्नार्थत्वात्तस्य पशुशब्देन कार्य्यस्य परतन्त्रवचनत्वात्तस्य पतिशब्देन कारणस्येश्वरः पतिरीशितेति जगत्कारणीभूतेश्वरवचनत्वात्तस्य । योगविधी तु प्रसिद्धौ । तत्र दुःखान्तो द्विविधः अनात्मकः सात्मकश्चेति । तत्रानात्मकः सर्वदुःखानामत्यन्तोच्छेदरूपः । सात्मकस्तु दृक्क्रिया शक्तिलक्षणमैश्वर्यम् । तत्र दृक्शक्तिरेकापि विषयभेदात् पञ्चविधोपचर्य्यते दर्शनं श्रवणं मननं विज्ञानं सर्वज्ञत्वञ्चेति ॥ १२ ॥

तत्र सूक्ष्मव्यवहितविप्रकृष्टाशेषचाक्षुषस्पर्शादिविषयं ज्ञानं दर्शनम् । अशेषशब्दाविषयं सिद्धिज्ञानं श्रवणम् । समस्तचिन्ताविषयं सिद्धिज्ञानं मननम् । निरवशेषशास्त्रविषयं ग्रन्थतोऽर्थतश्च सिद्धिज्ञानं विज्ञानम् । उक्तानुक्ताशेषार्थेषु समासविस्तरविभागविशेषतश्च तत्त्वव्याप्तसदोदितसिद्धिज्ञानं सर्वज्ञत्वम् इत्येषा धीशक्तिः ॥ १३ ॥

उनमें सूक्ष्म, व्यवहित, विप्रकृष्ट, प्रभृति अशेष चाक्षुषविषयक ज्ञानका नाम दर्शन है। इस प्रकार अशेष शब्दविषयके सिद्धिज्ञान श्रवण, समस्त चिन्ताविषयक सिद्धिज्ञान मनन, ग्रन्थतः और अर्थतः सबही शास्त्रविषयक ज्ञान विज्ञान एवं संक्षेप विस्तार विभाग और विशेषरूपसे उक्त और अनुक्त जितने विषयमें जो तत्त्व व्याप्त सार्वकालिक सिद्धिज्ञान उसको सर्वज्ञत्व कहते हैं । ये सब धीशक्ति हैं ॥ १३ ॥

क्रियाशक्तिरेकापि त्रिविधोपचर्य्यते मनोजवित्वं कामरूपित्वं विक्रमणधर्मित्वञ्चेति । तत्र निरतिशयशीघ्रकारित्वं मनोजवित्वम् । कर्मादिनिरपेक्षस्य स्वेच्छयैवानन्तसलक्षणाविलक्षणसरूपकरणाधिष्ठातृत्वं कामरूपित्वम् । उपसंहृतकरणस्यापि निरतिशयैश्वर्य्यसम्बन्धित्वं विक्रमणधर्मित्वमित्येषा क्रियाशक्तिः ॥ १४ ॥

क्रियाशक्ति एक होनेपर भी तीन प्रकारकी है जैसे मनोजवित्व, कामरूपित्व और विक्रमण धर्म्मित्व । उनमें निरतिशय शीघ्रकारित्वको मनोजवित्व कहते हैं । कर्म्मादि निरपेक्ष होनेपर, स्वेच्छा क्रमहीसे अनेक प्रकारसे सलक्षण और विलक्षण सरूपकरणमें जो अधिष्ठातृत्व उसका नाम कामरूपित्व है । करणसमुदाय उपसंहृत होनेपर, जो निरतिशय ऐश्वर्य्य सम्बन्ध संघटन होजाताहै उसको विक्रमण धर्म्मित्व कहते हैं—येही कईएक क्रियाशक्ति हैं ॥ १४ ॥

वदस्व तन्त्रं सर्वं कार्य्यं त्रिविधविद्या कला पशुश्चेति । तत्र पशुगुणो विद्या । सापि द्विविधा बोधाबोधस्वभावभेदात् । बोधस्वभावा विवेकाविवेकप्रवृत्तिभेदात् द्विविधा । तत्र या विवेकप्रवृत्तिः प्रमाणमात्रव्यङ्ग्या चित्तत्युच्यते । चित्तेन हि सर्वः प्राणी बाह्यार्थात्मकप्रकाशानुगृहीतं सामान्येन विवेचितमविवेचितञ्चार्थं चेतयते इति । पशुर्धर्माधर्मिका पुनरबोधात्मिका

विद्या स्वशास्त्रं येनोच्यते चेतनपरतन्त्रत्वे सत्यचेतना कला । सापि द्विविधा कार्य्याख्या कारणाख्या चेति । तत्र कार्य्याख्या दशविधा । पृथिव्यादीनि पञ्च तत्त्वानि रूपादयः पञ्च गुणाश्चेति । कारणाख्या त्रयोदशविधा । ज्ञानेन्द्रियपञ्चकं कर्मेन्द्रियपञ्चकम् अध्यवसायाभिमानसङ्कल्पाभिधवृत्तिभेदात् बुद्ध्यहङ्कारमनोलक्षणमन्तःकरणत्रयञ्चेति । पशुत्वसम्बन्धी पशुः । सोऽपि द्विविधः साञ्जनो निरञ्जनश्चेति । तत्र साञ्जनः शरीरेन्द्रियसम्बन्धी निरञ्जनस्तु तद्रहितः । तत्प्रपञ्चस्तु पञ्चार्थभाष्यदीपिकादौ द्रष्टव्यः । समस्तसृष्टिसंहारानुग्रहकारि कारणं तस्यैकस्यापि गुणकर्मभेदापेक्षया विभाग उक्तः पतिः साद्य इत्यादिना । तत्र पतित्वं निरतिशयदृक्क्रियाशक्तिमत्त्वं तेनैश्वर्य्येण नित्यसम्बन्धित्वम् आद्यत्वमनागन्तुकैश्वर्य्यसम्बन्धित्वम् इत्यादर्शकारादिभिस्तीर्थकरैर्निरूपितम् ॥ १८ ॥

जितने अस्वतन्त्र पदार्थ हैं वे सब तीन प्रकारके हैं विद्या कला और पशु इनमें पशुगण विद्या दो प्रकारकी है, बोध स्वभावा और अबोध स्वभावा । बोधस्वभावा और भी दो प्रकारकी है । जैसे, विवेकप्रवृत्ति और अविवेकप्रवृत्ति । इनमें विवेकप्रवृत्तिको चित्त कहते हैं । क्योंकि, जिसद्वारा ही सम्पूर्ण प्राणी सामान्यतः विवेचित और अविवेचित विषयक

चित्तद्वारेणात्मेश्वरसम्बन्धो योगः । स च द्विविधः क्रियालक्षणः क्रियोपरमलक्षणश्चेति । तत्र जप्यध्यानादिरूपः क्रियालक्षणः क्रियोपरमलक्षणस्तु संविद्गत्यादिसंज्ञितः धर्मार्थसाधकव्यापारो विधिः । स च द्विविधः प्रधानभूतो गुणभूतश्च । तत्र प्रधानभूतःसाक्षाद्धर्महेतुः चर्य्या सा द्विविधा व्रतं द्वाराणि चेति । तत्र भस्मस्नानशय्योपहारजपप्रदक्षिणानि व्रतम् । तदुक्तं भगवता नकुलीशेन । भस्मना त्रिषवणं स्नायीत भस्मनि शयीतेति ॥१६॥

चित्तद्वारा आत्मा और ईश्वरका नाम योग है । वह दो प्रकारका है । क्रियालक्षण और क्रियोपरम लक्षण । उनमें जप और ध्यानादि रूपसे नाम क्रिया लक्षण और संविद् गति प्रभृतिका नाम क्रियोपलक्षण है । धर्म्मार्थसाधक व्यापारका नाम विधि है । विधि भी दो प्रकारका है । प्रधान भूत और अप्रधान भूत । उनमें साक्षात् धर्म्म हेतु चर्य्याका नाम प्रधान भूत है । वह दो प्रकारका है । व्रत और समस्त द्वार । उनमें भस्मस्नान, भस्मशयन, उपहार, जप और प्रदक्षिणा इन कतिपयका नाम व्रत है । स्वयं भगवान् नकुलीशने कहा है, जो भस्मद्वारा त्रिसन्ध्या, स्नान और भस्मही पर शयन करे ॥ १६ ॥

अत्रोपहारो नियमः । स च षडङ्गः । तदुक्तं सूत्रकारेण । हसितगीतनृत्यहुडुक्कारनमस्कारजप्यषड्ङ्गोपहारेण उपतिष्ठेतेति । तत्र हसितं नाम कण्ठोष्ठपुटविस्फूर्जनपुरःसरमहहहेत्यट्टहासः । गीतं गान्धर्वशास्त्रसमयानुसारेण महेश्वरसम्बन्धिगुणधर्मादिनिमित्तानां चिन्तनम् । नृत्यमपि नाट्यशास्त्रानुसारेण हस्तपादादीनामुत्क्षेपणादिकमङ्गप्रत्यंगोपांगसहितं भावाभावसमेतञ्च प्रयोक्तव्यम् । हुडुक्कारो नाम जिह्वातालुसंयोगान्निष्पाद्यमानः पुण्यो वृषनादसदृशो नादः हुडुगिति शब्दानुकारो वषडितिवत् । यत्र लौकिका भवन्ति तत्रतत सर्वं गूढं प्रयोक्तव्यम् । शिष्टं प्रसिद्धम् । द्वाराणि तु क्राथनस्पन्दनमन्दनशृङ्गारणावितत्करणावितद्भाषणानि । तत्रासुप्तस्यैव सुप्तलिङ्गवद्दर्शनं क्राथनम् । वाय्वभिभूतस्येव शरीरावयवानां स्पन्दनं कम्पनम् । उपहतपाद-

न्द्रियस्येव गमनं मन्दनम् । रूपयौवनसम्पन्नां कामिनीमवलोक्यात्मानं कामुकमिव यैर्विलासैः प्रदर्शयति तत् शृङ्गारणम् । कार्य्याकार्य्यविवेकविकलस्येव लोकनिन्दितकर्मकरणमवितत्करणम् । व्याहतापार्थकादिशब्दोच्चारणमवितद्भाषणमिति । गुणभूतस्तु चर्य्या अनुग्राहकोऽनुस्नानादिः भैक्ष्योच्छिष्टादिनिर्मितायोग्यताप्रत्ययनिवृत्त्यर्थः । तदप्युक्तं सूत्रकारेण । अनुस्नाननिर्माल्यलिंगधारीति ॥ १७ ॥

यहां उपहार शब्दसे नियम समझना । उसके छः अङ्ग हैं । सूत्रकारने कहा है, हसित, गीत, नृत्य, हुडुक्कार, नमस्कार, जप, इन षडङ्ग उपहारकी सहायतासे उपासना करनी चाहिये । उनमें हसित शब्दसे कण्ठ और ओष्ठके पुटके विस्फूर्जित पुरःसर अहह शब्दसे अट्टहास करना—जानना । गीत शब्दसे गान्धर्वशास्त्रके नियमानुसार महेश्वरके गुण और धर्म्मादि निमित्त सब चिन्ता करनी । नृत्यशब्दसे नाट्यशास्त्रके अनुसार हाथ पांव आदि उत्क्षेपणादि अङ्ग प्रत्यङ्ग और उपाङ्ग सहित भावाभावसमेत प्रयोग करना चाहिये । हुडुक्कार शब्दसे जिह्वा और तालु इन दोनोंके संयोगमें निष्पद्यमान परम पवित्र वृषनादके तुल्य शब्द । जहां लोगोंका सञ्चार, वहां इन सबका प्रयोग अति गोपनीयभावसे करना चाहिये । इनके अतिरिक्त जप और प्रदक्षिणका अर्थ सबकेही अवगत है इस कारण उनकी स्वतन्त्र व्याख्याकी आवश्यकता नहीं । द्वार शब्दसे क्राथन, स्पन्दन, शृङ्गारण, अवितत्करण और अवितद्भाषण । इनमें अलुप्तका सुप्त लिङ्गके तुल्य दर्शनको क्राथन कहते हैं । इसी प्रकार वायु पीड़ित अभिभूतकी नाईं शरीरके सब अवयवके स्पन्दनका नाम स्पन्दन है । पांवमें [illegible] की नाईं गमन करनेको मन्दन कहते हैं । रूपयौवन शालिनी कामिनीको अवलोकन कर, आत्माको भी विलास व्यापारसे कामुककी नाईं [illegible] लोकनिन्दित कर्म करनेका [illegible] और व्याहत [illegible] अवितद्भाषण कहते हैं । [illegible] अनुस्नान, भैक्ष्य और उच्छिष्टादि [illegible] है । [illegible] इसी प्रकार सूत्रकारने कहा है अनुस्नान [illegible] ॥ १७ ॥

[illegible] प्रकारो नाम पञ्चिकाभिधानम् । तत्र प्रथमसूत्र एव [illegible] । एषां पदार्थानां प्रमाणतः पश्चादभिधानं क्रियते । [illegible] प्रयुक्तः । एतेषां यथासम्भवं लक्षणतोऽ[illegible] । न तु [illegible]ऽन्योऽन्यापा-

गुणातिशयेन कथनं विशेपः। तथाहि अन्यत्र दुःखनिवृत्तिरेव दुःखान्तः इह तु पारमैश्वर्य्यप्राप्तिश्च। अन्यत्राभूत्वा भावि काय्यमिह तु नित्यं पश्वादि। अन्यत्र सापेक्षं कारणं इह तु निरपेक्षो भगवानेव। अन्यत्र कैवल्यादिफलको योगः इह तु पारमैश्वर्य्यदुःखान्तफलकः। अन्यत्र पुनरावृत्तिः स्वर्गादिः इह पुनरपुनरावृत्तिरूपः सामीप्यादिफलकः॥ १८॥

पहिले जो समास और विस्तारादिकी बात कही गयी है उन सबका अर्थ यह है, जो समास शब्दसे अर्थमात्राभिधान। सो पहिले सूत्रमें कहा गया है। विस्तर शब्दसे पांच पदार्थको प्रमाण अनुसार पञ्चविधान राशीकरभाष्यमें यह देखना। यथासम्भव लक्षण अनुसार किसी प्रकार सङ्कर न करके, इन सबके अभिधान करणको विभाग बलसे एवं निहित शास्त्रा न्तरसे इन सबके गुणातिशय सहकारसे कथनका नाम विशेष है। अन्यत्र दुःखनिवृत्ति कोही दुःखान्त कहा गया है, अन्यत्र होता नहीं, इस प्रकार भावी कार्य्यकी वर्णना है। किन्तु इसमे नित्य पश्वादि निर्दिष्टहै। अन्यत्र, अपेक्षा कारण कहा है किन्तु इसमें निरपेक्ष भगवान्‌हीने इसप्रकार निर्देश किया है। अन्यत्र योगको कैवल्यादि फलक कहा है। किन्तु इसमें पारमैश्वर्य्य दुःखान्तको ही योगका फल रूपसे निर्वाचित किया है। अन्यत्र पुनः आवृत्तिको स्वर्गादि कहा है। किन्तु इसमें अपुनरावृत्ति रूप और सामीप्यादि फलमें परिणत होता है, ऐसा निर्देश किया है॥ १८॥

ननु महदेतदिन्द्रजालं यन्निरपेक्षं परमेश्वरकारणमिति तथात्वे कर्मवैफल्यं सर्वकार्य्याणां समसमयसमुत्पादश्चेति दोपद्वयं प्रादुःष्यात् मैवं मन्येथाः व्यधिकरणत्वात्। यदि निरपेक्षस्य भगवतः कारणत्वं स्यात्तर्हि कर्मणो वैफल्ये किमायातम्। प्रयोजनाभाव इति चेत् कस्य प्रयोजनाभावः। कर्मवैफल्ये कारणं किं कर्मिणः किं वा भगवतः। नाद्यः ईश्वरेच्छानुगृहीतस्य कर्मणः सफलत्वोपपत्तेः। तदनुगृहीतस्य ययातिप्रभृतिकर्मवत कदाचित् निष्फलत्वसम्भवाच्च। न चैतावता कर्मस्वप्रवृत्तिः कर्पकादिवदुपपत्तेः ईश्वरेच्छायतत्वाच्च पशूनां प्रवृत्तेः। नापि द्वितीयः परमेश्वरस्य पर्य्याप्तकामत्वेन कर्मसाध्यप्रयोजनापेक्षाया अभावात्। यदुक्तं

समसमयसमुत्पाद इति तदप्ययुक्तम् अचिन्त्यशक्तिकस्य परमेश्वरस्येच्छानुविधायिन्या अव्याहतक्रियाशक्त्या कार्यकारित्वाभ्युपगमात् । तदुक्तं सम्प्रदायविद्भिः—

कर्मादिनिरपेक्षस्तु स्वेच्छाचारी यतो ह्ययम् ।
ततः कारणतः शास्त्रे सर्वकारणकारणमिति ॥ १९ ॥

यदि कहो कि, यह अपेक्षा इन्द्रजाल क्या होसकता है, जो परमेश्वर कारण निरपेक्ष ऐसा होनेसे कर्मका वैफल्य एवं सब ही कार्य्य एक समयमें उत्पन्न हो ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि, व्यधिकरणत्व होजाता है । यदि निरपेक्ष भगवान्ही कारण हो तो, क्या कर्मका वैफल्य आसकता है ? यदि कहो कि, ऐसा होनेसे कर्मका अभाव होता है, जिससे प्रयोजनका अभाव कर्मवैफल्य कारण होताहै कर्मीका नहीं; भगवान्को । कर्मी कह नहीं सकते । कर्म्ममात्र ही ईश्वरेच्छा अनुगृहीत । अत एव कर्मका सफलत्व उत्पन्न होताहै । उसके अनुगृहीत कर्मका ययातिप्रभृतिके कर्मकी नाई कदाचित् निष्फलत्व होजावे ईश्वरेच्छाके आयत्ताधीन करनेसे, पशुगणकी प्रवृत्ति स फलित होतीहै । जो हो, क्रियाश. अर्थात् भगवान्‌का नहीं कहसकते । क्योंकि, वह सापेक्ष अनवरत है । सफल, उसका कर्मकाण्ड प्रयोजनकी अपेक्षामें सम्पर्क नहीं । पक्षान्तरमें सम समय समुत्पादमें जो उल्लेख किया है वह भी युक्तियुक्त नहीं है क्योंकि, अचिन्त्यशक्तिसम्पन्न परमेश्वरकी इच्छानुविधायिनी अव्याहत क्रियाशक्तिद्वारा कार्यकारित्व अभ्युपगत होताहै । सम्प्रदायविद् व्यक्ति योंने सो कहा है । जैसे जिस कारण वह कर्मादि निरपेक्ष और स्वेच्छाचारी, इसी कारण शास्त्रमें उसको सर्वकारणकारण कहा है ॥ १९ ॥

ननु दर्शनान्तरेऽपीश्वरज्ञानान्मोक्षो लभ्यत एवेति कुतोऽस्य विशेष इति चेन्मैवं वादीः विकल्पानुपपत्तेः । किमीश्वरविषयज्ञानमात्रं निर्वाणकारणं किंवा साक्षात्कारः अथवा यथावत्तत्त्वनिश्चयः । नाद्यः शास्त्रमन्तरेणापि प्राकृतजनवेदज्ञानामपि

ज्ञानमात्रे यथा शास्त्रं साक्षाद्दृष्टिस्तु दुर्लभा ।
पञ्चार्थादन्यतो नास्ति यथावत्तत्त्वनिश्चय इति ॥ २० ॥

यदि कहो, दर्शनान्तरमें कहाहै, जो ईश्वरज्ञानसेही मोक्षलाभ होताहै । इसप्रकार पृथक्बाधको कारण क्या ऐसा नहीं कहसकते । क्योंकि, इसको इसप्रकार विकल्पकी अनुपपत्ति होजातीहै, ईश्वरविषयकज्ञान जीवके निर्वाणका कारण है या उसका साक्षात्कारही कारण है, अथवा उसका तत्त्वका यथावत् ज्ञान होनेसे, इसप्रकार मुक्तिलाभ होजातीहै ? प्रथम अर्थात् ज्ञानमात्रही मुक्तिका कारण नहीं कहसकते । क्योंकि, शास्त्रनिरपेक्ष होनेपरभी प्राकृत महादेव देवगणके अधिपति, इसप्रकार ज्ञानोपपत्ति मात्रही मोक्षसिद्धि होजानेमें शास्त्राभ्यासी पुरुषकी नाईं विफलता होजावे । द्वितीय अर्थात् साक्षात्कार और निर्व्वाणका कारण नहीं कहसकते हो । क्योंकि, बहुविधिमल एकत्र होनेपर उपचित पिशित लोचन पशुगण परमेश्वरके साक्षात्कारमें समर्थ नहीं होते । तृतीयपक्षभी हमलोगोंको अभिमत नहीं क्योंकि पाशुपतशास्त्रके विना यथावत् तत्त्वनिश्चयकी भी सम्भावना नहीं । आचार्य्योंने सो कहा है । जैसे, जो वह शास्त्र देखकर, उसके ज्ञानमात्रसे परमेश्वरका साक्षात्कार हो सो सहज नहीं है । पञ्चार्थके विना अन्य उपायसे भी ठीक २ तत्त्व निर्णय करना सम्भव नहीं ॥ २० ॥

तस्मात् पुरुषार्थकामैः पुरुषधौरेयैः पञ्चार्थप्रतिपादनपरं पाशुपतशास्त्रमाश्रयणीयम् ॥ २१ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे नकुलीशपाशुपतदर्शनं समाप्तम् ॥६ ॥

इस कारण पुरुषार्थ काम पुरुष प्रवरवर्ग पञ्चार्थका प्रतिपादनके पीछे पाशुपतशास्त्रका आश्रय करे ॥ २१ ॥

इति सर्व्वदर्शनसंग्रहमें नकुलीशपाशुपतदर्शन समाप्तहुआ ॥ ६ ॥

अथ शैवदर्शनम् ॥ ७ ॥

तामिमं परमेश्वरः कर्मादिनिरपेक्षः कारणमिति पक्षं वैषम्यनैर्घृण्यदोषदूषितत्वात् प्रतिक्षिपन्तः केचन माहेश्वराः शैवागमसिद्धान्ततत्त्वं यथावदीक्षमाणाः कर्मादिसापेक्षः परमेश्वरः कारणमिति पक्षं कक्षीकुर्वाणाः पक्षान्तरमुपक्षिपन्ति पतिपशुपाशभेदात् त्रयः पदार्था इति । तदुक्तं तन्त्रतत्त्वज्ञैः ।

त्रिपदार्थं चतुष्पाद महातन्त्रं जगद्गुरुः ।
सूत्रेणैकेन संक्षिप्य प्राह विस्तरतः पुनरिति ॥ १ ॥

परमेश्वर कर्म्मादिनिरपेक्ष कारण है । इसप्रकारका पक्ष वैषम्य और नैर्घृण्य दोषोंसे दूषित है । इसकारण कोई २ माहेश्वरसम्प्रदायमें इसमतवादको प्रतिक्षेप करतेहैं । शैवशास्त्र-प्रसिद्ध सिद्धान्ततत्त्व ठीक ठीक आलोचनापूर्वक कर्म्मादि सापेक्ष परमेश्वर कारणहै, इत्यादि पक्ष आश्रय. और उसके सहकारसे पक्षान्तरका उत्क्षेप करजातेहै । उनलोगोंके मतमें पति, पशु और पाश भेदसे पदार्थ तीन प्रकारका है । तन्त्रतत्त्वज्ञलोगोंने इसप्रकार कहाहै, जो जगदीश्वर तीनों पदार्थोंसे विच्छिन्न और पादचतुष्टयसम्पन्न महातन्त्र संक्षेपसे कर एकमात्र सूत्रसे विस्तारक्रमसे वर्णन किया है ॥ १ ॥

अस्यार्थः--उक्तास्त्रयः पदार्था यस्मिन् सन्ति तत्त्रिपदार्थं विद्या-क्रियायोगचर्य्याख्याश्चत्वारः पादा यस्मिन् तच्चतुश्चरणं महातन्त्रमिति । तत्र पशूनामस्वतन्त्रत्वात् पाशानामचैतन्यात् तद्विलक्षणस्य पत्युः प्रथमसुद्देशः चेतनत्वसाधर्म्यात् पशूनां तदानन्तर्य्यम् । अवशिष्टानां पाशानामन्ते विनिवेश इति क्रमनियमः ॥ २ ॥

दीक्षाद्वारा परमपुरुषार्थ प्राप्ति होताहै। जिसकी सहायतासे पशु, पाश और ईश्वरादिका माहात्म्य विनिर्णीत होता है, उसी ज्ञानके विना दीक्षाके कभी निष्पन्न होनेकी सम्भावना नहीं। इसी कारण ज्ञानका अवबोधक विद्यापाद प्रथमही निर्दिष्ट हुआ है। अनेकविध साङ्ग दीक्षाविधिका प्रदर्शक क्रियापाद उसके परेही उल्लिखित हुआ है। योगके विना अभिमत-प्राप्ति नहीं होती। इसकारण साङ्गयोगज्ञापक योगपाद क्रियापादके परेही उद्दिष्ट हुआ है। विहित अनुष्ठान और निषिद्धका त्यागरूप चर्य्याके विना योगका निर्वाह कभी नहीं होता। इसकारण, तत्प्रतिपादक चर्य्यापादका अन्तमें उल्लेख कियाहै ॥ ३ ॥

तत्र पतिपदार्थः शिवोऽभिमतः। मुक्तात्मनां विद्येश्वरादीनाञ्च यद्यपि शिवत्वमस्ति तथापि परमेश्वरपारतन्त्र्यात् स्वातन्त्र्यं नास्ति। ततश्च तदनुकरणभुवनादीनां भावानां सन्निवेशविशिष्टत्वेन कार्य्यत्वमवगम्यते। तेन च कार्य्यत्वेनैषां बुद्धिमत्पूर्वकत्वमनुमीयत इत्यनुमानवशात्परमेश्वरप्रसिद्धिरुपपद्यते ॥४॥

उनमें पतिपदार्थसे शिव अभिमत है, यद्यपि विद्येश्वरादि और मुक्तात्मागणका शिवत्व है, तथापि परमेश्वरकी परतन्त्रतावशात् उनकी स्वतन्त्रता नहीं है। उसके अनुकरण भुवनादि भाव समूहसन्निवेशविशिष्ट कहकर, उन सबका कार्य्यत्व अवगत होता है। इस प्रकार कार्य्यत्ववशात् उनका बुद्धिपूर्वकत्व अनुमित होता है। इस प्रकार अनुमान वशसे परमेश्वरकी प्रसिद्धि उपपन्न होजाती है। अर्थात् सबके ऊपर एक जन जो ईश्वर है, सो कार्य्य देख ही कर समझा जासकता है, क्योंकि, यह विश्वादि कार्य्य अपने आप होता नहीं। अपने आप होनेसे, इस प्रकार सुशृङ्खला वा सुव्यवस्थापूर्वक नहीं दीखती और ये सब सुशृ-... जो एक अद्वितीय बुद्धिमान् व्यक्ति रचित है सो यह बुद्धिका काम नहीं है। सो प्रति-... में प्रतिपादित होजाता है ॥ ४ ॥

ननु देहस्यैव तावत्कार्य्यत्वमसिद्धम्। न हि क्वचित् केनचित्कदाचिद्देहः क्रियमाणो दृष्टचरः। सत्यं तथापि न केनचित्क्रियमाणत्वं देहस्य दृष्टमिति कर्तृदर्शनापह्नवो न युज्यते तस्यानुमेयत्वेनाप्युपपत्तेः। देहादिकं कार्य्यं भवितुमर्हति सन्निवेशविशिष्टत्वात् विनश्वरत्वाद्वा घटादिवत् तेन च कार्य्यत्वेन बुद्धिमत्पूर्वकत्वमनुमातुं सुकरमेव। विमतं सकर्तृकं कार्य्यत्वात्

घटवत् यदुक्तसाधनं तदुक्तसाध्यं न यदेवं न तदेवं यथा-त्मादि । परमेश्वरानुमानप्रामाण्यसाधनानुमानमन्यत्राकारी-त्युपरम्यते ॥ ५ ॥

यदि कहो कि देहका कार्य्यत्व असिद्ध है । क्योंकि, कोई किसी देशमें देहको बनते वा करते नहीं देखता । यह बात सत्य तो है । तथापि कोई कभी करते नहीं देखता, इस प्रकार कल्पना कर, कर्तृ दर्शनका अपह्नव (किसी वस्तुके रहनेपरभी उसको नहीं करके दिखलाना) करना युक्त नहीं होता । क्योंकि, एक पुरुष कर्त्ता है, अनुमानसे उपपत्ति होजातीहै । देहादिका कार्य्यत्व होना उचित ही है । क्योंकि, वह घटादिके तुल्य सन्निवेश विशिष्ट और विनश्वर है । इस प्रकार कार्य्यद्वारा बुद्धिमत्पूर्वक भी अनायासही अनुमान किया जासकता । अन्यत्रभी कहाहै, इस प्रकार अनुमान प्रमाणसे ही ईश्वर सिद्ध होता है ॥ ५ ॥

अज्ञो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः ।
ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा ॥ ६ ॥

पुनः कहा है कि, मनुष्यादि ज्ञानशून्य एवं उन सबका सुख दुःख सर्वथा स्वाधी-नतारहित है ईश्वरप्रेरित होकर, वे सब स्वर्ग वा नरकको गमन करतेहैं ॥ ६ ॥

इति न्यायेन प्राणिकृतकर्मानुपेक्षया परमेश्वरस्य कर्तृत्वोपपत्तेः न च स्वातन्त्र्यविहतिरिति वाच्यं करणापेक्षया कर्तुः स्वातन्त्र्य-विहतेरनुपलम्भात् कोषाध्यक्षापेक्षस्य राज्ञः प्रसादादिना दानवत्। यथोक्तं सिद्धगुरुभिः—

स्वतन्त्रस्याप्रयोज्यत्वं करणादिप्रयोक्तृता ।
कर्तुः स्वातन्त्र्यमेतद्धि न च कर्माद्यपेक्षकेति ॥ ७ ॥

तथाच तत्तत्कर्माशयवशाद्भोगतत्साधनतदुपादानादिविशेषज्ञः कर्त्ता अनुमानादिसिद्ध इति सिद्धम् । तदिदमुक्तं तत्र भवद्भिर्बृहस्पतिभिः—

इह भोग्यभोगसाधनतदुपादानादि यो विजानाति ।
तमृते भूतन्नहीदं पुंस्कर्माशयविपाकज्ञमिति ॥ ८ ॥

जो हो, उस २ कर्म्मकी आशावशात् भोग, उसका साधन और उपादान प्रभृति विशेषज्ञ कर्त्ता अनुमानादिसे सिद्ध होजाता है, यह सिद्ध हुआ इस पर भगवान बृहस्पतिने यह सम्बन्ध यों कहा है कि:—जो भोग, भोग्य, उसका साधन और उपादानादि विशेष रुपसे जानते हैं उनके विना पुरुषका कर्म्माशय विपाक विषयमें और किसीकाभी अभिज्ञान नहीं ॥ ८ ॥

अन्यत्रापि—
विवादाध्यासितं सर्वं बुद्धिमत्पूर्वकर्तृकम् ।
कार्य्यत्वादावयोः सिद्धं कार्य्यं कुम्भादिकं यथेति ॥ ९ ॥

अन्यत्र भी कहाहै जो, विवादास्पदीभूत सब प्रकारकी वस्तुही बुद्धिमत्पूर्वक कर्तृताका आयत्तीकृत है । घटादिकार्य्यकी नाईं, कार्य्यत्व वशात् हमारे दोनोंहीका कार्य्यत्व सिद्ध हुआ ॥ ९ ॥

सर्वात्मकत्वादेवास्य सर्वज्ञत्वं सिद्धम् अज्ञस्य करणासम्भवात् । उक्तञ्च श्रीमन्मृगेन्द्रैः—

सर्वज्ञः सर्वकर्तृत्वात साधनाङ्गफलैः सह ।
यो यज्जानाति कुरुते स तदेवेति सुस्थितमिति ॥ १० ॥

सर्वात्मक कहनेसे, इसका सर्वज्ञत्वस्वभाव सिद्ध है । क्योंकि, अज्ञ कारणकी सम्भावना नहीं, श्रीमान् मृगेन्द्रने कहाहै कि, साधन अङ्ग और फलकेसहित सबका कर्त्ता करनेसे उसको ज्ञ कहतेहैं । जो जिसवस्तुको जानता है, वह उसे करताहै, यही व्यवस्थित सिद्धान्तित वाक्य है ॥ १० ॥

अस्तु तर्हि स्वतन्त्र ईश्वरः कर्त्ता स तु तावच्छरीरी घटादिकार्य्यस्य शरीरवता कुलालादिना क्रियमाणत्वदर्शनात् । शरीरवत्त्वे चास्मदादिवदीश्वरः क्लेशयुक्तोऽसर्वज्ञः परिमितशक्तिः प्राप्नो-

दिति चेन्मैवं मंस्थाः अशरीरस्याप्यात्मनः स्वशरीरस्पन्दादौ कर्तृत्वदर्शनादभ्युपगम्यापि ब्रूमहे शरीरवत्त्वेऽपि भगवतो न प्रागुक्तदोषानुसङ्गः ॥ ११ ॥

अच्छा माना कि ईश्वर स्वतन्त्र कर्त्ता है. किन्तु वह शरीररहित है शरीरविशिष्ट कुम्भकारादि-द्वारा घटादिकार्य्यका क्रियमाणत्त्व देखकर, शरीरविशिष्टता माननेसे, ईश्वरको, हमलोगोकी नाईं क्लेशयुक्त और, असर्वज्ञ एवं सर्व्वथा परिमितशक्तिसम्पन्न कहना किन्तु यह बात नहीं कहसकते । क्योंकि, आत्मा अशरीरी है । तथापि, स्वशरीरास्पन्दनादिमें कर्तृत्त्व देखकर उसकी शरीरवत्ता माननेपरभी, वह ऐश्वर्य्यादि छः गुणोंसे परमपूर्ण कहनेसे उसको कभी हमलोगोंकी बराबर क्लेशादिउल्लिखित दोषका विषयीभूत होना नहीं पडेगा ॥ ११ ॥

परमेश्वरस्य हि मलकर्मादिपाशजालासम्भवेन प्राकृतं शरीरं न भवति किन्तु शाक्तं शक्तिरूपैरीशानादिभिः पञ्चभिर्मन्त्रैर्मस्तकादिकल्पनायामीशानमस्तकस्तत्पुरुषवक्त्रो घोरहृदयो वामदेवगुह्यः सद्योजातपाद ईश्वर इति प्रसिद्ध्या यथाक्रमानुग्रहतिरोभावादानलक्षणस्थितिलक्षणोद्भवलक्षणकृत्यपञ्चककारणं स्वेच्छानिर्मितं तच्छरीरं न चास्मच्छरीरसदृशम् ।

तदुक्तं श्रीमन्मृगेन्द्रैः--

मलाद्यसम्भवाच्छाक्तं वपुर्नैतादृशं प्रभोरिति ॥ १२ ॥

पञ्चकृत्योपयोगि पांच प्रकारके मंत्रोंसे तदीय शरीर कल्पित हुआ है । अन्यत्र लिखा है ईशान, तत्पुरुष, अघोर और वामादि इस देहका मस्तकादि है इत्यादि ॥ १३ ॥

ननु पञ्चवक्त्रस्त्रिपञ्चदृगित्यादिना आगमेषु परमेश्वरस्य मुख्यत एव शरीरेन्द्रियादियोगः श्रूयत इति चेत् सत्यं निराकारे ध्यान-पूजाद्यसम्भवेन भक्तानुग्रहकरणाय तत्तदाकारग्रहणाविरोधात् । तदुक्तं श्रीमत्पौष्करे--

साधकस्य तु रक्षार्थं तस्य रूपमिदं स्मृतमिति ॥ १४ ॥

यदि कहो कि, सब शास्त्रोंमें लिखा है, जो वह पञ्चमुख और त्रिपञ्चदृक् । इत्यादि वाक्यानुसार प्रधानतः ईश्वरका शरीर और इन्द्रियादि योग श्रूयमाण होता है, यह बात सत्य तो है । किन्तु निराकारादिका ध्यान पूजादि असम्भववशात् भक्तोंके प्रति अनुग्रह करनेके लिये उस २ आकारका स्वीकार करना किसी प्रकार विरोध सम्भव नहीं । श्रीमत्पौष्करमें कहा है,-साधनेके रक्षणार्थ ही उसका रूप कल्पित होता है ॥ १४ ॥

अन्यत्रापि--

आकारवांस्त्वं नियमादुपास्यो
न वस्त्वनाकारमुपैति बुद्धिरिति ॥ १५ ॥

अन्यत्रभी कहाहै कि, तुम आकारवान् कहनेसे नियमानुसार उपास्य होते हो जिसको आकार नहीं तादृश वस्तुमें किसीप्रकार बुद्धिका प्रवेश नहीं होता ॥ १५ ॥

कृत्यपञ्चकं च प्रपञ्चितं भोजराजेन--

पञ्चविधं तत्कृत्यं सृष्टिस्थितिसंहारतिरोभावाः ।
तद्वदनुग्रहकरणं प्रोक्तं सततोदितस्यास्येति ॥ १६ ॥

भोजराज कर्तृक उल्लिखित कृत्यपञ्चक आविष्कृत हुआ है । जैसा, तदीय कृत्य पांचप्रकार जैसे सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोभाव और अनुग्रह करण । वह ईश्वर इस प्रकार सर्वदा काल में उदित अर्थात् प्रकट होजाताहै ॥ १६ ॥

एतच्च कृत्यपञ्चकं शुद्धाध्वविषये साक्षाच्छिवकर्तृकं कृच्छ्राध्व-विषये त्वनन्तादिद्वारेणेति विवेकः । तदुक्तं श्रीमत्करणे-शुद्धेऽ-ध्वनि शिवः कर्ता प्रोक्तोऽनन्तोऽहिते प्रभोरिति ॥ १७ ॥

ये पांचप्रकारका कृत्य शुद्धाध्वविषयमें साक्षात् शिवके कर्तृत्वसे निष्पादित होता है और कृच्छ्राध्वविषयमें अनन्तादिद्वारा निष्पादित होताहै ॥ १७ ॥

एवञ्च शिवशब्देन शिवत्वयोगिनां मन्त्रेश्वरमहेश्वरमुक्तात्मशिवानां सवाचकानां शिवत्वप्राप्तिसाधनेन दीक्षादिनोपायकलापेन सह पतिपदार्थसंग्रहः कृत इति बोद्धव्यम् । तदित्थं पतिपदार्थो निरूपितः ।

सम्प्रति पशुपदार्थो निरूप्यते । अनणुक्षेत्रज्ञादिपदवेदनीयो जीवात्मा पशुः न तु चार्वाकादिवद्देहादिरूपः नान्यदृष्टं स्मरत्यन्य इति न्यायेन प्रतिसन्धानानुपपत्तेः । नापि नैयायिकादिवत् प्रकाश्यः अनवस्थाप्रसङ्गात् ।

तदुक्तम्—

आत्मा यदि भवेन्मेयस्तस्य माता भवेत् परः ।
पर आत्मा तदानीं स्यात् स परो यदि दृश्यत इति ॥ १८ ॥

इस प्रकार शिवशब्दसे शिवत्वयोगविशिष्ट मन्त्रेश्वर, महेश्वर और मुक्तात्मा शिवगणका शिवत्व प्राप्तिसाधन दीक्षादि उपाय सह कथित प्रकार पदार्थका है, यह जाननाचाहिये । ऐसे ही पतिपदार्थका स्वरूपादि निरूपित हुआ अधुना पशुपदार्थका निरूपण किया जाता है । अनणुरूप क्षेत्रज्ञादि पद प्रतिपाद्य जीवात्मा पशु शब्दका वाच्य चार्वाकादिके कल्पित देहादि रूप जीवको पशु नहीं कहते । क्योंकि, उसका प्रतिसन्धान नहीं । नैयायिक लोगोंके कल्पित तुल्य प्रकाशभी नहीं है । क्योंकि, इसमें अनवस्था प्रसङ्ग होजाता है इसीप्रकार कहाभी है, आत्मा यदि मेय हो, तो पर उसका माता होगा ॥ १८ ॥

न च जैनवदव्यापकः नापि बौद्धवत् क्षणिकः देशकालाभ्यामनवच्छिन्नत्वात् । तदप्युक्तम्—

नाप्यद्वैतवादिनामिवैकः भोगप्रातिनियमस्य पुरुषबहुत्वज्ञापकस्य सम्भवात् नापि साङ्ख्यानामिवाकर्त्ता पाशजालापोहने नित्यनिरतिशयदृक्क्रियारूपचैतन्यात्मकशिवत्वश्रवणात् । तदुक्तं श्रीमन्मृगेन्द्रैः—

पाशान्ते शिवताश्रुतेरिति ।

चैतन्यं दृक्क्रियारूपं तदस्त्यात्मनि सर्वदा ।

सर्वतश्च यतो मुक्तौ श्रूयते सर्वतोमुखमिति ॥ २० ॥

अद्वैतवादी लोगोंकी नाईं एक भी नहीं क्योंकि, बहुपुरुषत्व ज्ञापक भोगप्रतिनियमका सम्पर्क है । सांख्यगणकी नाईं अकर्ताभी नही है । क्योंकि, नित्य निरतिशय दृक्क्रिया रूप चैतन्यमय शिवस्वरूप कहनेसे, पाश जालका निराकरण करता है श्रीमान् मृगेन्द्रने कहाहै, पाशके अन्तमें शिवकी स्वरूपता प्राप्तहोता है ऐसा सुननेमें आताहै । पुनः कहा है जो, दृक्क्रियारूप चैतन्य आत्माका स्वभावसिद्ध धर्म्म है क्योंकि, मुक्तिमें वह सर्वतोभावसे श्रुत होजाता है ॥ २० ॥

तत्त्वप्रकाशेऽपि—

मुक्तात्मानोऽपि शिवाः किन्त्वेते तत्प्रसादतो मुक्ताः ।

सोऽनादिमुक्त एको विज्ञेयः पञ्चमन्त्रतनुरिति ॥ २१ ॥

तत्त्व प्रकाशमें भी कहाहै, मुक्तात्मा व्यक्ति भी शिवस्वरूप होजाता है । शिवकेप्रसादहीसे मुक्ति मिलतीहै । वह परमेश्वर एक, अनादि मुक्त एवं पञ्चमंत्ररूप शरीर विशिष्ट है ॥ २१ ॥

पशुस्त्रिविधः विज्ञानाकलप्रलयाकलसकलभेदात् तत्र प्रथमो विज्ञानयोगसंन्यासैर्भोगेन वा कर्मक्षये सति कर्मक्षयार्थस्य कलादिभोगबन्धस्याभावात् केवलमलमात्रयुक्तो विज्ञानाकल इति व्यपदिश्यते । द्वितीयस्तु प्रलयेन कलादेरुपसंहारात् मलकर्मयुक्तः प्रलयाकल इति व्यवह्रियते । तृतीयस्तु मलमायाकर्मात्मकबन्धत्रयसहितः सकल इति संलप्यते । तत्र प्रथमो द्विप्रकारो भवति समाप्तकलुषासमाप्तकलुषभेदात् । तत्राद्यान् कालुष्यपरिपाकवतः पुरुषधौरेयान् अधिकारयोग्याननुगृह्यानन्तादिविद्येश्वराष्टपदं प्रापयति । तद्विद्येश्वराष्टकं निर्दिष्टं बहुदैवत्ये—

अनन्तश्चैव सूक्ष्मश्च तथैव च शिवोत्तमः ।
एकनेत्रस्तथैवैकरुद्रश्चापि त्रिमूर्त्तिकः ।
श्रीकण्ठश्च शिखण्डी च प्रोक्ता विद्येश्वरा इमे ॥ २२ ॥

पशु तीन प्रकारका है विज्ञानाकल, मलयाकल और सकल । उनमें विज्ञान, योग संन्यास, अथवा भोगद्वारा कर्म्मके क्षय होनेपर, कर्म्मक्षयार्थ फलादिभोगबन्धका अभावप्रयुक्त केवलमात्र मुक्तको विज्ञानाकल कहतेहैं। द्वितीय मलया कलहै । तृतीयको अर्थात् मल माया कर्म्मरूप बन्धत्रय युक्तको सकल कहते हैं। उनमें विज्ञानाकल दो प्रकारका, समाप्तकलुष और असमाप्तकलुष है। उनमें समाप्तकलुष पुरुष प्रधानगण कालुष्यका परिपाकप्रयुक्त अधिकारयोग होनेपर अनुगतगृह्य अनन्तादि विद्येश्वराष्टपद प्राप्त होतेहैं । बहुदैवत्यमें यह विद्येश्वराष्टपद निर्दिष्टहै । अनन्त, सूक्ष्म, शिवोत्तम, एकनेत्र, एकरुद्र, त्रिमूर्त्तिक, श्रीखण्ड, शिखण्डी इत्यादिकको विद्येश्वर कहते हैं ॥ २२ ॥

अन्त्यान् सप्तकोटिसङ्ख्यातान् मन्त्राननुग्रहकरणान् निधत्ते । तदुक्तं तत्त्वप्रकाशे–

पशवस्त्रिविधाः प्रोक्ता विज्ञानप्रलयकेवलौ सकलः ।
मलयुक्तस्तत्राद्यो मलकर्मयुतो द्वितीयः स्यात् ॥ २३ ॥

अन्तमें सातकोटिसंख्यक अनुग्रह करणमन्त्र विधान करतेहैं । तत्त्वप्रकाशमें सो कहाहै, पशु तीन प्रकारकाहै, विज्ञानाकल, प्रलयाकल, एवं सकल । उनमें प्रथम मलयुक्त और द्वितीय मलकर्म्मयुक्त ॥ २३ ॥

मलमायाकर्मयुतः सकलस्तेषु द्विधा भवेदाद्यः ।
आद्यः समाप्तकलुषोऽसमाप्तकलुषो द्वितीयः स्यात् ॥ २४ ॥

अवशिष्ट अर्थात् तृतीय मलमायाकर्म्मयुक्त होताहै । आद्य औरभी दो प्रकारकाहै । उनमें प्रथम समाप्तकलुष और द्वितीय असमाप्तकलुष ॥ २४ ॥

आद्याननुगृह्य शिवो विद्येशत्वे नियोजयत्यष्टौ ।
मन्त्रांश्च करोत्यपरान् ते चोक्ताः कोटयः सप्तेति ॥ २५ ॥

शिव अनुग्रहकर समाप्तकलुष पुरुषोंको अष्टविध विद्येश्वरत्वमें नियोजित करतेहैं एवं सातकोटिमंत्रभी विधान करतेहैं ॥ २५ ॥

सोमशम्भुनाप्यभिहितम्–
विज्ञानाकलनामैको द्वितीयः प्रलयाकलः ।
तृतीयः सकलः शास्त्रेऽनुग्राह्यस्त्रिविधो मतः ॥ २६ ॥

सोमशम्भुने भी कहा है, एकका नाम विज्ञानाकल, दूसरेका नाम मलयाकल एवं तीसरे का नाम सकल, शास्त्रमें इन्हीं तीनको अनुग्राह्य कहा है ॥ २६ ॥

तत्राद्यो मलमात्रेण युक्तोऽन्ये मलकर्मभिः ।
कलादिभूमिपर्य्यन्ततत्त्वैस्तु सकलो युत इति ॥ २७ ॥

उनमें मलमात्र मुक्तका नाम प्रथम, मल कर्म्मयुक्तका नाम द्वितीय एवं कलादि भूमि पर्य्यन्त तत्वयुक्तका नाम तृतीय अर्थात् सकल कहते हैं ॥ २७ ॥

प्रलयाकलोऽपि द्विविधः पक्वपाशद्वयः तद्विलक्षणश्च । तत्र प्रथमो मोक्षं प्राप्नोति, द्वितीयस्तु पुर्य्यष्टकयुतः कर्मवशान्नाना-विधजन्मभाग् भवति । तदप्युक्तं तत्त्वप्रकाशे—

प्रलयाकलेषु येषामपक्वमलकर्मणी व्रजन्त्येते ।
पुर्य्यष्टकदेहयुता योनिषु निखिलासु कर्मवशादिति ॥ २८ ॥

प्रलयाकलभी और दो प्रकारका है, पक्वपाश द्वय और तद्‌ विलक्षण । उनमें प्रथम अर्थात् पक्वपाशद्वयसे मोक्ष प्राप्त होता है । द्वितीय अर्थात् सकल पुर्य्यष्टक युक्त होकर कर्म्मवशात नानाप्रकारका जन्म लाभ करता है । तत्वप्रकाशमें भी वही लिखा है:—जिनका मल और कर्म्म परिपाक नहीं होता, वे प्रलयकालमें पुर्य्यष्टकरूप देहयुक्त होकर कर्म्मवशात् निखिल योनिमें संक्रमण करते हैं ॥ २८ ॥

पुर्य्यष्टकमपि तत्रैव निर्दिष्टम्—

स्यात् पुर्य्यष्टकमन्तःकरणधीः कर्म करणानीति ॥ २९ ॥

पुर्य्यष्टक किसको कहते हैं, वह भी उसमें निर्दिष्ट हुआ है, जैसे—बुद्धि, कर्म्म, अन्तः-[illegible] और पांच इन्द्रिय इन्हीं आठको पुर्य्यष्टक कहते हैं ॥ २९ ॥

विवृतं चाघोरशिवाचार्य्येण—पुर्य्यष्टकं नाम प्रतिपुरुषनियतः सर्गादारभ्य कल्पान्तं मोक्षान्तं वा स्थितः पृथिव्यादिकला-पर्य्यन्तस्त्रिंशत्तत्वात्मकः सूक्ष्मो देहः । तथा चोक्तं तत्त्वसंग्रहे—

वसुधाद्यस्तत्त्वगणः प्रतिपुन्नियतः कलान्तोऽयम् ।
पर्य्यटति कर्मवशाद्भुवनजदेहेष्वयञ्च सर्वेष्वपीति ॥ ३० ॥

मोक्ष पर्य्यन्त अवस्थिति करता है उसका नाम पुर्य्यष्टक है । उसी प्रकार, तत्वसंग्रहमें कहा है, वसुधादि तत्व गण प्रतिपुरुषहीमें नियत हुआ है एवं कर्म्मवशात उस २ भुवनन देहमें पर्य्यटन करता है ॥ ३० ॥

तथा चायमर्थः समपद्यत अन्तःकरणशब्देन मनोबुद्ध्यहङ्कारचित्तवाचिना अन्यान्यपि पुंसो भोगक्रियायामन्तरङ्गाणि कलाकालनियतिविद्यारागप्रकृतिगुणाख्यानि सप्त तत्त्वानि उपलक्ष्यन्ते । धीकर्मशब्देन ज्ञेयानि पञ्च भूतानि तत्करणानि च तन्मात्राणि विवक्ष्यन्ते । करणशब्देन ज्ञानकर्मेन्द्रियदशकं संगृह्यते ॥ ३१ ॥

इसका अर्थ इसप्रकार मीमांसित हुआ है, अन्तकरण शब्दसे मन, बुद्धि, अहङ्कार, चित्त और पुरुषको योगक्रियाका अन्तरङ्गरूप कला, काल, नियति, विद्या, राग, प्रकृति, और गुण ये सम्पूर्ण तत्व उपलक्षित होजाते हैं । इसप्रकार धी कर्म्म शब्दसे पांचभूत और इनका करण सब एवं तन्मात्र सब । यहां करण शब्दसे ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय समझना चाहिये । इसीका नाम वसुधादि तत्वगण है ॥ ३१ ॥

ननु श्रीमत्कालोत्तरे--शब्दः स्पर्शस्तथा रूपं रसो गन्धश्च पञ्चकम् । बुद्धिर्मनस्त्वहङ्कारः पुर्य्यष्टकमुदाहृतमिति श्रूयते तत्कथमन्यथा कथ्यते। अद्धा अतएव च तत्रभवता रामकण्ठेन तत्सूत्रं शक्तत्वपरतया व्याख्यायीत्यलमतिप्रपञ्चेन । तथापि कथं पुनरस्य पुर्य्यष्टकत्वम् । भूततन्मात्रबुद्धीन्द्रियकर्मेन्द्रियान्तःकरणसंज्ञैः पञ्चभिर्वर्गैस्तत्करणेन प्रधानेन कलादिपञ्चकात्मना वर्गेण चारब्धत्वादित्यविरोधः ॥ ३२ ॥

यदि कहो कि, श्रीमत् कालोत्तरमें कहा है जो शब्द, स्पर्श, रूप, रस, और गन्ध ये पांच एवं बुद्धि, मन और अहङ्कार ये तीन, इन आठको पुर्यष्टक कहते हैं । इत्यादि वाक्य किस प्रकार सङ्गत हो सकता है ? इसी कारण तत्र भगवन् रामकण्ठने इस सूत्र को [illegible] कहकर व्याख्या किया है । तथापि, किसप्रकार इसका पुर्य्यष्टकत्व सिद्ध होसकता ? इसका समन्वय यह है जो, भूत, तन्मात्र, बुद्धिन्द्रिय, कर्म्मेन्द्रिय, और अन्तःकरण नामक पञ्चवर्ग एवं तत्करण, प्रधान और कलादिपञ्चात्मक ये तीन, इन सबको लेकर पुर्य्यष्टक हुआ इससे, किसीप्रकार विरोधकी अपेक्षा नहीं रही ॥ ३२ ॥

तत्र पुर्य्यष्टकयुतान् विशिष्टपुण्यसम्पन्नान् कांश्चिदनुगृह्य भुवनपतित्वमत्र महेश्वरोऽनन्तः प्रयच्छति । तदुक्तम्--
कांश्चिदनुगृह्य वितरति भुवनपतित्वं महेश्वरस्तेषामिति ॥
सकलोऽपि द्विविधः पक्ककलुषापक्ककलुषभेदात् । तत्राद्यान् परमेश्वरस्तत्परिपाकपरिपाट्या तदनुगुणशक्तिपातेन मण्डल्याद्यष्टादशोत्तरशतं मन्त्रेश्वरपदं प्रापयति । तदुक्तम्--

शेषा भवन्ति सकलाः कलादियोगादहर्मुखे काले ।
शतमष्टादश तेषां कुरुते स्वयमेव मन्त्रेशान् ॥ २३ ॥

अनन्तरूप महेश्वर उनमें पुर्य्यष्टक युक्त और विशिष्ट पुण्यसम्पन्न किसी २ पुरुषको अनुग्रहकर भुवनपतित्व प्रदान करते हैं । इसी प्रकार कहा भी है, महेश्वर उनमें किसीको अनुग्रहकर भुवनपतित्व प्रदान करते हैं । पक्ककलुष और अपक्ककलुष भेदसे सकल भी और दो प्रकारका है । उनमें परमेश्वर कलुष परिपाककी अनुसार तदनुगुण शक्तिपात द्वारा कलुषमें पुरुषोंको मण्डलादि ११८ मन्त्रेश्वरपद प्रदान करते हैं । इसी प्रकार कहा है; सबपुरुष सब प्रलयसमयमें कलादि योगवशात शेष होनेपर, स्वयं ईश्वर उन सबको ११८ मन्त्रेश्वर करदेते हैं ॥ २३ ॥

तत्राष्टौ मण्डलिनः क्रोधाद्यास्तत्समाश्च वीरेशः ।
श्रीकण्ठः शतरुद्राः शतमित्यष्टादशाभ्यधिकमिति ॥ २४ ॥

उनमें, आठ जनमण्डली, क्रोधादि इसके समान, वीरेशभी श्रीकण्ठ दो एवं १०० रुद्र ये सब मिलकर ११८ हैं ॥ २४ ॥

तत्परिपाकाधिक्यनिरोधेन शक्त्युपसंहारेण दीक्षाकरणेन मोक्षप्रदो भवत्याचार्य्यमूर्तिमास्थाय परमेश्वरः । तदप्युक्तम्--

परिपक्कमलानेतानुत्सादनशक्तिपातेन ।
योजयति परे तत्त्वे स दीक्षयाचार्य्यमूर्तिस्थ इति ॥ २५ ॥

श्रीमन्मृगेंद्रोऽपि—

पूर्वं व्यत्यासितस्याणोः पाशजालमपोहतीति ॥ ३६ ॥

श्रीमन्मृगेन्द्रने भी कहा है;—उस जीवका पाशजाल काट डालते हैं ॥ ३६ ॥

व्याकृतश्च नारायणकण्ठेन तत्सर्वं तत एवावधार्य्यम् अस्माभिस्तु विस्तरभिया न प्रस्तूयते । अपक्वकलुषान् बद्धानणून् भोगभाजो विधत्ते परमेश्वरः कर्मवशात् । तदप्युक्तम्—

बद्धान् शेषानपरान् विनियुङ्क्ते भोगभुक्तये पुंसः ।
तत्कर्मणामनुगमादित्येवं कीर्तिताः पशव इति ॥ ३७ ॥

नारायणकण्ठनें इन सबकी विस्तारपूर्व्वक व्याख्या कियी है । उसीसे यह विषय निश्चय करना । हमने विस्तारभयसे अधिक प्रस्ताव नही किया । जो सब जीव अपक्व कलुष, परमेश्वर कर्म्मवशात् उन सबको बद्ध और भोगयुक्त करते हैं । वह भी कहा है, अवशिष्ट अपर पुरुषोंको उनके कर्म्मानुसार बद्ध करके, भोगभुक्तिके लिये विनियुक्त करते हैं । पशुगणका विषय यह कहागया ॥ ३७ ॥

अथ पाशपदार्थः कथ्यते । पाशश्चतुर्विधो मलकर्ममायारोधशक्तिभेदात् । ननु शैवागमेषु मुख्यं पतिपशुपाशा इति क्रमात्त्रितयम् । तत्र पतिः शिव उक्तः, पशवो ह्यणवोऽर्थपञ्चकं पाशा इति । पाशः पञ्चविधः कथ्यते तत् कथं चतुर्विध इति गण्यते । उच्यते विन्दोर्मायात्मनः शिवतत्त्वपदवेदनीयस्य शिवपदप्राप्तिलक्षणपरममुक्त्यपेक्षया पाशत्वेऽपि तद्योगस्य विद्येश्वरादिपदप्राप्तिहेतुत्वेनापरमुक्तित्वात् पाशत्वेनानुपादानमित्यविरोधः । अतएवोक्तं तत्त्वप्रकाशे—

पाशाश्चतुर्विधाः स्युरिति ॥ ३८ ॥

अधुना, पाशपदार्थका विवरण किया जाता है । पाश चारप्रकारका है मल, कर्म्म, माया और रोधशक्ति । यदि कहो, शैवशास्त्रमें कहाहै, पति, पशु और पाश इत्यादि क्रमसे तीनपदार्थ हैं । इनमें पतिशब्दसे शिव कहा गयाहै । पशु शब्दसे अणु सब । और पाश शब्दसे अर्थपञ्चक । इसप्रकार, पांच प्रकार पाश कहा गया है । तो और किस प्रकार ४ प्रकार कहा गया ? इसका उत्तर यह है जो, साक्षात् शिव तत्वपद प्रतिपाद्य—मायामय बिन्दुस्वरूप प्रशंसित होनेपरभी, उसको जब शिवपदप्राप्तिरूप परममुक्तिकी अपेक्षा है

एवं उस मुक्तिका योग होनेपर जिस समय विद्येश्वरादि पदप्राप्तिपूर्वक मुक्ति होजाती है तब उसका और पाशत्वका उपादान होनहीं सकता। इसी कारण तत्त्वप्रकाशमें कहा है पाश सब ४ प्रकारका है ॥ ३८ ॥

श्रीमन्मृगेन्द्रोऽपि-

आवृतीशौ बलं कर्म मायाकार्य्यञ्चतुर्विधम्।
पाशजालं समासेन धर्मनाम्नैव कीर्त्तिता इति ॥ ३९ ॥

श्रीमन्मृगेन्द्रनेभी कहाहै,—मल, ईश, बल, और कर्म्म ये ४ प्रकार मायाकारी पाशजाल नामसे परिगणित होता है। इन सबको संक्षेपसे धर्म्मनामसे कहा करते हैं ॥ ३९ ॥

अस्यार्थः, आवृणोति प्रकर्षेणाच्छादयत्यात्मनो दृक्क्रिये इति आवृतिः स्वाभाविक्यशुचिर्मलः। स च ईष्टे स्वातन्त्र्येणेति। तदुक्तम्-

एको ह्यनेकशक्तिर्दृक्क्रिययोच्छादको मलः पुंसः।
तुपतण्डुलवज्ज्ञेयस्ताम्राश्रितकालिकावद्वेति ॥ ४० ॥

इस मलका दूसरा नाम 'प्रावृति' है। प्रशब्दसे प्रकर्ष एवं आवृति शब्दसे आच्छादन करना। यह आत्माका दृक् और दृक्शक्ति दोनों आच्छन्न करते हैं, इसकारण इसका नाम वृत्ति है। इसशब्दसे जो सदा स्वाधीनभावसे प्रभुत्वादि करे। उसीप्रकार कहा भी है, एक मल पुरुषकी अनेकशक्ति, दृक् और क्रियाका आच्छादन करता है। तुषमें जिस प्रकार तण्डुल एवं ताम्रमें जैसे कालिका प्रच्छन्न रहती है मलसे दृक्क्रियाका उस प्रकार प्रच्छादन होता है ॥ ४० ॥

बलं रोधशक्तिः अस्याः शिवशक्तेः पाशाधिष्ठानेन पुरुषतिरोधायकत्वादुपचारेण पाशत्वम्। तदुक्तम्-

तासामहं वरा शक्तिः सर्वानुग्राहिका शिवा।
धर्मानुवर्त्तनादेव पाश इत्युपचर्य्यत इति ॥ ४१ ॥

क्रियते फलार्थिभिरिति कर्म धर्माधर्मात्मकं बीजाङ्कुरवत्प्रवाहरूपेणानादि यथोक्तं श्रीमत्किरणे-

यथानादिर्मलस्तस्य कर्मालपकमनादिकम् ।
यद्यनादिरसंसिद्धं वैचित्र्यं केन हेतुनेति ॥ ४२ ॥

फलार्थी व्यक्तिगण करते हैं, इसकारण इसका नाम कर्म्म है । यह धर्म्म और अधर्म्म उभयात्मक है । एवं बीजांकुरकी नाईं, प्रवाहरूपसे अनादि श्रीमत् किरणमें कहा है,—मल. जैसे अनादि उसका कर्म्म भी वैसाही अनादि है । सुतरां चिन्ता करनेका विषय क्या ? ॥ ४२ ॥

यात्यस्यां शक्त्यात्मना प्रलये सर्वं जगत्, सृष्टौ व्यक्तं यातीति माया । यथोक्तं श्रीमत्सौरभेये—

शक्तिरूपेण कार्य्याणि तल्लीनानि महाक्षये ।
विकृतौ व्यक्तिमायाति सा कार्य्येण कलादिनेति ॥ ४३ ॥

प्रलयमें सम्पूर्ण जगत् शक्तिरूपी आत्मद्वारा इसमें मिलकर अर्थात् उपसंहृत एवं सृष्टि समही व्यक्तिभूत होजाती है, इसअर्थमें माया । अर्थात् माशब्दसे उपसंहरण और या शब्दसे व्यक्तीकरण, इसअर्थमें मायाशब्द निष्पन्न हुआ है श्रीमत् सौरभेयमें कहा है,—महाप्रलयमें कार्य सब शक्तिरूप द्वारा उसमें लीन होती है एवं सृष्टिसमय व्यक्तिभूत होजाती है ॥ ४३ ॥

यद्यप्यत्र वहु वक्तव्यमस्ति तथापि ग्रन्थभूयस्त्वभयादुपरम्यते । तदित्थं पतिपशुपाशपदार्थास्त्रयः प्रदर्शिताः ।

पतिविद्ये तथाविद्या पशुः पाशश्च कारणम् ।
तन्निवृत्ताविति प्रोक्ताः पदार्थाः षट् समासतः ॥ ४४ ॥

वेदमात्र अध्ययनमें प्रवृत्त होनेसे यद्यपि अर्थावबोधका उदय नहीं होता, किन्तु साङ्गवेद अध्ययनमें व्यापृतपुरुषका अर्थावबोध सम्भव होता है । इसबातका मेल नहीं । क्योंकि; बोधमात्रसम्पन्न होनेपरभी निर्णय विचाराधीन होता है । यद्यपि अर्थबोध होता है किन्तु विवादस्थलकी मीमांसा करनेमें विचारकी आवश्यकता होती है अर्थसमझनेहीपर उस २ स्थलकी मीमांसा नहीं कियी जाती । इसका दृष्टान्त, जैसे, अक्तशर्करा इत्यादि । यहां घृताक्त, या तैलाक्त, इसप्रकार अर्थनिर्णय व्याकरण, वा निगम अथवा निरुक्तद्वारा अधिगत नहीं होता।विचारशास्त्रद्वाराही घृत साक्षात् तेज इसप्रकार वाक्यशेषवशात् अर्थनिर्णय लब्ध होता है । इसकारण विचारशास्त्रका वैधत्वसिद्ध ॥ ३० ॥

न च वेदमधीत्य स्नायादिति शास्त्रं गुरुकुलनिवृत्तिपरं व्यवधानप्रतिबन्धकं बाध्येतेति मन्तव्यं स्नात्वा भुङ्क्ते इतिवत् पूर्वापरीभावसमानकर्तृकत्वमात्रप्रतिपत्त्या अध्ययनसमावर्त्तनयोर्नैरन्तर्य्यप्रतिपत्तेः । तस्माद्विधिसामर्थ्यादेवाधिकरणसहस्रात्मकपूर्वमीमांसाशास्त्रमारम्भणीयम् । इदं चाधिकरणं शास्त्रेणोपोद्घातत्वेन सम्बध्यते ॥ ३१ ॥

वेद अध्ययनकर स्नान करना चाहिये, इत्यादिशास्त्र गुरुकुलनिवृत्तिपर । व्यवधानप्रतिबन्धक वाक्य बाधित होता है इसप्रकार नहीं माना जाता । क्योंकि, स्नानकर भोजन करता है, इत्यादिके तुल्य पूर्वापरीभावका समानकर्तृत्वमात्रकी प्रतिपत्तिद्वारा अध्ययन और समावर्तन होनेका नैरन्तर्य प्रतीत होता है । अतएव विधिसामर्थ्यवशात् अधिकरण सहस्रयुक्त

पूर्व्वमीमांसाशास्त्र आरम्भणीय । यह अधिकरण, उपोद्घातत्ववशात् साहित सर्व्वथा सम्बन्ध है ॥ २१ ॥

तदाह-

चिन्तां प्रकृतसिद्धार्थामुपोद्घातं प्रचक्षत इति ॥ २२ ॥

उसीप्रकार कहा है, प्रकृतिसिद्ध्यर्थ चिन्ताका नाम उपोद्घात है ॥ २२ ॥

इदमेवाधिकरणं गुरुमतमनुसृत्योपन्यस्यते । अष्टवर्षं ब्राह्मणमुपनयीत तमध्यापयीतेत्यत्राध्यापनं नियोगविषयः प्रतिभासते। नियोगश्च नियोज्यमपेक्षते । कश्चात्र नियोज्य इति चेदाचार्य्यककाम एव सम्मानेनेत्यादिना पाणिन्यनुशासनेनाचार्य्यकरणे ष्यमाणे नयतेर्धातोरात्मनेपदस्य विधानात् उपनयने यो नियोज्यः स एवाध्यापनेपि तयोरेकप्रयोगत्वात् ॥ २३ ॥ २४ ॥

यही अधिकरण गुरुमतानुसरणपूर्वक उपन्यस्त होता है । आठवर्षके ब्राह्मणके लडकेका उपनयन समाधान और उसको पढ़ाना चाहिये । यहां अध्यापन नियोगविषय कहकर प्रतिभात होता है । नियोगनियोज्यकी अपेक्षा करता है । इसस्थानम नियोज्य कौन है इसप्रश्नके उत्तरमें पाणिनिके अनुशासन अनुसार आचार्य्यप्राप्त होनेपर, नी धातुके उत्तरआत्मने पद विधानकर जो व्यक्ति उपनयनमें नियोज्य होता है वही अध्यापनमेभी नियोज्य होता है । क्योंकि, दोनोंका एकत्र प्रयोग हुआ है ॥ २३ ॥ २४ ॥

अत एवोक्तं मनुना मुनिना-

उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद्द्विजः ।
सांगञ्च सरहस्यञ्च तमाचार्य्यं प्रचक्षत इति ॥ २५ ॥

इसीकारण मनुमुनिने कहा है जो द्विज शिष्यको उपनीतकर सांग और सरहस्य वेद अध्ययन करावे उसको आचार्य कहते हैं ॥ २५ ॥

ततश्चाचार्य्यकर्तृकमध्यापनं माणवककर्तृकेणाध्ययनेन विना न सिद्ध्यतीत्यध्यापनविधिप्रयुक्त्यैवाध्ययनानुष्ठानं सेत्स्यति प्रयोज्यकव्यापारमन्तरेण प्रयोजकव्यापारस्यानिर्वाहात् ॥ २६ ॥

इसकारण आचार्य्यकर्तृक अध्यापन माणवक कर्तृक अध्ययनविना सिद्ध नहीं होता, उसप्रकार अध्यापन विधिका प्रयोगद्वाराही अध्ययनानुष्ठान सिद्ध होताहै । जिसकारण, प्रयोज्यव्यापारके विना प्रयोजक व्यापारका निर्व्वाह नहीं होता ॥ २६ ॥

तर्ह्यध्येतव्य इत्यस्य विधित्वं न सिध्यतीति चेन्मासैत्सीत् का नो हानिः पृथगध्ययनविधेरभ्युपगमे प्रयोजनाभावाद्विधित्वस्य नित्यानुवादत्वेनाप्युपपत्तेः । तस्मादध्ययनविधिमुपजीव्य पूर्वमुपन्यस्तौ पूर्वोत्तरपक्षौ प्रकारान्तरेण प्रदर्शनीयौ विचार-शास्त्रमवैधत्वेनानारब्धव्यमिति पूर्वपक्षः वैधत्वेनारब्धव्यमिति राद्धान्तः ॥ २७ ॥

इसप्रकार होनेसे अध्येतव्य, इसवाक्यका विधित्व सिद्ध नहीं होकसता । न हो, उससे हमारी हानि क्या? पृथक् अध्ययन विधिका अभ्युपगम होनेसे प्रयोजनके अभाववशात्, नित्यानुवादत्वद्वाराभी विधित्वकी उपपत्ति होती है । इसकारण, अध्ययनविधिको आश्रयकर, पहिले जिनका निर्देश किया गयाहै, वही पूर्वपक्ष और उत्तरपक्ष, प्रकारान्तरसे प्रदर्शन किये गये हैं । उनमें विचारशास्त्र अवैधत्वद्वारा अनारम्भणीय, यह पूर्वपक्ष एवं वैधत्वद्वारा वह आरम्भणीय, यही उत्तर पक्ष है ॥ २७ ॥

तत्र वैधत्वं वदता वदितव्यं किमध्यापनविधिर्माणवकस्यार्था-वबोधमपि प्रयुङ्क्ते किं वा पाठमात्रम् । नाद्यः विनाप्यर्था-वबोधेनाध्यापनसिद्धेः । न द्वितीयः पाठमात्रे विचारस्य विषय-प्रयोजनयोरसम्भवादापाततः प्रतिभातः सन्दिग्धोऽर्थो विचा-रशास्त्रविषयो भवति । तथा सति यत्रार्थावगतिरेव नास्ति तत्र सन्देहस्य का कथा विचारफलस्य निर्णयस्य प्रत्याशा दूरत एव ॥ २८ ॥

इसमें वैधत्वनिर्देश करनेसे कहना चाहिये, अध्यापन विधिद्वारा माणवकका अर्थावबोध प्रयोजित किया, पाठमात्रका प्रयोग होता है? पहिला नहीं । क्योंकि, अर्थावबोधके विना; अध्यापन सिद्ध होजाता है । द्वितीयभी नहीं । क्योंकि पाठमात्रसे विचारका विषय और प्रयोजन सम्भव नहीं । आपाततः प्रतिभात सन्दिग्ध अर्थ विचारशास्त्रका विषय होजाता है । ऐसा होनेसे जिसरूपसे अर्थबोध नहीं होता, वहां सन्देहकी बात क्या विचार निर्णयकी प्रत्याशा दूर होजाती है ॥ २८ ॥

तथा च यदसन्दिग्धं प्रयोजनं तत्प्रेक्षावत्प्रतिपित्सागोचरं यथा नयनेन्द्रियसन्निकृष्टः स्पष्टालोकमध्यमध्यासीनो घट

इति न्यायेन विषयप्रयोजनयोरसम्भवेन विचारशास्त्रमनारभ्य-मिति पूर्वः पक्षः अध्यापनविधिनार्थावबोधो मा प्रयोजि तथापि सांगवेदाध्यायिनो गृहीतपदपदार्थसंगतिकस्य पुरुषस्य पौरुषेये-ष्विव प्रबन्धेषु आम्नायेऽप्यर्थावबोधः प्राप्नोत्येव ॥ ३९ ॥

और उसी प्रकार, जो असन्दिग्ध प्रयोजन, वह विद्वान् स्वर्गके प्रतिपादनकी इच्छाका विषयभूत, मनसहित इन्द्रियगणके सन्निकर्षसे अधिष्ठित एवं स्पष्ट आलोकमें अवस्थित घट स्वरूप, इसप्रकार न्यायानुसार, विषय और प्रयोजनकी सम्भावनावशात् विचारशास्त्र आरम्भणीय नहीं, यही पूर्वपक्ष । अध्यापनविधिद्वारा अर्थावबोध प्रयोजित न हो; तथापि, साङ्गवेदके अध्ययनमें प्रवृत्त होकर, पद पदार्थ सङ्गतिका ज्ञान होनेसे, पौरुषेय प्रबन्धकी नाई । आम्नायका अर्थावबोध होजाता है ॥ ३९ ॥

ननु यथा विषं भुङ्क्ष्वेत्यत्र प्रतीयमानोऽप्यर्थो न विवक्ष्यते मास्य गृहे भुङ्क्था इति भोजनप्रतिषेधस्य मातृवाक्यविषयत्वात् तथा-म्नायार्थस्याविवक्षायां विषयाद्यभावदोषः प्राचीनः प्रादुःष्या-दिति चेन्मैवं वोचः दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयोर्वैषम्यसम्भवात् । विषभोजनवाक्यस्याप्तप्रणीतत्वेन मुख्यार्थपरिग्रहे बाधःस्यादिति विवक्षा नाश्रीयते । अपौरुषेये तु वेदे प्रतीयमानार्थः कुतो न विवक्ष्यते । विवक्षिते च वेदार्थे यत्र यत्र पुरुषस्य सन्देहः स सर्वोऽपि विचारशास्त्रस्य विषयो भविष्यति तन्निर्णयस्य प्रयोजनं तस्मादध्यापनविधिप्रयुक्तेनाध्ययनेनावगम्यमानस्यार्थस्य वि-चारार्हत्वाद्विचारशास्त्रस्य वैधत्वेन विचारशास्त्रमारम्भणीयमिति राद्धान्तसंग्रहः ॥ ४० ॥

जैसे, विष खाओ, इसस्थलमें, इसके घरमें नहीं खाना, इसप्रकार भोजनप्रतिषेध मातृवाक्यका विषयीभूत कहकर, प्रतीयमान अर्थ विवक्षित नहीं होता, उसी प्रकार वेदार्थकी अविवक्षा घटनेसे, विषयादिका अभावदोष प्रादुर्भाव होता है, यह बात नहीं कह सकते, क्योंकि, दृष्टान्त और दार्ष्टान्तिक दोनोंका वैषम्यसम्भव एवं विषभोजन वाक्य आप्त प्रणीत, इसकारण मुख्यार्थ परिग्रहमें बाध घटता है, इसप्रकार विवक्षा प्रादुर्भूत नहीं हो सकती । वेद अपौरुषेय है । उसमें प्रतीयमान अर्थ किसकारण विवक्षित नहीं होगा ? विव-क्षित अवस्थामें वेदार्थके जिस २ स्थलमें पुरुषका सन्देह उत्पन्न होता है, वह सम्पूर्ण विचार

शास्त्रका विषय होगा उसका निर्णय प्रयोजन । इसीकारण अध्ययनविधिकी सहायतासे प्रयोजित अध्ययनद्वारा जो अर्थ अवगत होता है, वह सर्वथा विचारके योग्य कहकर, विचारशास्त्रका वैधत्व और उसका निबन्धन विचारशास्त्र आरम्भणीय होता है, यही उत्तरपक्ष ॥ ४० ॥

स्यादेतत् वेदस्य कथमपौरुषेयत्वमभिधीयते तत्प्रतिपादकप्रमाणाभावात्, कथं मन्येथाः अपौरुषेयाः वेदाः सम्प्रदायाविच्छेदे सत्यस्मर्य्यमाणकर्तृकत्वादात्मवदिति, तदेतन्मंदं विशेषणासिद्धेः पौरुषेयवेदवादिभिः प्रलयसम्प्रदायविच्छेदस्य कक्षीकरणात् ॥ ४१ ॥

अच्छा, यह माना गया । किन्तु वेद जो अपौरुषेय, सो किसप्रकार कहा जा सकता ? क्योंकि, उसका प्रतिपादक प्रमाण नहीं, सम्प्रदायके अविच्छेद होनेसे, अस्मर्यमाण कर्तृकत्ववशात् आत्माकी नाई वेद सब अपौरुषेय, यह कैसे समझते हो ? विशेषणकी असिद्धि वशात् यह कथन सङ्गत नहीं होसकता, विशेषतः पौरुषेय वेदवादी लोग प्रलयसमयमें सम्प्रदाय विच्छेद स्वीकार करलेते हैं ॥ ४१ ॥

किञ्च किमिदमस्मर्य्यमाणकर्तृकत्वं नाम अप्रतीयमानकर्तृकत्वमस्मरणगोचरकर्तृकत्वं वा । न प्रथमः कल्पः परमेश्वरस्य कर्त्तुः प्रमितेरभ्युपगमात् । न द्वितीयः विकल्पासहत्वात् । तथा हि किमेकेनास्मरणमभिप्रेयते सर्वैर्वा । नाद्यः यो धर्मशीलो जितमानरोप इत्यादिषु मुक्तकोक्तिषु व्यभिचारात् । न द्वितीयः सर्वास्मरणस्य असर्वज्ञदुर्ज्ञानत्वात् पौरुषेयत्वे प्रमाणसम्भवाच्च वेदवाक्यानि पौरुषेयाणि वाक्यत्वात् कालिदासादिवाक्यवत् । वेदवाक्यान्याप्तप्रणीतानि प्रमाणत्वे सति वाक्यत्वात् मन्वादिवाक्यवदिति । ॥ ४२ ॥

मुक्तिवादमें व्यभिचार घटता है, द्वितीयभी नहीं होसकता। इसका कारण यह है, जो व्यक्ति सर्वज्ञ नहीं, वह कभी सबका अस्मरण अनुभव नहीं करसकता। विशेषतः वेद जो पौरुषेय, उसका प्रमाण है । कालिदासादिके वाक्यकी नाई, वाक्यत्ववशात् वेदवाक्य सब पौरुषेय हैं । एवं प्रमाण रहनेसे, मन्वादि वाक्यकी नाई, वाक्यत्ववशात् वेदवाक्य सम्पूर्ण आप्तप्रणीत ॥ ४२ ॥

ननु,–

वेदस्याध्ययनं सर्वं गुर्वध्ययनपूर्वकम् ।
वेदाध्ययनसामान्यादधुनाध्ययनं यथा ॥ ४३ ॥

यदि कहो कि, गुरुमुखसे सुनकर, वेदका अध्ययन होता है । जैसे तदनुसारही इस समय अध्ययन प्रचलित हुआहै ॥ ४३ ॥

इत्यनुमानं प्रति साधनं प्रगल्भत इति चेत्तदपि न प्रमाणकोटिं प्रवेष्टुमीष्टे ।

भारताध्ययनं सर्वं गुर्वध्ययनपूर्वकम् ।
भारताध्ययनत्वेन साम्प्रताध्ययनं यथेति ॥ ४४ ॥

इत्यादि अनुमान, प्रतिकूलमें बलवत् साधनस्वरूप है। किन्तु यह चूडान्त प्रमाण हो नहीं सकता। क्योंकि, लोकमें सचराचर कहा जाता है कि, गुरुके निकट अध्ययन करही कर, भारत अध्ययन करना होता है । जैसे इदानीं उसके अनुसार अध्ययन सम्पन्न होता है ॥ ४४ ॥

आभाससमानयोगक्षेमत्वात् । ननु तत्र व्यासः कर्त्तेति स्मर्य्यते।
को ह्यन्यः पुण्डरीकाक्षान्महाभारतकृद्भवेत् ॥ ४५ ॥

इत्यादि वाक्यके सहित उक्तवाक्यकी सामान्यता प्रतिपत्ति होती है । यदि कहो, व्यास-उक्त भारतका कर्त्ता है किन्तु पुण्डरीकाक्षके विना और कौन महाभारतकी रचना कर-सकता है ॥ ४५ ॥

इत्यादाविति चेत्तदसारम् ।
ऋचः सामानि जज्ञिरे ।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत इति ॥ ४६ ॥

इत्यादि वचनवशात् वह सर्वथा असार होजाता है । इससमय कहा यह है कि, ऋक्से सामका जन्म हुआ है । छन्द सब उसी सामसे प्रादुर्भूत एवं उससे यजुः आविर्भूत हुआ है ॥ ४६ ॥

पुरुषसूक्ते वेदस्य सकर्तृकताप्रतिपादनात् । किञ्चानित्यः शब्दः सामान्यवत्वे सति अस्मदादिबाह्येन्द्रियग्राह्यत्वाद्घटवत् ॥ ४७ ॥

इत्यादि पुरुषसूक्तके अनुसार वेदका सकर्तृकत्व प्रतिपादित हुआ है । अधिकन्तु सामान्य वत्ता रहनेसे अनित्य शब्द, घटकी नाई अस्मदादि बाह्य इन्द्रियका गोचर होताहै ॥ ४७ ॥

नन्विदमनुमानं स एवायं गकार इति प्रत्यभिज्ञाप्रमाणप्रतिहत- मिति चेत् तदति फल्गु लूनपुनर्जातकेशदलितकुन्दादाविव प्रत्य- भिज्ञायाः सामान्यविषयत्वेन बाधकत्वाभावात् ॥ ४८ ॥

इत्यादि अनुमान, वह यही ग, इसप्रकार प्रत्यभिज्ञा प्रमाणद्वारा प्रतिहत होता है । किन्तु यह बात कभी प्रमाणयुक्त नहीं होसकती, क्योंकि, केश और कुन्दादि छिन्न होनेपर, पुनः उत्पन्न नहीं होता उसमे जैसे प्रत्यभिज्ञाका अवसर नहीं, उसी प्रकार, यहां भी प्रत्य- भिज्ञासे सामान्यविषयत्ववशात् बाधकत्वका अभाव घटता है ॥ ४८ ॥

नन्वशरीरस्य परमेश्वरस्य ताल्वादिस्थानाभावेन वर्णोच्चारणा- सम्भवात् कथं तत्प्रणीतत्वं वेदस्य स्यादिति चेन्न तद्भद्रं स्वभा- वतोऽशरीरस्यापि तस्य भक्तानुग्रहार्थलीलाविग्रहग्रहणसम्भ- वात् ॥ ४९ ॥

यदि कहो कि, ईश्वरको शरीर नहीं है सुतरां तालुप्रभृति स्थानके अभावसे वर्णो- च्चारण सम्भव नहीं होनेसे वेद प्रणयन कैसे घट सकता है ? यह बात युक्तिसङ्गत नहीं । क्योंकि स्वभावतः शरीरहीन होनेपरभी. वह भक्तोंके प्रति अनुग्रह वितरणार्थ लीलाविग्रह परिग्रह करता है ॥ ४९ ॥

तस्माद्वेदस्यापौरुषेयत्ववाचो युक्तिर्न युक्तेति चेत् तत्र समाधान मभिधीयते । किमिदं पौरुषेयत्वं सिसाधयिषितं पुरुषादुत्पन्नत्व मात्रं. यथा अस्मदादिभिरहरहरुच्चार्य्यमाणस्य वेदस्य प्रमाणा- न्तरेणाऽनुपलभ्य तत्प्रकाशनाय रचितत्वं वा, यथा अस्मदा दिभिरेव निबध्यमानस्य प्रबन्धस्य प्रथमे न विप्रतिपत्तिः, चरमे किमनुमानबलात् तत्साधनमागमबलाद्वा । नाद्यः माल तीमाधवादिवाक्येषु व्यभिचारित्वात् ॥ ५० ॥

इसकारण, वेदका अपौरुषेयत्व वाक्य युक्ति सङ्गत नहीं। इस विषयका समाधान यह है जो इस पौरुषेयत्व शब्दसे पुरुषसे उत्पन्न मात्रत्व। जैसे अस्मदादिकर्तृक प्रतिदिन उच्चार्यमाण वेदकी उत्पत्ति होती है या नहीं? प्रमाणान्तरद्वारा अर्थ उपलब्धकर, उसके प्रकाशार्थ रचना कियी गयी है; जैसे अस्मदादि प्रबन्धका निबन्धकर, यही क्या पौरुषेयत्व शब्द का अर्थ? प्रथमकहनेसे, किसीप्रकार विप्रतिपत्ति नही होती द्वितीयपक्ष माननेसे, यह जिज्ञास्य है. जो, अनुमानबलात् अथवा आगमबलसे उसका साधन किया गयाहै? अनुमानबल कहा नहीं जासकता। ऐसा होनेसे मालतीमाधिवादि वाक्यमें व्यभिचार घटता है ॥ ५० ॥

अथ प्रमाणत्वे सतीति विशिष्यत इति चेत्तदपि न विपश्चितो मनसि वैषद्यमापद्यते। प्रमाणान्तरागोचरार्थप्रतिपादकं हि वाक्यं वेदवाक्यं, तत्प्रमाणान्तरगोचरार्थप्रतिपादकमिति साध्यमाने मम माता बन्ध्येतिवत् व्याघातापातात् ॥ ५१ ॥

प्रमाण है, कहनेसेभी, पण्डितोंके मनमें वैषद्यप्राप्ति नहीं होगी। क्योंकि, जिसका दूसरा प्रमाण नहीं, तादृश अर्थप्रतिपादक वाक्यही वेदवाक्य। सुतरां, प्रमाणहै, कहनेसे मेरी माता वंध्या है, इत्यादिवत् व्याघात आपतित होता है ॥ ५१ ॥

किञ्च परमेश्वरस्य लीलाविग्रहपरिग्राहाभ्युपगमेऽप्यतीन्द्रियार्थ दर्शनं न सञ्जाघटीति देशकालस्वभावविप्रकृष्टार्थहरणोपायाभावात् ॥ ५२ ॥

पुनः, परमेश्वरकी लीलाविग्रह परिग्रह माननेपरभी, अतीन्द्रियार्थ दर्शन नहीं सिद्ध होता। देश, काल और स्वभावका विप्रकृष्ट विषयग्रहणका उपायाभावही इसका हेतु ॥ ५२ ॥

न च तच्चक्षुरादिकमेव तादृक्प्रतीतिजननक्षममिति मन्तव्यं दृष्टानुसारेणैव कल्पनाया आश्रयणीयत्वात् ॥ ५३ ॥

और चक्षुआदिभी उसप्रकारके अर्थकी प्रतीतिसाधनमें सक्षम नहीं। क्योंकि, दृष्टानुसारही कल्पनाका आविष्कार होता है ॥ ५३ ॥

तदुक्तं गुरुभिः सर्वज्ञनिराकरणवेलायाम्।
यत्राप्यतिशयो दृष्टः स स्वार्थानतिलङ्घनात्।
दूरसूक्ष्मादिदृष्टौ स्यान्न रूपे श्रोत्रवृत्तितेति ॥ ५४ ॥

गुरुलोगोंने सर्वज्ञनिराकरणवेलामें यह कहा है । जैसे जिस स्थानमें अतिदृष्ट होता है, अर्थात् प्रत्यक्षकी नाई उसकी आदि और अन्तक्रमसे दर्शन किया जाता, उस २ स्थानमें लोक सिद्ध पदार्थका किसीप्रकार व्यभिचार या व्यतिक्रम सम्भवित नही होता इसका दृष्टान्त है । जैसे, दूर और सूक्ष्मादि विषय दृष्टिगोचर होनसे श्रवण इन्द्रियकी वृत्ति उसमें किसीप्रकार प्रयोजित नही होती ॥ ५४ ॥

अत एव नागमबलात्तत्साधनं तेन प्रोक्तमिति पाणिन्यनुशासने जाग्रत्यपि काठककालापतैत्तिरीयमित्यादिसमाख्या अध्ययनसम्प्रदायप्रवर्त्तकविषयत्वेनोपपद्यते तद्वदत्रापि सम्प्रदायप्रवर्त्तकविषयत्वेनाप्युपपद्यते न चानुमानबलाच्छब्दस्यानित्यत्वसिद्धिः प्रत्यभिज्ञाविरोधात् ॥ ५५ ॥

इसकारणसे आगमबलसेभी वेदका पौरुषेयत्व सिद्ध वा प्रतिपन्न होना सम्भव नहीं । क्योंकि, वह एक प्रत्यक्ष सिद्ध घटना उसीप्रकार पाणिनिप्रोक्त, अनुशासनसे तत्कर्तृक प्रोक्त, इत्यादि सूत्रानुसार काठक अर्थात् कठक कर्तृक कथित, कालाप अर्थात् कलापकर्तृक प्रोक एवं तैत्तिरीय अर्थात् तित्तिरिकर्तृक कथित, इत्यादिसमाख्या जागृत है सो सब अध्ययन सम्प्रदाय प्रवर्त्तक विषयत्वद्वारा उपपन्न होता है । उसीप्रकार यह वेदभी अध्ययन सम्प्रदाय प्रवर्त्तक विषयत्वद्वाराभी सिद्ध होसकता है । अनुमानबलसे शब्दका अनित्यत्व साधन करनाभी सम्भव नहीं । क्योंकि, उसमें प्रत्यभिज्ञाका विरोध घटता है ॥ ५५ ॥

न चासत्यप्येकत्वे सामान्यनिबन्धनं तदिति साम्प्रतं सामान्यनिबन्धनत्वमस्य बलवद्बाधकोपनिपातादास्थीयते । क्वचिद्व्यभिचारदर्शनाद्वा तत्र क्वचिद् व्यभिचारदर्शने तदुत्प्रेक्षायामुक्तं स्वतः प्रामाण्यवादिभिः ॥ ५६ ॥

शब्द अनित्य होनेपर गकारादिवर्ण नानाप्रकार हो सकता है । एक गकार विनष्ट होनेपर दूसरा सजातीय द्वितीय गकार आश्रय कर. सो यह गकार ऐसा, ज्ञान अवश्य होगा अतएव प्रत्यभिज्ञा स्थलमें कुछभी विरोध नहीं । यह नहीं होसकता । प्रत्याभिज्ञानका इसप्रकार सजातीय [illegible] बलवद् बाधक होनेसे, आश्रय किया जाता है । यदि किसी स्थानमें [illegible] निबन्धन व्यभिचार दृष्ट होता है तो इसप्रकार सामान्य अवलम्बन किया [illegible] । इस विषयमें कहीं व्यभिचार दीखनेसे, सामान्य वादीगण सामान्य कल्पनाप्रसंगमें कहते हैं ॥ ५६ ॥

उत्प्रेक्षेत हि यो मोहादज्ञातमपि बाधनम्।
स सर्वव्यवहारेषु संशयात्मा विनश्यतीति ॥ ५७ ॥

जो व्यक्ति मोहवशात् अज्ञात बाधनाकीभी कल्पना करता है। सर्वप्रकार विषयही उसका मत सन्दिग्ध होजानेसे उसको विनष्ट होना होता है। अर्थात् उसकेद्वारा किसी विषयका किसीप्रकार निर्णय या मीमांसा नहीं होता ॥ ५७ ॥

नन्विदं प्रत्यभिज्ञानं गत्वादिजातिविषयं न गादिव्यक्तिविषयं तासां प्रतिपुरुषं भेदोपलम्भादन्यथा सोमशर्माधीते इति विभागो न स्यादिति चेत्तदपि शोभां न बिभर्ति गादिव्यक्तिभेदे प्रमाणाभावेन गत्वादिजातिविषयकल्पनायां प्रमाणाभावात् ॥ ५८ ॥

यदि कहो कि, यह प्रत्यभिज्ञान गत्वादि जातिविषयक नहीं। इसका कारण यह है जो, प्रतिपुरुषमेंही उन सबकी भेद उपलब्धि होती है। सो नहीं होनेसे सोमशर्म्मा अध्ययन करताहै, ऐसा विभाग नहीं होता। इसका उत्तर यह है जो यह बातभी किसी प्रकार शोभा नहीं पाती। क्योंकि, गादि व्यक्तिभेदसे प्रमाण नही। गत्वादि जातिविषय कल्पनामेंभी प्रमाणाभाव लक्षित होता है ॥ ५८ ॥

यथा गत्वमजानत एकमेव भिन्नदेशपरिमाणसंस्थानव्यक्त्युपधानवशात् भिन्नदेशमिवाल्पमिवमहदिव दीर्घमिव वामनमिव प्रथते तथा गव्यक्तिमजानत एकापि व्यञ्जकभेदात् तत्तद्धर्मानुबन्धिनी प्रतिभासते। एतेन विरुद्धधर्माध्यासात् भेदप्रतिभास इति प्रत्युक्तम् ॥ ५९ ॥

जैसे, गत्व न जाननेसे, एक पदार्थकोही भिन्न देश, परिमाण, संस्थान, व्यक्ति और वशात् भिन्नदेशकी नाई, अल्पकी नाई महत्की नाई, दीर्घकी नाई, वामनकी नाई बोध होता है, उसी प्रकार जैसे व्यक्ति अवगत न होनेसभी, एककोभी व्यञ्जकभेदसे उस२ धर्म्मका अनुबन्धी करके प्रतीति होती है। विरुद्धधर्म्मके अध्यासवशतः जो भेद भान होता है, उल्लिखित सिद्धान्तद्वारा वह दूर हुआ ॥ ५९ ॥

तत्र किं स्वाभाविको विरुद्धधर्माध्यासो भेदसमधिकत्वेनाभिमतः प्रातीतिको वा। प्रथमे असिद्धिः अपरथा स्वाभाविकभेदाभ्युपगमादशगकारानुदचारयच्चत्र इति प्रतिपत्तिः स्यात न तु दशकृत्वो गकार इति। द्वितीये तु न स्वाभाविकभेदसिद्धिः।

न हि परोपाधिभेदेन स्वाभाविकमैक्यं विहन्यते । मा भून्नभसोऽपि कुम्भाद्युपाधिभेदात् स्वाभाविको भेदस्तत्र व्यावृत्तव्यवहारो नादनिदानः ॥ ६० ॥

इससमय पूछा जासकता है कि, भेदसाधन हेतु कहकर अभिमत विरुद्धधर्म्मका अध्यास या स्वभावसिद्ध, या प्रातीतिक अर्थात् प्रातीतिबलसेही उपलब्ध होता है ? इसका उत्तर यह है जो प्रथम अर्थात् स्वाभाविकभेद नही स्वाभाविक भेद स्वीकार करनेसे, चैत्रने दश गकार उच्चारण किया, इसप्रकार प्रतिपन्न होताहै, दशवार गकार उच्चारण किया, ऐसा प्रतिपन्न नही होता । द्वितीयपक्ष अर्थात् प्रातीतिक कहनेसे, स्वाभाविक भेदसिद्धिका असद्भाव हो उठता है क्योंकि, दूसरेकी उपाधिभेदद्वारा स्वाभाविक एकताकी कभी हानि नहीं हो सकती । कुम्भादिरूप उपाधिभेदसे आकाशका स्वाभाविक भेद सम्भव नही ॥ ६० ॥

तदुक्तमाचार्यैः—

प्रयोजनन्तु यज्जातेस्तद्वर्णादेव लभ्यते ।
व्यक्तिलभ्यन्तु नादेभ्य इति गत्वादिधीर्वृथेति ॥ ६१ ॥

आचार्य्योंने कहा है कि, जातिका जो प्रयोजन है, वह वर्णद्वाराही लभ्य होता है, और नादद्वाराही व्यक्तिलभ्यत्व सिद्ध होता है, इसकारण गत्वादि बुद्धि वृथा होती है ॥ ६१ ॥

या च—प्रत्यभिज्ञा यदा शब्दे जागर्त्ति निरवग्रहा ।
अनित्यत्वानुमानानि सैव सर्वाणि बाधते ॥ ६२ ॥

पुनः कहा है, प्रत्यभिज्ञा सर्व्वदा शब्दमें अव्याघात जागरूक रहती है । उसके द्वाराही सब अनित्यानुमान व्याहत होताहै ॥ ६२ ॥

एतेनेदमपास्तम् । यदवादि वागीश्वरेण मानमनोहरे अनित्यः शब्दः इन्द्रियविशेषगुणत्वाच्चक्षूरूपवदिति । शब्दद्रव्यत्ववादिनां प्रत्यक्षसिद्धेः ध्वन्यंशे सिद्धसाधनत्वाच्च अश्रावणत्वोपाधिबाधितत्वाच्च ॥ ६३ ॥

मानमनोहरमे वागीश्वरने जो कहाहै, इन्द्रियविशेषका गुण कहकर, शब्द, चक्षुरूपकी नाई अनित्य. इसकेद्वारा वह खण्डित हुआ ॥ ६३ ॥

उदयनस्तु आश्रयाप्रत्यक्षत्वेऽप्यभावस्य प्रत्यक्षतां महता प्रबन्धेन प्रतिपादयन् निवृत्तः कोलाहलः उत्पन्नः शब्द इति व्यवहाराचरणे कारणं प्रत्यक्षं शब्दानित्यत्वे प्रमाणयति स्म ॥ ६४ ॥

उदयनाचार्य्यने प्रतिपादन किया है आश्रय अप्रत्यक्ष होनेपरभी अभाव प्रत्यक्ष होता है। जैसे कोलाहल निवृत्त होनेपर शब्द उत्पन्न होता है। इसप्रकार व्यवहाराचरणसे प्रत्यक्षको शब्दके अनित्यत्वमें उसने सम्प्रमाणित किया है ॥ ६४ ॥

सोऽपि विरुद्धधर्मसंसर्गस्य औपाधिकत्वोपपादनन्यायेन दत्तरक्तबलिनेव तालः समापोहि। नित्यत्वे सर्वदोपलब्ध्यानुपलब्धिप्रसङ्गो योन्यायभूषणकारोक्तः सोऽपि ध्वनिसंस्कृतस्योपलम्भाभ्युपगमात् प्रतिक्षिप्तः ॥ ६५ ॥

रुधिर बलिप्रदान करनेपर, ताल अर्थात् पिशाचविशेष जिसप्रकार निरस्त होता है। वहभी उसीप्रकार विरुद्धधर्म्मसंसर्गका औपाधिकत्व सम्पादन न्यायानुसार खण्डित होता है। न्यायभूषणकारने कहा है, नित्यत्व अवस्थामें सदा उपलब्धि और अनुपलब्धिकी प्रसक्ति होती है। यह मतवादभी ध्वनिसंस्कृतके उपलब्धि स्वीकारद्वारा प्रतिक्षिप्त होता है ॥ ६५ ॥

यत्तु युगपदिन्द्रियसम्बन्धित्वेन प्रतिनियतसंस्कारकसंस्कार्य्यभावानुमानं तदात्मन्यनैकान्तिकमसति कलकले ततश्च वेदस्यापौरुषेयतया निरस्तसमस्तशंकाकलंकांकुरत्वेन स्वतः सिद्धं धर्मे प्रामाण्यमिति सुस्थितम्।

स्यादेतत्—

प्रमाणत्वाप्रमाणत्वे स्वतः सांख्याः समाश्रिताः।
प्रथमं परतः प्राहुः, प्रामाण्यं वेदवादिनः ॥ ६६ ॥

युगपत् इन्द्रिय सम्बन्धित्वसे प्रतिनियत जो संस्कारक और संस्कारभावका अनुमान होता है वह कोलाहलके असद्भावसे आत्मामें ऐकान्तिकता प्राप्त नहीं होती। इसकारणसे वेदकी अपौरुषेयताद्वारा सब शङ्कारूप कलंकका अंकुर निरस्त होनेसे, धर्म्म जो स्वतः सिद्धप्रमाण्य विशिष्ट सो स्थिर हुआ। अच्छा, यह मानागया, किन्तु सांख्यवादिगण प्रमाणत्व और अप्रमाणत्व आश्रय करते हैं। वेदवादिगण प्रथम और परत प्रामाण्य निर्देश करते हैं ॥ ६६ ॥

नैयायिकास्ते परतः सौगताश्चरमं स्वतः।
प्रमाणत्वं स्वतः प्राहुः परतश्चाप्रमाणताम् ॥ ६७ ॥

नैयायिकलोग परतः प्रमाण मानते हैं। सौगत लोग स्वतः चरम प्रामाण्य निर्देश करते हैं ॥ ६७ ॥

वादिविवाददर्शनात् कथङ्कारं स्वतःसिद्धं धर्मप्रामाण्यमिति सिद्धवत्त्वस्य स्वीक्रियते । किञ्च किमिदं स्वतः प्रामाण्यं नाम ? किं स्वत एव प्रामाण्यस्य जन्म ? आहोस्वित् स्वाश्रयज्ञानजन्यत्वम् ? किमुत स्वाश्रयज्ञानसामग्रीजन्यत्वम् ? उताहो ज्ञानसामग्रीजन्यज्ञानविशेषाश्रितत्वम् ? किंवा ज्ञानसामग्रीमात्रजन्यज्ञानविशेषाश्रितत्वम् ? तत्राद्यः सावद्यः कार्य्यकारणभावस्य भेदसमानाधिकरणत्वेनैकस्मिन्नसम्भवात्, नापि द्वितीयः गुणस्य सतो ज्ञानस्य प्रामाण्यं प्रति समवायिकारणतया द्रव्यत्वापातात्, नापि तृतीयः प्रामाण्यस्योपाधित्वे जातित्वे वा जन्मायोगात्, स्मृतित्वानधिकरणस्य ज्ञानस्य बाधात्यन्ताभावः प्रामाण्योपाधिः, न च तस्योत्पत्तिसम्भवः अत्यन्ताभावस्य नित्यत्वाभ्युपगमादतएव न जातेरपि जनिर्युज्यते, नापि चतुर्थः ज्ञानविशेषो ह्यप्रमा विशेषसामग्र्याञ्च सामान्यसामग्री अनुप्रविशति शिंशपासामग्र्यामिव वृक्षसामग्री अपरथा तस्याकस्मिकत्वं प्रसज्येत । तस्मात् परतस्त्वेन स्वीकृताप्रामाण्यं विज्ञानसामग्रीजन्याश्रितमित्यतिव्याप्तिरापद्येत ॥ ६८ ॥

इसप्रकार वादिगणका विवाद देखनेसे किसप्रकार स्वतः सिद्ध धर्म्मप्रामाण्य सिद्धवत् कर माना जासकता है ? और स्वतः प्रामाण्यका अर्थ क्या है ? स्वतःही क्या प्रामाण्यका जन्म होता है ? या स्वाश्रयज्ञान उसका जन्म होता है ? किम्वा स्वाश्रयज्ञान सामग्रीही उसका जन्म स्थान है । अथवा ज्ञानसामग्रीके लिये ज्ञानविशेषही उसका आश्रयस्थान ? किम्वा ज्ञानसामग्री मात्रके लिये ज्ञानविशेषका वह प्रतिष्ठित है । उनमें पहिला पक्ष स्वीकार करनेपर दूषण उत्पन्न होता है । क्योंकि कार्य्यकारणभावका भेद समानाधिकरणत्वसे एकमें उसका सम्भव नहीं हो सकता । द्वितीयपक्षभी माना नहीं जासकता । इसका कारण यह ज्ञानका प्रामाण्य प्रति समवायिकारणतावशात् गुणका द्रव्यत्व संघटित होताहै । तृतीयपक्षभी अवलम्बनीय नहीं होसकता। क्योंकि, प्रामाण्यका उपाधित्व अथवा जातित्व किसीपक्षमें जन्मसंयोग नहीं है तृतीयपक्षभी स्वीकार नहीं किया जाता जिसकारण प्रामाण्यका उपाधित्व अथवा जातित्व किसीपक्षमें जन्मसंयोग नहीं, स्मृतित्वका अधिकरणज्ञानका बाधात्यन्ताभावकोही प्रामाण्योपाधि

कहतेहैं। उसकी उत्पत्तिसम्भव नहीं, क्योंकि. अत्यन्ताभावका नित्यत्व स्वीकृत होताहै। इसलिये जातिकाभी जनि और जन्म कभी सङ्गत नहीं होसकता। चतुर्थपक्षभी निर्दोष नहीं है क्यों कि, शिंशपा सामग्रीमें वृक्षसामग्रीकी नाईं, विशेषसामग्रीमे सामान्य सामग्री अनुप्रविष्ट होती है। अन्यथा, उसका आकस्मिकत्व दोष होता है। अतएव परतः प्रमाण स्वीकार करनेसे, वह विज्ञानसामग्री जन्याश्रित हो उठता है उसमें अतिव्याप्ति दोष आता है ॥६८॥

पञ्चमविकल्पं विकल्पयामः, किं दोषाभावसहकृतज्ञानसामग्रीजन्यत्वमेव ज्ञानसामग्रीमात्रजन्यत्वं, किं दोषाभावासहकृतज्ञानसामग्रीजन्यत्वम्। नाद्यः दोषाभावासहकृतज्ञानसामग्रीजन्यत्वमेव परतः प्रामाण्यमिति परतःप्रामाण्यवादिभिरुररीकरणात्। नापि द्वितीयः दोषाभावसहकृतत्वेन सामग्र्यां सहकृतत्वे सिद्धे अनन्यथा सिद्धान्वयव्यतिरेकासिद्धतया दोषाभावस्य कारणताया वज्रलेपायमानत्वात्। अभावः कारणमेव न भवतीति चेत्तदा वक्तव्यम् अभावस्य कार्य्यत्वमस्ति न वा, यदि नास्ति तदा पटप्रध्वंसानुपपत्त्या नित्यताप्रसङ्गः, अथास्ति किमपराद्धं कारणत्वेनेति सेयमुभयतः पाशा रज्जुः ॥ ६९ ॥

अधुना, पञ्चम विकल्पकी विकल्पना कियी जाती है। दोषाभाव सहकृत ज्ञानसामग्री जन्यत्वकोही या ज्ञानसामग्रीमात्र जन्यत्व कहते हैं; अथवा क्या दोषाभावसहकृत ज्ञानसामग्री जन्यत्व निर्देश करता है? प्रथमपक्ष नहीं माना जासकता। क्योंकि, परतः प्रामाण्य वादी लोग स्वीकार करते हैं, दोषाभावसहकृत ज्ञानसामग्री जन्यत्वही परतःप्रामाण्य द्वितीयपक्षभी नहीं माना जासकता। इसका कारण यह है जो, दोषाभाव सहकृतत्त्वद्वारा सामग्रीमें सहकृतत्व सिद्ध होने-से, अन्यथा सिद्ध अन्वय और व्यतिरेककी सिद्धि सम्पन्न होती है। तन्निबन्धन दोषाभाव की कारणता साक्षात् वज्रलेप हो उठती है। सुतरां, अभाव कारण नहीं हो सकता। यदि इस प्रकार होता है, तो ऐसा कहा जासकता है, अभावका कार्य्यत्व है अथवा कार्य्यत्व नहीं। यदि कार्य्यत्व नहीं है, तो पट प्रध्वंसकी अनुपपत्तिद्वारा नित्यता दोष होता है। और यदि कार्य्यत्व है, तो कारणत्वने क्या अपराध किया! इसप्रकार यह उभयतः पाशा रज्जु होता है ॥ ६९ ॥

तदुदितमुदयनेन—

भावो यथा तथाभावः कारणं कार्य्यवन्मतमिति ॥ ७० ॥

उदयनने भी कहा है कि, भाव, अभावकी नाईं एवं करण, कार्य्यकी नाईं, परिगणित होता है ॥ ७० ॥

तथाच प्रयोगः विमता प्रमा ज्ञानहेत्वतिरिक्तहेत्वधीना कार्य्यत्वे सति तद्विशेषत्वात् अप्रमावत् प्रामाण्यं परतो ज्ञायते अनभ्यासदशायां सांशयिकत्वात् अप्रामाण्यवत् । तस्मादुत्पत्तौ ज्ञप्तौ च परतस्त्वे प्रमाणसम्भवात् स्वतः सिद्धं प्रामाण्यमित्येतत् पूतिकुष्माण्डायत इति चेत् तदेतदाकाशमुष्टिहननायते ॥ ७१ ॥

और प्रयोग जैसे, विमता प्रमा ज्ञानहेतुके अतिरिक्त हेतुके अधीन है । कार्य्यत्व अवस्थामें तद्विशेषत्ववशात् अप्रमाकी नाईं, प्रतीत होता है । इसकारण उत्पत्ति और ज्ञप्ति दोनों अवस्थामें परतस्त्व विषयमें प्रमाणसम्भव प्रयुक्त, प्रामाण्य स्वतः सिद्ध होता है । यह बात पूतिकुष्माण्डके तुल्य किसी कामकी नहीं ॥ ७१ ॥

विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सति तदतिरिक्तहेत्वजन्यत्वं प्रमायाः स्वतस्त्वमिति निरुक्तिसम्भवात् । अस्ति चात्रानुमानं विमता प्रमा विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सति तदतिरिक्तजन्या न भवति अप्रमात्वानधिकरणत्वात् घटादिवत् न चोदयनमनुमानं परतस्त्वसाधकमिति शङ्कनीयं प्रमा दोषव्यतिरिक्तज्ञानहेत्वतिरिक्तजन्या न भवति ज्ञानत्वादप्रमावदिति प्रतिसाधनग्रहग्रस्तत्वात् ज्ञानसामग्रीमात्रादेव प्रमोत्पत्तिसंभवे तदतिरिक्तस्य गुणस्य दोषभावस्य वा कारणत्वकल्पनायां कल्पनागौरवप्रसङ्गाच्च ॥७२॥

विज्ञानसामग्रीजन्यत्व अवस्थामें उसके अतिरिक्त हेतुसे अजन्यत्व प्रमाका स्वतस्त्व, इस प्रकार निरुक्तिसम्भववशात्, ऐसा कहा जाताहै, इसमें इसप्रकार अनुमान किया जासकता है, विमता प्रमा विज्ञानसामग्री जन्यत्वअवस्थामें उसके अतिरिक्त जन्य नहीं होसकती है । क्योंकि, घटादिकी नाईं इसमें अप्रमात्वका अधिकार नहीं और उदयनाचार्यका अनुमान परतस्त्व साधक, इसप्रकार आशङ्का नहीं कियी जासकती । प्रमा कभी दोष व्यतिरिक्त ज्ञानहेतुके अतिरिक्त जन्य नहीं ज्ञानसामग्रीमात्रसे प्रमाकी उत्पत्ति सम्भव होनेसे, उसके अतिरिक्त गुणके अथवा दोषाभावकी कल्पनामें कल्पना गौरवकी प्रसक्ति होती है ॥ ७२ ॥

ननु दोषस्याप्रमाहेतुत्वेन तदभावस्य प्रमां प्रति हेतुत्वं दुर्निवारमिति चेत न दोषाभावस्याप्रमाप्रतिबन्धकत्वेनान्यथा सिद्धत्वात् ॥ ७३ ॥

यदि कहोकि. दोष अप्रमाका हेतु है । ऐसा जानकर, उसका अभाव प्रमाके प्रतिकारण होता है । यह कारणत्व सर्वथा दुर्निवार है । इसका उत्तर यह है जो, अप्रमाका प्रतिबन्धकत्वसे दोषाभावका अन्यथासिद्धत्व सम्भावना नहीं ॥ ७३ ॥

तस्माद् गुणेभ्यो दोषाणामभावस्तदभावतः ।
अप्रामाण्यद्वयासत्त्वं तेनोत्सर्गो नयोदित इति ॥

तथा प्रमाज्ञप्तिरपि ज्ञानज्ञापकसामग्रीत एव जायते ।

न च संशयानुदयप्रसङ्गो बाधक इति युक्तं वक्तुं सत्यपि प्रतिभासपुष्कलकारणे प्रतिबन्धकदोषादिसमवधानात् तदुपपत्तेः ॥ ७४ ॥

प्रमाज्ञप्तिभी ज्ञानज्ञापक सामग्रीहीसे उत्पन्न होती है संशयका अनुदयप्रसंग बाधक होता है, ऐसा वाक्य युक्तियुक्त नहीं । क्योंकि, स्पष्टप्रतीयमान कारण सत्वमेंभी, प्रतिबन्धक दोषादिके समवधानवशतः उसकी उपपत्ति नहीं होती ॥ ७४ ॥

किञ्च तावकमनुमानं स्वतः प्रमाणं न वा । आद्ये अनैकान्तिकता, द्वितीये तस्यापि परतः प्रामाण्यमेवं तस्य तस्यापीत्यनवस्था दुरवस्था स्यात् ॥ ७५ ॥

पुनः, तुम्हारा अनुमान स्वतः प्रमाण होसकता है या नहीं । स्वतः प्रमाण होनेसे अनेकान्तिकता दोष आताहै । और स्वतः प्रमाण न होनेसे उसके परेभी प्रामाण्यहै । इसप्रकार उसके परे और उसके परेभी प्रामाण्य लक्षित होता है ऐसा होनेहीसे अनवस्था दुरवस्था संघटित होती है ॥ ७५ ॥

यदत्र कुसुमाञ्जलावुदयनेन झटिति प्रचुरप्रवृत्तेः प्रामाण्यनिश्चयाधीनत्वाभावमापादयता प्रण्यगादि । प्रवृत्तिर्हीच्छामपेक्षते तत्प्राचुर्य्यं चेच्छाप्राचुर्य्यम्, इच्छा चेष्टसाधनताज्ञानं, तच्चेष्टजातीयत्वलिंगानुभवं, सोऽपीन्द्रियार्थसन्निकर्षं प्रामाण्यग्रहन्तु न क्वचिदुपयुज्यत इति तदपि तस्करस्य पुरस्तात् कक्षे सुवर्णमुपेत्य सर्वाङ्गोद्घाटनमिव प्रतिभाति । अतः समीहितसाधनज्ञानमेव प्रमाणतयावगम्यमानमिच्छां जनयतीत्यत्रैव स्फुट एव प्रामाण्यग्रहणस्योपयोगः ॥ ७६ ॥

कुसुमाञ्जलिमें उदयनाचार्य्यने झटिति प्रचुरप्रवृत्तिके प्रामाण्य निश्चयाधीनताका अभाव आपादन करते हुए कहा है, प्रवृत्ति इच्छाकी प्रतीक्षा करती है । उसके प्राचुर्य्यमें इच्छाका प्राचुर्य्य है । इच्छा फिर इष्टसाधनताज्ञानके आधीन है । इष्टसाधनताज्ञान और इष्टजातीयत्व लिंगानुभवसापेक्ष । वह लिंगानुभव फिर इन्द्रियार्थ सन्निकर्षकी अपेक्षा करता है प्रामाण्य ग्रहणकी कहीभी उपयोगिता नहीं । उदयनाचार्यका यह मतवाद चोरके सामने सुवर्णलेकर सर्वाङ्गादि उद्घाटनकी नाई प्रतीत होता है अतएव समीहित ज्ञानसाधनही प्रमाणताद्वारा अवगम्यमान होकर, इच्छा समुत्पादन करता है, यही इसस्थानमें स्पष्टतः प्रामाण्यग्रहणकी उपयोगिता रूपसे लक्षित होती है ॥ ७६ ॥

किञ्च क्वचिदपि चेन्निर्विचिकित्सा प्रवृत्तिः संशयादुपपद्येत तर्हि सर्वत्र तथाभावसम्भवात् प्रामाण्यनिश्चयो निरर्थकः स्यात् अनिश्चितस्य सत्त्वमेव दुर्लभमिति प्रामाण्यं दत्तजलाञ्जलिकं भवेत् । इत्यलमतिप्रपञ्चेन ॥ ७७ ॥

किञ्च, कहीं भी यदि निर्विचिकित्सा प्रवृत्तिसंशयसे उत्पन्न होती है । ऐसा होनेसे सर्वत्र उसीप्रकार सम्भावित होजानेसे, प्रामाण्यनिश्चय निरर्थक होता है । अनिश्चितका सत्त्व सर्व्वथा दुर्लभ है । ऐसा होनेसे, प्रामाण्य दत्त जलाञ्जलिक होजाता है । बहुत विस्तारसे और प्रयोजन नहीं ॥ ७७ ॥

यस्मादुक्तं–

तस्मात् सद्बोधकत्वेन प्राप्ता बुद्धेः प्रमाणता ।
अर्थान्यथात्वहेतूत्थदोषज्ञानादपोद्यत इति ॥ ७८ ॥

जिस कारण कहा है, उसी कारण सद्बोधकतावशात् बुद्धिकी प्रमाणता प्राप्ति होती है ॥ ७८ ॥

तस्माद्धर्मे स्वतःसिद्धप्रमाणाभावे ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेतेत्यादिविध्यर्थवादमन्त्रनामधेयात्मके वेदे यजेतेत्यत्र तप्रत्ययः प्रकृत्यर्थोपरक्तां भावनामभिधत्त इति सिद्धे व्युत्पत्तिमभ्युपगच्छतामभिहितान्वयवादिनां भट्टाचार्य्याणां सिद्धान्तो यागविषयो नियोग इति कार्य्ये व्युत्पत्तिमनुसरतामन्विताभिधानवादिनां प्रभाकरगुरूणां सिद्धान्त इति सर्वमवदातम् ॥ ७९ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे जैमिनीयदर्शनं समाप्तम् ॥ १२ ॥

अतएव, धर्म्म स्वतः सिद्ध प्रमाणभाव होजानेसे, स्वर्ग काम व्यक्ति ज्योतिष्टोमद्वारा यजन करे, इत्यादि विध्यर्थवाद—मन्त्रनामधेयात्मक वेदमें, यजेत (अर्थात् यजन करे) इत्यादि स्थलमें प्रत्यय किया है, उसके द्वारा प्रकृत्यर्थ संयुक्त भावना अभिहित होता है। यह सिद्ध होनेसे, जो लोग व्युत्पत्ति स्वीकार करते हैं, उसप्रकार अभिहितान्वयवादी भट्टाचार्य्योंका सिद्धान्त इत्यादि। कार्य्यमें यागविषय नियोग व्युत्पत्तिका अनुसारी अन्विताभिधानवादी प्रभाकरगुरुगणका सिद्धान्त, यह विषय सर्व्वथा अवदात है ॥ ७९ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे जैमिनीयदर्शन समाप्त हुआ ॥ १२ ॥

अथ पाणिनिदर्शनम् ॥ १३ ॥

नन्वयं प्रकृतिभागः अयं प्रत्ययभाग इति प्रकृतिप्रत्ययविभागः कथमवगम्यत इति चेत् पीतपातञ्जलजलानामेतच्चोद्यं चमत्कारं न करोति व्याकरणशास्त्रस्य प्रकृतिप्रत्ययविभागपरतायाः प्रसिद्धत्वात्। तथाहि पतञ्जलेर्भगवतो महाभाष्यकारस्य इदमादिमं वाक्यं अथ शब्दानुशासनमिति ॥ १ ॥

यदि कहो कि यह प्रकृतिभाग, और यह प्रत्ययभाग इसप्रकार प्रकृति प्रत्यय विभाग किसप्रकार जाना जासकता है? इसका उत्तर यह है कि जिनने पातञ्जलजलपान किया है, उनके पक्षमें इसप्रकार परिकल्पना किसीप्रकार चमत्कारकारिणी नहीं हो सकती क्योंकि, यह प्रसिद्धही है कि, एक मात्र प्रकृति प्रत्यय विभाग लेकरही व्याकरण शास्त्रकी जड़ वा भित्ति स्थापित हुई है। उसीप्रकार, महाभाष्यकार पतञ्जलिने अथशब्दानुशासनं, इसप्रकार वाक्य विन्यस्त किया है ॥ १ ॥

अस्यार्थः अथेत्ययं शब्दोऽधिकारार्थः प्रयुज्यते अधिकारः प्रस्तावः प्रारम्भ इति यावत् शब्दानुशासनशब्देन च पाणिनिप्रणीतं व्याकरणशास्त्रं विवक्ष्यते। शब्दानुशासनमित्येतावत्यभिधीयमाने सन्देहः स्यात् किं शब्दानुशासनं प्रस्तूयते न वेति तथा मा प्रसांक्षीदित्यथशब्दं प्रायुङ्क्त अथ शब्दप्रयोगबलेनार्थान्तरव्युदासेन प्रस्तूयते इत्यस्यार्थस्याभिधीयमानत्वात्। अनेन हि वैदिकाः शब्दाः शन्नोदेवीरभीष्टय इत्यादयः

तदुपकारिणो लौकिकाः शब्दाः गौरश्वः पुरुषो हस्ती शकुनिरित्यादयश्चानुशिष्यन्ते व्युत्पाद्य संस्क्रियन्ते प्रकृतिप्रत्ययविभागवत्तया बोध्यन्त इत्यनुशासनशब्दशासनवलात् कर्मण्येषा षष्ठी विधातव्या । तथा च कर्मणि चेति समासप्रतिषेधसम्भवात् शब्दानुशासनशब्दो न प्रमाणपथमवतरतीति ॥ २ ॥

इसका अर्थ यह है जो, यहां अथशब्द अधिकारार्थ है । अर्थात् अधिकार, या नी प्रस्ताव अथवा प्रारम्भ प्रयोजित होता है, अथ शब्दसे इसप्रकार बूझ पड़ता है । शब्दानुशासनका अर्थ यह है जो, शब्दद्वारा पाणिनि प्रणीत व्याकरणशास्त्र विवक्षित हुआ है । शब्दानुशासन ऐसा कहनेसे सन्देह हो सकता है, शब्दानुशासनही क्या साक्षात् सम्बन्धमें प्रस्तावित होता है, अथवा, नहीं क्योंकि, अथशब्दके प्रयोगवलसे अर्थान्तर व्युदस्त करके, प्रस्तावित होता है, इसप्रकार अर्थ अभिधीयमान होता है, इसके द्वारा, शन्नोदेवी रभीष्टय इत्यादि वैदिक शब्द समुदाय एवं तदुपकारी लौकिक शब्द सब जिस प्रकार गौ, घोड़ा, पुरुष, हस्ती और शकुनि इत्यादि अनुशासित अर्थात् व्युत्पादनपूर्वक संस्कृत या नी, प्रकृति प्रत्यय विभागवत्ता सहकारसे बोधित होता है, यही अनुशासन शब्द शासनवलसे प्रतीत होता है । यहां, कर्म्ममें षष्ठी विधान करना कर्त्तव्य और, कर्म्मणि चेति, इत्यादि सूत्रानुसार समास प्रतिषेध सम्भवित होनेसे, शब्दानुशासन प्रमाणपथसे अवतरण नहीं करसकते ॥ २ ॥

अत्रायं समाधिरभिधीयते, यस्मिन् कृतप्रत्यये कर्तृकर्मणोरुभयोः प्राप्तिरस्ति तत्र कर्मण्येव षष्ठीविभक्तिर्भवति न कर्त्तरीति बहुव्रीहिविज्ञानवलान्नियम्यते ॥ ३ ॥

प्रस्तावित स्थानमें वक्ष्यमाण विधानसे समाधान किया जासकता है, जहां कृत् प्रत्यय प्रसङ्गमें कर्त्ताकर्म्म दोनोंहीकी प्राप्ति होती है, वहां कर्म्महीमें षष्ठी विभक्ति होती है, कर्त्तामें नहीं बहुव्रीहि विज्ञानवलसे इसप्रकार नियमित होता है ॥ ३ ॥

तद्यथा आश्चर्य्यो गवां दोहोऽशिक्षितेन गोपालकेनेति, कर्त्तर्य्यपि षष्ठी भवतीति केचिद् ब्रुवते । अतएवोक्तं काशिकावृत्तौ, केचिदविशेषेण विभाषामिच्छन्ति शब्दानामनुशासनमाचार्य्येणाचार्य्यस्य वेति । शब्दानामनुशासनमित्यत्र तु शब्दानामनुशासनं नार्थानामित्येतावतो विवक्षितस्यार्थस्याचार्य्यस्य कर्तुरु-

पादानेन विनापि सुप्रतिपादत्वादाचार्य्योपादानमकिञ्चित्करं तस्मादुभयप्राप्तेरभावादुभयप्राप्तौ कर्मणीत्येषा षष्ठी न भवति किन्तु कर्तृकर्मणोः कृतीति कृद्योगे कर्त्तरि कर्मणि च षष्ठीविभक्तिर्भवतीति कृद्योगलक्षणा षष्ठी भविष्यति । तथा चेध्मप्रव्रश्चनपलाशशातनादिवत् समासो भविष्यति अथवा शेषलक्षणेयं षष्ठी तत्र किमपि चोद्यं नावतरत्येव ॥ ४ ॥

इसका दृष्टान्त जैसे शिक्षित गोपालककर्त्तृक विस्मयावह दोहन इत्यादि स्थानमें कर्तामें भी षष्ठी हो जाती है; कोई कोई ऐसा कहते हैं । इसीकारण, काशिकावृत्तिमें कहा है कि कोई कोई किसीप्रकार विशेष न करके विभाषाकी कामना करते हैं । शब्दानामनुशासनमाचार्य्येणाचार्यस्य वा इत्यादि स्थानमें शब्द सबका अनुशासन, इसप्रकार पद जो प्रयोगित हुआ है, उसमें शब्दोंका अनुशासन; अर्थोंका नहीं, इतना अर्थ विवक्षित है । आचार्य्य कर्तृक उपादानके विना भी इसप्रकार विवक्षित अर्थ अनायासही प्रतिपादित होता है सुतरां आचार्योपादान अकिञ्चित्कर हो जाता है । इसकारण दोनों प्राप्तिके अभावमें दोनों प्राप्ति होनेसे, कर्म्मणि, इत्यादि सूत्रानुसार षष्ठी विभक्ति सम्भावित नहीं । इसप्रकार इध्म प्रव्रश्चन और पलाशशातन इत्यादि तुल्य समास होगा । अथवा यह शेष लक्षणा षष्ठी उस विषयमें किसीप्रकारकी परिकल्पनाका अवसरही नहीं ॥ ४ ॥

यद्येवं तर्हि शेषलक्षणायाः षष्ठ्याः सर्वत्र सुवचत्वात् षष्ठीसमासप्रतिषेधसूत्राणामानर्थक्यं प्राप्नुयादिति चेत् सत्यं तेषां स्वरचिन्तायामुपयोगो वाक्यपदीये प्रादर्शि ॥ ५ ॥

यदि इसीप्रकार होता है तो शेष लक्षण षष्ठी सर्वत्र प्रयोजित होनेसे, षष्ठीसमास प्रतिषेध सूत्र सबका आनर्थक्य उपस्थित होता है । यह सत्य तो है, किन्तु स्वरचिन्ताप्रसंगमें वाक्य पदीयमें उनका उपयोग प्रदर्शित हुआ है ॥ ५ ॥

तदाह महोपाध्यायवर्द्धमानः—

लौकिकव्यवहारेषु यथेष्टं चेष्टतां जनः ।
वैदिकेषु तु मार्गेषु विशेषोक्तिः प्रवर्तताम् ॥ ६ ॥

उसीप्रकार महामहोपाध्याय वर्द्धमानने कहा है,—लोकमें लौकिक व्यवहार यथेष्ट इच्छानुसार चेष्टा करसकता है, किन्तु वैदिकमार्गमें विशेषोक्ति प्रवर्तित होती है ॥ ६ ॥

इति पाणिनिसूत्राणामर्थमत्राभ्यधाद् यतः ।
जनिकर्त्तुरिति ब्रूते तत्प्रयोजक इत्यपीति ॥ ७ ॥

जिसकारण इसीप्रकार पाणिनिसूत्रोका अर्थ कहा गया है ॥ ७ ॥

तथाच शब्दानुशासनापरनामधेयं व्याकरणशास्त्रमारब्धं वेदितव्यमिति वाक्यार्थः सम्पद्यते ॥ ८ ॥

और जिसका अपर नाम शब्दानुशासन है वही व्याकरणशास्त्र आरब्ध हुआ है, जानना चाहिये । ऐसा वाक्यार्थ प्रतीत होता है ॥ ८ ॥

तस्यार्थस्य झटिति प्रतिपत्तये अथ व्याकरणमित्येवाभिधीयताम् । अथ शब्दानुशासनमित्याधिकाक्षरं मुधाभिधीयत इति मैवं शब्दानुशासनमित्यन्वर्थसमाख्योपादने तदीयवेदांगत्वप्रतिपादकप्रयोजनाख्यानसिद्धेः, अन्यथा प्रयोजनानभिधाने व्याकरणाध्ययने अध्येतॄणां प्रवृत्तिरेव न प्रसज्जेत् ॥ ९ ॥

यदि कहो उस अर्थका झटिति प्रतिपादनार्थ, अथ व्याकरण, इसप्रकार निर्देश करो, अथ शब्दानुशासन इत्यादि अधिकाक्षर वृथा निर्देश क्यों करते हो ? इसका उत्तर यह है जो, ऐसा नहि कह सकते हो क्योंकि, शब्दानुशासन, ऐसा कहनेसे, अन्वर्थ समाख्याक उपपादनद्वारा उसका वेदांगत्व प्रतिपादक प्रयोजनाख्यान सिद्ध होता है । अन्यथा प्रयोजनके अनभिधानसे व्याकरण अध्ययनमें अध्येतृगणकी प्रवृत्तिकी प्रसक्ति होन सम्भव नहीं ॥ ९ ॥

ननु निष्कारणो धर्मः षडंगो वेदोऽध्येतव्य इति अध्येतव्यविधानादेव प्रवृत्तिः सेत्स्यतीति चेन्नैवं तथा विधानेऽपि तदीयवेदांगत्वप्रतिपादकप्रयोजनानभिधाने तेषां प्रवृत्तेरनुपपत्तेः ।

तथाहि—

वेदान्नो वैदिकाः शब्दाः सिद्धाः लोकाच्च लौकिकाः ॥ ११ ॥

वेदोंसेही हमारे वैदिक शब्द सब सिद्ध हुए हैं । उसीप्रकार, लोकसेही लौकिक शब्द समूह सिद्ध हुए हैं ॥ ११ ॥

तस्मादनर्थकं व्याकरणमिति तस्माद्वेदांगत्वं मन्यमानास्त दध्ययने प्रवृत्तिमकार्षुः । ततश्चेदानीन्तनानामपि तत्र प्रवृत्तिर्न सिध्येत् । सा मा प्रसांक्षीदिति तदीयवेदांगत्वप्रतिपादकं प्रयोजनमन्वाख्येयमेव ॥ १२ ॥

ऐसा होनेपर व्याकरण अनर्थक हुआ जाता है । इसकारण, वेदांगत्व जानकर, उसके अध्ययनमें प्रवृत्ति कर सकते । तो इदानी जनलोगोंका उसमें प्रवृत्ति होना सम्भव नहीं । इसकारण, उसका वेदांगत्व प्रतिपादक प्रयोजन अन्वाख्यान करना कर्तव्य है ॥ १२ ॥

यद्यन्वाख्यातेऽपि प्रयोजने न प्रवर्त्तेरन् तर्हि लौकिकशब्दसंस्कारज्ञानरहितास्ते यज्ञे कर्मणि प्रत्यवायभाजो भवेयुः । धर्माद्धीयेरन् अतएव याज्ञिकाः पठन्ति, आहिताग्निरपशब्दं प्रयुज्य प्रायश्चित्तीयां सारस्वतीमिष्टिं निर्वपेदिति, अतस्तदीयवेदांगत्वप्रतिपादकप्रयोजनान्वाख्यानार्थमथशब्दानुशासनमित्येव कथ्यते नाथव्याकरणमिति ॥ १३ ॥

प्रयोजन अन्वाख्यात होनेसे भी, यदि प्रवृत्ति न हो, जो, लौकिक शब्द संस्कार ज्ञान तिरोहित होजानेसे वे यज्ञकार्यमें प्रत्यवायभागी होता है । एवं धर्म्महीन होजाता है । इसकारण याज्ञिक लोग कहा करते हैं कि, आहिताग्नि ब्राह्मण अपशब्द प्रयोगकर, प्रायश्चित्त स्वरूप सारस्वती नामक इष्टि निर्व्वपण करें । इसीकारण उसका वेदाङ्गत्व प्रतिपादक प्रयोजनका अन्वाख्यानार्थ है । अथ शब्दानुशासन, इसप्रकार कहा गया है. अथ व्याकरण; इसप्रकार कहा नहीं जाता ॥ १३ ॥

भवति च व्याकरणशास्त्रस्य प्रयोजनं (तस्य तदुद्देशेन प्रवृत्तेः प्रयोजनं) यथास्वर्गोद्देशेन प्रवृत्तस्य यागस्य स्वर्गः प्रयोजनं तस्मात् शब्दानुशिष्टिः संस्कारपदवेदनीया शब्दानुशासनस्य प्रयोजनम् । नन्वेवमप्यभिमतं प्रयोजनं न लभ्यते तदुपायाभावात् । अथ प्रतिपदपाठ एवाभ्युपाय इति मन्येथाः तर्हि

स ह्यनभ्युपायः शब्दानां प्रतिपत्तौ प्रतिपदपाठो भवेत् । शब्दापशब्दभेदेनानंत्याच्छब्दानाम्, एवं हि समाम्नायते बृहस्पतिरिन्द्राय दिव्यं वर्षसहस्रं प्रतिपदपाठविहितानां शब्दानां शब्दपारायणं प्रोवाच नान्तं जगाम ॥ १४ ॥

स्वर्गही जिसप्रकार स्वर्गोद्देशमें अनुष्ठित यज्ञका प्रयोजन, संस्कार पदवाच्य शब्दानुशिष्टि उसीप्रकार शब्दानुशासनका प्रयोजन है । यदि कहो कि, उपमाभाववशतः इस प्रकार अभिमत प्रयोजन लब्ध नही होता । और प्रतिपद पाठको भी इसप्रकार अभ्युपाय कहकर नहीं समझ सकते । तो, उन शब्दोंके प्रतिपादनविषयमें अनभ्युपाय होता है, क्योंकि, शब्द और अपशब्दभेदसे शब्दोंका आनंत्य लक्षित होता है । इसका समाम्नाय यह है जो बृहस्पतिने इन्द्रको दिव्यसहस्रवर्ष प्रतिपद पाठविहित शब्दोंका शब्दपारायण कहा था, किन्तु अन्तको प्राप्त नही हुए ॥ १४ ॥

बृहस्पतिश्च प्रवक्ता, इन्द्रोऽध्येता, दिव्यं वर्षसहस्रमध्ययनकालः । न च पारावाप्तिरभूत् । किमुताद्य यश्चिरं जीवति सोऽब्दशतम् ॥ १५ ॥

इसप्रकार बृहस्पति प्रवक्ता, इन्द्र अध्ययन कर्त्ता, दिव्यसहस्रवर्ष अध्ययन काल इसमें भी पार नहीं पाया तो अधुनातन समयमें जो व्यक्ति दीर्घजीवी होता है, वह सौवर्ष, उसकी बात और क्या कहूं ॥ १५ ॥

अधीतिबोधाचरणप्रचारणैश्चतुर्भिरुपायैर्विद्योपयुक्ता भवति । तत्राध्ययनकालेनैव सर्वमायुरुपयुक्तं स्यात्तस्मादनभ्युपायः शब्दानां प्रतिपत्तौ प्रतिपदपाठ इति प्रयोजनं न सिध्येदिति ॥ १६ ॥

अध्ययन, बोध, आचरण और प्रचारण इन चारप्रकारके उपायोंसे विद्या उपयुक्त होती है । इनमें अध्ययन समयद्वारा यदि सम्पूर्ण आयु उपयुक्त हो तो शब्दोंके प्रतिपादन विषयमें प्रतिपद पाठ अनभ्युपाय होता है । इसप्रकार प्रयोजनसिद्धि पराहत होती है ॥ १६ ॥

इति चेन्मैवं शब्दप्रतिपत्तेः प्रतिपदपाठसाध्यत्वानंगीकारात् । प्रकृत्यादिविभागकल्पनावत्सु लक्ष्येषु सामान्यविशेषरूपाणां लक्षणानां पर्जन्यवत्सकृदेव प्रवृत्तौ बहूनां शब्दानामनुशासनोपलम्भात् । तथाहि कर्मणीत्येकेन समान्यरूपेण लक्षणेन कर्मोपपदाद्धातुमात्रादणूप्रत्यये कृते कुम्भकारः काण्डलाव इत्यादीनां बहूनां शब्दानामनुशासनमुपलभ्यते । एवमातोऽनुपसर्गे इति

पदपाठस्याशक्यत्वप्रतिपादनपरोऽर्थवादः । नन्वन्येष्वप्यङ्गेषु सत्सु किमित्येतदेवाद्रियते । उच्यते प्रधानञ्च षट्स्वङ्गेषु व्याकरणम् । प्रधाने च कृतो यत्नःफलवान् भवति ॥ १७ ॥

ऐसा नहीं कह सकते । क्यों कि, शब्दोंकी प्रतिपत्ति प्रतिपद पाठ साध्यकरके नहीं स्वीकृत होती है । विशेषतः प्रकृत्यादि विभाग कल्पनायुक्त लक्ष्योंमें सामान्यविशेषरूप लक्षणोंका एकवारमात्र प्रवर्त्तनामें ही बहुशब्दका अनुशासन उपलब्ध होता है । उसीप्रकार, कर्म्मणि, इत्यादि एकमात्र सामान्यरूप लक्षणद्वाराही कर्मोपपद धातुमात्रमें अणप्रत्यय विहित होनेसे कुम्भकार काण्डलाव इत्यादि बहुत शब्दोंका अनुशासन उपलब्ध होता है । छ. अंगोमें व्याकरणही प्रधान अंग करके कहा गया है । प्रधानमें यत्न करनेसे, फललाभ करनेमें समर्थ होता है ॥ १७ ॥

तदुक्तम्—

आसन्नं ब्रह्मणस्तस्य तपसामुत्तमं तपः ।
प्रथमं छन्दसामंगमाहुर्व्याकरणं बुधा इति ॥ १८ ॥

उसीप्रकार, कहा है, पण्डितोंने व्याकरणकोही छन्दोंमें प्रथम अंगरूपसे निर्देश किया है ॥ १८ ॥

तस्मात् व्याकरणशास्त्रस्य शब्दानुशासनं भवति साक्षात् प्रयोजनं, पारम्पर्य्येण तु वेदरक्षादीनि । अतएवोक्तं भगवता भाष्यकारेण, रक्षोहागमलध्वसन्देहाः प्रयोजनमिति । साधुशब्दप्रयोगवशादभ्युदयोऽपि भवति । तथाच कथितं कात्यायनेन, शास्त्रपूर्वके प्रयोगेऽभ्युदयस्तत्तुल्यं वेदशब्देनेति । अन्यैरप्युक्तम्, एकः शब्दः सम्यक्ज्ञातः सुष्ठु प्रयुक्तः स्वर्गे लोके कामधुग्भवतीति ॥ १९ ॥

इसीकारण, शब्दानुशासन व्याकरणशास्त्रका साक्षात प्रयोजन है और वेदरक्षादि परम्परित प्रयोजन है । इसीकारण भगवान भाष्यकारने कहा है, रक्षा, ऊह, आगम, लघु, असन्देह आदि कतिपय प्रयोजन शब्दका वाच्य है और साधुशब्दके प्रयोगवशात अभ्युदयभी होता है । उसीप्रकार कात्यायनने कहा है; शास्त्रपूर्वक प्रयोगमें अभ्युदय संपादित होता है । वेद शब्दद्वारा भी उसके तुल्य फल होता है । अन्यान्य लोगोंनेभी कहा है, एकशब्द सम्यक् ज्ञात कर प्रयोग करनेसे स्वर्ग लोकमें कामदोहन करता है ॥ १९ ॥

यथा-

नाकमिष्टसुखं यान्ति सुयुक्तैर्बद्धवाग्रथैः ।
अथ पत्काङ्क्षिणो यान्ति ये चीकमतभाषिणः ॥ २० ॥

पुनः कहा है, सुप्रयुक्त बद्धवाक्रूप रथद्वारा इष्टसुखसम्पन्न स्वर्गमें गमन किया जाता है ॥ २० ॥

नन्वचेतनस्य शब्दस्य कथमीदृशं सामर्थ्यमुपपद्यत इति चेन्मैवं मन्येथाः महता देवेन साम्यश्रवणात् । तदाह श्रुतिः "चत्वारि शृङ्गास्त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्तहस्तासो अस्य त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आविवेश । व्याचकार च भाष्यकारः । चत्वारि शृंगाणि चत्वारि पदजातानि नामाख्यातोपसर्गनिपातास्त्रयो अस्य पादाः लडादिविषयाः त्रिधा भूतभविष्यद्वर्त्तमानकालाः द्वे शीर्षे द्वौ नित्यानित्यात्मानौ नित्यः कार्य्यश्च व्यंगव्यञ्जकभेदात् सप्तहस्तासो अस्य तिङा सह सप्त सुब्विभक्तयः त्रिधा बद्धः त्रिषु स्थानेषु उरसि कण्ठे शिरसि च बद्धः वृषभ इति प्रसिद्धवृषभत्वेन रूपणं क्रियते वर्षणाद्वर्षणश्च ज्ञानपूर्वकानुष्ठानेन फलप्रदत्वं रोरवीति शब्दं करोति रौतिः शब्दकर्मा इह शब्दशब्देन प्रपञ्चो विवक्षितः महो देवो मर्त्यां आविवेश महादेवः शब्दः मर्त्या मरणधर्माणो मनुष्यास्तानाविवेशेति महता देवेन परेण ब्रह्मणा साम्यमुक्तं स्यादिति जगन्निदानं स्फोटाख्यो निरवयवो नित्यः शब्दो ब्रह्म वेति ॥ २१ ॥

त्रिधाबद्ध क्यों, उरु, कण्ठ और मस्तक इन तीन स्थानोंमें बद्ध वृषभ अर्थात् ज्ञानपूर्वक अनुष्ठान करनेसे फल देता है । शब्द करता है, अर्थात शब्द इसका कर्म्म है यहां शब्द से प्रपञ्च विवक्षित है । इसप्रकार महान् देव क्या शब्द मर्त्य अर्थात् मरणधर्म्मशील मनुष्योंमें आविष्ट है । इसके द्वारा महादेव अर्थात् परब्रह्मके साथ समता कही गयी । इसकारण, जगत् निदान, स्फोटाख्य, निरवयव, नित्य, शब्द साक्षात ब्रह्म है ॥ २१ ॥

हरिणाभाणि ब्रह्मकाण्डे—
अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम्।
विवर्त्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यत इति ॥ २२ ॥

हरिने स्वयं ब्रह्मकाण्डमें कहाहै, शब्दत्त्व आनादि निधन और अक्षयरूपी ब्रह्मस्वरूप है जिससे जगत्की प्रक्रिया होती है ॥ २२ ॥

ननु नामाख्यातभेदेन पदद्वैविध्यप्रतीतेः कथं चातुर्विध्यमुक्तमिति चेन्नैवं प्रकारान्तरस्य प्रसिद्धत्वात्। तदुक्तं प्रकीर्णके।
द्विधा कैश्चित् पदं भिन्नं चतुर्द्धा पञ्चधापि वा।
अपोद्धृत्यैव वाक्येभ्यः प्रकृतिप्रत्ययादिवदिति ॥ २३ ॥

यदि कहो कि, नाम और आख्यातभेदसे दो प्रकारकी प्रतीति होती है । तो किसप्रकार चार प्रकारका कहा जासकता ? इसका उत्तर यह है जो, प्रकारान्तर प्रसिद्ध है । प्रकीर्णकमें सो कहा है जैसे, किसीकिसीने दो प्रकार, चार प्रकार, या पांच प्रकार, पदभेदसे कल्पना कियी है ॥ २३ ॥

कर्मप्रवचनीयेन वै पञ्चमेन सह पदस्य पञ्चविधत्वमिति हेलाराजो व्याख्यातवान् कर्मप्रवचनीयास्तु क्रियाविशेषोपजनितसम्बन्धावच्छेदहेतव इति सम्बन्धविशेषद्योतनद्वारेण क्रियाविशेषद्योतनादुपसर्गेष्वेवान्तर्भवतीत्यभिसन्धाय पदचातुर्विध्यं भाष्यकारेणोक्तं युक्तमिति विवेक्तव्यम् ॥ २४ ॥

हेलाराजने पांचप्रकारकी व्याख्या कियी है । भाष्यकारनेभी जो सम्बन्ध विशेष द्योतन द्वारा क्रियाविशेष द्योतनसे उपसर्गमें इसका अन्तर्भाव होता है, इसप्रकार अभिसन्धान पूर्वक पदचातुर्विध्य निर्देश किया है, वहभी युक्तियुक्त विचार करना चाहिये ॥ २४ ॥

ननु भवता स्फोटात्मा नित्यः शब्द इति निजागद्यत तन्न मृष्यामहे तत्र प्रमाणाभावादिति केचित ॥२५॥

अच्छा, आपने जो स्फोटात्मा नित्य शब्द इत्यादि वाक्यप्रयोग किया है, सो हमारे विचारमें नहीं आता । क्योंकि, उस विषयमें किसी प्रकारका प्रमाण नहीं ॥ २५ ॥

अत्रोच्यते, प्रत्यक्षमेवात्र प्रमाणं, गौरित्येकं पदमिति नानावर्णातिरिक्तैकपदावगतेः सर्वजनीनत्वान्न ह्यसति बाधके पदानुभवः शक्यो मिथ्येति वक्तुं पदार्थप्रतीत्यन्यथानुपपत्त्यापि स्फोटोऽभ्युपगन्तव्यः।न च वर्णेभ्य एव तत्प्रत्ययःप्रादुर्भवतीति परीक्षाक्षमं विकल्पासहत्वात् ॥ २६ ॥

इसका उत्तर यह है जो, इस विषयका प्रमाण प्रत्यक्ष है । जैसे, गौ, यह एक पद । इसप्रकार नानावर्णातिरिक्त एकपादगति सर्वजन सम्मत है । बाधक असत्वमें पदानुभव दुसाध्य होता है, मिथ्या नहीं कह सकते हो । पदार्थप्रतीतिकी अन्यथा उपपत्तिद्वाराभी स्फोट स्वीकार करना पडेगा । वर्णोंसेही तत्प्रत्यय प्रादुर्भूत नहीं होता, यह परीक्षा सह है । क्योंकि इसमे विकल्प नहीं है ॥ २६ ॥

किं समस्ता व्यस्ता वा अर्थप्रत्ययं जनयन्ति । नाद्यः वर्णानां क्षणिकानां समूहासम्भवात् । नान्त्यः व्यस्तवर्णेभ्योऽर्थप्रत्ययासम्भवात् । न च व्याससमासाभ्यामन्यः प्रकारः समस्तीति । तस्माद्वर्णानां वाचकत्वानुपपत्तौ यद्बलादर्थप्रतिपत्तिः सः स्फोट इति वर्णातिरिक्तो वर्णाभिव्यङ्ग्योऽर्थप्रत्यायको नित्यः शब्दः स्फोट इति तद्विदो वदन्ति । अतएव स्फुटयते व्यज्यते वर्णैरिति स्फोटो वर्णाभिव्यंग्यः स्फुटोभवत्यस्मादर्थ इति स्फोटोऽर्थप्रत्यायक इति स्फोटशब्दार्थमुभयथा निराहुः ॥ २७ ॥

इससमय पूछना यह है कि, क्या समस्त या व्यस्तवर्ण अर्थप्रत्यय समुत्पादन करते हैं ? इसका उत्तर यह है जो आद्य अर्थात् समस्त नहीं । क्योंकि वर्ण सब क्षणिक हैं । उनका समूह असम्भव है । द्वितीय अर्थात व्यस्तवर्णभी अर्थप्रतीति उत्पन्न करनेमें समर्थ नहीं । क्योंकि, व्यस्तवर्णसे अर्थप्रत्यय सम्भव नहीं हो सकता । और व्यास और समास दोनोंसे अन्यप्रकारभी [illegible] नहीं होता । इसकारण वर्णोंका वाचकत्व अनुपपन्न होनेसे, जिसके बलसे अर्थप्रतीति उत्पन्न होती है उसीको स्फोट कहते हैं । इसप्रकार वर्णातिरिक्त वर्णाभिव्यंग्य अर्थप्रत्यय समुत्पादक नित्यशब्द स्फोटवाच्य है । उसके जाननेवाले लोग इसप्रकार कहते हैं, इसकारण वर्णद्वारा जो स्फुटित हो अर्थात्

प्रकट हो उसका नाम स्फोट, यथा वर्णाभिव्यङ्ग्य । और इससे अर्थ प्रकटीभूत होता है, इसी कारण इसका नाम स्फोट है, अर्थप्रत्यय समुद्भावक ।-इसप्रकार दोनों प्रकारसे स्फोट शब्दार्थ कहा गया है ॥ २७ ॥

तथाचोक्तं भगवता पतञ्जलिना महाभाष्ये । अथ गौरित्यत्र कः शब्दो येनोच्चरितेन सास्नालांगूलककुद्खुरविषाणिनां सम्प्रत्ययो भवति स शब्द इत्युच्यते इति ॥ २८ ॥

भगवान् पतञ्जलिने महाभाष्यमें कहाहै कि, जो यह एक शब्द है । जो उच्चारित होनेसे सास्ना, लांगूल, ककुद्, खुर और विषाण इन सबकी एक साथ प्रतीति होती है उसीको शब्द कहते हैं ॥ २८ ॥

विवृतश्च कैयटेन वैयाकरणा वर्णव्यतिरिक्तस्य पदस्य वाचकत्वमिच्छन्ति । वर्णानां वाचकत्वे द्वितीयादिवर्णोच्चारणानर्थक्यप्रसंगादित्यादिना तद्व्यतिरिक्तः स्फोटो नादाभिव्यङ्ग्यो वाचको विस्तरेण वाक्यपदीये व्यवस्थापित इत्यन्तेन प्रबन्धेन ॥ २९ ॥

कैयटने और विस्तारपूर्व्वक कहाहै, वैयाकरण लोग वर्णको छोडकर पदकी वाचकत्व इच्छा करतेहैं । वर्णोंका वाचकत्व होनेपर, द्वितीयोच्चारण अनर्थक होजाताहै । इत्यादि [illegible] उसके अतिरिक्त स्फोट नादाभिव्यङ्ग्य वाचक कहकर, विस्तारक्रमसे वाक्यपदीयमें व्यवस्थापित हुआ है ॥ २९ ॥

ननु स्फोटस्याप्यर्थप्रत्यायकत्वं न घटते विकल्पासहत्वात् । किमभिव्यक्तः स्फोटोऽर्थं प्रत्याययति अनभिव्यक्तो वा । न चरमः सर्वदा अर्थप्रत्ययलक्षणकार्य्योत्पादप्रसंगात् स्फोटस्य नित्यत्वाभ्युपगमेन निरपेक्षस्य हेतोः सदा सत्त्वेन कार्य्यस्य विलम्बायोगात् ॥ ३० ॥

यदि कहो कि, विकल्पासहत्वकारण स्फोटभी अर्थप्रतीतिका कारण नहीं होसकता । अभिव्यक्त स्फोटही अर्थप्रतीतिका कारण या अनभिव्यक्त स्फोटद्वाराही अर्थप्रत्यय समुद्भावित होता है ? सर्व्वदा अर्थप्रत्ययरूप कार्य्यका उत्पादन प्रसङ्गकारण चरम अर्थात् अनभिव्यक्त स्फोट अर्थप्रतीतिका समुद्भावक नहीं हो सकता है । स्फोटका नित्यत्व [illegible] निरपेक्ष हेतुकी सर्वकालीन सत्ताद्वारा कार्य्यका विलम्बयोग घटता है ॥ ३० ॥

अथैतद्दोषपरिजिहीर्षया अभिव्यक्तः स्फोटोऽर्थं प्रत्यायय-तीति कक्षीक्रियते तथाभिव्यञ्जयन्तो वर्णाः किं प्रत्येकमभिव्य-ञ्जयन्ति संभूय वा पक्षद्वयेऽपि वर्णानां वाचकत्वपक्षे भवता ये दोषा भाषितास्त एव स्फोटाभिव्यञ्जकत्वपक्षे व्यावर्त्तनीयाः ।

तदुक्तं भट्टाचार्य्यैर्मीमांसाश्लोकवार्त्तिके—

यस्यानवयवः स्फोटो व्यज्यते वर्णबुद्धिभिः ।
सोऽपि पर्य्यनुयोगेन नैकेनापि विमुच्यते इति ॥ २१ ॥

यदि उल्लिखित दोषपरिहार वासनामें अभिव्यक्त स्फोट अर्थ प्रतीतिका विधायक होता है इसप्रकार स्वीकार किया जाये तो जिज्ञास्य यही है, अभिव्यञ्जक वर्ण सब क्या प्रत्येकको अभिव्यक्त करता है ? या एकत्र मिलकर, इसप्रकार विधान करता है ? दोनों पक्ष माननेसे, वर्णोंके वाचकत्व पक्षमे आपने जो सब निर्देश किया है वह सबही स्फोटाभिव्यञ्जकत्व पक्षमें व्यावर्त्तनीय होता है । मीमांसा श्लोक वार्तिकमें, भट्टाचार्य्योंने भी कहा है, कि वर्ण बुद्धिद्वारा जिसका अवयवशून्य स्फोट होता है सो एकमात्र पर्यनुयोगद्वारा विमुक्त नहीं होता ॥ २१ ॥

विभक्त्यन्तेष्वेव वर्णेषु पाणिनिना ते विभक्त्यन्ताः पदमिति गौतमेन च पदसंज्ञाया विहितत्वात् सङ्केतग्रहणेनानुग्रहवशाद्व-र्णेष्वेव पदबुद्धिर्भविष्यति तर्हि सर इत्येतस्मिन् पदे यावन्तो वर्णास्तावन्त एव रस इत्यत्रापि एवं वनं नवं नददीना रामो मारो राजा जारेत्यादिष्वर्थभेदप्रतीतिर्न स्यादिति चेन्न क्रमभेदेन भेदसम्भवात् ।

तदुक्तं तौतातितैः—

यावन्तो यादृशा ये च यदर्थप्रतिपादने ।
वर्णाः प्रज्ञातसामर्थ्यास्ते तथैवावबोधका इति ॥ २२ ॥

[illegible] अनुग्रहवशात् यदि वर्णमें सब पदबुद्धि संघटित होती है, तो 'सर' [illegible] इस पदमें भी तद्वर्ण लक्षित होता है । इसप्रकार वन और [illegible] राजा और जार इत्यादि पदसमूहमें भी अर्थभेद प्रतीति [illegible] । ऐसा नहीं कहसकते क्योंकि, क्रमभेदसे ही सम्भवित होता है, उसीप्रकार, [illegible] के अर्थ प्रतिपादनमें प्रज्ञात सामर्थ्य, वे उसी [illegible] होते हैं । २२ ।

तस्माद्यश्चोभयोः समो दोषो न तेनैकश्चोद्यो भवतीति न्यायात वर्णानामेव वाचकत्वोपपत्तौ नातिरिक्तस्फोटकल्पनाऽवकल्पते इति चेत् तदेतत् काशकुशावलम्बनकल्पनं विकल्पानुपपत्तेः किं वर्णमात्रे पदप्रत्ययावलम्बनं वर्णसमूहे वा । नाद्यः परस्परविलक्षणवर्णमालायामभिन्नं निमित्तं पुष्पेषु विना सूत्रं मालाप्रत्ययवदित्येकं पदमिति प्रतिपत्तेरनुपपत्तेः । नापि द्वितीयः उच्चरितप्रध्वस्तानां वर्णानां समूहभावासम्भवात् । तत्र हि समूहव्यपदेशः । ये पदार्था एकस्मिन् प्रदेशे सहावस्थिततया बहवोऽनुभूयन्ते यथा एकस्मिन् प्रदेशे सहावस्थिततयानुभूयमानेषु धवखदिरपलाशादिषु समूहव्यपदेशः यथा वा गजनरतुरगादिषु न च ते वर्णास्तथानुभूयन्ते उत्पन्नप्रध्वस्तत्वात् । अभिव्यक्तिपक्षेऽपि क्रमेणैवाभिव्यक्तौ समूहासम्भवात् । नापि वर्णेषु काल्पनिकः समूहः कल्पनीयः परस्पराश्रयप्रसङ्गात् ॥ २३ ॥

वर्ण सबका वाचकत्व उपपन्न होनेसे, अतिरिक्त स्फोट कल्पनाकी आवश्यकता नहीं होती, यह बात कहनेसे, पूछना यह है जो वर्णमात्रमें अथवा वर्णसमूहमें यह प्रत्यय अवलम्बित होता है ? सूत्रके विना पुष्पमें जैसे मालाप्रत्यय सम्भव नहीं; उसीप्रकार, परस्पर विलक्षण वर्णमालामें पद प्रतिपत्ति उपपन्न नहीं हो सकती । सुतरां, वर्णमात्रमें पद प्रत्ययका अवलम्बन सम्भव नहीं । और उच्चारित प्रध्वस्तवर्ण सबका समूहभावभी सम्भव होता है । सुतरां, द्वितीयकल्पभी क्योंकर उचित होसकता है । जो सब पदार्थ एकप्रदेशमें एकत्रावस्थानवशात बहुत कहकर अनुभूत होता है, उसी स्थानमें समूह व्यपदेश होता है । जैसे, एकप्रदेशमें एकत्र अवस्थितिसे अनुभूयमान धव, खादिर, पलाशादि वृक्ष सबमें समूह व्यपदेश होता है । अथवा, जैसे गज नर या घोड़ा आदिमे इसप्रकार समूह व्यपदिष्ट होता है । उत्पन्न प्रध्वस्तवशात् ये सब वर्ण तदनुरूप नहीं अनुभूत होते अभिव्यक्तिपक्षमें भी क्रमानुसार अभिव्यक्ति होजानेसे, समूहभाव असम्भवित होता है पुनः वर्णोंमें काल्पनिक समूह भी नहीं किया जासकता । परस्पराश्रयही इसका कारण है ॥ २३ ॥

एकार्थप्रत्यायकत्वसिद्धौ तदुपाधिना वर्णेषु पदत्वप्रतीतिः तत्सिद्धावेकार्थप्रत्यायकत्वासिद्धिरिति । तस्माद्वर्णानां वाचकत्वासम्भ-

वात् स्फोटोऽभ्युपगन्तव्यः। ननु स्फोटवाचकतापक्षेऽपि प्रागुक्तविकल्पप्रसरेण घट्टकुटीप्रभातायितमिति चेत्तदेतन्मनोराज्यविजृम्भणं वैषम्यसम्भवात् ॥ ३४ ॥

एकार्थप्रत्यायकत्व सिद्धिमें उसकी उपाधिद्वारा वर्णोंमें पदत्वप्रतीति होती है । पदत्वप्रतीति होनेसे, एकार्थप्रत्यायकत्व सिद्ध होता है । इसकारण वर्णोंका वाचकत्व असम्भवित होनेसे स्फोट मानना पडता है ॥ ३४ ॥

प्रमाणविपर्य्ययविकल्पनिद्रास्मृतिस्वरूपाणां वृत्तीनामन्तः करणाद्यपरपर्य्यायचित्तधर्मत्वांगीकारात्। कूटस्थनित्या चिच्छक्तिरपरिणामिनी विज्ञानधर्माश्रयो भवितुं नार्हत्येव ॥ ३० ॥

यदि वृत्तियोंके निरोधहीको योग कहना अभिमत होता है, तो कहना यह है—जो वेहीं वृत्तियां साक्षात् ज्ञानस्वरूप और आत्माका आश्रय हैं । अतएव, उनका प्रध्वंस पदवाच्य निरोधभी आश्रय होगा । क्योंकि प्रागभाव और प्रध्वंस दोनोमें प्रतियोगि समानाश्रयत्व नियमसे बद्ध है । सुतरां आत्माकी कूटस्थताका व्याघात करसकताहै इसका उत्तर यह है जो, यह कभी घटनेकी सम्भावना नहीं, इसका कारण यह है कि प्रमाण, विपर्य्यय, विकल्प, निद्रा, स्मृति, स्वरूप, वृत्ति सब अन्तःकरणादि अपर नामसे अभिहित चित्तका धर्म्म प्रकार अंगीकृत होतीहैं । चितशक्ति कूटस्थ नित्या एवं परिणाम विहीना है सुतरां, विज्ञान धर्म्माश्रय होनेकी सम्भावना नहीं ॥ ३० ॥

न च चितिशक्तेरपरिणामित्वमसिद्धमिति मन्तव्यं चितिशक्तिरपरिणामिनी सदा ज्ञातृत्वात् न यदेवं न तदेवं यथा चित्तादि इत्याद्यनुमानसम्भवात् तथा यद्यसौ पुरुषः परिणामी स्यात्तदा परिणामस्य कादाचित्कत्वात्तासां चित्तवृत्तीनां सदाज्ञातृत्वं नोपपद्येत चिद्रूपस्य पुरुषस्य सदैवाधिष्ठातृत्वेनावस्थितस्य यदन्तरंगनिर्मलं सत्त्वं तस्यापि सदैव स्थितत्वात् येन येनार्थेनोपरक्तं भवति तस्य दृश्यस्य सदैव चिच्छायापत्त्या भानोपपत्त्या पुरुषस्य निःसंगत्वं सम्भवतिाततश्च सिद्धं तस्य सदाज्ञातृत्वमिति न काचित् परिणामित्वाशंकावतरति ॥ २१ ॥

चितिशक्तिकी परिणामशून्यता कहकर नहीं, समझाजासकता । क्योंकि, सर्वदा ज्ञातृत्ववशतः चितिशक्ति परिणामविहीन एवं जोजो नहीं है, वहवह नहीं होसकता, जैसे चित्तादि इसप्रकार अनुमान सम्भव होताहै । इसीप्रकार यदि यह पुरुष परिणामी होताहै तो परिणाम का [illegible] इन वृत्तियोंका सदाज्ञातृत्व उपपन्न नहीं होसकता चिद्रूपपुरुष सदा-[illegible] अधिष्ठातारूपसे अवस्थितहैं । उनका जो अन्तरंग निर्म्मलसत्त्व उसका सर्व्वदा अवस्थान [illegible] । यह जिसजिस विषयमें उपरक्त होताहै, उसउस दृश्यका सदाही चित् छाया-[illegible] होतीहै । इसकेद्वारा पुरुषका निःसंगत्व सम्भवित होताहै । तो, सदा [illegible] इसप्रकार किसी परिणामित्वकी आशंकाकी अवतारणा नहीं होसकती २१॥

चित्तं पुनर्येन विषयेणोपरक्तं भवति स विषयो ज्ञातः, यदुपरक्तं नभवति तदज्ञातमिति वस्तुनोऽयस्कान्तमणिकल्पस्य ज्ञानाज्ञानकारणभूतोपरागानुपरागधर्मित्वादयःसधर्मकं चित्तं परिणामि इत्युच्यते ॥ ३२ ॥

चित्त जिस विषयद्वारा उपरक्त होताहै वही उसको ज्ञात होता । जिसमें उपरक्त नही होता वह उसको अविदित रहता,है इसकारण, कहागया है, वस्तुमात्रही अयस्कान्त मणिकी नाईं एवं ज्ञानाज्ञानका कारणस्वरूप उपराग और अनुपराग धर्म्मादि विशिष्ट एवं सधर्म्मक चित्त परिणामीहै ॥ ३२ ॥

ननु चित्तस्येन्द्रियाणां चाहंकारिकाणां सर्वगतत्वात् सर्वविषयैरस्ति सदा सम्बन्धः तथा च सर्वेषां सर्वदा सर्वत्र ज्ञानं प्रसज्येत । सर्वगतत्वेऽपि चित्तं यत्र शरीरे वृत्तिमत् तेन शरीरेण सह सम्बन्धो येषां विषयाणां तेष्वेवास्य ज्ञानं भवति नेतरेष्वित्यतिप्रसंगाभावादत एवायस्कान्तमणिकल्पा विषयाः अयःसधर्मकं चित्तमिन्द्रियप्रणालिकयाभिसम्बध्योपरञ्जयन्ति । तस्माच्चित्तस्य धर्मा वृत्तयो नात्मनः । तथा च श्रुतिः, कामः संकल्पो विचिकित्सा श्रद्धा अश्रद्धा धृतिरधृतिरित्येतत्सर्वं मन एवेति ॥ ३३ ॥

चित्त एवं अहङ्कारिक इन्द्रियसमूह सर्वगत है इसकारण, सब विषयोंके साथ उसका सदा सम्बन्ध रहता है और सबहीका सर्व्वदा सर्व्वत्र ज्ञानप्रसक्त होताहै सर्वगत होनेपरभी चित्त जिस शरीरमें वृत्तियुक्त होताहै । उसी शरीरके साथ सम्बन्ध होता है । जिन सब विषयोंमें सम्बन्ध लक्षित होताहै वही उसका ज्ञान होताहै, अन्यत्र नहीं इसप्रकार अति प्रसंगका अभाव घटता है इसकारण अयस्कान्त मणिसदृश विषय सब लोहेका धर्म्म मनको इन्द्रिय प्रणालिकाकी सहायतासे अभिसम्बन्धसे उपरंजित करता है । इसीकारण वृत्ति सब चित्तका धर्म्महै, आत्माका नहीं और, श्रुतिमें कहा है कि काम, सङ्कल्प, विचिकित्सा, श्रद्धा, अश्रद्धा, धृति, अधृति, ये सब मनही है ॥ ३३ ॥

चिच्छक्तेरपरिणामित्वं पञ्चशिखाचार्य्यैराख्यायि अपरिणामिनी भोक्तृशक्तिरिति पतञ्जलिनापि सदा ज्ञाताश्चित्तवृत्तयस्तत्प्रभोः

पुरुषस्यापरिणामित्वादिति चित्तपरिणामित्वेऽनुमानमुच्यते । चित्तं परिणामि ज्ञाताज्ञातविषयत्वात् श्रोत्रादिवदिति ॥ २४ ॥

चितिशक्तिके अपरिणामित्वकी व्याख्या पञ्चशिखाचार्य्यने किथी है, जैसे, भोक्तृशक्ति अपरिणामिनी है पतञ्जलिनेभी कहा है चित्तवृत्तियां सब सदैव ज्ञाता हैं । उन सबके प्रभु पुरुषका अपरिणामित्वही इसका कारण है, चित्तके परिणामित्व सम्बन्धमें ऐसा अनुमान कहाजाताहै कि श्रोत्रादिकी नाईं ज्ञाताज्ञातविषयत्ववशतः चित्त परिणामी है ॥ २४ ॥

परिणामश्च त्रिविधः प्रसिद्धः धर्मलक्षणावस्थाभेदात् । धर्मिणश्चित्तस्य नीलाद्यालोचनं धर्मपरिणामः । यथा कनकस्य कटकमुकुटकेयूरादिधर्मस्य वर्त्तमानत्वादिर्लक्षणपरिणामः । नीलाद्यालोचनस्य स्फुटत्वादिरवस्थापरिणामः । कनकादेस्तु नवपुराणत्वादिरवस्थापरिणामः । एवमन्यत्रापि यथासम्भवं परिणामत्रितयमूहनीयम् । तथा च प्रमाणादिवृत्तीनां चित्तधर्मत्वात्तन्निरोधोऽपि तदाश्रय एवेति न किञ्चिदनुपपन्नम् ॥ २५ ॥

धर्म्म, लक्षण, और अवस्थाभेदसे परिणाम तीन प्रकारका प्रसिद्ध है । धर्म्मी चित्तके नीलाद्यालोचनका नाम धर्म्मपरिणाम है । जैसे कनकका कटक, मुकुट, और केयूर आदि धर्मका वर्त्तमानत्व आदि लक्षणपरिणाम है और नीलादि आलोचनका स्फुटत्व प्रभृतिको अवस्थापरिणाम कहतेहैं । जैसे, कनक आदिका नया पुराणत्व आदि अवस्था परिणाम है । इस प्रकार, अन्यत्र भी यथासम्भव परिणामत्रय विचारना चाहिये । और प्रमाणादि वृत्तियोंका चित्तधर्मत्ववशतः उनका निरोधभी चित्तका आश्रित है।इस विषयमें कुछ अनुपपत्ति नहीं २५॥

ननु वृत्तिनिरोधो योग इत्यंगीकारे सुषुप्त्यादौ क्षिप्तमूढादिचित्तवृत्तीनां निरोधसम्भवाद्योगत्वप्रसंगः । न चैतद्युज्यते क्षिप्ताद्यवस्थासु क्लेशप्रहाणादेरसम्भवान्निःश्रेयसपरिपन्थित्वाच्च । तथा हि क्षिप्तं नाम तेषु तेषु विषयेषु क्षिप्यमाणमस्थिरं चित्तमुच्यते । तमःसमुद्रे मग्नं निद्रावृत्तिमच्चित्तं मूढमिति गीयते क्षिप्ताद्विशिष्टं चित्तं विक्षिप्तमिति गीयते । विशेषो नाम चञ्चलं हि मनः कृष्णप्रमाथिबलवद्दृढमिति न्यायेनास्थिरस्यापि मनसः [illegible]

स्वाभाविकं व्याध्याद्यनुशयजनितं वा । तदाह व्याधिस्त्यानसंशयप्रमादालस्याविरतिभ्रान्तिदर्शनालब्धभूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्तविक्षेपास्तेऽन्तराया इति । तत्र दोषत्रयवैषम्यनिमित्तो ज्वरादिर्व्याधिः, चित्तस्याकर्मण्यत्वं स्त्यानं विरुद्धकोटिद्वयावगाहि ज्ञानं संशयः समाधिसाधनानामभावनं प्रमादः शरीरवाक्चित्तगुरुत्वादप्रवृत्तिरालस्यं विषयाभिलाषोऽविरतिः अतस्मिंस्तद्बुद्धिर्भ्रान्तिदर्शनं कुतश्चिन्निमित्तात् समाधिभूमेरलाभोऽलब्धभूमिकत्वं लब्धायामपि तस्यां चित्तस्याप्रतिष्ठा अनवस्थितत्वमित्यर्थः। तस्मान्न वृत्तिविरोधो योगपदनिक्षेपमर्हति इति चेन्मैवं वोचः हेयभूतक्षिप्ताद्यवस्थात्रये वृत्तिविरोधस्य हेयत्वसम्भवेऽप्युपादेययोरेकाग्रविरुद्धावस्थयोर्वृत्तिनिरोधस्य योगत्वसम्भवात् एकतानं चित्तमेकाग्रमुच्यते निरुद्धसकलवृत्तिकं संस्कारमात्रशेषं चित्तं निरुद्धमिति भण्यते ॥ २६ ॥

यदि कहो कि, योगशब्दसे, वृत्तिनिरोध, ऐसा अंगीकार करनेसे, सुषुप्त्यादि अवस्थामें क्षिप्त विक्षिप्त मूढ़ आदि चित्तवृत्तियोंका निरोध सम्भववशतः योगत्व प्रसंग होता है । उसका उत्तर यह है कि, यह कभी युक्तिसंगत नहीं होसकता । क्योंकि, क्षिप्तादि अवस्थामें क्लेश महाणादिका असम्भव और निःश्रेयस प्रतिकूलता सर्वदिन होती है । उसीप्रकार, क्षिप्त शब्दसे उस २ विषयमें क्षिप्यमाण अस्थिर चित्त जानपड़ता है । और अन्धकार समुद्भव सत्र निद्रावृत्तियुक्त चित्तको मूढ कहते हैं । इसप्रकार, क्षिप्तसे विशिष्ट चित्तका नाम विक्षिप्त है ।

भूमिके अलाभको अलब्धभूमिकत्व एवं भूमिलब्ध होनेपरभी उसमें चित्तके अप्रतिष्ठाको अनवस्थितत्व कहते हैं। इसकारण वृत्तिनिरोधको योगपक्षमें निक्षेप नहीं कियाजासकता । ऐसा कहनाभी नहीं क्योंकि हेयस्वरूप क्षिप्तादि तीनों अवस्थाओंमें वृत्तिनिरोधका हेयत्व सम्भव होनेपरभी उपादेय एकाग्र और निरुद्धावस्थाके वृत्तिनिरोधका योगत्व होताहै। एकतानाचित्तको 'एकाग्र' कहते है, और जिसकी सबही वृत्ति निरुद्ध हुई हैं, तादृश संस्कार मात्रशेषविशिष्ट चित्तका नाम निरुद्ध है ॥ २६ ॥

स च समाधिर्द्विविधः सम्प्रज्ञातासम्प्रज्ञातभेदात् । तत्रैकाग्रचेतसि यः प्रमाणादिवृत्तीनां बाह्यविषयाणां निरोधः स सम्प्रज्ञातसमाधिः सम्यक् प्रज्ञायतेऽस्मिन् प्रकृतेर्विविक्ततया चित्तमिति व्युत्पत्तेः । स चतुर्विधः सवितर्कादिभेदात् । समाधिर्नामभावना, सा च भाव्यस्य विषयान्तरपरिहारेण चेतसि पुनः पुनर्निवेशनं भाव्यञ्च द्विविधम् ईश्वरस्तत्त्वानि च । तान्यपि द्विविधानि जडाजडभेदात् । जडानि प्रकृतिमहदहंकारादीनि चतुर्विंशतिः अजडः पुरुषः ॥ २७ ॥

समाधि दो प्रकारकी है, सम्प्रज्ञात और असम्प्रज्ञात। उनमें, एकाग्र चित्त होनेमें प्रमाणादि वृत्तिविशिष्ट बाह्यविषयोंका निरोधको सम्प्रज्ञात समाधि कहते हैं। इसमें प्रकृतिकी विविक्तावशतः चित्तको सम्यक्‌रूपसे जाना जाता है, इसप्रकार, व्युत्पत्तिमें इसका नाम 'सम्प्रज्ञात' है। यह सम्प्रज्ञात समाधि सवितर्कादि भेदसे चारप्रकारकी है। समाधि शब्दसे भावना है। विषयान्तर परिहारद्वारा चित्तमें जिस भावका पुनः पुनः निवेशन होता है उसका नाम 'भावना' है, भाव्य दो प्रकारका है ईश्वर और तत्त्वसमूह। तत्त्वसमूहभी और दो प्रकारका जड और अजड। उनमें प्रकृति और अहङ्कारादि २४ तत्व जडशब्द वाच्य हैं। और ईश्वरको अजड वा चैतन्य कहते हैं ॥ २७ ॥

तत्र यदा पृथिव्यादीनि स्थूलानि विषयत्वेनादाय पूर्वापरानुसन्धानेन शब्दार्थोल्लेखसम्भेदेन भावना प्रवर्त्तते स समाधिः सवितर्कः, यदा तन्मात्रान्तःकरणलक्षणं सूक्ष्मं विषयमालम्ब्य देशाद्यवच्छेदेन भावना प्रवर्त्तते तदा सविचारः, यदा रजस्तमोलेशानुविद्धं चित्तं भाव्यते तदा सुखप्रकाशं यस्य सत्त्वस्योद्रेकात् सानन्दः, यदा रजस्तमोलेशानभिभूतं शुद्धं सत्त्वमालम्बनी-

कृत्य या प्रवर्त्तते भावना तदा तस्यां सत्त्वस्य न्यग्भावाच्चितिशक्तेरुद्रेकाच्च सत्त्वमात्रावशेषत्वेन सास्मितः समाधिः वितर्कविचारानन्दास्मितारूपानुगमात् सम्प्रज्ञात इति सर्ववृत्तिनिरोधे त्वसम्प्रज्ञातः समाधिः ॥ ३८ ॥

उनमें जिसमें पृथिवी प्रभृति स्थूलतत्त्व सबको विषयरूपसे ग्रहण करके, पूर्वापरानुसन्धान और शब्दार्थोल्लेख सम्भेदके सहारेसे भावना प्रवर्त्तित होती है, उस समाधिका नाम सवितर्क है । और जिसमें तन्मात्रान्तःकारणरूप सूक्ष्मविषयको अवलम्बन कर, देशादिके अवच्छेदानुसार भावना प्रवृत्त होती है, उसका नाम सविचार समाधिहै । इसप्रकार जिस अवस्थामें रजः और तमोलेशानुविद्ध चित्तभावित होताहै, एवं जिस सत्त्वके उद्रेक वशतः सुखप्रकाश होताहै उसका नाम सानन्दसमाधि है । जिस अवस्थामें रजः और तमोलेशका अनभिभूत शुद्ध सत्त्व अवलम्बन करके, भावना प्रवृत्त हो उसका नाम सास्मिता समाधि है इसप्रकार भावना प्रसंगसे सत्त्वगुणका न्यग्भाव और चितिशक्तिका उद्रेकवशतः सत्त्वमात्र अवशिष्ट होता है । उक्तप्रकार वितर्क, विचार, आनन्द और अस्मिता रूपका अनुगमवशतः सम्प्रज्ञात समाधि कहते हैं । और, सब वृत्तियोंके निरोधमें असम्प्रज्ञात समाधि कहते हैं ॥ ३८ ॥

ननु सर्ववृत्तिनिरोधो योग इत्युक्ते सम्प्रज्ञाते व्याप्तिर्न स्यात् तत्र सत्त्वप्रधानायाः सत्त्वपुरुषान्यताख्यातिलक्षणाया वृत्तेरनिरोधादिति चेत्तदेतद्वार्त्तं क्लेशकर्मविपाकाशयपरिपन्थिचित्तवृत्तिनिरोधो योग इत्यङ्गीकारात् । क्लेशाः पुनः पञ्चधा प्रसिद्धाः अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः ॥ ३९ ॥

सब वृत्तियोंके निरोधका नाम योग है ऐसा कहनेसे सम्प्रज्ञात व्याप्ति दोष नहीं घटता । क्योंकि, उस अवस्थामें सत्त्वप्रधान सत्त्वपुरुषान्यताख्यातिरूपिणी वृत्तिका नाम निरोध नहीं होता । यह बात सर्वथा संगत है । इसका कारण यह है जो, क्लेश, कर्म्म, विपाक, आशय, इन सबके शत्रु चित्तवृत्तिके निरोधका नाम योग है, इसप्रकार अंगीकृत हुआहै, क्लेश पांच प्रकारका है अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष, और अभिनिवेश ॥ ३९ ॥

नन्वविद्येत्यत्र किमाश्रीयते पूर्वपदार्थप्राधान्यम् अमक्षिकं वर्तत इतिवत् उत्तरपदार्थप्राधान्यं वा राजपुरुष इतिवत् अन्यपदार्थप्राधान्यं वा अमक्षिको देश इतिवत् । तत्र न पूर्वः

पूर्वपदार्थप्रधानत्वे अविद्यायां प्रसज्यप्रतिषेधोपपत्तौ क्लेशादि कारकत्वानुपपत्तेः अविद्याशब्दस्य स्त्रीलिंगत्वाभावापत्तेश्च, न द्वितीयः कस्यचिदभावेन विशिष्टाया विद्यायाः क्लेशादि परिपन्थित्वेन तद्बीजत्वानुपपत्तेः, न तृतीयः नञोऽस्त्यर्थानां बहुव्रीहिर्वा चोत्तरपदलोप इति वृत्तिकारवचनानुसारेण अविद्यमाना विद्या यस्या सा अविद्या बुद्धिरिति समाधिसिद्धौ तस्या अविद्यायाः क्लेशादिबीजत्वानुपपत्तेः विवेकख्यातिपूर्वक-सर्ववृत्तिसम्पन्नायास्तस्यास्तथात्वाप्रसङ्गाच्च । उक्तञ्च, अस्मितादीनां क्लेशानामविद्यानिदानत्वम् । अविद्याक्षेत्रत्वमुत्तरेषां प्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदारणमिति । तत्र प्रसुप्तत्वं प्रबोधसहकार्य्यभावेनानभिव्यक्तिः तनुत्वं प्रतिपक्षभावनया शिथिलीकरणविच्छिन्नत्वबलवता क्लेशेनाभिभवः उदारत्वं सहकारिसन्निधिवशात् कार्य्यकारित्वम् । तदुक्तं वाचस्पतिमिश्रेण व्यासभाष्यव्याख्यायाम्

प्रसुप्तास्तत्त्वलीनानां तनुदग्धाश्च योगिनाम् ।
विच्छिन्नोदाररूपाश्च क्लेशा विषयसङ्गिनामिति ॥ ४० ॥

यदि कहो कि, यहां अविद्या शब्दसे किस प्रकार अर्थ जानना चाहिये, अमक्षिक रूपसे वर्त्तमान, इत्यादि तुल्य पूर्वपदार्थप्राधान्य, या राज पुरुष, इत्यादि तुल्य उत्तरपदपदार्थ

विच्छिन्नत्व शब्दसे बलवत् क्लेश करनेको अभिभव एवं उदारत्व शब्दसे सहकारिके सान्निध्यवशात: कार्य्यकारित्व है । वाचस्पतिमिश्रनेभी व्यासभाष्यकी व्याख्यामें इसीप्रकार कहा है ॥ ४० ॥

द्वन्द्ववत् स्वतन्त्रपदार्थद्वयानवगमादुभयपदार्थप्रधानत्वं नाशङ्कितम् । तस्मात् पक्षद्वयेऽपि क्लेशादिनिदानत्वमविद्यायाः प्रसिद्धं हीयेतेति चेत् तदपि न शोभनं विभाति पर्य्युदासशक्तिमाश्रित्याविद्याशब्देन विद्याविरुद्धस्य विपर्य्ययज्ञानस्याभिधानमिति वृद्धैरंगीकारात् ।

तदाह—

नामधात्वर्थयोगे तु नैव नञ् प्रतिषेधकः ।
वदत्यब्राह्मणाधर्मावन्यमात्रविरोधिनाविति ॥
वृद्धप्रयोगगम्या हि शब्दार्थाः सर्व एव नः ।
तेन यत्र प्रयुक्तो यो न तस्मादपनीयत इति च ॥ ४१ ॥

द्वन्द्ववत् स्वतन्त्र दोनों पदार्थोंकी अनवगतिसे उभयपदार्थप्रधानत्व आशङ्कित नहीं होता इसकारण दोनों पक्षहीमें अविद्याको क्लेशनिदानत्वका अपगम (त्याग) होता है । इस प्रकार मतवाद भी संगत नहीं होसकता । क्योंकि वृद्धोंने माना है कि पर्युदास शक्तिआश्रय करके, अविद्याशब्दद्वारा विद्या विरुद्ध विपर्यय ज्ञानका अभिधान होता है । इसीप्रकार कहा है, कि नामधात्वर्थ योगमें नञ् प्रतिषेधक नहीं होता । सब ही पदार्थ वृद्धप्रयोग गम्य है । तत्कर्तृक जिसमें जो प्रयुक्त होता है । उससे नहीं अपनीत होता ॥ ४१ ॥

वाचस्पतिमिश्रैरप्युक्तं लोकाधीनावधारणो हि शब्दार्थयोः सम्बन्धः लोके चोत्तरपदार्थप्रधानस्यापि नञ् उत्तरपदाभिधेयोपमर्दकस्य तद्विरुद्धतया तत्र तत्रोपलब्धेरिहापि तद्विरुद्धे प्रवृत्तिरिति। एतदेवाभिप्रेत्योक्तम् अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्येति । अतस्मिंस्तद्बुद्धिर्विपर्य्ययः इत्युक्तं भवति । तद्यथा अनित्ये घटादौ नित्यत्वाभिमानः अशुचौ काय्यादौ शुचित्वप्रत्ययः ॥ ४२ ॥

होताहै तद्विरुद्धताद्वारा उस २ स्थानमें उसकी उपलब्धिही इसका कारण है यहांभी उसकें विरुद्धमें प्रवर्तना हुईहै, इत्यादि । इस प्रकार अभिप्रायही कहा है अनित्य, अशुचि, दुःख और अनात्मवस्तुमें नित्य, शुचि, सुख और आत्मख्यातिका नाम अविद्या है पुनः कहाहै अतत्वमें तत्वबुद्धिका नाम विपर्यय है जैसे अनित्य घटादिमें नित्यत्वका अभिमान, एवं अशुचि कायादिमें शुचित्व प्रत्यय ॥ ४२ ॥

स्थानाद्बीजादवष्टम्भान्निःष्यन्दान्निधनादपि ।
कायमाधेयशौचत्वात् पण्डिता ह्यशुचिं विदुरिति ॥

परिणामतापसंस्कारैर्गुणवृत्तिनिरोधाच्च दुःखमेव सर्वं विवेकिन इति न्यायेन दुःखे स्रक्चन्दनवनितादौ सुखत्वारोपः अनात्मनि देहादावात्मबुद्धिः ।

तदुक्तम्—
अनात्मनि च देहादावात्मबुद्धिस्तु देहिनाम् ।
अविद्या तत्कृतो बन्धस्तन्नाशे मोक्ष उच्यत इति ॥ ४३ ॥

परिणामतापसंस्कार द्वारा गुणवृत्तिका निरोधप्रयुक्त, विवेकपक्षमें सबही दुःख इत्यादि न्यायानुसार, माला, चन्द्रमा, नवनीत आदिरूप दुःखमें सुखत्वका आरोप और अनात्मदेहादिमें आत्मबुद्धि उपस्थित होती है । इसीप्रकार कहा है, अनात्मदेहादिमें देहिगणकी जो आत्मबुद्धि, इसका नाम अविद्या है । इस अविद्याद्वारा जो बंधन संघटन होता है । उसके नाशकोही मोक्ष कहते हैं ॥ ४३ ॥

एवमियमविद्या चतुष्पादा भवति । नन्वेतेष्वविद्याविशेषेषु किञ्चिदनुगतं सामान्यलक्षणं वर्णनीयम् अन्यथा विशेषस्यासिद्धेः ।

तथाचोक्तं भट्टाचार्य्यैः—
सामान्यलक्षणं त्यक्त्वा विशेषस्यैव लक्षणम् ।
न शक्यं केवलं वक्तुमेवोऽप्यस्य न वाच्यतेति ॥ ४४ ॥

इसप्रकार यह अविद्या चतुष्पादयुक्त होती है । उल्लिखित अविद्यासम्बन्ध चतुष्पादका कुछ सामान्य लक्षण वर्णन करना कर्तव्य है । सामान्यलक्षण वर्णन नहीं करनेसे, विशेषकी असिद्धि होती है, इसीप्रकार, भट्टाचार्यने कहा है, सामान्यलक्षण छोडकर, विशेषका लक्षण केवल कहने करना सम्भव नहीं है ॥ ४४ ॥

तदपि न वाच्यमनस्मिंस्तद्बुद्धिरिति समान्यलक्षणाभिधानसम्भवात् ॥ ४५ ॥

यह बात नहीं कहसकते हो । क्योंकि, अवस्तुमें वस्तु बुद्धि, इत्यादि सामान्यलक्षण निर्देश करनेहीसे उसका उत्तर दियागया है ॥ ४५ ॥

सत्त्वपुरुषयोरहमस्मीत्येकताभिमानोऽस्मिता । तदप्युक्तं, दृक्-दर्शनशक्त्योरेकात्मत्वाभिमानोऽस्मितेति ॥ ४६ ॥

सत्व और पुरुष, इन दोनोंका 'अहमस्मि, अर्थात् मैं हूँ ऐसा एकता अभिमानको अस्मिता कहते हैं । इसीप्रकार, कहाहै, दृक् और दर्शनशक्ति, दोनोंके एकताभिमानका नाम अस्मिता है ॥ ४६ ॥

सुखाभिज्ञस्य सुखानुस्मृतिपूर्वकः सुखसाधनेषु तृष्णारूपो गर्द्धो रागः ॥ ४७ ॥

सुखाभिज्ञके सुखसाधनसमूहमें सुखानुस्मृतिपूर्वक तृष्णारूप गृध्नुताका नाम राग है ४७ ॥

दुःखज्ञस्य तदनुस्मृतिपुरःसरन्तत्साधनेषु निन्दा द्वेषः । तदुक्तं, सुखानुशयी रागः दुःखानुशयी द्वेष इति । किमत्रानुशयिशब्दे ताच्छील्यार्थे णिनिरिनिर्वा मत्वर्थो योऽभिमतः नाद्यः सुप्यजातौ णिनिस्ताच्छील्य इत्यत्र सुपीति वर्त्तमाने पुनः सुब्ग्रहणस्य उपसर्गनिवृत्त्यर्थत्वेन सोपसर्गाद्धातोर्णिनेरनुत्पत्तेः यथाकथञ्चि-दंगीकारेऽपि अचोऽञ्णितीति वृद्धिप्रसक्तावतिशाय्यादिपदवद-नुशायिपदस्य प्रयोगप्रसंगात् । न द्वितीयः ।
एकाक्षरात् कृतो जातेः सप्तम्याञ्च न तौ स्मृताविति ।
तत्प्रतिषेधादत्र चानुशयशब्दस्याजन्तत्वेन कृदन्तत्वात् ।
तस्मादनुशयिशब्दो दुरुपपाद इति चेत् नैतद्भद्रं भावानवबो-धात् प्रायिकाभिप्रायमिदं वचनम् । अतएवोक्तं वृत्तिकारेण-
इतिकरणो विवक्षार्थः सर्वत्राभिसम्बध्यत इति ।
तेन क्वचिद्भवति कार्य्यं कार्यिकस्तण्डुली तण्डुलिक इति ।
तथाच कृदन्तात् जातेश्च प्रतिषेधस्य प्रायिकत्वं अनुशयश-ब्दस्य कृदन्ततया इनेरुपपत्तिरिति सिद्धम् ॥ ४८ ॥

णिनि या इनि प्रत्यय करके, यह अनुशयी शब्द निष्पन्न हुआ है इसका उत्तर यहहै जो, ताच्छील्यार्थमें णिनि प्रत्यय होता नहीं क्योंकि. 'सुप्यजातौ णिनि ताच्छील्ये' इत्यादि सूत्रानुसार सुप् वर्त्तमानमें पुनः सुप् ग्रहण करनेसे उपसर्ग निवृत्त्यर्थत्व घटता है । इसलिये उपसर्गसहित धातुके उत्तर णिनिकी अनुत्पत्ति होती है । जिस किसीप्रकार अङ्गीकार करनेपरभी अचोऽञ्णिति इत्यादि सूत्रानुसार वृद्धिप्रसक्ति घटती है । उसमें अतिशायी प्रभृति पदकी नाईं अनुशयि पदका प्रयोग प्रसंग उपस्थित होता है । द्वितीयपक्षभी सङ्गत नहीं । क्योंकि अनुशय शब्द अजन्त कहकर कृदन्त है । तब अनुशयि शब्द साधन करना दुःसाध्य है । इसप्रकार समझनाभी प्रशस्तकल्प नहीं । क्योंकि, भावके अनवरोधवशतः यह वचन प्रायिकाभिप्राय है । इसीकारण वृत्तिकारने कहा है कि इतिकरण विवक्षार्थका सर्वत्रही सम्बन्ध है । वृत्तिकारके इस वचनके अनुसार कहीं कार्य्यास्थलमें कार्यिक, एवं तण्डुली स्थलमें तण्डुलिक होता है इत्यादि नियमसे अनुशयि शब्द कृदन्त कहकर इनिप्रत्ययकी उपपत्ति सिद्ध हुई ॥ ४८ ॥

पूर्वजन्मानुभूतमरणदुःखानुभववासनाबलात् सर्वस्य प्राणभृन्मात्रस्याकृमेरा च विदुषः सञ्जायमानः शरीरविषयादेर्मम वियोगो मा भूदिति प्रत्यहं निमित्तं विना प्रवर्त्तमानो भयरूपोऽभिनिवेशः पञ्चमः क्लेशः । मा च भूवं हि भूयासमिति प्रार्थनायाः प्रत्यात्मप्रतुभवसिद्धत्वात् । तदाह स्वरसवाही विदुषोऽपि तथारूढोऽभिनिवेश इति । ते चाविद्यादयः पञ्च सांसारिकविविधदुःखोपहारहेतुत्वेन पुरुषं क्लिश्नन्तीति क्लेशाः प्रसिद्धाः ॥ ४९ ॥

पूर्वजन्मानुभूत मरणदुःखका अनुभव वासनावलसे कृमिसे विद्वान् पर्य्यन्त प्रत्येक प्राणीहीका प्रतिदिन विना निमित्त भी, मेरा शरीरविषयादिका जिससे वियोग न हो, इसप्रकार प्रवर्त्तमान भयरूप 'अभिनिवेश' उत्पन्न होता है । यही पांचवां क्लेश है । उक्तप्रकार प्रार्थना प्रत्येक आत्मामेंही अनुभव सिद्ध है । ये अविद्या आदि पांचपदार्थ सांसारिक अनेक प्रकार दुःखोपहारका कारण कहकर पुरुषको क्लेश देता है; इसीकारण क्लेश शब्दसे प्रसिद्ध है ॥ ४९ ॥

कर्माणि विहितप्रतिषिद्धरूपाणि ज्योतिष्टोमब्रह्महत्यादीनि विपाकाः कर्मफलानि जात्यायुर्भोगाः आफलविपाकाच्चित्तभूमौ शेरत इत्याशयाः धर्माधर्मसंस्काराः तत्परिपन्थिचित्तवृत्तिनिरोधो योगः निरोधो नाभावमात्रमभिमतं तस्य तुच्छत्वेन भावरूपत्वेनाननुगतत्वासम्भवात् किन्तु तदाश्रयो मधुमतीमधु-

प्रतीकाविशोकासंस्कारशेषताव्यपदेश्यः चित्तस्यावस्थाविशेषः निरुध्यन्तेऽस्मिन् प्रमाणाद्याश्चित्तवृत्तय इति व्युत्पत्तेरुपपत्तेः॥५०॥

कर्म्म शब्दसे विहित और प्रतिषिद्ध स्वरूप जैसे, ज्योतिष्टोम और ब्रह्महत्या आदि विपाक शब्दसे कर्म्मफल। जैसे, जाति और आयुर्भोग। फलविपाक पर्य्यन्त चित्तभूमिमें शयन अर्थात् अवस्थिति करता है, इस अर्थमें आशय है। जैसे, धर्म्माधर्म्म संस्कार इनका प्रतिकूल चित्तवृत्ति समूहके निरोधको योग कहते हैं। निरोधशब्दसे अभाव मात्र अभिमत नहीं। क्योंकि, वह तुच्छ कहकर, चित्तभावरूप संस्कार जननमें उसका क्षमत्व सम्भव नहीं होता। किन्तु मधुमती प्रभृति नामक अवस्था विशेष उसके आश्रित हैं। क्योंकि प्रमाण आदि चित्तवृत्तिसमूह इसमें निरुद्ध होता है इसप्रकार व्युत्पत्तिकी उपपत्तिही इसका हेतु ५०

अभ्यासवैराग्याभ्यां वृत्तिनिरोधः तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः। प्रकाशप्रवृत्तिरूपवृत्तिरहितस्य चित्तस्य स्वरूपनिष्ठः परिणामविशेषः स्थितिः। तन्निमित्तीकृत्य यत्नः पुनः पुनस्तथात्वेन चेतसि निवेशनमभ्यासः। चर्मणि द्वीपिनं हन्तीतिवन्निमित्तार्थेयं सप्तमीत्युक्तं भवति॥५१॥

अभ्यास और वैराग्य, इन दो उपायोंसे वृत्तियोंका निरोध होता है उनमें स्थित यत्नका नाम अभ्यास है। प्रकाशप्रवृत्तिरूपवृत्ति रहित चित्तके स्वरूप निष्ठ परिणाम विशेषका नाम स्थिति है। इसको निमित्त करके यत्न अर्थात् पुनः पुनः उस अवस्थामें चित्तमें निवेशनका नाम अभ्यास है। यहां चर्म्मणि अर्थात् चर्म्मके लिये द्वीपिका मारना इत्यादि तुल्य निमित्तार्थमें सप्तमी विभक्ति इसप्रकार कहा गया है॥ ५१॥

दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णस्य वशीकारसंज्ञा वैराग्यम्। ऐहिकपारत्रिकविषयादौ दोषदर्शनान्निरभिलाषस्य ममैते विषया वश्याः नाहमेतेषां वश्य इति विमर्शो वैराग्यमित्युक्तं भवति॥५२॥

दृष्टानुश्रविक विषयमें तृष्णारहितका वशीकार संज्ञाका नाम वैराग्य है। ऐहिक पारलौकिक विषयादिमें दोषदर्शनकरके अभिलाषाशून्य पुरुष, ये सब विषय मेरे वश्य हैं मैं जिससे इनके वशीभूत न होऊं, इसप्रकार जो विमर्श करना है उसीको वैराग्य कहते हैं॥५२

समाधिपरिपन्थिक्लेशतनूकरणार्थं समाधिलाभार्थञ्च प्रथमं क्रियायोगविधानपरेण योगिना भवितव्यं क्रियायोगसम्पादने अभ्यासवैराग्ययोः सम्भवात्। तदुक्तं भगवता—

आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते ।
योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते इति ॥ ५३ ॥

समाधिके प्रतिकूल क्लेशोंका तनू छोटा करना और समाधिलाभ इन दोनों प्रकारके व्यापार विधानके लिये योगी व्यक्ति पहिले क्रियायोग विधानमें तत्पर होंगे । क्योंकि क्रियायोग सम्पादनमें अभ्यास और वैराग्य दोनोंहीका सम्भव होता है । भगवान्ने सो कहा है । जैसे योगारोहणमें अभिलाषी मुनिका कर्म्मही कारणरूपसे कथित होता है । एवं योगमें आरूढ होनेपर शमही कारणत्वरूप परिगणित होता है ॥ ५३ ॥

क्रियायोगश्चोपदिष्टः पतञ्जलिना—तपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोग इति । तपःस्वरूपं निरूपितं याज्ञवल्क्येन ।
विधिनोक्तेन मार्गेण कृच्छ्रचान्द्रायणादिभिः ।
शरीरशोषणं प्राहुस्तपसां तप उत्तममिति ॥ ५४ ॥

पतञ्जलिने क्रियायोग उपदेश कियाहै। जैसे तपः स्वाध्यायान्त ईश्वर प्रणिधान इन सबका नाम क्रियायोग है । याज्ञवल्क्यने तपस्याका स्वरूप निरूपण किया है । जैसे विधि विहित मार्गानुसार कृच्छ्र चान्द्रायण अनुष्ठानपूर्वक शरीरके शोषण करनेको तपोंमें श्रेष्ठ तप कहा है ॥ ५४ ॥

प्रणवगायित्रीप्रभृतीनामध्ययनं स्वाध्याय इति । ते च मन्त्रा द्विविधाः वैदिकास्तान्त्रिकाश्च । वैदिकाश्च द्विविधाः प्रगीता अप्रगीताश्च । तत्र प्रगीताः सामानि, अप्रगीताश्च द्विविधाः छन्दोबद्धास्तद्विलक्षणाश्च । तत्र प्रथमा ऋचः द्वितीया यजूंषि। तदुक्तं जैमिनिना—तेषामृग् यत्रार्थवशेन पादव्यवस्था गीतिषु सामाख्या शेषे यजुःशब्द इति ॥ ५५ ॥

प्रणव गायत्री इत्यादिके अध्ययनको स्वाध्याय कहते हैं। ये सब मंत्र दो प्रकारकाहै. वैदिक और तान्त्रिक, वैदिकमन्त्र और भी दो प्रकारका है प्रगीत और अप्रगीत उनमें साम मन्त्रको प्रगीत कहते हैं । अप्रगीत मन्त्र दो प्रकारका छन्दोबद्ध तद्विलक्षण उनमें ऋक् सब छन्दोबद्ध और यजुः सब इनके विलक्षण है ॥ ५५ ॥

तन्त्रेषु कामिकवातुलनरपञ्चरात्रागमेषु ये ये वर्णितास्ते तान्त्रिकाः ॥ ते पुनर्मन्त्रास्त्रिविधाः स्त्रीपुंनपुंसकभेदात्तत्राह—
स्त्रीपुंनपुंसकत्वेन त्रिविधा मन्त्रजातयः ।

स्त्रीमन्त्रा वह्निजायान्ता नमोऽन्ताः स्युर्नपुंसकाः ।
शेषाः पुमांसस्ते शस्ताः सिद्धा वश्यादिकर्मणीति ॥ ५६ ॥

तन्त्र सब अर्थात् कामिक कारण सपश्चादिआगम समूहमें जो जो मन्त्र वर्णित हुआ है, उसका नाम तान्त्रिक है । तान्त्रिक मन्त्र सब तीन प्रकारका । जैसे, स्त्रीमन्त्र, पुंमन्त्र और नपुंसकमंत्र हैं उनमें स्वाहान्तमन्त्रोंको स्त्रीमन्त्र, नमोन्त मन्त्रोंको नपुंसकमंत्र एवं अवशिष्ट मंत्रोंको पुंमन्त्र कहते हैं । वश्य आदि कार्य्यमें पुंमन्त्र सब प्रशस्त हैं । ये सब मन्त्रही सिद्ध हैं ॥ ५६ ॥

स्नापनादिसंस्काराभावेऽपि निरस्तसमस्तदोषत्वेन सिद्धिहेतुत्वात् सिद्धत्वम् । स च संस्कारो दशविधः कथितः शारदातिलके ॥ ५७ ॥

स्नापनादि संस्कारके अभावमें भी सब दोष विनर्जित और इसकारण सिद्धिका हेतु होता है । इसकारण सिद्ध उल्लिखित संस्कार दश प्रकारका है । शारदा तिलकमें से कहा है । जैसे ॥ ५७ ॥

मन्त्राणां दश कथ्यन्ते संस्काराः सिद्धिदायिनः ।
निर्दोषतां प्रयान्त्याशु ते मन्त्राः साधु संस्कृताः ॥ ५८ ॥

मन्त्र सब दशप्रकारका संस्कार कहा गया है उस २ संस्कार मात्रही सिद्धिसाधन करता है । मन्त्र सब सम्यग् विधानसे संस्कृत होनेपर, आशु निर्दोष होता है ॥ ५८ ॥

जननं जीवनश्चैव ताडनं बोधनं तथा ।
अभिषेकोऽथ विमलीकरणाप्यायने पुनः ॥ ५९ ॥

जनन, जीवन, ताडन, बोधन, अभिषेक, विमलीकरण, आप्यायन हैं ॥ ५९ ॥

तर्पणं दीपनं गुप्तिर्दशैता मन्त्रसंस्क्रियाः ॥ ६० ॥

तर्पण, दीपन, गुप्ति, ये दशमन्त्रसंस्कार हैं ॥ ६० ॥

मन्त्राणां मातृकावर्णादुद्धारो जननं स्मृतम् ।
प्रणवान्तरितान् कृत्वा मन्त्रवर्णान् जपेत् सुधीः ॥ ६१ ॥

उनमें मातृकावर्णसे मन्त्र सबका उद्धार करनेको 'जनन' कहते हैं । आर्नीपुरुषको मन्त्र वर्ण सबको प्रणवान्तरितकरके जप करना चाहिये ॥ ६१ ॥

मन्त्रार्णसंख्यया तद्धि जीवनं संप्रचक्षते ।
मन्त्रवर्णान् समालिख्य ताडयेच्चन्दनाम्भसा ॥ ६२ ॥

मन्त्रवर्णका संख्याक्रमसे जप करनेको जीवन कहते हैं । मन्त्रवर्ण सब सम्यक् रूपसे लिखकर चन्दनजलमें ताडित करना ॥ ६२ ॥

प्रत्येकं वायुबीजेन ताडनं तदुदाहृतम् ॥
विलिख्य मन्त्रवर्णांस्तु प्रसूनैः करवीरजैः ॥ ६३ ॥

प्रत्येक वर्णको वायुबीज सहायसे इसप्रकार तानड करनेको ताडन कहते हैं । मन्त्रवर्ण सब विशेषरूपसे लिखकर जितने मंत्रवर्ण हों उतनेही कणेरके फूलोंसे ॥ ६३ ॥

मन्त्राक्षरेण संख्यातैर्हन्यात्तद्बोधनं मतम् ॥
स्वतन्त्रोक्तविधानेन मन्त्री मन्त्रार्णसंख्यया ॥ ६४ ॥

हननकरनेको बोधन कहते हैं । स्वतन्त्रोक्त प्रकारसे मन्त्रवर्ण संख्यानुसार परिगृहीत होता है ॥ ६४ ॥

अश्वत्थपल्लवैर्मन्त्रमभिषिञ्चेद्विशुद्धये ॥
सञ्चिन्त्य मनसा मन्त्रं ज्योतिर्मन्त्रेण निर्दहेत् ॥ ६५ ॥
मन्त्रे मलत्रयं मन्त्री विमलीकरणं हि तत् ॥
तारव्योमाग्निमनुयुक् ज्योतिर्मन्त्र उदाहृतः ॥ ६६ ॥

अश्वत्थ (पीपल) पत्रद्वारा विशुद्धिके निमित्त मंत्रको अभिषिक्त करना चाहिये, इसीका नाम अभिषेक है । मनहीमन विचारकर ज्योतिर्मंत्रसे तीनों मल निर्दहन करना चाहिये, इसीका नाम विमलीकरण है । जो ' तारव्योम ' अग्निसे युक्त उसका नाम ज्योतिर्मन्त्र है ॥ ६५ ॥ ६६ ॥

कुशोदकेन जप्तेन प्रत्यर्णं प्रोक्षणं मनोः ।
वारिबीजेन विधिवदेतदाप्यायनं मतम् ॥ ६७ ॥

जप करके कुशोदकद्वारा मन्त्रके प्रत्येक वर्णको प्रोक्षित करना चाहिये । वारिबीजसे यथाविधि इसप्रकार करनेका नाम आप्यायन है ॥ ६७ ॥

मन्त्रेण वारिणा मन्त्रे तर्पणं तर्पणं स्मृतम् ॥
तारमायारमायोगो मनोर्दीपनमुच्यते ॥ ६८ ॥

[illegible] मन्त्रके तर्पण करनेका नाम 'तर्पण' है मन्त्रसे तार [illegible] योग करनेका नाम 'दीपन' है ॥ ६८ ॥

जप्यमानस्य मन्त्रस्य गोपनं त्वप्रकाशनम् ॥
संस्काराः दश मन्त्राणां सर्वतन्त्रेषु गोपिताः ॥ ६९ ॥

जप्यमान मन्त्रका गोपन करनेको अप्रकाशन कहते हैं। मन्त्रोंके ये १० संस्कार सब तन्त्रोंमें गोपित हुए हैं ॥ ६९ ॥

यत्कृत्वा सम्प्रदायेन मन्त्री वाञ्छितमश्नुते ॥
रुद्धकीलितविच्छिन्नसुप्तशप्तादयोऽपि च।
मन्त्रदोषाः प्रणश्यन्ति संस्कारैरेभिरुत्तमैरिति ॥ ७० ॥

सम्प्रदायानुसार इन सबका अनुष्ठान करनेसे, मन्त्री वाञ्छित फल भोग करता है। इन सब उत्कृष्टमन्त्रोंसे संस्कृत होनेपर, रुद्ध, कीलित (कीलकिया हुआ) विच्छिन्न, सुप्त और शप्तआदि मन्त्रदोष सब विनष्ट होते हैं ॥ ७० ॥

तदलमकाण्डताण्डवकल्पेन मन्त्रशास्त्ररहस्योद्घोपणेन ७१॥

अकाण्ड ताण्डवकी नाईं अर्थात् अनवसर (बेवक्त) नाचकरानेकी नाईं मन्त्रशास्त्रोंमें सबके रहस्य (छिपे हुए) भेदोंका अधिक प्रकटकरनेकी आवश्यकता नहीं ॥ ७१ ॥

ईश्वरप्रणिधानं नामाभिहितानामनभिहितानाञ्च सर्वासां क्रियाणां परमेश्वरे परमगुरौ फलानपेक्षया समर्पणम्।

अत्रेदमुक्तम्—

कामतोऽकामतो वापि यत्करोमि शुभाशुभम्।
तत्सर्वं त्वयि विन्यस्तं त्वत्प्रयुक्तः करोम्यहमिति ॥ ७२ ॥

निष्कामहोकर, अभिहित और अनभिहित सबही क्रियाओंको परमगुरु परमेश्वरके समर्पण करनेका नाम ईश्वर प्रणिधान है। यहां इससे कहा गया है कि, मैं कामतः (इच्छासे) या अकामतः (विना इच्छा) शुभाशुभ जो करता हूं, सबको तुम्हारे अर्पण किया। निष्कारण मैंने तुमसे प्रेरित होकर कियाहै ॥ ७२ ॥

क्रियाफलसन्न्यासोऽपि भक्तिविशेषापरपर्य्यायं प्रणिधानमेव फलाभिसन्धानेन कर्मकरणात् तथाच गीयते गीतासु भगवता।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणीति ॥ ७३ ॥

जिसका दूसरा नाम भक्तिविशेष है, क्रियाफल सन्यासभी यही प्रणिधानका एक प्रकार है। और भगवानने स्वयं गीतामें कहा है, तुम्हें कर्मकेही लिये अधिकार है, कर्मफलमें कभी नहीं। तुम कर्मफलका कारणभूत न होओ ॥ ७३ ॥

फलाभिसन्धेरनपवानकत्वमभिहितं भगवद्भिर्नीलकण्ठभारतीश्रीचरणैः।

अपि प्रयत्नसम्पन्नं कामेनोपहतं तपः ।
न तुष्टये महेशस्य श्वलीढमिव पायसमिति ॥ ७४ ॥

भगवान् नीलकण्ठ भारती श्रीचरणनेभी फलाभिसन्धिका उपघातकत्व निर्देश किया है । जैसे प्रयत्नसम्पन्न तपस्याभी कामनासे नष्ट होनेपर, कुत्तेका चाटा, पायसकी नाईं महेश्वरकी तुष्टि सम्पादन नहीं करता ॥ ७४ ॥

सा च तपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानात्मिका क्रिया योगसाधनत्वाद्योग इति ।शुद्धसारोपलक्षणावृत्त्याश्रयणेन निरूप्यते यथा- युर्घृतमिति । शुद्धसारोपलक्षणा नाम लक्षणाप्रभेदः मुख्यार्थबाधतद्योगाभ्यामर्थान्तरप्रतिपादनं लक्षणा । सा द्विविधा रूढिमूला प्रयोजनमूला च तदुक्तं काव्यप्रकाशे ।

मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात् ।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रियेति ॥७५॥

ये तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधानरूप क्रियायोग साधन करता है, इसकारण योग नामसे कहागया है शुद्धसार उपलक्षणवृत्तिके अवलम्बन करके यह निरूपण किया गया है । शुद्धसारोपलक्षणाशब्दसे लक्षण प्रभेद मुख्यार्थका बाध और तद्योग, इन दोनोंकेद्वारा अर्थान्तर प्रतिपादन करनेका नाम लक्षणा यह लक्षणा दो प्रकारकी है जैसे रूढिमूला और प्रयोजनमूला काव्यप्रकाशमें भी इसप्रकार कहा है ॥ ७५ ॥

तच्छब्देन लक्ष्यत इत्याख्याते गुणीभूतं प्रतिपादनमात्रं परामृश्यते । सा लक्षणेति प्रतिनिर्दिश्यमानापेक्षया तच्छब्दस्य स्त्रीलिंगत्वोपपत्तिः तदुक्तं कैयटैः । निर्दिश्यमानप्रतिनिर्दिश्यमानयोरैक्यमापादयन्ति सर्वनामानि पर्य्यायेण तत्तल्लिंगमुपाददत इति ॥ ७६ ॥

तत् शब्दसे जो लक्ष्य कियाजाता है ऐसा कहनेसे गुणीभूत प्रतिपादनमात्र परामृष्ट होता है । वही लक्षणा इत्यादि विधानसे प्रतिनिर्दिश्यमानापेक्षामें तत् शब्दका स्त्रीलिंगत्व हुआ है ऐसाही कैयटने भी कहा है, जैसे सर्वनाम सब निर्दिश्यमान और प्रतिनिर्दिश्यमान होनेसे एकता उत्पादित कर पर्यायकरके तत्तल्लिंग समादित करता है ॥ ७६ ॥

तत्र कर्मणि कुशल इत्यादिरूढिलक्षणाया उदाहरणं कुशान् लातीति व्युत्पत्त्या दर्भादानकर्तरि यौगिकं कुशलपदं विवेच-

कत्वसारूप्यात् प्रवीणे प्रवर्त्तमानम् अनादिवृद्धव्यवहारपरम्परानुपातित्वेनाभिधानवत् प्रयोजनमनपेक्ष्य प्रवर्त्तते । तदाह, निरूढालक्षणाः काश्चित् सामर्थ्यादभिधानवदिति ॥ ७७ ॥

उनमें कर्म्ममें कुशल इत्यादि रूढिलक्षणाका उदाहरण और कुशल शब्दका उत्तर ग्रहण शब्दार्थ ला धातु योगकरके कुशलशब्द निष्पन्न हुआ है। इसका अर्थ दर्भादान कर्त्ता है। इस दर्भादान कर्त्तामें यौगिक कुशल शब्द विवेचकत्व सारूप्यवशतः प्रवीणमें प्रवर्त्तमान रहा है एवं अनादि वृद्धि नहीं करके प्रचलित होता है। उसीप्रकार कहाहै, कोई २ निरूढा लक्षणा सामर्थ्यवशतः अभिधानकी नाई ॥ ७७ ॥

तस्मात् रूढिलक्षणायाः प्रयोजनापेक्षा नास्ति । यद्यपि प्रयुक्तः शब्दः प्रथमे मुख्यार्थं प्रतिपादयति तेनार्थेनार्थान्तरं लक्ष्यत इति अर्थधर्मोऽयं लक्षणा तथापि तत्प्रतिपादके शब्दे समारोपितः सन् शब्दव्यापार इति व्यपदिश्यते । एतदेवाभिप्रेत्योक्तं लक्षणारोपिता क्रियेति ॥ ७८ ॥

उसीप्रकार, रूढिलक्षणाका प्रयोजनापेक्षा नहीं । यद्यपि प्रयुक्त शब्द पहिले मुख्यार्थ प्रतिपादन करता है, उसी अर्थद्वाराही अर्थान्तर लक्षित होता है, इसप्रकार अर्थधर्मही लक्षणा, तथापि, तत् प्रतिपादकशब्दमें शब्दव्यापार समारोपित होता है; इसप्रकार व्यपदिष्ट होता है। इसी अभिप्रायसे काव्यप्रकाशमें कहा है, " लक्षणारोपिता क्रिया " इत्यादि ॥ ७८ ॥

प्रयोजनलक्षणा तु षड्विधा उपादानलक्षणा लक्षणलक्षणा गौणसारोपा गौणसाध्यवसाना शुद्धसारोपा शुद्धसाध्यवसाना चेति । कुन्ताः प्रविशन्ति मञ्चाः क्रोशन्ति गौर्वाहीकः गौरयं आयुर्घृतं आयुरेवेदमिति यथाक्रममुदाहरणानि द्रष्टव्यानि ।

तदुक्तम्-

स्वसिद्धये पराक्षेपः परार्थं स्वसमर्पणम् ।
उपादानं लक्षणं चेत्युक्ता शुद्धैव सा द्विधा ।
सारोपान्या तु यत्रोक्तौ विषयी विषयस्तथा ।
विषय्यन्तः कृतेऽन्यस्मिन् सा स्यात् साध्यवसानिका ।
भेदाविमौ च सादृश्यात् सम्बन्धान्तरतस्तथा ।

गौणौ शुद्धौ च विज्ञेयौ लक्षणा तेन षड्विधेति ॥
तदलं काव्यमीमांसामर्मनिर्मन्थनेन ॥ ७९ ॥

प्रयोजनलक्षणा ६ प्रकारकी जैसे उपादान, लक्षण, गौण सारोपा, गौणसाध्यवसाना, एवं शुद्धसाध्यवसाना । यथाक्रमसे उदाहरण, जैसे, कुन्त सब प्रवेश करता है मञ्च सब क्रोशन करता है । गोवाहीक, यहगौ, इत्यादि । काव्यमीमांसाके मर्म्मके निर्मन्थसे और प्रयोजन नहीं ॥ ७९ ॥

स च योगो यमादिभेदवशादष्टांग इति निर्दिष्टः । तत्र यमा अहिंसादयः । तदाह पतञ्जलिः, अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्य्यापरिग्रहा यमा इति । नियमाः शौचादयः । तदप्याह, शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमा इति ॥ ८० ॥

यह योग यमादिभेदवशतः अष्टांग इसप्रकार निर्दिष्ट हुआ है. उनमें अहिंसा आदिका नाम यम है । पतञ्जलिने कहा है, अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य्य और अपरिग्रह, इनका नाम यम है, शौचादिका नाम नियम है. सोभी कहा है शौच, सन्तोष, तपः, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणि-धान, इनका नाम नियम है ॥ ८० ॥

एते च यमनियमा विष्णुपुराणे दर्शिताः—
ब्रह्मचर्य्यमहिंसां च सत्यास्तेयापरिग्रहान् ।
सेवेत योगी निष्कामो योग्यतां स्वं मनो नयन् ॥ ८१ ॥

विष्णुपुराणमें इतिलिखित यम नियम प्रदर्शित हुए हैं जैसे ब्रह्मचर्य्य, अहिंसा, सत्य, अस्तेय अपरिग्रह. ये यमनियम योगी निष्काम सेवन करे ॥ ८१ ॥

स्वाध्यायशौचसन्तोषतपांसि नियमात्मवान् ।
कुर्वीत ब्रह्मणि परं परस्मिन् प्रवणं मनः ॥ ८२ ॥

एवं नियमात्मवान् होकर स्वाध्याय, शौच, सन्तोष और तपस्या एवं परब्रह्म मनः संनि-धान करे ॥ ८२ ॥

एते यमाः सनियमाः पञ्च पञ्च प्रकीर्तिताः ।
विशिष्टफलदाः कामे निष्कामानां विमुक्तिदा इति ॥ ८३ ॥

ये यम नियम पांच पांच इनके कहेगये । ये निष्काम व्यक्तियोंके मुक्तिविधान और सकाम [illegible] विशेष फल उत्पन्न करते हैं । ८३ ॥

स्थिरसुखमासनं पद्मासनभद्रासनवीरासनस्वस्तिकासनदण्डकासनसोपाश्रयपर्य्यंकक्रौंचनिषदनोष्ट्रनिषदनसमसंस्थासम्भेदाद्दशविधम् ।

पादांगुष्ठौ निबध्नीयाद्धस्ताभ्यां व्युत्क्रमेण तु ।
ऊर्वोरुपरि विप्रेन्द्र ! कृत्वा पादतले उभे ।
पद्मासनं भवेदेतत सर्वेषामभिपूजितम् ॥ ८४ ॥

पद्मासन, भद्रासन, वीरासन, स्वस्तिकासन, दण्डकासन, सोपाश्रय, पर्यंक, क्रौञ्चनिषदन एवं समसंस्थानभेदसे स्थिर सुखासन दश प्रकारका है उनमें हे विप्रेन्द्र ! दोनो हाथसे व्युत्क्रमानुसार दोनों पैरके अंगूठेसे निबद्ध और पादतल जांघके ऊपर रक्खे तो पद्मासन होगा इन सब आसनोंको सबही उत्तम समझते हैं ॥ ८४ ॥

इत्यादिना याज्ञवल्क्यः पद्मासनादिस्वरूपं निरूपितवान् तत्सर्वं तत एवावगन्तव्यम् । तस्मिन्नासनस्थैर्य्ये सति प्राणायामः प्रतिष्ठितो भवति । स च श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदस्वरूपः । तत्र श्वासो नाम बाह्यस्य वायोरन्तरानयनम् । प्रश्वासः पुनःकोष्ठस्य बहिर्निःसारणम् । तयोरुभयोरपि सञ्चरणाभावः प्राणायामः॥८५॥

इत्यादि विधानसे याज्ञवल्क्यने पद्मासनआदिका स्वरूप निरूपण किया है । वे सबही उसीसे जाने जावेंगे इस आसनके स्थिर होनेपरही, प्राणायाम प्रतिष्ठित होता है । यह प्राणायाम श्वास और प्रश्वास शब्दसे कोष्ठवायुका बाहर निकालना है । इन दोनोंहीके संचरणाभा[व] को प्राणायाम कहते हैं ॥ ८५ ॥

ननु नेदं प्राणायामसामान्यलक्षणं तद्विशेषेषु रेचकपूरककुम्भकप्रकारेषु तदनुगतेरयोगादिति चेन्नैष दोषः सर्वत्रापि श्वासप्रश्वासगतिविच्छेदसम्भवात् । तथाहि कोष्ठस्य वायोर्बहिर्निःसरणं रेचकः प्राणायामः प्रश्वासत्वेन प्रागुक्तः । बाह्यवायोरन्तर्धारणं पूरकः यः श्वासरूपः । अन्तःस्तम्भवृत्तिः कुम्भकः । यस्मिन् जलमिव कुम्भे निश्चलतया प्राणाख्यो वायुरवस्थाप्यते तत्र सर्वत्र श्वासप्रश्वासद्वयगतिविच्छेदोऽस्त्येवेति नास्ति शंकावकाशः। तदुक्तं तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायाम इति ॥ ८६ ॥

यदि कहो कि, यह प्राणायामका सामान्य लक्षण नहीं है, क्योंकि, प्राणायामका प्रकार भेदस्वरूप रेचक, पूरक, और कुम्भक है । उसके अनुगतिका अयोग होता है । इसका उत्तर यह है कि उसमें दोष नहीं है । इसकारण यह है कि सर्वत्रही श्वास प्रश्वासके गति विच्छेद सम्भव होता है उसीप्रकार, कोष्ठवायुके बाहर निकालनेको रेचक कहते हैं । पहिलेही यह बात प्रकारान्तरसे कही गयी है । जैसे प्राणायाम शब्दसे श्वास प्रश्वासके गतिविच्छेदक स्वरूप- है । पुनः बाह्यवायुके अन्तर्द्धारणको पूरक कहते हैं । इस पूरकको श्वासरूप कहते हैं- और, अन्तः स्तम्भवृत्तिका नाम कुम्भक है । जिसमें घटमें जलकी नाईं प्राणाख्य वायु निश्च- लता क्रमसे अवस्थापित होता है इसप्रकार सर्वत्रही श्वास प्रश्वास दोनोंके गतिविच्छेद लक्षित होता है । सुतरां शंकाका अवसर नहीं । उसीप्रकार कहा है, तो श्वास प्रश्वासका गतिविच्छेद प्राणायाम है ॥ ८६ ॥

स च वायुः सूर्य्योदयमारभ्य सार्द्धघटिकाद्वयं घटीयन्त्रस्थितघ- टभ्रमणन्यायेन एकैकस्यां नाड्यां भवति । एवं सत्यहर्निशं श्वासप्रश्वासयोः षट्शताधिकैकविंशतिसहस्राणि जायन्ते अत- एवोक्तं मन्त्रसमर्पणरहस्यवेदिभिरजपामन्त्रसमर्पणे ॥ ८७ ॥

यह वायु सूर्योदयसे आरम्भ करके अढाई घडीमें घटीयन्त्र स्थित घटभ्रमणकी नाईं एक एक नाडीमें सञ्चरित होता है । इसप्रकार दिन रातमें २१६०० वार श्वास प्रश्वास चलता है । इसीकारण मन्त्रसमर्पण रहस्य वेदि सम्प्रदाय अजपा मन्त्रसमर्पण प्रसंगमें कहा है ॥ ८७ ॥

षट्शतानि गणेशाय षट्सहस्रं स्वयम्भुवे ।
विष्णवे षट्सहस्रञ्च षट्सहस्रं पिनाकिने ॥ ८८ ॥
सहस्रमेकं गुरवे सहस्रं परमात्मने ।
सहस्रमात्मने चैवमर्पयामि कृतं जपमिति ॥ ८९ ॥

मैं नित्य एक अहोरात्रमें ६०० गणेशको ६००० ब्रह्माको ६००० विष्णुको ६००० महा- देवको १००० गुरुको १००० परमात्माको एवं १००० आत्माको अर्पण करता हूं ॥ ८८ ॥ ८९ ॥

तथा नाडीसञ्चरणदशायां वायोः सञ्चरणे पृथिव्यादीनि तत्त्वानि वर्णविशेषवशात् पुरुषार्थाभिलाषुकैः पुरुषैरवगन्तव्यानि । तदु- क्तमभियुक्तैः ।

सार्द्धं घटीद्वयं नाड्यामेकैकार्कोदयाद्वहेत् ।
अरघट्टघटीभ्रान्तिन्यायो नाड्योः पुनः पुनः ॥ ९० ॥

इसप्रकार पुरुषार्थकामुक पुरुषगण नाडी सञ्चरणदशामें वायुके सञ्चरणसमयमें पृथिवीआदि तत्त्वोंको सविशेषतया जानेंगे । पण्डितोंने सो कहा है, सूर्यके उदयसे प्रत्येक नाड़ी अढ़ाई घडी घटीभ्रमणकी नाईं चलती है ॥ ९० ॥

शतानि तस्य जायन्ते निःश्वासोच्छ्वासयोर्नव ।
खखषट्कद्विकैः संख्याहोरात्रे सकले पुनः ॥ ९१ ॥

दिनरातमें २१६०० वार श्वास प्रश्वास चलता है ॥ ९१ ॥

षट्त्रिंशद्गुणवर्णानां या वेला भणने भवेत् ।
सा वेला मरुतो नाड्यन्तरे सञ्चरतो भवेत् ॥ ९२ ॥

३६ छत्तीस गुणवर्णोंके उच्चारणमें जो समय लगता है उतने समयमें नाडीके अन्तरमें वायुका सञ्चार होता है ॥ ९२ ॥ ॥

प्रत्येकं पंचतत्त्वानि नाड्योश्च वहमानयोः ।
वहन्त्यहर्निशं तानि ज्ञातव्यानि यतात्मभिः ॥ ९३ ॥

वह मान दोनों नाडियोंमें प्रत्येक पांचतत्त्व अहर्निश प्रवाहित होता है यतात्माओंको यह जानना आवश्यक है ॥ ९३ ॥

ऊर्ध्वं वह्निरधस्तोयं तिरश्चीनः समीरणः ।
भूमिमर्द्धपुटे व्योम सर्वगं प्रवहेत् पुनः ॥ ९४ ॥

उनमे अग्नि ऊपरको जल नीचेको वायु टेढा क्रमसे भूमि आधेपुटमें एवं आकाश सर्वत्र वहता है ॥ ९४ ॥

वायोर्वह्नेरपां पृथ्व्या व्योम्नस्तत्त्वं वहन् क्रमात् ।
वहन्त्योरुभयोर्नाड्योर्ज्ञातव्योऽयं यथाक्रमम् ॥ ९५ ॥

वायु वन्हि जल पृथ्वी और आकाश इन सबका तत्त्व यथाक्रमसे वहमान दोनों नाडियोंमें प्रवाहित होताहै । यह जानना परम कर्त्तव्यहै ॥ ९५ ॥

पृथ्व्याः पलानि पञ्चाशच्चत्वारिंशत् तथाम्भसः ।
अग्नेस्त्रिंशत् पुनर्वायोर्विंशतिर्नभसो दश ॥ ९६ ॥

उनमें पृथिवी तत्त्व ५० पल, जलतत्त्व ४० चालीस, अग्नितत्त्व ३० तीस, वायुतत्त्व २० एवं आकाशतत्त्व दसपल चलता है ॥ ९६ ॥

प्रवाहकालसंख्येयं हेतुर्निह्नुलयोरथ ।
पृथ्वी पञ्चगुणा तोयं चतुर्गुणमथानलः ॥ ९७ ॥

यहां महाहक्राडकी संख्या है । पृथिवीके पांच गुण, जलके ४ गुण, अग्निके ॥ ९७ ॥

त्रिगुणो द्विगुणो वायुर्वियदेकगुणं भवेत् ।
गुणं प्रति दशपलान्युर्व्यां पञ्चाशदित्यतः ॥ ९८ ॥

तीन गुण, वायुके दो गुण एवं आकाशके एकमात्र गुण । गुणके प्रतिदशपल । इसलिये पृथिवीरा ५० पञ्चाशत पल निर्दिष्ट हुआ है ॥ ९८ ॥

एकैकहानिस्तोयादेस्तथा पञ्च गुणाः क्षितेः ।
गन्धो रसश्च रूपञ्च स्पर्शः शब्दः क्रमादमी॥ ९९ ॥

गन्ध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द यथाक्रमसे इन सबका गुण है। इनमें पृथिवीका पांचगुण । जलआदिका एक एक गुण है ॥ ९९ ॥

तत्त्वाभ्यां भूजलाभ्यां स्यात् शान्तिकार्ये फलोन्नतिः ।
दीप्ता स्थिराधिका कृत्ये तेजो वाय्वम्बरेषु च ॥ १०० ॥

पृथिवीतत्त्व और जलतत्त्व इन दोनों तत्त्वद्वारा शान्तिकार्य्यमें फलोन्नति होती है ॥१००॥

पृथ्व्यप्तेजोमरुद्व्योमतत्त्वानां चिह्नमुच्यते ।
आद्ये स्थैर्यं स्वचित्तस्य शैत्ये कामोद्भवो भवेत् ॥ १०१ ॥

इस पृथिवीआदि पांचतत्त्वका चिन्ह उल्लिखित होता है । पहिले अपने चित्तकी स्थिरता, शैत्य कामोद्भव ॥ १०१ ॥

तृतीये कोपसन्तापौ चतुर्थे चञ्चलात्मता ।
पञ्चमे शून्यतैव स्यादथवा धर्मवासना ॥ १०२ ॥

तीसरेमें कोप और सन्ताप, चतुर्थमें चञ्चलात्मता एवं पञ्चममें शून्यता या धर्म्मवासना होती है ॥ १०२ ॥

श्रुत्योरङ्गुष्ठकौ मध्यांगुल्यौ नासापुटद्वये ।
सृक्कणोः प्रान्त्यकोपान्त्यांगुली शेषे दृगन्तयोः ॥ १०३ ॥

[illegible] दोनों अंगूठा, दोनों मध्य अंगुली, दोनों नासापुट, दोनों सृक्कणि (दोनों [illegible]) [illegible] दोनों नयन [illegible] है ॥ १०३ ॥

न्यस्यान्तर्दृष्टिपृथिव्यादितत्त्वज्ञानं भवेत् क्रमात् ।
पीतश्वेतारुणश्यामैर्बिन्दुभिर्निरुपाधि खम् इत्यादिना ॥ १०४ ॥

[illegible] पृथिवीआदि तत्त्वका ज्ञान होता है ॥ १०४ ॥

यथावद्वायुतत्वमवगम्य तन्नियमने विधीयमाने विवेकज्ञानावरणकर्मक्षयो भवति । तपो न परं प्राणायामादिति ।

दह्यन्ते ध्मायमानानां धातूनां हि यथा मलाः ।

प्राणायामैस्तु दह्यन्ते तद्वदिन्द्रियपन्नगा इति च ॥ १०५ ॥

यथावत् वायुतत्व अवगत होकर, उसके नियमन करनेपर, विवेकज्ञानका आवरण कर्म्म का क्षय (नाश) होता है । प्राणायामकी अपेक्षा उत्कृष्ट तपस्या नहीं । धातुओंके जलानेपर उनका मल जैसे न्यून होजाता वा नष्ट होजाता है उसीप्रकार प्राणायामद्वारा इन्द्रिय पन्नग (सर्प) सब दग्ध होते हैं ॥ १०५ ॥

तदेवं यमादिभिः संस्कृतमनस्कस्य योगिनः संयमप्रत्याहारः कर्त्तव्यः । चक्षुरादीनामिन्द्रियाणां प्रतिनियतरञ्जनीयकोपनीयमोहनीयप्रवणत्वप्रहाणेनाविकृतस्वरूपप्रवणचित्तानुकारः प्रत्याहारः इन्द्रियाणि विषयेभ्यः प्रतीपमाह्रियन्तेऽस्मिन्निति व्युत्पत्तेः ॥ १०६ ॥

अतएव उक्तप्रकार, यम नियमादिद्वारा मन संस्कृत होनेपर योगीपुरुष, संयम प्रत्याहारमें प्रवृत्त होवें । उनमें, चक्षुआदि इन्द्रिय सबका प्रतिनियत रञ्जनीय कोपनीय और मोहनीय प्रवणताका परिहाणकेद्वारा अविकृतस्वरूप प्रवणचित्तका अनुकार करनेका नाम प्रत्याहार है । इन्द्रिय आदिकको विषय प्रतीप क्रमसे आहरण किया जाता है इसमें इसकारण इसका नाम प्रत्याहार है । यही प्रत्याहारकी व्युत्पत्ति है ॥ १०६ ॥

ननु तदा चित्तमभिनिविशते नेन्द्रियाणि तेषां बाह्यविषयत्वेन तत्र सामर्थ्याभावादतः कथं चित्तानुकारः अद्धा अतएव वस्तुतस्तस्यासम्भवमभिसन्धाय सादृश्यार्थमिव शब्दप्रकारं सूत्रकारः स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहार इति ॥ १०७ ॥

सादृश्यञ्च चित्तानुकारनिमित्तं विषयासम्प्रयोगः । यदा चित्तं निरुध्यते तदा चक्षुरादीनां निरोधे प्रयत्नान्तरं नापेक्षणीयं यथा मधुकरराजं मधुमक्षिका अनुवर्त्तन्ते तथेन्द्रियाणि चित्तमिति । तदुक्तं विष्णुपुराणे ।

शब्दादिष्वनुरक्तानि निगृह्याक्षाणि योगवित् ।
कुर्य्याच्चित्तानुकारीणि प्रत्याहारपरायण इति ॥ १०८ ॥

जब चित्तका निरोध किया जाता है. उसीसमय चक्षु आदिके निरोधके लिये प्रयत्नान्तर की अपेक्षा नहीं करनी पडती अर्थात् चित्तके निरोध होनेपर सबही निरुद्ध होजाते एवं एकाग्रता होजाती है । इसका दृष्टान्त जैसे मधुमक्षिकागण मधुकरराज (रानी मक्षिका) के अनुवर्ती होती हैं. इन्द्रियभी इसीप्रकार चित्तका अनुकरण वा अनुवर्त्तन करती हैं । विष्णुपुराणमें सो लिखा है । जैसे, योगवित् पुरुष प्रत्याहार परायण होकर, शब्दादि विषयसमूहमें अनुरक्त इन्द्रियादिकको निगृहीत करके, चित्तका अनुकारी करे ॥ १०८ ॥

वश्यता परमा तेन जायतेऽतिचलात्मनः ।
इन्द्रियाणामवश्यैस्तैर्योगी योगस्य साधक इति च ॥

नाभिचक्रहृदयपुण्डरीकनाडचग्रादावाध्यात्मिके हिरण्यगर्भवा-सवप्रजापतिप्रभृतिके बाह्ये वा देशे चित्तस्य विषयान्तरपरिहारेण स्थिरीकरणं धारणा । तदाह देशबन्धश्चित्तस्य धारणेति । पौराणिकाश्च-

प्राणायामेन पवनं प्रत्याहारेण चेन्द्रियम् ।
वशीकृत्य ततः कुर्य्याच्चित्तस्थानं शुभाश्रयमिति ॥ १०९ ॥

तस्मिन् देशे ध्येयावलम्बनस्य प्रत्ययस्य विसदृशप्रत्ययप्रहाणेन प्रवाहो ध्यानम्। तदुक्तं, तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानमिति।

अन्यैरप्युक्तम्—

तद्रूपप्रत्ययैकाग्र्या सन्ततिश्चान्यनिस्पृहा।
तद्ध्यानं प्रथमैरंगैः षड्भिर्निष्पाद्यते तथेति॥ ११०॥

उल्लिखित देशमें ध्यानावलम्बन प्रत्ययका विसदृशप्रत्यय प्रहाणद्वारा प्रवाहका नाम ध्यान है। सो कहा है, जैसे, वहां प्रत्ययके एकतानताको ध्यान कहते हैं। अन्यलोगभी कहते हैं, जो इसप्रकार प्रत्ययैकाग्र्य एवं जिसमें विषयान्तरकी स्पृहा नहीं, तादृश सन्ततिकोही ध्यान कहते हैं। प्रथम ६ प्रकार अंगद्वारा सो निष्पादित होता है॥ ११०॥

प्रसंगाच्चरममंगं प्रागेव प्रात्यपीपदाम।

तदनेन योगांगानुष्ठानेनादरनैरन्तर्यदीर्घकालासेवितेन समाधिप्रतिपक्षक्लेशप्रक्षयेऽभ्यासवैराग्यवशान्मधुमत्यादिसमाधिलाभो भवति॥ १११॥

प्रसङ्गक्रममें चरम अङ्ग पूर्वहीमें प्रतिपादित हुआ है इसप्रकार आदरनैरन्तर्यसे दीर्घकाल सेवित योगानुष्ठानद्वारा समाधिका प्रतिपक्षक्लेश समूहके प्रक्षय होने पर अभ्यास वैराग्यवशात् मधुमती आदि समाधिलाभ होती है॥ १११॥

अथ किमेवमकस्मादस्मानतिविकटाभिरत्यन्ताप्रसिद्धाभिः कर्णाटगौडलाटभाषाभिर्भीषयते भवान्, न हि वयं भवन्तं भीषयामहे किन्तु मधुमत्यादिपदार्थव्युत्पादनेन तोषयामः। तत्रश्चाकुतोभयेन भवता श्रूयतामवधानेन॥ ११२॥

तत्र मधुमती नामाभ्यासवैराग्यादिवशाद्रपास्तरजस्तमोलेशसुखप्रकाशमयसत्त्वभावनयानवद्यवैशारद्यविद्योतनरूपऋतम्भर-

प्रज्ञाख्यासमाधिसिद्धिः । तदुक्तम् ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञेति । ऋतं सत्यं बिभर्त्ति कदाचिदपि न विपर्य्ययेणाच्छाद्यते तत्र स्थितौ दार्ढ्यें सति द्वितीयस्य योगिनः सा प्रज्ञा भवतीत्यर्थः ११३

उनमें अभ्यास और वैराग्य वशतः रजः तमोलेश अपास्त और सुख प्रकाशमय सत्व-भावनाका उदय होनेसे, अनवद्य वैशारद्य विद्योतनस्वरूप जो ऋतम्भरा नामकी प्रज्ञा समाधि सिद्ध होती है उसका नाम मधुमती है । ऋतशब्दसे सत्य, एवं उसको भरण करती है या नहीं कभी विपर्य्ययक्रमसे आच्छादन नहीं करती, इस अर्थमें ऋतम्भर हुआ है । उसमें स्थितिक्रमसे दार्ढ्य समुत्पन्न होनेपर द्वितीय योगीका उस प्रज्ञाका सञ्चार होता है । इसका अर्थ है ॥ ११३ ॥

चत्वारः खलु योगिनः प्रसिद्धाः प्रथमकल्पिको मधुभूमिकः प्रज्ञाज्योतिरतिक्रान्तभावनीयश्चेति । तत्राभ्यासी प्रवृत्तिमात्रज्योतिः प्रथमः । न त्वनेन परचित्तादिगोचरज्ञानरूपं वै ज्योतिर्वशीकृतमित्युक्तं भवति । ऋतम्भरप्रज्ञो द्वितीयः । भूतेन्द्रियजयी तृतीयः । परवैराग्यसम्पन्नश्चतुर्थः ॥ ११४ ॥

योगी चारप्रकारके हैं, जैसे, प्रथमकल्पिक मधुभूमिक, प्रज्ञाज्योतिः, एवं अतिक्रान्त भावनीय । इनमें अभ्यासी प्रवृत्तिमात्र ज्योतिः प्रथम है । इनकेद्वारा परचित्तादि गोचर (दूसरेके मनकी बात जानना) ज्ञानरूप ज्योतिः वशीकृत नहीं होता । इसप्रकार कहा गया है । ऋतम्भरा प्रज्ञाका नाम द्वितीययोगी. भूतेन्द्रियजयी तृतीययोगी एवं पर वैराग्य संपन्न चतुर्थयोगी है ॥ ११४ ॥

मनोजवीत्वादयो मधुप्रतीकसिद्धयः । तदुक्तं मनोजवित्वं विकरणाभावः प्रधानजयश्चेति । मनोजवित्वं नाम कायस्य मनोवदनुत्तमो गतिलाभः । विकरणाभावः कायनिरपेक्षाणामिन्द्रियाणामभिमतदेशकालविषयापेक्षवृत्तिलाभः । प्रधानजयः प्रकृतिविकारेषु सर्वेषु वशित्वम् ॥ ११५ ॥

एताश्च सिद्धयः करणपञ्चकस्वरूपजयात् तृतीयस्य योगिनः प्रादुर्भवन्ति । यथा मधुन एकदेशोऽपि स्वदते तथा प्रत्येकमेव ताः सिद्धयः स्वदन्त इति मधुप्रतीका सर्वभावाद्यधिष्ठातृत्वादि- रूपा विशोका सिद्धिः । तदाह, सत्त्वपुरुषान्यताख्याति- मात्रप्रतिष्ठस्य सर्वभावाधिष्ठातृत्वं सर्वज्ञत्वं चेति । सर्वेषां व्यवसायाव्यवसायात्मकानां गुणपरिणामरूपाणां भावानां स्वामिवदाक्रमणं सर्वभावाधिष्ठातृत्वं तेषामेव शान्तोदिताव्यप- देश्यधर्मित्वेन स्थितानां विवेकज्ञानं सर्वज्ञातृत्वम् । तदुक्तं विशोका वा ज्योतिष्मतीति ॥ ११६ ॥

ये सब सिद्धि करणपञ्चकस्वरूप जयवशतः आस्वादन कियाजाता है, उसीप्रकार इन सब सिद्धियोंमें प्रत्येक ही आस्वादित होती हैं । यह मधुमती प्रतीकाही विशोका नामक सिद्धि है । वह सर्वभाव वादिके अधिष्ठातृत्व आदि रूप आदिस्वरूप है । उसीप्रकार कहा है, सत्त्व पुरुषान्यताख्याति मात्रमें प्रतिष्ठित होनेपर, सर्वभावाधिष्ठातृत्व और सर्व- ज्ञत्व समुत्पन्न होता है । इनमें व्यवसाय और अव्यवसाय ये उभयात्मक गुणका परिणाम स्वरूप सब भावोंका प्रभुतुल्य आक्रमणको सर्वभावाधिष्ठातृत्व कहते हैं, एवं उन्हीं सबके विवेकज्ञानको सर्वज्ञातृत्व कहते हैं ॥ ११६ ॥

सर्ववृत्तिप्रत्यस्तमये परं वैराग्यमाश्रितस्य जात्यादिबीजानां क्लेशानां निरोधसमर्थो निर्बीजः समाधिः असम्प्रज्ञातपदवेद- नीयः संस्कारशेषताव्यपदेश्यः चित्तस्यावस्थाविशेषः । तदुक्तं, विरामप्रत्ययाभ्यासपूर्वः संस्कारशेषोऽन्य इति ॥ ११७ ॥

एवञ्च सर्वतो विरज्यमानस्य तस्य पुरुषधौरेयस्य क्लेशबीजानि च निर्दग्धशालिबीजकल्पानि प्रसवसामर्थ्यविधुराणि मनसा सार्द्धं प्रत्यस्तं गच्छन्ति । तदेतेषु प्रलीनेषु निरुपप्लवातिक-

ख्यातिपरिपाकवशात् कार्य्यकारणात्मकानां प्रधाने लयः चितिशक्तिस्वरूपप्रतिष्ठा पुनर्बुद्धिसत्ताभिसम्बन्धविधुरा कैवल्यं लभेत इति । सिद्धिद्वयी च मुक्तिरुक्ता पतञ्जलिना । पुरुषार्थशून्यानां प्रतिप्रसवस्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति॥११८॥

इसप्रकार सर्व्वतः विरागसम्पन्न है उसी पुरुषधौरेयका क्लेशबीज समस्त निर्दग्ध शालिबीज सदृश, प्रसव सामर्थ्यहीन होकर मनके अस्तमित होता है । ये सब लीन होनेपर उत्पातरहित विवेकख्यातिके परिपाकवशातः कार्य्य कारणात्मक भावसमूह प्रधानमें लय प्राप्त होता है । तत्काल चितिशक्तिस्वरूप प्रतिष्ठाभी पुनः बुद्धिसत्ताभि सम्बन्धशून्य होनेपर कैवल्य लाभ होता है पतञ्जलिने दोनों सिद्धियोंको मुक्ति कहा है । जैसे पुरुषार्थ शून्य आदिके प्रतिप्रसवस्वरूप प्रतिष्ठा अथवा चितिशक्ति इत्यादि ॥ ११८ ॥

न चास्मिन् सत्यपि कस्मान्न जायते जन्तुरिति वदितव्यं कारणाभावात् कार्य्याभाव इति प्रमाणसिद्धार्थे नियोगानुयोगयोरयोगात् । अन्यथा कारणाभावेऽपि कार्य्यसम्भवे मणिवेधादयोऽन्धादिभ्यो भवेयुः तथाचानुपपन्नार्थतायामाभाणको लौकिक उपपन्नार्थो भवेत् । तथाच श्रुतिः, अन्धोमणिमविन्दत् अविध्यत् तमनंगुलिरावयत् गृहीतवान् अग्रीवः प्रत्यमुञ्चत् पिनद्धवान् तमजिह्वो वा असंस्तुत अभ्यपूजयत् स्तुतवानिति यावत्॥११९॥

इस स्वरूपमेंभी किसकारण जन्तुओंका जन्म नहीं होता ऐसा कहा नहीं जासकता। क्योंकि, कारणाभावसे कार्य्याभाव, इत्यादि प्रमाणसिद्धविषयमें नियोग और अनुयोग दोनोंका अयोग होता है अन्यथा कारणाभावमेंभी कार्य्यसम्भव होनेसे अन्धा आदिभी मणिवेध करसकता । इसीप्रकार श्रुतिने कहा है. अन्धेने मणिवेध किया । जिसकी अंगुली नहीं, उसने उसको ग्रहण किया । जिसकी ग्रीवा नहीं उसने उसे पकड़ा । जिसकी जिह्वा नहीं उसने उसकी प्रशंसा किया इत्यादि । ११९ ।

एतच्च चिकित्साशास्त्रवद्योगशास्त्रं चतुर्व्यूहम् । यथा चिकित्साशास्त्रं रोगो रोगहेतुरारोग्यं भेषजमिति तथेदमपि संसारः संसारहेतुर्मोक्षो मोक्षोपाय इति । तत्र दुःखमयः संसारो हेयः प्रधानपुरु-

षयोः संयोगो हेयभोगहेतुः तस्यात्यन्तिकी निवृत्तिर्हानं तदुपायः सम्यग् दर्शनम् । एवमन्यदपि शास्त्रं यथासम्भवं चतुर्व्यूहमूहनीयमिति सर्वमवदातम् ॥ १२० ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे पातञ्जलदर्शनम् ॥ १५ ॥

इसप्रकार चिकित्साशास्त्रवत् योगशास्त्र चतुर्व्यूह है । रोग, रोगहेतु, आरोग्य और भैषज्य, इन्हीं चारको लेकर जैसे चिकित्सा शास्त्र, उसीप्रकार, संसार, हेतु, मोक्ष और मोक्षोपाय इन चारोंको लेकर योगशास्त्र कल्पित हुआ है । उनमें दुःखमय संसार हेय प्रधान पुरुषका संयोग वही हेय भोगका हेतु, उसकी आत्यन्तिकी निवृत्ति होना एवं उसका उपाय सम्यग् दर्शन है । इसप्रकार अन्यान्य शास्त्र सबभी यथासम्भव चार व्यूहरूपसे विचार लेना इसके आगे सब दर्शनोंमें शिरोमणिस्वरूप शाङ्करदर्शन अन्यत्र लिखा गया इसकारण यहां उसकी उपेक्षा की गयी ॥ १२० ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहे पातञ्जलदर्शन समाप्त हुआ ॥ १५ ॥

इति सर्वदर्शनसंग्रहग्रन्थ समाप्त

पुस्तक मिलनेका ठिकाना-खेमराज श्रीकृष्णदास,
अध्यक्ष-"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-यन्त्रालय-मुंबई.